www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 । वर्ष – 67 । अंक –148 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

प्रेस पंजीयन- 06072/59





भारत को पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलना चाहिए: शमा मोहम्मद पृष्ठ 2

■ केंद्र की सत्ता पर संघ का वर्चस्व !
■ नेपाल में पुरानी व्यवस्था के विरुद्ध जेनरेशन जेड की सम्पूर्ण क्रांति पृष्ठ 6

■ पहला चरण नवम्बर तक हो सकता है फाइनल
■ भारत ने नागरिकों को रूसी सेना में शामिल न होने की दी सलाह पृष्ठ 7

अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से हो रहा भारत-पाकिस्तान मैच : ज्वाला सिंह पृष्ठ 8

# एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

## बाड़ी में दफन मिले शव



**रायगढ़,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। खरसिया थाना क्षेत्र के ठुसेकेला में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर दी गई है। हत्यारों ने घटना को अंजाम देने के बाद बाड़ी के घूरे में दफन कर दिया है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

खरसिया तहसील से महज 3 किलोमीटर दूर ठुसेकेला के राजीव नगर मोहल्ले में बुधराम उरांव अपनी पत्नी सहोदरा उरांव, 12 साल के बेटे अरविंद, 3 साल की बेटी शिवांगी और 15 साल की बेटी शिवानी के साथ रहता था। बड़ी बेटी शिवानी घर से बाहर रहकर पढ़ाई करती है। बताया जाता है कि दो दिन पहले उरांव परिवार अचानक से लापता हो गया और उनका घर भी बंद था। गुरूवार की सुबह अचानक से लापता उरांव परिवार के घर से असहनीय बदबू आने लगी। जिस पर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई। जब ग्रामीणों ने बाड़ी के पीछे से घर के अंदर झांका तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गये। घर के अंदर खून के छींटे नजर आ रहे थे और बाड़ी में जमीन भी खुदी हुई नजर आ रही थी। ऐसे में ग्रामीणों ने तत्काल इस मामले की सूचना पुलिस का दी। सूचना मिलने के बाद जब खरसिया पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य देखकर सभी का दिल दहल उठा। क्योंकि अंदर बुधराम, उसकी पत्नी सहोदरा, बेटे अरविंद और बेटी शिवांगी की लाश बाड़ी में खातू और मिट्टी में दफन मिली। लिहाजा पुलिस ने पूरे घर को सील कर दिया है। डॉग स्क्वाड और फॉरेंसिक की टीम के साथ तहकीकात में जुट गई है। एक ही परिवार के चार सदस्यों की लाश मिलने की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का जायजा लिया। फिलहाल इस हत्याकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस की मानें तो जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया गया है, उसे देखते हुए तो यही लगता है कि मामला आपसी रंजिश का हो सकता है। पूरे वारदात में स्थानीय लोगों का हाथ हो सकता है। लिहाजा पुलिस उसी एंगल से अब पूरे मामले की तहकीकात में जुट गई है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद उरांव परिवार की बड़ी बेटी शिवानी भी गांव पहुंच गई है। शिवानी कोतरलिया के पतरापारा में पढ़ाई करती है।

इस जघन्य हत्याकांड के सम्बंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने मीडिया को बताया कि एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या टांगी से प्रहार करके की गई है। सभी की हत्या घर के अंदर करने के बाद शव को बाड़ी में लाकर छिपाया गया है। हत्यारों का पता लगाने के लिए डॉग स्क्वाड, फोरेंसिक की टीम और साइबर टीम को काम पर लगाया है। हत्या के संभावित कारणों को लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर विचार कर रही है ।

## वोट चोरी पर राहुल का बड़ा बयान

# हाइड्रोजन बम आएगा सब साफ हो जाएगा



■ वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं, हम आपको सबूत देंगे
■ महाराष्ट्र, कर्नाटक व हरियाणा में वोट चोरी हुई है
■ पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा

**रायबरेली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सासंद राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली दौरे के दौरान सत्ता पक्ष पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस नेता ने कहा, 'पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा चल रहा है। ये सच्चाई है कि वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं हम आपको गारंटी सबूत देंगे। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के लोग बहुत आंदोलित हो रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब हाइड्रोजन बम आएगा तो सब साफ हो जाएगा। देश में वोट चोरी करके सरकारें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी करके सरकारें बन रही हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा के इलेक्शन में वोट चोरी हुई है। हमने कर्नाटक सेंट्रल का ब्लैक एंड व्हाइट सबूत दिया। राहुल गांधी ने 7 अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट में एक लाख से ज्यादा फर्जी वोट होने का दावा किया था। इसके बाद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' भी निकाली और चुनाव आयोग की मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया का विरोध किया था।

**राहुल सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानते: सीआरपीएफ**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़ने का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर कहा है कि राहुल गांधी पिछले 9 महीने में बिना सूचना दिए 6 बार विदेश गए। इस दौरान वे इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### सच से घबराई हुई है सरकार: खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सीआरपीएफ की ओर से राहुल गांधी को जारी पत्र को लेकर सरकार पर हमला बोला है। पवन खेड़ा ने कहा है कि राहुल गांधी द्वारा उजागर की गई सच्चाई को लेकर सरकार घबराई हुई है। पवन खेड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, सीआरपीएफ के पत्र का समय और उसका तुरंत सार्वजनिक रूप से जारी होना परेशान करने वाले सवाल खड़े करते हैं। यह ठीक ऐसे समय में आया है, जब राहुल गांधी चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा द्वारा की जा रही वोट चोरी के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं।

### विदेशी धरती से बनकर आया था राहुल का प्रजेंटेशन : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला करते हुए दावा किया है कि उनके द्वारा वोट चोरी के आरोप वाला पावर प्वांइट प्रजेंटेशन विदेशी धरती से बनकर आया था। इसके साथ ही भाजपा ने उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान और परिणाम पर सवाल उठाने पर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि गलत बयानबाजी करना उनकी आदत बन गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी कार्यालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेशी दौरे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनको देश की धरती से नहीं विदेश से प्यार है।

## सार संक्षेप

### पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान से संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। इस संयुक्त अभियान में झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की पुलिस भी शामिल थी। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जो भारत में इस्लामिक स्टेट स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। आरोपी गजवा-ए-हिंद के बैनर तले एक हिंसक जिहाद शुरु करने की साजिश रच रहे थे। उनका पहला कदम जमीन पर कब्जा कर वहां आतंकी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना था। गिरफ्तार किए गए लोगों में से कोई भी पाकिस्तान नहीं गया, लेकिन वे पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे, जो उन्हें लगातार निर्देश दे रहे थे।

### राउत के बयान पर संजय निरुपम ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता संजय निरुपम ने शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि नेपाल में हिंसा के बाद, संजय राउत ने लगातार ट्वीट पोस्ट किए और बयान दिए हैं, जो स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि वह भारत में हिंसा भड़काना चाहते हैं, जैसा कि नेपाल में हुआ था। उन्होंने राउत के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

### मध्य प्रदेश में खाद मांगने पर मिल रही लाठी : सिंघार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किसानों को खाद न मिलने और खाद मांगने या कतार में लगने पर लाठी बरसाए जाने का आरोप लगाया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने गुरुवार को राजधानी भोपाल में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि राज्य का किसान खाद के लिए परेशान है, उसको खाद नहीं मिल पा रही है। पिछले सालों के आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि राज्य में खाद का मांग से ज्यादा का आवंटन किया गया, मगर वितरण नहीं हुआ। जितनी खाद आई, उतना वितरण ही नहीं किया गया। सरकारी बुलेटिन बताते हैं कि राज्य में खाद की कमी नहीं रही, मगर किसानों को नहीं मिली।

### कश्मीर से दिल्ली के लिए पार्सल ट्रेन कल से रोजाना चलेगी

**जम्मू।** अब दिल्ली वालों को भी कश्मीर के ताजा सेब खाने को मिलेंगे। रेलवे इसके लिए एक दैनिक पार्सल ट्रेन सेवा शुरू कर रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री ने गुरुवार को कहा कि रेलवे कश्मीर घाटी से दिल्ली के लिए सेब ले जाने वाली एक दैनिक पार्सल ट्रेन सेवा शुरू करेगा। यह सेवा 13 सितंबर से शुरू होगी। एक्स पर एक पोस्ट में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आज बडगाम से दिल्ली के लिए सेब ले जाने वाली दो पार्सल वैन चलाई गईं।

## गरियाबंद में सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# एक करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण सहित 10 नक्सली ढेर



**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ में 1 करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सली मारे गए। मैनपुर के जंगल में एसटीएफ, कोबरा और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारी गोलीबारी हुई।

गरियाबंद जिले में एक बार फिर नक्सल विरोधी अभियान के दौरान बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मैनपुर के घने जंगलों में मुठभेड़ जारी है। अब तक 10 नक्सलियों को मार गिराने की पुष्टि हुई है, जिनमें 1 करोड़ के इनामी नक्सली मोडेम बालकृष्ण भी शामिल है।

**सुरक्षाबलों की संयुक्त कार्रवाई**

रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में चल रहे। अभियान के दौरान सुरक्षाबलों का सामना भारी हथियारों से लैस नक्सलियों से हुआ। दोनों ओर से रुक-रुककर गोली चलीं, और मुठभेड़ अब भी जारी है। मारे गए नक्सलियों में मोडेम बालकृष्ण भी है, जिस पर सरकार ने 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था। बालकृष्ण लंबे समय से बस्तर और ओडिशा बॉर्डर पर नक्सली गतिविधियों को संचालित कर रहा था।

**जनवरी में भी मारे गए थे 16 नक्सली**

गरियाबंद जिले में इसी साल 24 जनवरी को सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली थी। लगभग 80 घंटे चले ऑपरेशन में 16 नक्सली मारे गए थे। इनमें से 12 नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 16 लाख रुपये का इनाम था।

इस मुठभेड़ में नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का सदस्य चलपति भी मारा गया था, जिस पर 90 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### सोनिया पर मुकदमा दर्ज करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग वाली एक याचिका गुरुवार खारिज कर दी। यह याचिका श्रीमती गांधी के कथित तौर पर भारत की नागरिकता लेने से करीब तीन साल पहले यहां की मतदाता सूची में नाम शामिल होने का आरोप से संबंधित है।

इसमें उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी।

## विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी का चौथा दिन

# डोडा में तनाव, इंटरनेट, मोबाइल सेवाएं बंद

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। डोडा के मौजूदा विधायक मेहराज मलिक की पीएसए के तहत गिरफ्तारी का चौथा दिन है, डोडा जिले के बड़े हिस्से में पाबंदियां भी जारी हैं। इन पाबंदियों के कारण रोजमर्रा की जिंदगी में भारी व्यवधान आ गया है क्योंकि डोडा प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 163 लागू कर रखी है। पिछले तीन दिनों से इंटरनेट सेवाएं बंद हैं, जबकि भलेसा, कहारा और चिल्ली पिंगल में मोबाइल कनेक्टिविटी दो दिनों से बंद है। एसएसबी, सीआरपीए.फ और सीआईएसएफ सहित पुलिस और अर्धसैनिक बलों को कई जगहों पर भारी संख्या में तैनात किया गया है। अधिकारियों ने डोडा में 14 सितंबर तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। स्थानीय लोग राशन, पेयजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी की शिकायत कर रहे हैं। ठाठरी, गंडोह भलेसा, चिल्ली पिंगल और कहारा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति भी बाधित है, जिससे संकट और गहरा गया है। नतीजतन प्रतिबंधों और बिजली कटौती से स्थानीय लोग परेशान हैं, क्योंकि जिले में सामान्य जनजीवन अभी भी ठप्प पड़ा हुआ है। चिनाब घाटी के डोडा विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के एकमात्र विधायक मलिक को सोमवार को डोडा के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) हरविंदर सिंह ने विधायक द्वारा जिले में एक डायलिपिडेटेड हेल्थ सेंटर को एक निजी भवन में शिफ्ट करने के विवाद में जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### संजय सिंह समेत कई नेता हिरासत में लिए गए

जम्मू। आम आदमी पार्टी (आप) ने जम्मू कश्मीर में अपने नेता और एकमात्र विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में आयोजित होने वाले विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस से पहले कहा है कि उन्हें शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस करने से रोका गया है। खबरों के मुताबिक, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, विधायक इमरान हुसैन और अन्य पदाधिकारियों के साथ श्रीनगर के चर्च लेन स्थित सरकारी गेस्टहाउस (सर्किट हाउस) में हिरासत में लिए गए हैं।

# भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, एक परिवार : मोदी



■ वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ की संयुक्त प्रेस वार्ता

**वाराणसी,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार हैं। ये दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं। पीएम मोदी वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। उस अवसर पर हमने अपने संबंधों को एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया। अब हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया।

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस, भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और 'विजन महासागर' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है।

चागोस समझौता संपन्न होने पर पीएम रामगुलाम और मॉरीशस के लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने मॉरीशस की जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर फैसला लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूपे कार्ड की शुरुआत हुई। अब हम लोकल करेंसी में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि भारत के आईआईटी मद्रास और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के साथ समझौते संपन्न किए हैं। ये समझौते रिसर्च, शिक्षा और इनोवेशन में आपसी साझेदारी को नए पायदान पर ले जाएंगे।

## अकोला सांप्रदायिक हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

# पुलिसकर्मी जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करें



**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला में 2023 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच में लापरवाही और निष्क्रियता को लेकर महाराष्ट्र पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने इस मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया है। यह फैसला उस याचिका पर आया है, जिसमें मई 2023 के दंगों की जांच में पुलिस की लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैये की शिकायत की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सिविल और आपराधिक कार्रवाई की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के गृह सचिव को निर्देश दिया है कि वे हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वरिष्ठ और निष्पक्ष अधिकारियों की एक एसआईटी टीम बनाएं। कोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस की वर्दी पहनने के बाद हर अधिकारी को धर्म, जाति या किसी भी तरह के पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर कर्तव्य निभाना चाहिए। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि कानून के मुताबिक हर मामले में निष्पक्षता और जवाबदेही जरूरी है। अकोला में मई 2023 में हुई हिंसा के बाद से इस घटना की जांच को लेकर कई सवाल उठ रहे थे। याचिका में दावा किया गया कि पुलिस ने हिंसा की सही जांच नहीं की और कुछ अधिकारियों ने पक्षपात किया। इस पर कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में पुलिस की भूमिका बेहद संवेदनशील होती है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

एसआईटी के गठन के आदेश के साथ कोर्ट ने राज्य सरकार से जल्द से जल्द टीम बनाकर जांच शुरू करने को कहा है। साथ ही, जांच की प्रगति पर नियमित रिपोर्ट पेश करने का निर्देश भी दिया गया है। महाराष्ट्र सरकार और पुलिस अब कोर्ट के आदेशों को लागू करने में जुट गई है, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और दोषियों को सजा मिले।

## उपलब्धि — टीएसएल ने किया है तैयार, माना जाता है दुनिया में सबसे एडवांस

# नौसेना को मिला 3डी एयर सर्विलांस रडार

**नई दिल्ली, 11 सितम्बर (एजेंसियां)। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह स्पेन की कंपनी इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत एडवांस्ड नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।**

*टीएएसएल ने कहा कि उसने इटली की कंपनी के साथ साझेदारी करके भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर पहले लांजा-एन रडार को सफलतापूर्वक तैनात कर दिया गया है। लांजा-एन, इंद्रा के लंबी दूरी के 3डी रडार का नेवल वर्जन है, जिसे वायु रक्षा और मिसाइल रोधी अभियानों के लिए दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है। पहला राडार स्थापित करने के बाद ऐसे और अधिक राडार भारतीय नौसेना के फ्रिगेट, डिस्ट्रॉयर और विमान वाहक पोतों पर लगाए जाएंगे। इस रडार की स्थापना को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता अभियान में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस सिस्टम को स्थानीय स्तर पर असेंबल और एकीकृत किया गया है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने उत्पादन और फ्यूचर डिलिवरी में तेजी लाने के लिए कर्नाटक में एक समर्पित रडार असेंबली, एकीकरण और परीक्षण सुविधा स्थापित की है।*

***व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजारा गया***

*इस रडार को शामिल करने से पहले व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजारा गया है, जहां इसकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए विभिन्न नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों का इस्तेमाल किया गया। अब इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर मौजूद सभी सिस्टम्स के साथ पूरी तरह से एकीकृत कर दिया गया है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सीईओ और एमडी, सुकरण सिंह ने कहा कि इंद्रा के साथ साझेदारी भारत में रडार निर्माण को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विशेषज्ञता, एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, एडवांस डिफेंस सिस्टम्स के लिए एक इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं। लांजा-एन रडार मित्र और शत्रु दोनों प्रकार के हवाई और सतही लक्ष्यों पर नजर रख सकता है, जिनमें ड्रोन, सुपरसोनिक लड़ाकू विमान, विकिरण-रोधी मिसाइलें और नौसैनिक प्लेटफॉर्म शामिल हैं।*

# देश

**उवाच**

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद आम जनता की भावना यही है कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को भारत बुलाकर कोई भी वन टू वन सीरीज नहीं खेली जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान हिस्सा लेता है और भारत को मैच खेलना पड़ता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है: **आनंद परांजपे, वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद, एनसीपी**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.0 | 28.0 |
| मुंबई | 27.0 | 25.0 |
| कोलकाता | 30.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# भारत को पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलना चाहिए: शमा मोहम्मद

## कांग्रेस प्रवक्ता ने पीएम मोदी के उस बयान पर टिप्पणी की कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, 'खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते'

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। अगर ऐसा है, तो हम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं? यह गलत है।

उन्होंने भारत-पाक के बीच होने वाले मैच से पहले कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब बात क्रिकेट की आती है तो हम सबकुछ कैसे भूल जाते हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने पीएम मोदी के उस बयान का जिक्र किया है, जिसमें पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। जब ऑपरेशन जारी है तो हम पाकिस्तान के साथ मैच कैसे खेल सकते हैं? पीएम मोदी ने यह भी कहा है कि पानी और खून साथ नहीं बह सकते हैं। अब ब्लड और क्रिकेट एक साथ कैसे हो रहे हैं?



खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। अगर ऐसा है, तो हम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट कैसे खेल सकते हैं? यह गलत है: **शमा मोहम्मद, प्रवक्ता कांग्रेस**

शमा मोहम्मद ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारे निर्दोष लोगों को मारा है। देशवासी अभी तक उस घटना को भूल नहीं पाए हैं। लोगों में अभी भी गुस्सा है। फिर हम कैसे पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेल सकते हैं? उन्होंने पीएम मोदी के ट्रेड वाले बयान का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि हम पाकिस्तान के साथ कोई ट्रेड नहीं करेंगे। उद्योग, फिल्म, खेल नहीं होगा। अब क्रिकेट कैसे हो रहा है? उन्होंने पंजाबी एक्टर दिलजीत दोसांझ का जिक्र करते हुए कहा कि दो महीने पहले उनकी फिल्म को भारत में बैन करने की मांग तेज हुई। सभी ने खुलकर समर्थन किया। लेकिन, आज एशिया कप में जब बात क्रिकेट की आई तो हम खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्यों? शमा मोहम्मद ने दावा किया कि आईसीसी चेयरमैन को सिर्फ पैसा कमाना है। जब पैसे की बात आती है, तो वे हमारे देश की जनता को भूल जाते हैं।

## हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे: मनोज

**नई दिल्ली**। कांग्रेस सांसद मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और हम उनके सिपाही हैं। जब तक हमारी रगों में खून बहेगा, हम लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे। कांग्रेस सांसद मनोज कुमार का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनावों में कथित 'वोट चोरी' के समर्थन में पेश किए गए दस्तावेजों पर विवाद हो रहा है। भाजपा ने दावा किया है कि ये दस्तावेज म्यांमार में तैयार किए गए थे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि हम संविधान के रक्षक हैं। हम अपने नेता के सिपाही हैं। राहुल गांधी ने हमेशा संविधान की रक्षा की बात की है। हम उनके साथ खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। इस विचारधारा के लिए, संविधान की रक्षा के लिए, राष्ट्र और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम अपनी आवाज उठाते रहेंगे, लड़ते रहेंगे और कभी पीछे नहीं हटेंगे। चाहे परिणाम कुछ भी हो, सत्ता पक्ष भले ही हम पर कितने भी आरोप लगाए, हम पीछे नहीं हटेंगे।'

## एशिया कप में पाकिस्तान के साथ मैच खेलना भारत की मजबूरी: तारिक अनवर

**नई दिल्ली**। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर बयान दिया कि भारत के लिए पाकिस्तान के साथ खेलना एक मजबूरी है। उन्होंने कहा कि क्योंकि भारत पाकिस्तान के साथ खेलने से मना नहीं कर सकता है। अगर करता है तो उसे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ेगा। बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच यह मैच पहलगाम आतंकी हमले के बाद हो रहा है। इस मैच को रद्द करने की मांग कई विपक्षी दलों के सांसदों की ओर से की गई है। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि यह द्विपक्षीय मुकाबला नहीं, बल्कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का मल्टीनेशनल टूर्नामेंट है, जिसमें एशिया के कई देश हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अकेले कोई फैसला नहीं ले सकता।

# नीतीश कुमार भ्रष्टाचार के भीष्म पितामह बन गए : तेजस्वी यादव

**पटना,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि अब एसआईआर जहां भी किया जाएगा, वहां आधार कार्ड डॉक्यूमेंट माना जाए। अपना आधार कार्ड दिखाकर कोई भी वोटर बन सकता है। यह तो बड़ी जीत हुई है।

### एसआईआर का कोई विरोध नहीं

पत्रकारों से बातचीत में गुरुवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि एसआईआर का कोई विरोध नहीं कर रहा है, हम लोगों ने इसकी प्रक्रिया का विरोध किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को काटे गए 65 लाख नामों को सार्वजनिक करने के लिए भी कहा। इस मामले में हम लोगों की जीत हुई। हम लोगों ने शुरुआत से ही इस मुद्दे को उठाया था।



ये रिटायर अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ करके बिहार को लूटने का काम कर रहे हैं। बिहार की जनता आने वाले चुनाव में बदला लेगी : **तेजस्वी यादव**

### रिटायर अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ कर रही सरकार

राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भ्रष्टाचार का भीष्म पितामह करार दिया। उन्होंने कहा कि ये रिटायर अधिकारियों के साथ सांठ-गांठ करके बिहार को लूटने का काम कर रहे हैं। बिहार की जनता आने वाले चुनाव में बदला लेगी। बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिदिन गोली चल रही है, लोग मारे जा रहे हैं। अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं, क्योंकि सीएम और डिप्टी सीएम का संरक्षण प्राप्त हो रहा है। लगातार अपराध बढ़ रहा है, कोई ऐसा दिन नहीं है जब बलात्कार, लूट, और हत्या की घटनाएं नहीं हो रही हैं।

### प्रतिदिन चल रहीं गोलियां

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बीती रात में कॉमर्स कॉलेज के पास राघोपुर के निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। प्रतिदिन 200 राउंड गोलियां चल रही हैं, और एक सप्ताह में 100 से ज्यादा हत्याएं हो रही हैं। कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, न सुनवाई हो रही है।

## भगवान भरोसे चल रहा बिहार, कानून-व्यवस्था हुई बर्बाद : पप्पू यादव



**नई दिल्ली**। पूर्णिया से लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार की राजधानी पटना में हुई राजद नेता की हत्या को लेकर नीतीश सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनावी माहौल है, लेकिन राज्य भगवान भरोसे चल रहा है। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा, 'सीवान में लाली यादव की हत्या कर दी गई। एक विकलांग व्यक्ति मुन्ना (जिनके दोनों पैर काम नहीं करते थे और उनकी पत्नी भी विकलांग थीं) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह दुकान चलाकर गुजारा करते थे और उन्हें पांच गोलियां मारी गईं। मैं पूछता हूं कि बिहार में कोई कानून-व्यवस्था बची है? सभी लोग चुनावी मोड में आ गए हैं, पूरे बिहार में चुनावी माहौल है और राज्य भगवान भरोसे चल रहा है।

## सार संक्षेप

### पार्षद पति, सरपंच पति जैसी प्रथाओं को खत्म कर महिलाएं अपना हक लें: सिंधिया

**अशोकनगर**। केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री और गुना से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सरपंच पति प्रथा को खत्म कर महिलाओं को अपने अधिकार हासिल करने होंगे। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुरुवार को मध्य प्रदेश के गुना संसदीय क्षेत्र के अशोकनगर में रेवा शक्ति अभियान, हृदय योजना और एकल सेवा पोर्टल की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई वर्षों से प्रयास किए हैं कि महिलाएं प्रथम पंक्ति में आएं। जब महिलाएं प्रथम पंक्ति में आती हैं, तब पुरुष उन पर काबिज होने की कोशिश करते हैं। इसलिए पार्षद पति, अध्यक्ष पति, सरपंच पति जैसी इन प्रथाओं को समाप्त करना होगा और महिलाओं को अपना हक अपने हाथों में लेना होगा।


### उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने स्वतंत्रता सेनानी इम्मानुएल शेखरन को दी श्रद्धांजलि

**चेन्नई**। तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी व समाज सुधारक इम्मानुएल शेखरन की 68वीं गुरु पूजा में शामिल होने के बाद गुरुवार सुबह चेन्नई रवाना हो गए। इस दौरान मदुरै हवाई अड्डे पर उनके साथ आए कुछ पार्टी पदाधिकारियों को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ ) ने प्रवेश करने से रोक दिया, जिससे वहां थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। इम्मानुएल शेखरन का निधन 11 सितम्बर 1957 को हुआ था। उनकी पुण्यतिथि को तमिलनाडु में गुरु पूजा के रूप में मनाया जाता है। बुधवार को उप मुख्यमंत्री स्टालिन इम्मानुएल शेखरन को श्रद्धांजलि देने के लिए मदुरै पहुंचे थे।

### मुझे निजी तौर पर विरोध करना होता तो मैं वाराणसी में होता: अजय राय

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को लखनऊ में पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया। यह कार्रवाई तब हुई जब कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी दौरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी। कांग्रेस का दावा है कि यह विरोध कथित वोट चोरी के मुद्दे पर था, जिसे लेकर पार्टी केंद्र और राज्य सरकार पर लगातार हमलावर रही है।

# नेपाल की स्थिति अराजक और नियंत्रण से बाहर: केसी त्यागी



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल में सोशल मीडिया प्रतिबंध के खिलाफ शुरू हुए युवा आंदोलन हिंसक अराजकता का रूप ले लिया। संसद भवन को आग के हवाले कर दिया गया, सरकारी संपत्ति लूटी गई, पूर्व प्रधानमंत्रियों के घरों पर हमले हुए और जेलों से हजारों कैदी फरार हो चुके हैं। इस पूरे घटनाक्रम पर जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे 'क्रांति का बदलाव' नहीं, बल्कि 'नियंत्रण से बाहर' करार दिया। उन्होंने कहा, 'नेपाल की हालत बेहद खराब है। वहां सरकारी संपत्ति की लूट है, संसद को आग लगा दी गई। यह क्रांति का बदलाव नहीं, शुद्ध अराजकता है।' वहीं विपक्ष के तमाम नेताओं का कहना है कि इस तरह के हालात किसी भी देश में हो सकते हैं, इसलिए सतर्कता बरतनी चाहिए। विपक्षी नेताओं के इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए केसी त्यागी ने कहा कि उनकी इच्छा हो सकती है कि भारत बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका की राह पर चले, लेकिन उनकी बुद्धि के लिए मैं शुद्धि की कामना करता हूं। हमें मजबूत लोकतंत्र और विकास पर फोकस करना चाहिए। नेपाल जैसी अराजकता के बारे में सोचना देशहित के खिलाफ है। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान मैच पर जेडीयू नेता केसी त्यागी ने कहा कि मैं तीसरे स्थान पर मैच होने का विरोध नहीं कर रहा हूं।

# देश में एसआईआर प्रक्रिया होना उचित: मांझी



**पटना,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने देश भर में चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराने की योजना का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है। अगर चुनाव आयोग ऐसा निर्णय लेता है, तो यह उचित होगा। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह अच्छी बात है। मतदाता सूची को पुनरीक्षित करने के लिए यदि सघन अभियान चलाया जाता है तो इसमें गलत क्या है? कई लोग जिनका निधन हो चुका है, उनका नाम है, कई ऐसे भी बाहरी लोग हैं जिन्होंने गलत तरीके से अपना नाम जुड़वाया है और राजनीति को प्रभावित करते हैं, वैसे लोगों का नाम कटेगा। यह होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में जो एसआईआर अभी हो रहा है,

# एचएएल को अमेरिका से मिलेगा चौथा जीई-404 जेट इंजन, तेजस एलसीए एमके-1ए की डिलीवरी में तेजी

**नई दिल्ली,** 11 सितंबर (एजेंसियां)। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस एलसीए एमके-1ए के लिए तीसरा जीई-404 इंजन प्राप्त हो गया है। यह जानकारी गुरुवार को सामने आई। यही नहीं एचएएल को उम्मीद है सितंबर 2025 के अंत तक ही उन्हें एक और यानी चौथा जेट इंजन भी मिल जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिकी कंपनी भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को यह जेट इंजन सप्लाई कर रही है। एचएएल के अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि, उन्हें एलसीए एमके-1ए के लिए तीसरा जीई-404 इंजन मिला है। एचएएल का कहना है कि इंजन आपूर्ति श्रृंखला में सुधार होने से लड़ाकू विमान तेजस एमके-1ए के उत्पादन और डिलीवरी कार्यक्रम में गति आएगी। इंजन की समय पर उपलब्धता, एचएएल को तय योजना के अनुसार भारतीय वायुसेना को विमान सौंपने में मदद करेगी। दरअसल, भारतीय वायुसेना ने कुल 83 तेजस एमके-1ए विमानों के निर्माण का ऑर्डर दिया है, जिन्हें आने वाले वर्षों में क्रमिक रूप से डिलीवर किया जाएगा।



■ **अमेरिकी कंपनी ने भारत को जेट इंजन की सप्लाई शुरू की**


**भारत सरकार** GOVERNMENT OF INDIA
**अंतरिक्ष विभाग** DEPARTMENT OF SPACE
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन**
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
**अंतरिक्ष उपयोग केंद्र**
SPACE APPLICATIONSCENTRE
**अहमदाबाद** AHMEDABAD-380015

सत्यमेव जयते | इसरो isro

**विज्ञापन सं. सैक:02:2025 दिनांकित 12.09.2025**

इसरो के विभिन्न केंद्रों/ इकाइयों एवं भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (अंतरिक्ष विभाग के तहत स्वायत्त निकाय) में सहायक (राजभाषा) के पद पर भर्ती हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पद कोड | पद का नाम<br>वेतन मैट्रिक्स में वेतन एवं स्तर | रिक्तियों की संख्या एवं आरक्षण विवरण | आयु सीमा |
|---|---|---|---|
| 05 | सहायक (राजभाषा) स्तर- 04 (₹ 25,500-₹ 81,100) | कुल - 06 (अना.-04, अ.ज.जा. -01, अ.पि.व.-01) | 02.10.2025 को 18 से 28 वर्ष तक |
| 06 | सहायक (राजभाषा) स्तर- 04 (₹ 25,500-₹ 81,100) | कुल - 01 (अना.) | 02.10.2025 को 18 से 28 वर्ष तक |

पद कोड - 05 के 04 अना. पदों में से आईपीआरसी (महेंद्रगिरी), इस्ट्रैक (बेंगलूरु), एलपीएससी (वलियामाला, तिरुवनंतपुरम) और यूआरएससी (बेंगलूरु) प्रत्येक के लिए 01 पद चिह्नित है।
पद कोड - 05 का 01 अ.पि.व. पद एड्रिन (सिकंदराबाद) के लिए चिह्नित है।
पद कोड - 05 का 01 अ.ज.जा. पद सैक (अहमदाबाद) के लिए चिह्नित है।
पद कोड 06 का 01 अना. पद आईआईएसटी (तिरुवनंतपुरम) के लिए चिह्नित है।
आवेदन मात्र ऑन-लाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन के पंजीकरण के लिए ऑन-लाइन भर्ती पोर्टल 12.09.2025 को 09:30 बजे से 02.10.2025 को 1700 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन के लिए और ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए हमारी वेबसाइट **https://www.sac.gov.in> Careers** में देखे।

**CBC-49107/11/0004/2526**



## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**भिलाई शाखा:** हाल नं. 1, द्वितीय मंजिल, क्रिसेंट प्लाजा, गुरुद्वारा रोड, उत्सव पैलेस के सामने, दुर्ग-491001 (छत्तीसगढ़)
**धमतरी शाखा:** दूसरी मंजिल, स्टेट हाईवे, गुंडरदेही रोड, रेस्ट हाउस के सामने, धमतरी - 493773 (छत्तीसगढ़)

### ई-नीलामी - बिक्री सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो)/जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 03000000587/ भिलाई शाखा) राजेश कुमार (ऋणी), स्वाति ठाकुर (सह-ऋणी) | 11-07-2023 & ₹ 9,44,333/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मउ रिसाली, प.ह.न. 65,खसरा नं. मउ रिसाली, खसरा नं. 193 26 पी, वीआईपी नगर रिसाली, भिलाई जिला दुर्ग, प्लॉट नं. 159पी, दुर्ग, छ.ग.-491001 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- रोड, पश्चिम- रोड, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि एवं प्लॉट नं. 159 का शेष भाग, दक्षिण- प्लॉट नं. 160 | Rs. 6,99,840 /- | Rs. 69,984 /- | भौतिक |
| 2 | (लोन कोड नं. 11110000231/ धमतरी शाखा) वरुण देवांगन(ऋणी), छबिलाल देवांगन (सह-ऋणी) | 11-07-2023 & ₹ 2,74,560/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, धमतरी से दानी टोला, मैन रोड, वार्ड नं. 27, धमतरी छ.ग.-493773 **चर्तुसीमाएँ:-** पूर्व- रोड, पश्चिम- बुद्धारुराम की भूमि, उत्तर- उत्कल सिन्हा की भूमि, दक्षिण- बुद्धारुराम की भूमि | Rs. 4,53,600 /- | Rs. 45,360 /- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **27-09-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **29-09-2025 दोपहर 03:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक** **https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **अश्विन शर्मा, (संपर्क नंबर 7697112220)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.aadharhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि **रु. 10,000/-** है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 12-09-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**



## ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

**[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री रणजीत कुमार सिंह (कर्ज़दार), रामजीनीश सिंह (सह-कर्ज़दार) LBBLI00004922335, LBBLI00004918757, LBBLI00005340524. | मकान संख्या ईडब्ल्यूएस 1200, इडस्ट्रियल इस्टेट भिलाई में स्थित, मौजा इडस्ट्रियल इस्टेट हाउसिंग बोर्ड, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ इसका प्लिंथ क्षेत्रफल 18.38 वर्ग मीटर है। ज्ञात भार- रण्जीत कुमार सिंह ने जबलपुर के समक्ष प्रतिभूतिकरण अपील दायर की है, जिसका क्रमांक एसए888/2024 है, जो अभी न्याय निर्णयन हेतु लंबित है। हालाँकि, प्रकाशन तिथि तक कार्यवाही पर रोक लगाने का कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। | रु. 22,31, 533/- अगस्त 21, 2025 तक | रु. 17,10, 000/- / रु. 1,71, 000/- | अक्टूबर 01, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अक्टूबर 18, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 2. | श्री रणजीत कुमार वर्मा (कर्ज़दार), रमेश कुमार वर्मा, दासोदा बाई वर्मा, हरिशंकर वर्मा (सह-कर्ज़दार) LBBLI00004195222, LBDRG00004931875, LBBLI00004195223, LBBLI0000536832 | प्लॉट क्रमांक ईडब्ल्यूएस 511, 527, 528, 529, 530, 531, 532, 532 केएच क्रमांक 1/15 का भाग, हाउसिंग बोर्ड आदित्य नगर, दुर्ग, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग। प्लॉट क्रमांक 511- 61.05 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 527- 30.38 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 528- 30.38 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 529- 30.38 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 530- 30.36 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 531- 29.48 वर्ग मीटर। प्लॉट क्रमांक 532- 28.70 वर्ग मीटर। अतिरिक्त प्लॉट क्रमांक 532- 40.00 वर्ग मीटर। कुल क्षेत्रफल 3021 वर्ग फीट। और निर्मित क्षेत्रफल 5500 वर्ग फुट है। ज्ञात भार- रण्जीत कुमार वर्मा ने डीआरटी, जबलपुर के समक्ष प्रतिभूतिकरण अपीलें दायर कीं, जिनका एसए-742/24, अभी निर्णय लंबित है। हालाँकि, प्रकाशन तिथि तक कार्यवाही पर रोक लगाने का कोई आदेश पारित नहीं किया गया है। | रु. 1,35, 76,411/- अगस्त 29, 2025 तक | रु. 94,00, 000/- / रु. 9,40, 000/- | अक्टूबर 03, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अक्टूबर 18, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 3. | श्रीमती एम अनीता राव (कर्ज़दार) एम वेंकट राव (सह-कर्ज़दार) LBDRG00005213071 | प्लॉट क्रमांक 12, खसरा क्रमांक 495/70, रिसाली बस्ती वार्ड क्रमांक 60, मैत्री नगर, पीएच क्रमांक 19/22, आर.एन.एम. दुर्ग- 01, ब्लॉक दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई, मौजा ग्राम रिसाली, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। इसका क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट या 223.04 वर्ग मीटर या 0.020 हेक्टेयर है, जिसमें भूतल पर 910 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्रफल और 178 वर्ग फुट पोर्च है। भूतल पर कुल क्षेत्रफल 1088 वर्ग फुट और प्रथम तल पर 1048 वर्ग फुट क्षेत्रफल है, साथ ही 130 वर्ग फुट सीढ़ी और टॉवर भी हैं। | रु. 60,26, 671/- अगस्त 18, 2025 तक | रु. 57,10, 000/- / रु. 5,71, 000/- | अक्टूबर 06, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | अक्टूबर 18, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link-https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 17, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **अक्टूबर 17, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **अक्टूबर 17, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 17, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितंबर 12, 2025**
**स्थान : भिलाई (छत्तीसगढ़)**


**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

**'बिंदिया के बाहुबली' की खासियत इसके सीन्स की बारीकियों में छिपी है : रणवीर शौरी**

**मुंबई।** अभिनेता रणवीर शौरी की सीरीज 'बिंदिया के बाहुबली' हाल ही में रिलीज हुई है। इसमें सत्ता के लिए लड़ते दावन परिवार की कहानी है। सीरीज में सौरभ शुक्ला, रणवीर शौरी, सीमा बिस्वास, सुशांत सिंह और शीबा चड्ढा जैसे कलाकार हैं। सीरीज में रणवीर शौरी ने छोटे दावन का रोल प्ले किया है। रणवीर ने कहा कि मुझे लगता है कि इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें थोड़ी संवेदनशीलता है, इस चीज के प्रति थोड़ा संवेदनशील दृष्टिकोण है। इस शैली पर खूब फिल्में बनी हैं और सफल भी रही हैं, मगर इसकी संवेदनशीलता इसे अलग बनाती है। रणवीर ने आगे कहा कि इस क्राइम और फैमिली ड्रामा में लोगों के संवाद की प्रक्रिया व्यापक रूप से नहीं, बल्कि सूक्ष्म रूप से की गई है।

# बालों के लिए वरदान है अलसी के बीज

## ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन ई, प्रोटीन व फाइबर जैसे पोषण तत्व अलसी में मौजूद



**अलसी के बीजों में मौजूद लिगनान एंटीऑक्सिडेंट**

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। आजकल बदलती जीवनशैली, प्रदूषण और गलत खानपान का सबसे ज्यादा असर हमारे बालों पर देखने को मिलता है। बाल रूखे हो जाते हैं, चमक खोने लगती है और इसके झड़ने की समस्या अब तो आम हो गई है। बाजार में मिलने वाले महंगे हेयर प्रोडक्ट्स की बजाय अब लोग प्राकृतिक उपायों की ओर लौट रहे हैं, और इसमें सबसे कारगर नाम 'अलसी के बीज' का सामने आता है।

ये न केवल शरीर की सेहत के लिए, बल्कि आपके बालों की खूबसूरती के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं। अमेरिकन नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, अलसी में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन ई, प्रोटीन, और फाइबर बालों को भीतर से पोषण देकर उन्हें मजबूती और नमी देता है।

ओमेगा-3 हमारी स्कैल्प की सूजन को कम करता है, जिससे बालों का झड़ना रुकता है और नए बाल उगते हैं।

एक स्टडी में पाया गया कि ओमेगा-3 फैटी एसिड से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे हेयर फॉलिकल्स तक जरूरी पोषण पहुंचता है और बालों की ग्रोथ तेज होती है।

अलसी के बीजों में मौजूद लिगनान एक प्रकार का एंटीऑक्सिडेंट होता है, जो हॉर्मोन बैलेंस में मदद करता है। महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन बालों के गिरने की बड़ी वजह होती है, और अलसी इसके असर को कम करने में सहायक होती है।

इसके अलावा, अलसी में मौजूद विटामिन ई न केवल बालों को चमकदार बनाता है, बल्कि स्कैल्प पर पड़ने वाले फ्री रेडिकल्स के असर को भी घटाता है, जिससे समय से पहले सफेद बाल और झड़ने की समस्या रोकी जा सकती है।

अलसी से बना हेयर जेल सबसे असरदार माना जाता है। जब अलसी को पानी में उबालते हैं, तो उसमें से एक गाढ़ा जेल निकलता है, जो बालों को नमी देता है और उन्हें टूटने से बचाता है। यह जेल बालों को कंडीशनर की तरह मॉइस्चराइज करता है।

अलसी को हेयर मास्क के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें पिसी हुई अलसी को दही या एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर लगाया जाता है। यह मास्क बालों की जड़ों को पोषण देता है और उन्हें अंदर से मजबूत बनाता है।

वहीं, अलसी के तेल, जिसे फ्लैक्ससीड ऑयल भी कहा जाता है, को हल्का गर्म करके सिर पर लगाया जाए, तो यह तेल स्कैल्प में गहराई तक जाकर ड्राईनेस को दूर करता है और बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है।

# आंतों के कार्य में गड़बड़ी के कारण पाचन विकार

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। ग्रहणी दोष को आयुर्वेद में एक गंभीर पाचन विकार माना गया है। यह मुख्य रूप से अग्नि (पाचन शक्ति) की कमजोरी और आंतों के कार्य में गड़बड़ी के कारण होता है। आधुनिक भाषा में इसे इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस) कहा जाता है।

आयुर्वेद में 'ग्रहणी' का काम खाए गए खाने को ठीक से पचाना और शरीर को ऊर्जा देना है। जब यह अंग ठीक से कार्य नहीं करता, तो भोजन अपचित रह जाता है और व्यक्ति को बार-बार दस्त, अपच और कमजोरी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहे तो शरीर में पोषण की भारी कमी हो सकती है।

ग्रहणी दोष का मुख्य कारण पाचन अग्नि (शक्ति) का कम होना होता है, जिसे आयुर्वेद में अग्निमांद्य कहा गया है। जब व्यक्ति अनियमित भोजन करता है, बहुत अधिक तला-भुना या बासी खाना खाता है, अत्यधिक चिंता या तनाव में रहता है तो अग्नि कमजोर हो जाती है। इससे भोजन का पाचन अच्छे से नहीं हो पाता और अधपचा भोजन आंतों में सड़ने लगता है, जिससे गैस, बदबूदार दस्त, और बार-बार मल त्याग की इच्छा जैसी परेशानियां शुरू होती हैं।



- **व्यक्ति को बार-बार दस्त, अपच और कमजोरी जैसी समस्याएं**
- **रोग वात, पित और कफ, तीनों दोषों के असंतुलन**

ग्रहणी दोष के लक्षणों में बार-बार दस्त लगना, मल में अधपचा भोजन आना, पेट में भारीपन, भूख कम लगना, गैस बनना, कमजोरी और थकान प्रमुख हैं। कुछ रोगियों में खाना खाते ही शौच जाने की तीव्र इच्छा होती है। यह रोग वात, पित्त और कफ, तीनों दोषों के असंतुलन से उत्पन्न हो सकता है, इसलिए आयुर्वेद में इसके चार भिन्न प्रकार बताए गए हैं, वातज, पित्तज, कफज और सन्निपातज ग्रहणी।

योग और प्राणायाम भी ग्रहणी दोष को कम करने में लाभकारी माना जाता है। पवनमुक्तासन, वज्रासन, अग्निसार क्रिया और अनुलोम-विलोम प्राणायाम से पाचन तंत्र को बल मिलता है और मानसिक शांति भी मिलती है, जिससे पाचन विकार कम होते हैं। इसके अलावा सौंफ और अजवाइन की चाय, अदरक का रस और शहद, छाछ में पुदीना, इसबगोल और गुनगुना दूध और हींग का पानी पीना भी काफी फायदेमंद होता है।

### ग्रहणी दोष का उपचार

*आयुर्वेद में ग्रहणी दोष के उपचार के लिए विशेष आहार, औषधियां और जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जाती है। हल्का भोजन जैसे मूंग की खिचड़ी, बेल का शरबत, छाछ और जीरा पानी बहुत लाभकारी माना जाता है। वहीं, रोगी को गरिष्ठ, मसालेदार, तला-भुना और बासी भोजन से बचना चाहिए।*

# चमकदार त्वचा के लिए करें उबटन का इस्तेमाल

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। आयुर्वेद में शरीर और त्वचा की देखभाल के लिए प्राकृतिक उपायों को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। आधुनिक समय में जहां लोग कठोर रसायनों से बने साबुन और ब्यूटी प्रोडक्ट्स पर निर्भर होते जा रहे हैं, वहीं आयुर्वेद हमें याद दिलाता है कि असली सुंदरता प्रकृति की गोद में छिपी है। खासकर उबटन का उपयोग सदियों से भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है। यह केवल एक सौंदर्य प्रसाधन नहीं, बल्कि त्वचा की संपूर्ण देखभाल का वैज्ञानिक और प्राकृतिक तरीका है।

साबुन त्वचा की सतह से गंदगी तो हटा देता है, लेकिन उसके साथ ही यह त्वचा के प्राकृतिक तेल और नमी को भी खत्म कर देता है। इससे त्वचा रूखी, बेजान और कई बार संवेदनशील हो जाती है तो वहीं उबटन पीएच-फ्रेंडली होता है और त्वचा के नैचुरल ऑयल को सुरक्षित रखता है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसके इस्तेमाल से त्वचा साफ, मुलायम और चमकदार बनती है, बिना किसी केमिकल अवशेष के।



- **उबटन बनाने के लिए कई प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग**
- **उबटन बनाने में प्रमुख सामग्री बेसन, हल्दी, चंदन और दूध**

### उबटन बनाने की सामग्री

उबटन बनाने के लिए कई प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। इनमें से कुछ प्रमुख हैं जैसे बेसन, हल्दी, चंदन और दूध। उबटन बनाने के लिए सबसे पहले सभी सामग्रियों को मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें। पेस्ट को अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मालिश करें और फिर पानी से धोकर साफ कर लें। आपको बिना किसी रासायनिक अवशेष के एक मुलायम, चमकदार रंगत दिखाई देगी।

आयुर्वेद की मानें तो बेसन त्वचा की गहराई से सफाई करता है और डेड स्किन को हटाता है। हल्दी में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं और नैचुरल ग्लो देते हैं। चंदन से त्वचा को गहराई से ठंडक मिलती है। वहीं दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को नमी प्रदान करता है और टैनिंग का काम करता है।

# सफलता के शॉर्टकट पर मैंने कभी भरोसा नहीं किया : शीना चौहान

**मुंबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री शीना चौहान का कहना है कि सफलता के लिये शॉर्टकट पर उन्होंने कभी भरोसा नहीं किया है।

शीना चौहान का फिल्मी सफर किसी रातों-रात मिली सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उनकी लगन, जुनून और अपने काम के प्रति अटूट समर्पण पर आधारित है। अरविंद गौड़ के निर्देशन में पांच वर्षों के गहन रंगमंच प्रशिक्षण से उन्होंने वह अनुशासन और प्रामाणिकता विकसित की, जिसने उनके करियर की नींव रखी।

बचपन में पिता को खोने के बाद एक सिंगल मदर द्वारा पाली गई शीना ने बिना किसी गॉडफादर के उद्योग में अपना रास्ता खुद बनाया। उनका फिल्मी सफर साउथ इंडस्ट्री में मम्मूट्टी के साथ डेब्यू से शुरू हुआ, फिर बांग्ला सिनेमा में बुद्धदेव दासगुप्ता के साथ, और आगे बढ़ते हुए अंतरराष्ट्रीय स्वतंत्र फिल्मों तक पहुंचा, जहां उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस के लिए नामांकन मिला और उनकी फिल्में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुईं। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें काजोल और माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गजों के साथ काम करने का अवसर दिया। हाल ही में उन्होंने अपने हिंदी डेब्यू संत तुकाराम में सुबोध भावे के साथ मुख्य भूमिका निभाई। एक किरदार जिसे उन्होंने उसी जुनून, समर्पण और गहराई से निभाया, जो उनके पूरे सफर की पहचान है।



शीना चौहान ने कहा कि मेरे लिए हर भूमिका एक नया संसार है जिसमें मैं पूरी तरह डूब जाती हूं। सफलता के शॉर्टकट पर मैंने कभी भरोसा नहीं किया। मेरे लिए यह हमेशा धैर्य, पेशेवराना रवैया और उद्देश्य के बारे में रहा है।

आज शीना का करियर टॉलीवुड, बांग्ला सिनेमा,

# पितृपक्ष की चतुर्थी तिथि पर गयाजी में उमड़े श्रद्धालु

**गयाजी,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। बिहार के गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला जारी है। देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए यहां पहुंचकर पिंडदान, तर्पण और अन्य कर्मकांड कर रहे हैं। पितृपक्ष की चतुर्थी तिथि पर सुबह से ही यहां श्रद्धालु पूर्वजों को पिंडदान और तर्पण करने के लिए ब्रह्म सरोवर पर उमड़ रहे हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के दौरान पूर्वज पितृ लोक से धरती पर आते हैं और अपने वंशजों द्वारा दिए गए पिंड को ग्रहण कर तृप्त होते हैं।



**ब्रह्म सरोवर पर किया पिंडदान**

मुंबई से आए श्रद्धालु पवन ने बताया कि वह मुंबई से परिवार के साथ गयाजी आया है और अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पिंडदान और तर्पण कर रहा है। गयाजी की मान्यता है कि यहां पिंडदान करने से मोक्ष और शांति की प्राप्ति होती है। पूरे दुनिया में पितरों के मोक्ष के लिए गयाजी जैसा मोक्षधाम कहीं नहीं है। यहां आकर बहुत शांति महसूस हो रही है।

एक अन्य श्रद्धालु श्रवण मोतिलाल ने कहा कि यह यात्रा उनके परिवार के लिए आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने वाली रही है। गयाजी में पिंडदान से पितरों को मोक्ष और शांति की प्राप्ति होती है। हमें यहां आकर काफी अच्छा लगा है।

वहीं, तारुणी पांडे ने बताया कि पितृपक्ष में ब्रह्म सरोवर पर पिंडदान करने का महत्व ज्यादा है। यहां पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। पितृ प्रसन्न होते हैं और उनका आशीर्वाद मिलता है। पितृपक्ष 7 सितम्बर से शुरू हुआ है, जिसमें प्रत्येक तिथि का अपना अलग महत्व है। चतुर्थी तिथि पर ब्रह्म सरोवर में पिंडदान से पितरों को विशेष छाया और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बताया जाता है कि गयाजी में पिंडदान करने से पूर्वजों को हजारों अन्य स्थानों पर किए गए दान के बराबर फल मिलता है। पिंडदान के दौरान चावल, घी, शहद और तिल से बने पिंडों का दान किया जाता है, जो पूर्वजों के सूक्ष्म शरीर को पोषण प्रदान करता है।

# दिमाग खाने वाले अमीबा संक्रमण का आतंक

**मलप्पुरम (केरल),** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी केरल के मलप्पुरम जिले के 47 वर्षीय व्यक्ति की अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस से मृत्यु हो गई। इस तरह एक महीने में दिमाग खाने वाले खतरनाक अमीबा के संक्रमण से होने वाली ये छठी मौत है। मलप्पुरम जिले के चेलेम्परा चालिपरम्बु निवासी शाजी को 9 अगस्त को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल (केएमसीएच) में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत काफी खराब थी। इस सप्ताह संक्रमण से यह दूसरी और एक महीने के भीतर छठी मौत है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि शाजी को लिवर संबंधी बीमारियां थीं और इस दौरान उन्हें दी जा रही दवाओं का उन पर कोई असर नहीं हो रहा था।



**एक महीने में छठी मौत**

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार रात उनकी मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके संक्रमण के स्रोत का अभी पता नहीं चल पाया है।

इसी सप्ताह मलप्पुरम के वंदूर की एक महिला ने अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के कारण केएमसीएच में दम तोड़ दिया था। इस बीच, बुधवार को 10 वर्षीय लड़की और एक महिला की जांच में इस संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि केएमसीएच समेत विभिन्न अस्पतालों में एक महीने से ज्यादा समय से अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस के कुल 10 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अमीबा के स्रोत का पता न लगा पाने की वजह से राज्य में, खासकर उत्तरी क्षेत्र में, संक्रमण को नियंत्रित करने के स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रयासों में बाधा आ रही है, जहां पिछले एक महीने में तीन महीने के एक शिशु और नौ साल की एक बच्ची समेत छह की मौत हुई है। लगातार हो रही इन मौतों ने स्वास्थ्य अधिकारियों को इस बीमारी के बारे में निगरानी और जन जागरूकता अभियान तेज करने के लिए प्रेरित किया है, जो आमतौर पर जलजनित अमीबा के कारण होती है।

# मोहित सूरी की 'सैयारा' ओटीटी पर रखेगी कदम

**मुंबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। सिनेमाघरों में 18 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म 'सैयारा' ने जबरदस्त सफलता हासिल की और अब यह ओटीटी पर कदम रखने वाली है। यह रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा प्यार, दर्द और संघर्ष की कहानी है। इस फिल्म से अहान पांडे और अनीत पड्डा ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है।



फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई।

जो लोग सिनेमाघरों में यह फिल्म नहीं देख पाए, वह 'सैयारा' को ओटीटी पर देख सकेंगे। फिल्म 12 सितम्बर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए इसकी रिलीज की जानकारी दी और लिखा, 'बस कुछ पल बाकी हैं, फिर 'सैयारा' की कहानी होगी आपकी।' इस पोस्ट के साथ नेटफ्लिक्स ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। फिल्म की कहानी दो ऐसे युवा कलाकारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने टूटे दिलों के साथ जिंदगी की नई शुरुआत करना चाहते हैं। कृष कपूर (अहान पांडे), एक होनहार संगीतकार है जो अपने जज्बातों को सुरों और गीतों के जरिए दुनिया तक पहुंचाना चाहता है, जबकि वाणी बत्रा (अनीत पड्डा), एक लेखिका है जो कविताओं में अपने दर्द को शब्दों में ढालती है।

दोनों का हाल ही में एक दर्दनाक ब्रेकअप हुआ है। जब ये दोनों मिलते हैं, तो उनके बीच एक गहरा रिश्ता बनता है, जो कई तरह के संघर्षों और चुनौतियों से भी गुजरता है। फिल्म का निर्देशन मशहूर निर्देशक मोहित सूरी ने किया है, जो अपने इमोशनल और गहरे विषयों को पर्दे पर उतारने के लिए जाने जाते हैं।

अहान पांडे और अनीत पड्डा ने अपने किरदारों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया। फिल्म में वरुण बडोला, राजेश कुमार और अलाम खान ने भी अहम भूमिका निभाई। फिल्म का टाइटल ट्रैक 'सैयारा' समेत ज्यादातर गानों को मिथुन, तनिष्क बागची, सचेत-परंपरा समेत कई कंपोजर्स ने मिलकर तैयार किया।

# मस्तिष्क को स्वस्थ रखते हैं आसन

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। मिर्गी एक गंभीर बीमारी है, जिसमें मस्तिष्क की गतिविधियां असामान्य हो जाती हैं और व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। यह बीमारी अचानक किसी भी समय व्यक्ति को अपनी चपेट में ले सकती है, जिससे शरीर में झटके आना, बेहोशी, या होश में रहते हुए भी अजीब हरकतें करना जैसी स्थितियां बन जाती हैं।

मिर्गी का इलाज आमतौर पर दवाइयों से किया जाता है, लेकिन कई मामलों में मरीज को नियमित दवाइयों के बावजूद दौरे पड़ते रहते हैं। ऐसे में योग एक प्रभावी और प्राकृतिक विकल्प है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक, योग न सिर्फ दिमाग को शांत करता है, बल्कि मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को संतुलित रखने में भी मदद करता है। अनुलोम-विलोम प्राणायाम मिर्गी के मरीजों के लिए बेहद खास है, क्योंकि यह मस्तिष्क की नसों पर सकारात्मक असर डालता है और मानसिक तनाव को घटाता है, जो मिर्गी के ट्रिगर को कम करने में मददगार हो सकता है। इसे रोजाना 10 से 15 मिनट तक करने से दिमाग में स्थिरता आती है और दौरे की संभावनाएं कम हो सकती हैं।

- **अनुलोम-विलोम प्राणायाम मिर्गी के मरीजों के लिए बेहद खास**
- **योगासन नर्वस सिस्टम को देता है मजबूती**

कपालभाति प्राणायाम का उपयोग मिर्गी में इसलिए उपयोगी माना गया है क्योंकि यह मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करता है और ताजी ऑक्सीजन उन तक पहुंचाता है। साथ ही, यह योगासन नर्वस सिस्टम को मजबूती देता है, जिससे मानसिक अस्थिरता दूर होती है।

यह एक प्रकार की तीव्र श्वास क्रिया है। इसमें सांस को तेजी से बाहर फेंका जाता है और पेट को अंदर की ओर खींचा जाता है। यह क्रिया शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करती है। मिर्गी के मरीजों के लिए ताड़ासन बेहद फायदेमंद है। यह आसन शरीर के संतुलन को सुधारता है और मानसिक रूप से एकाग्रता बढ़ाता है। सांस लेने और छोड़ने की प्रक्रिया से दिमाग को शांति मिलती है, जिससे दौरे पड़ने की संभावना कम हो सकती है।



इस आसन में जब हम शरीर को पूरी तरह सीधा करके हाथों को ऊपर खींचते हैं, तब रीढ़ की हड्डी में खिंचाव आता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। मिर्गी में हलासन खासतौर पर सहायक होता है, क्योंकि इस आसन को करते वक्त सिर की ओर रक्त का बहाव बढ़ता है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं ज्यादा सक्रिय होती हैं और संतुलित रूप से काम करती हैं।

# किफायती दरों में होगा निमोनिया व एएमआर का इलाज

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने निमोनिया और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के उपचार हेतु हैदराबाद स्थित एक स्टार्टअप को सपोर्ट किया है। मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। निमोनिया के लिए स्वदेशी एंटीबायोटिक नेबुलाइजेशन सस्पेंशन (एओएनईयूएम-04), (एंटीबायोटिक को शरीर में प्रभावी तरीके से पहुंचाता है) एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है और एएमआर को भी टारगेट करता है। 'एओडीएच लाइफसाइंसेज' इसे टीडीबी के सहयोग से बनाएगा। यह तकनीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है। जो भारत को हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर के तौर पर स्थापित करने में सक्षम होगा। मंत्रालय ने कहा कि ओरल या इंट्राबेनस थेरेपी से अलग, एओएनईयूएम-04 नेबुलाइजेशन के माध्यम से एंटीबायोटिक दवाओं को सीधे संक्रमित हिस्से तक पहुंचाएगा, जिससे साइड इफेक्ट का खतरा भी कम होगा। इसके अलावा, इसका अनूठा फॉर्मूलेशन, सस्टेंड रिलीज (दवा वितरण प्रणाली जो दवा को धीरे-धीरे, एक निर्धारित दर पर शरीर में रिलीज करती है), मजबूत म्यूकोएडहेशन (दवा सामग्री म्यूकोसा से चिपक जाती है, जिससे दवा का शरीर में प्रवेश और असर का समय बढ़ जाता है) और बायोफिल्म विघटन क्षमताओं को जोड़ता है, जिससे अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने की उम्मीद बढ़ती है और एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की आशंका घटती है।



**हैदराबाद के स्टार्टअप की मदद को सरकार ने बढ़ाया हाथ**

मंत्रालय ने कहा कि यह इसे भारत के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक बनाता है, जहां निमोनिया बाल मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है और एएमआर एक तेजी से उभरता हुआ हेल्थकेयर संकट है। उपचार अनुपालन और सामर्थ्य में सुधार लाने की सिद्ध क्षमता के साथ, यह तकनीक न केवल भारत के लिए, बल्कि वैश्विक बाजारों में भी उम्मीद जगाती है।

टीडीबी के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भारत और दुनिया भर में दो गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों, निमोनिया और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से निपटने में एक अहम पड़ाव की तरह देखी जा सकती है। एओएनईयूएम-04 को सपोर्ट कर टीडीबी किफायती और वैश्विक रूप से प्रासंगिक हेल्थकेयर सोल्यूशन प्रदान करने की भारत की क्षमता को सुदृढ़ कर रहा है।

इस नवाचार ने पूर्व-नैदानिक परीक्षणों (प्री-क्लीनिकल ट्रायल) को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और व्यावसायीकरण से पहले ये क्लीनिकल ट्रायल चरण III से गुजरेगा। एओडीएच लाइफसाइंसेज के प्रवर्तकों ने कहा कि टीडीबी के समर्थन से, हम एओएनईयूएम-04 को अंतिम क्लीनिकल ट्रायल के माध्यम से आगे बढ़ाने और वास्तव में रोगी-केंद्रित एंटीबायोटिक चिकित्सा को बाजार में लाने के लिए तैयार हैं। हमारा मिशन एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में योगदान करते हुए प्रभावी, सुरक्षित और किफायती उपचारों को आम जनता के लिए सुलभ बनाना है।

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 12 सितम्बर 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लाठीतंत्र में बदलता लोकतंत्र

विपक्ष की तरफ से लगातार मोदी सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने और विरोध की आवाज को दबाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इस समय देश के कम से कम पांच राज्यों की घटनाएं इन आरोपों को बल दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉरिसस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को वाराणसी के दौरे पर थे, लेकिन इससे पहले उत्तरप्रदेश में जगह-जगह कांग्रेस नेताओं को नजरबंद करने की खबरें आईं। उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को भी लखनऊ में नजरबंद कर लिया। जबकि श्री राय ने 11.30 बजे प्रदेश कार्यालय पर प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई थी। वह कान्फ्रेंस को संबोधित करने के लिए घर से निकलते इससे पहले ही पुलिस ने दस्तक दी। इसके बाद उन्हें घर से नहीं निकलने दिया गया। इसका वीडियो उन्होंने डाला है।

इधर नजरबंदी का ऐसा ही खेल जम्मू-कश्मीर में हुआ। जब आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए आप सांसद संजय सिंह पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस में ही नजरबंद किया गया। हद तो तब हो गई जब पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के मुखिया फारुख अब्दुल्ला संजय सिंह से मिलने पहुंचे तो उन्हें भी गेस्ट हाउस के दरवाजे पर ही पुलिस ने रोक दिया। संजय सिंह ने इस अघोषित तानाशाही के खिलाफ जुझारूपन दिखाते हुए बंद दरवाजे की रेलिंग पर चढ़कर फारुख अब्दुल्ला से बात की। इस मौके का वीडियो भी सोशल मीडिया पर है, जिसमें संजय सिंह पुलिस वालों से पूछ रहे हैं कि मैं सांसद हूं और वो पूर्व मुख्यमंत्री हैं, हमें मिलने क्यों नहीं दिया जा रहा। जाहिर है केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर की पुलिस के पास इसका कोई जवाब नहीं है। फारुख अब्दुल्ला ने भी कहा है कि इस राज्य में पहले ही कई मुसीबतें आई हुई हैं। पहले पहलगाम आतंकी हमला, फिर बाढ़ और अब इस तरह के अलोकतांत्रिक काम, इन सबसे राज्य के लोगों की तकलीफें बढ़ रही हैं।

गौरतलब है कि आप के विधायक मेहराज मलिक पर आतंकियों का महिमामंडन करने, अफवाहें फैलाने और डोडा के डीसी को अपशब्द कहने, सरकारी अस्पताल के काम में बाधा डालने और महिलाओं के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल जैसे कई आरोप लगाकर 8 सितंबर को जनसुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार कर कठुआ जेल भेजा गया है। जिसका जनता व्यापक पैमाने पर विरोध कर रही है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को ही लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बता कर गिरफ्तार करने का यह विचित्र उदाहरण है। प्रशासन ने डोडा, भद्रवाह, गंडोह और ठाठरी समेत संवेदनशील इलाकों में भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। पुलिस लाउडस्पीकर से ऐलान कर रही है कि लोग घरों में ही रहें। यानी अघोषित कर्फ्यू के हालात हैं, और इसमें विपक्ष को सवाल करने भी नहीं दिया जा रहा।

इधर लद्दाख में भी पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने बुधवार 10 सितंबर से एक और अनशन शुरू किया है, क्योंकि उनकी मांगों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले दो महीने से कोई बैठक नहीं बुलाई है। वांगचुक ने कहा, 'लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत राज्य का दर्जा और संरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए वह अपना प्रदर्शन तेज करने को मजबूर हो रहे हैं। पिछले काउंसिल चुनाव में भाजपा ने लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा देने का वादा किया था। लेकिन ये अब तक पूरा नहीं हुआ है।

वादाखिलाफी पर ऐसा ही गुस्सा असम में भी नजर आ रहा है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने से जुड़े वादों को पूरा न करने को लेकर असम के दो प्रमुख जातीय समुदायों - मोरान और कोच राजबोंगशी ने तिनसुकिया और धुबरी जिलों में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने तालाप, काकोपाथर, मार्गेरिटा और तिनसुकिया शहर की सड़कों पर मार्च निकाला और अनुसूचित जनजाति का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत स्वायत्तता की मांग की। उनका आरोप है कि ये वादे सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में किए थे, लेकिन कभी पूरे नहीं हुए हैं। प्रदर्शनकारी कह रहे हैं कि अगर 2026 के चुनावों से पहले हमारी मांगों को फिर से नजरअंदाज किया गया तो हम और भी आक्रामक और निरंतर आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। 15 सितंबर से राज्यव्यापी आर्थिक नाकेबंदी शुरू करने की चेतावनी भी दी गई है। वहीं ऑल कोच राजबंशी स्टूडेंट्स यूनियन ने धुबरी जिले के अंतर्गत गोलकगंज क्षेत्र में एक बड़े विरोध मार्च का आयोजन किया, जिसमें सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया तो महिलाओं और छात्र नेताओं सहित 50 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल हो गए और हालात तनावपूर्ण बने हैं।

वहीं पटना में भी लगातार सरकार के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है। सरकार नए वादे तो कर रही है, लेकिन पुराने फैसलों पर अमल नहीं हो रहा। हाल ही में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। अपनी नौकरी बहाली और बकाया वेतन की मांग को लेकर संविदाकर्मी पिछले एक महीने से गर्दनीबाग धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को जब लगभग 9000 भू सर्वेक्षण कर्मियों ने अपनी नौकरी और बकाया वेतन की मांग को लेकर भाजपा कार्यालय का घेराव करने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन पर लाठियां चलाईं।

अलग-अलग राज्यों की ये तमाम घटनाएं बता रही हैं कि देश में लोकतंत्र की जगह लाठीतंत्र हावी करने की कोशिश हो रही है। हालांकि मनमानी और दमन की इस लाठी को जितना तेल पिलाया जा रहा है, उतना अधिक जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। मीडिया इस आक्रोश को भले न दिखाए, सरकार को इसकी अनदेखी भारी पड़ेगी।

# केंद्र की सत्ता पर संघ का वर्चस्व !

■ जयशंकर गुप्त

देश के नये और पंद्रहवें (अगर पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के दो लगातार कार्यकाल और हमिद अंसारी के भी दो लगातार कार्यकाल को अलग-करके देखें तो सत्रहवें) उपराष्ट्रपति के रूप में महाराष्ट्र के निवर्तमान और झारखंड के पूर्व राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन के चुनाव को इसी महीने अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरा कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। 9 सितंबर को संघ के स्वयंसेवक-प्रचारक रहे राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति चुन लिए जाने के बाद केंद्रीय सत्ता पर वर्चस्व कायम करने की संघ की मुराद पूरी सी हो गई लगती है। राष्ट्रपति के रूप में संघ की राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ी रही द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला भी आरएसएस से जुड़े रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उनके मंत्रिमंडल के तकरीबन सभी बड़े एवं महत्वपूर्ण मंत्रालयों का जिम्मा मूल रूप से आरएसएस-भाजपा से जुड़े नेताओं के पास ही है। ।

राधाकृष्णन ने विपक्षी गठबंधन, 'इंडिया' के उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को सीधे मुकाबले में 152 मतों से पराजित कर दिया। श्री राधाकृष्णन को 452 एवं श्री रेड्डी को 300 मत मिले। 15 मत तकनीकी कारणों से या कहें, जानबूझकर मतदाता-सांसदों के द्वारा की गई 'गलती' से रद्द हो गए। सरकार और मुख्य विपक्ष से समान दूरी रखने का दावा करने वाले दलों-बीजेडी, अकाली दल और बीआरएस तथा एक दो निर्दलीय सांसदों ने भी अपने ही कारणों से मतदान में शामिल नहीं होने का फैसला किया था। इसके अलावा मुख्य विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' तकरीबन एकजुट ही रहा।

यह चुनाव देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (74 वर्ष) के 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले ही दिन देर शाम को त्यागपत्र के कारण हुआ। ऐसा आजाद भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में शायद पहली बार ही हुआ था जब किसी वर्तमान उपराष्ट्रपति ने कार्यकाल बाकी रहते संसद के चालू सत्र में त्यागपत्र दिया। उनका कार्यकाल 10 अगस्त, 2027 तक था। जुलाई, 2025 की शुरुआत में एक कार्यक्रम में उन्होंने अगस्त, 2027 में रिटायर होने की बात भी कही थी। उन्होंने मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को जिस सक्रियता से राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया, किसी के लिए भी सहज विश्वास कर पाना मुश्किल हो रहा था कि उन्होंने खराब स्वास्थ्य की वजह से इस्तीफा दिया होगा।

श्री धनखड़ के इस्तीफे के तात्कालिक कारण कुछ भी रहे हों, सरकार और उनके बीच परोक्ष रूप से अनबन तो महीनों से चल रही थी। हालांकि, राज्यपाल और उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति के रूप में भी उनकी भूमिका 'लायल दैन किंग' वाली ही नजर आती थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी और उनकी सरकार के पक्ष में चाटुकारिता की हद तक जाकर वह कसीदे पढ़ने में कभी कोताही नहीं करते थे। उन्होंने भाजपा की मातृ-पितृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को खुश करने की गरज से उसके पक्ष में भी कसीदे पढ़ने शुरू कर दिए थे। जब संघ के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबोले ने आपातकाल के दौरान संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्दों को हटाने का अभियान चलाया तो उनके सुर में सुर मिलाते हुए श्री धनखड़ ने भी उनका पुरजोर समर्थन किया था।

राज्यसभा में सभापति के रूप में विपक्ष अक्सर उन पर तटस्थ रहने के बजाय पक्षपाती होने के आरोप लगाता था। सदन में विपक्षी सांसदों के निलंबन से लेकर हल्ला-हंगामे के बीच भी वह कुछ बहुत महत्वपूर्ण (विपक्ष की निगाह में खतरनाक) विधेयक बिना किसी चर्चा के ही पास कराने में सहायक नजर आते थे। यह भी कुछ कारण थे कि आजाद भारत में उपराष्ट्रपति पद के श्रृजन के बाद के 72 वर्षों के इतिहास में श्री धनखड़ पहले ऐसे राज्यसभा के सभापति रहे, जिनके खिलाफ 11 दिसंबर, 2024 को विपक्ष ने अविश्वास (महाभियोग) प्रस्ताव पेश किया था, जो बाद में तकनीकी कारणों से खारिज हो गया था।

लेकिन 'लायल दैन किंग' होने के बावजूद इधर उन्हें अपनी योग्यता, क्षमता, अधिकारों और रणनीतिक कौशल को लेकर गलतफहमी सी हो गई थी। वह भूल गए थे कि वह मूल रूप से आरएसएस और भाजपा के प्रोडक्ट नहीं हैं और उन्हें उनकी योग्यता-अनुभव से अधिक पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते उनकी 'सेवाओं' के बदले उपराष्ट्रपति बनाकर उन्हें उपकृत किया गया था। राज्यपाल के रूप में उनकी भूमिका अक्सर विवादों में ही रही। उन्होंने ममता बनर्जी और उनकी सरकार को परेशान करने, उस पर सीधे आक्षेप करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लोग उन पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने के आरोप लगाते थे।

हाल के दिनों में वह खुद को राष्ट्रपति के बाद प्रोटोकॉल में सबसे ऊपर (यहां तक कि प्रधानमंत्री से भी ऊपर नहीं तो बराबर) समझने और उसी के अनुरूप अपने लिए देश-विदेश में प्रोटोकॉल भी चाहने लगे थे। वह चाहते थे कि जिस तरह से सरकारी कार्यालयों में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर लगी होती है उसी तरह वहां उपराष्ट्रपति की तस्वीर भी होनी चाहिए। इसी तरह वह राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तरह उपराष्ट्रपति के लिए भी उसी तरह की कार और विमान भी चाहते थे। उपराष्ट्रपति होने के नाते वह विदेशी गणमान्य व्यक्तियों-अतिथियों से मिलना चाहते थे। यह सब नहीं हो पाने के कारण वह नाराज से थे। किसानों के मुद्दों को लेकर भी उनके विचार सरकार से मेल नहीं खा रहे थे। श्री धनखड़ के इस्तीफे के पीछे एक वजह राज्यसभा में उनकी ओर से जस्टिस यशवंत वर्मा के मामले में विपक्ष के महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी देना भी माना गया क्योंकि मोदी सरकार जस्टिस वर्मा के मामले को अपने ढंग से डील करना और यह दिखाना चाहती थी कि वह विपक्ष के साथ मिलकर जस्टिस वर्मा के विरुद्ध संयुक्त रूप से महाभियोग का प्रस्ताव ला रही है। लोकसभा में इस प्रस्ताव पर एनडीए और विपक्ष दोनों तरफ के सांसदों के हस्ताक्षर थे। वहीं, राज्यसभा में जस्टिस वर्मा पर जो प्रस्ताव लाया गया, उसमें सिर्फ विपक्ष के सांसदों के हस्ताक्षर थे। श्री धनखड़ ने राज्यसभा में घोषणा की कि महाभियोग के लिए 50 सिग्नेचर चाहिए होते हैं, और उनके पास विपक्ष का प्रस्ताव आ गया है।

> **भाजपा और आरएसएस के करीबी पत्रकारों की सुनें तो हाल के दिनों में श्री धनखड़ के भीतर कुछ अलग तरह की महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगी थीं। सत्ता के गलियारों में पैठ रखने का दावा करने वाले कुछ संघनिष्ठ पत्रकारों के द्वारा सोशल मीडिया-यू ट्यूब पर श्री धनखड़ के इस्तीफे अथवा उन्हें हटाए जाने का एक अलग ही कारण बताया गया कि कभी श्री मोदी के करीबी रहे एक पूंजीपति के सहयोग से वह प्रधानमंत्री श्री मोदी को सत्ताच्युत करने के षड्यंत्र में शामिल थे।**

भाजपा और आरएसएस के करीबी पत्रकारों की सुनें तो हाल के दिनों में श्री धनखड़ के भीतर कुछ अलग तरह की महत्वाकांक्षाएं जोर मारने लगी थीं। सत्ता के गलियारों में पैठ रखने का दावा करने वाले कुछ संघनिष्ठ पत्रकारों के द्वारा सोशल मीडिया-यू ट्यूब पर श्री धनखड़ के इस्तीफे अथवा उन्हें हटाए जाने का एक अलग ही कारण बताया गया कि कभी श्री मोदी के करीबी रहे एक पूंजीपति के सहयोग से वह प्रधानमंत्री श्री मोदी को सत्ताच्युत करने के षड्यंत्र में शामिल थे। इसी क्रम में उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी। वह केजरीवाल और उस पूंजीपति के जरिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को साध कर सरकार गिराने या फिर नेतृत्व परिवर्तन के खेल में लगे थे। लेकिन इन संघनिष्ठ पत्रकारों के अनुसार इस बात की भनक प्रधानमंत्री श्री मोदी और उनके करीबी लोगों को लगने के बाद उपराष्ट्रपति पद से श्री धनखड़ की विदाई तय हो गई थी। 21 जुलाई की शाम 7.30 बजे श्री धनखड़ की जयराम रमेश से टेलीफोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा मिलने के बाद आनन-फानन में श्री धनखड़ को त्यागपत्र देने या फिर अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने के लिए तैयार रहने का फरमान सुना दिया गया। यहां तक कि इस्तीफे का मजमून भी ऊपर से तैयार होकर ही उनके पास आया था जिस पर उन्हें दस्तखत करने थे। कहा जा रहा है कि श्री रमेश ने श्री धनखड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित जज शेखर यादव के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव की मंजूरी के लिए दबाव बनाया था जिस पर उन्होंने कहा था कि कल देखेंगे। यह बात मोदी सरकार को कतई मंजूर नहीं थी कि शेखर यादव पर भी महाभियोग प्रस्ताव आए। इसमें कितना सच है, यह तो आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा, या फिर तब, जब श्री धनखड़ इसके बारे में मुंह खोलेंगे। वैसे, 19 अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव में भाजपा (राजग) के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन का राजग के सांसदों से परिचय करवाने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर कि श्री राधाकृष्णन भले व्यक्ति हैं, खिलाड़ी भी रहे हैं लेकिन यह राजनीति में खेल नहीं करते, परोक्ष रूप से इसी दिशा में संकेत किया था। यह महज संयोग भी हो सकता है कि श्री धनखड़ के त्यागपत्र के बाद से एक पूंजीपति के घर सीबीआई और ईडी के छापे पड़ने लगे और एक के बाद एक कई बैंकों ने उन्हें फ्राड घोषित करना शुरू कर दिया।

बहरहाल, अब देखने की बात यह होगी कि संघनिष्ठ श्री राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति सह राज्यसभा के सभापति के रूप में सदन में और उसके बाहर भी 'लायल दैन किंग' वाली श्री धनखड़ की पक्षपाती भूमिका और कार्यशैली को ही अपनाएंगे या फिर सदन में संविधान, नियम-कानून और समभाव-समदृष्टि के हिसाब से काम करेंगे। इसके कुछ संकेत तो अगले शीतकालीन सत्र में ही देखने के मिल जाएंगे।

# नेपाल में पुरानी व्यवस्था के विरुद्ध जेनरेशन जेड की सम्पूर्ण क्रांति

■ नित्य चक्रवर्ती

नेपाल में 8 और 9 सितंबर को हुए दो दिवसीय विद्रोह, जिसके परिणामस्वरूप संसद भवन, सर्वोच्च न्यायालय और वर्तमान एवं पूर्व शक्तिशाली मंत्रियों के सरकारी एवं निजी आवासों पर हुए हमलों और आगजनी के बाद केपीएसओली सरकार को सत्ता से बेदखल होना पड़ा, भारत के इस हिमालयी पड़ोसी देश में जेनरेशन जेड द्वारा स्थापित राजनीतिक व्यवस्था और देश की कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका में उसके प्रतीकों के विरुद्ध सम्पूर्ण विद्रोह की अभिव्यक्ति थी।

नेपाल में युवाओं द्वारा किया गया विद्रोह अगस्त 2024 में बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम और 2022 में श्रीलंका में हुए छात्र विद्रोह से कई मायनों में भिन्न है। नेपाल में, इसने मात्र दो दिनों में एक व्यापक रूप ले लिया, जिसकी शुरुआत पहले ही दिन पुलिस द्वारा 19 प्रदर्शनकारियों की हत्या से हुई। अब तक मृतकों की संख्या 25 हो चुकी है। इसके अलावा, छात्रों का गुस्सा हिंसक हो गया और उन्होंने तीनों कम्युनिस्ट पार्टियों और नेपाली कांग्रेस समेत सभी स्थापित राजनीतिक दलों के कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि नेपाल में, काठमांडू और दो-तीन अन्य शहरों में, स्कूली छात्रों, खासकर लड़कियों, ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें से कई कुलीन परिवारों से ताल्लुक रखती थीं।

इस तरह, नेपाल में यह विद्रोह इंस्टाग्राम और फेसबुक पीढ़ी का विद्रोह है, जिनकी मानसिकता कम्युनिस्टों समेत सत्ताधारी अभिजात वर्ग से बिल्कुल अलग है। नेपाल की दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के पास एक मज़बूत छात्र संगठन है, लेकिन हालिया विद्रोह में वे पूरी तरह से बेअसर हो गए क्योंकि जेनरेशन जेड ने 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आधिकारिक प्रतिबंध के खिलाफ एकजुट होकर विद्रोह कर दिया। दरअसल, यह प्रतिबंध ही विद्रोह का मुख्य कारण था क्योंकि नेपाल में जेनरेशन जेडअपने सोशल मीडिया जीवन में पूरी तरह से उलझी हुई है और परिवार या सरकार के बड़ों द्वारा किसी भी तरह का हस्तक्षेप बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

भ्रष्टाचार और बेरोज़गारी का मुद्दा बाद में तब सुर्खियों में आया जब आंदोलन में शामिल लोगों की हत्या ने इस विद्रोह को सरकार और समग्र राजनीतिक व्यवस्था के विरुद्ध एक आंदोलन में बदलकर एक बिल्कुल नया आयाम दे दिया। इसीलिए दूसरे दिन 9 सितंबर को कई वरिष्ठ नागरिक इसमें शामिल हुए और जेनरेशन जेडआंदोलन ने एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लिया। नेपाल की 2.96 करोड़ की आबादी में से 1.17 करोड़ 35 वर्ष से कम आयु के हैं और 15-24 आयु वर्ग के 57.6 लाख लोग हैं। यह समूह इंस्टाग्राम और फेसबुक के साथ पला-बढ़ा है और नेपाल में सितंबर के विद्रोह के मुख्य प्रेरक हैं।

यदि हम पिछले दस वर्षों में नेपाल की उथल-पुथल भरी राजनीति और अर्थव्यवस्था पर नज़र डालें, तो पाएंगे कि नेपाल ने अपने आर्थिक विकास के मामले में बहुत बुरा प्रदर्शन नहीं किया है। 2025 में इसकी विकास दर 6 प्रतिशत के स्तर पर रही है। हालांकि पाँच में से एक युवा बेरोज़गार है, लेकिन बेरोज़गारी का यह मुद्दा कभी बड़ा नहीं हुआ। नेपाली युवा हमेशा बाहर नौकरी की तलाश में रहते हैं। औसतन हर साल 4 लाख नेपाली बाहर नौकरी के लिए जाते हैं। इसी तरह, नेपाल को बाहर से भारी मात्रा में धन मिलता है और पर्यटन से होने वाली आय के साथ, यह देश के आर्थिक विकास में सहायक होता है।

विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, नेपाल के राजकोषीय संकेतक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह सिंगापुर के समान वाहनों पर सबसे अधिक शुल्क देने वाला देश बना हुआ है, और दक्षिण एशिया में इसका कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात सबसे अधिक है। सामाजिक संकेतकों में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है, जीवन प्रत्याशा 1990 के 54.77 वर्ष से बढ़कर 2024 में लगभग 72 वर्ष हो गई है। प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन लगभग 100 प्रतिशत है, और साक्षरता दर 2000 के 59 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 76 प्रतिशत हो गई है। नेपाल जीवन स्तर सर्वेक्षण 2022/23 के अनुसार, गरीबी 2011 के 25.16 प्रतिशत से घटकर 2023 में 20.27 प्रतिशत हो गई है। उल्लेखनीय रूप से, 81 प्रतिशत नेपाली अपने घरों में रहते हैं, और पांच में से चार नेपाली परिवारों में कम से कम कोई न कोई विदेश में काम करता है या रहता है। 1991 और 2021 के बीच जनसंख्या में 1 करोड़ की वृद्धि हुई है - तीन दशकों में 50 प्रतिशत की वृद्धि।

लेकिन नेपाल में स्थापित राजनीतिक दलों के पिछले दस वर्षों के शासन में देश के राजनीतिक प्रबंधन की तीखी आलोचना हुई है। इस अवधि में, सत्ता तीन/चार राजनीतिक नेताओं तक सीमित रही और उनके परिवार और दोस्त फलते-फूलते रहे, जिससे चौतरफा भ्रष्टाचार का आभास होता रहा। स्कूली छात्रों के बीच, नेपोकिड्स की चर्चा आम हो गई। स्कूली छात्रों द्वारा सितंबर में किया गया आंदोलन भी नेपोकिड्स, यानी शासक परिवारों के बच्चों के प्रति उनके आक्रोश की एक तरह से अभिव्यक्ति थी।

तीन जाने-माने राजनीतिक नेता - के पी शर्मा ओली, पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और शेर बहादुर देउबा - म्यूजिकल चेयर का खेल खेल रहे हैं। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन) (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के ओली कम्युनिस्ट पार्टियों को विभाजित और एकजुट करते हुए सत्ता में बने रहने में सफल रहे हैं। वे 72 वर्ष की आयु में तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के भीतर अपने दो प्रमुख विरोधियों को अलग-थलग करने और एक नई पार्टी बनाने के लिए प्रेरित करके उन्हें किनारे कर दिया। वह उन लोगों को निष्कासित करना जारी रखते हैं जो उनसे टकराते हैं।

> **नेपाल में उथल-पुथल अभी भी जारी है। नेपाली सेना प्रमुख और देश के राष्ट्रपति छात्र आंदोलनकारियों के साथ तनाव कम करने और बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के पास कोई तैयार कार्यक्रम नहीं है। वे केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलों के खिलाफ लड़ाई की बात कर रहे हैं। अगले कुछ दिन बताएंगे कि नेपाल में राजनीति का अगला रुख क्या होगा।**

दहल 'प्रचंड' एक हिंसक विद्रोह का नेतृत्व करते हुए प्रमुखता से उभरे। वह 2008 में पहली बार प्रधानमंत्री बने और संविधान सभा में सीपीएन (माओवादी केंद्र) के लिए सबसे ज़्यादा सीटें जीतीं। उसके बाद वह दो बार प्रधानमंत्री बने। 70 वर्षीय दहल विभिन्न गठबंधनों का हिस्सा रहे हैं और उन पर वंशवादी तरीके से अपने परिवार की भागीदारी को बढ़ाने का आरोप है। वह एक बड़े जोड़-तोड़ करने वाले व्यक्ति हैं और शीर्ष पर बने रहने में कामयाब रहते हैं।

तीनों में सबसे बुजुर्ग देउबा 79 वर्ष के हैं। वह पांच बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं। एक चतुर राजनेता होने के नाते, वह अपने परिवार के हितों की रक्षा करना जानते हैं। उन्होंने नेपाली कांग्रेस से अलग होकर अपना गुट बनाया और फिर 2016 से पार्टी का नेतृत्व करने के लिए फिर से एकजुट हो गए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी रामचंद्र पौडेल को राष्ट्रपति पद के लिए प्रेरित किया और विभिन्न पारिवारिक गुटों को आपस में लड़ाकर कोइराला परिवार को दूर रखा। उन्हें कोई राजनीतिक संकोच नहीं है। सर्वोच्च पद पाने के लिए वे किसी से भी गठबंधन कर सकते हैं।

नेपाल में उथल-पुथल अभी भी जारी है। नेपाली सेना प्रमुख और देश के राष्ट्रपति छात्र आंदोलनकारियों के साथ तनाव कम करने और बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के पास कोई तैयार कार्यक्रम नहीं है। वे केवल भ्रष्टाचार और राजनीतिक दलों के खिलाफ लड़ाई की बात कर रहे हैं। अगले कुछ दिन बताएंगे कि नेपाल में राजनीति का अगला रुख क्या होगा। बहुत कुछ सेना प्रमुख और राष्ट्रपति की बातचीत करने की क्षमता पर निर्भर करेगा। प्रमुख राजनेताओं ने छात्रों और जनता का विश्वास खो दिया है।

## आपके पत्र

### शिक्षक सम्मानःसच्चे समर्पण की पहचान और पारदर्शिता की आवश्यकता

शिक्षक सम्मान, जो हमेशा से समाज में एक उच्च स्थान प्राप्त है, आजकल कुछ बदलावों का सामना कर रहा है। शिक्षा के प्रति कुछ शिक्षकों का जूनून और उनका समर्पण वाकई शिक्षा की नींव को मजबूत करता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में एक नया ट्रेंड देखने को मिला है 'गैर सरकारी संगठन' द्वारा शिक्षकों को सम्मानित करने की प्रक्रिया। जहां एक ओर यह कदम सराहनीय है, वहीं दूसरी ओर इसमें पक्षपात और व्यक्तिगत पसंद-नापसंद का भी असर देखा जा रहा है। विद्यालयों या महाविद्यालयों के प्रिंसिपल द्वारा नाम लेने के दौरान अक्सर यह देखा गया है कि कुछ मेहनती शिक्षकों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे उनका मनोबल गिरता है।

आजकल 'गैर सरकारी संगठन' और अन्य संस्थाएं शिक्षक सम्मान समारोहों का आयोजन करती हैं, लेकिन इन आयोजनों में पारदर्शिता की कमी साफ़ तौर पर महसूस होती है। शिक्षक का चयन कई बार पक्षपात या व्यक्तिगत निर्णयों के आधार पर किया जाता है। यह उन शिक्षकों के लिए निराशाजनक होता है, जो वर्षों से अपनी मेहनत और समर्पण से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा दे रहे होते हैं, लेकिन उन्हें उचित सम्मान नहीं मिलता। ऐसे में उनका मनोबल प्रभावित हो सकता है, और यह उनके कार्यों की गुणवत्ता पर भी असर डाल सकता है।

शिक्षक-सम्मान देने वाली संस्थाओं और सरकार को इस प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाना चाहिए। जब पुरस्कार दिए जाते हैं, तो यह जरूरी है कि प्रत्येक स्तर पर पात्रता की जांच की जाए, और यह जांच सिर्फ स्कूल या महाविद्यालय के प्रिंसिपल तक सीमित न हो। इसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और आसपास के निवासियों का भी योगदान होना चाहिए, क्योंकि वे ही उस शिक्षक के वास्तविक प्रभाव को समझते हैं। यह परख पूरे वर्ष भर चलनी चाहिए, ताकि चयन प्रक्रिया में कोई भी भेदभाव न हो और सभी को समान अवसर मिले।

आज के समाज में पुरस्कार और सम्मान एक प्रतिष्ठा के प्रतीक माने जाते हैं। राज्य शिक्षक पुरस्कार हो या महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, इन पुरस्कारों का चयन एक निश्चित प्रक्रिया से होता है। शिक्षक को पुरस्कार प्राप्ति के लिए स्वयं आवेदन करना पड़ता है, जिसमें ऑनलाइन आवेदन, तस्वीरें, विडियो, विभागीय आख्या, पुलिस वेरिफिकेशन और इंटरव्यू जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसके बावजूद, बहुत से पुरस्कार इस रूप में प्रचारित होते हैं जैसे यह केवल कार्य के कारण मिले हैं, जबकि असल में इसे प्राप्त करने के लिए कुछ शिक्षक अपनी व्यक्तिगत पहुंच और प्रभाव का सहारा लेते हैं।

यहां पर एक महत्वपूर्ण सवाल यह उठता है कि क्या सच में हमें पुरस्कार के लिए आवेदन करना चाहिए? मेरी विचारधारा से यह मेल नहीं खाता कि मैं स्वयं पुरस्कार मांगूं। पुरस्कार प्राप्त करना एक सम्मान की बात है, लेकिन क्या उसे प्राप्त करने के लिए स्वयं आगे आना सही है? एक शिक्षक का असली उद्देश्य अपनी शिक्षा और छात्रों के विकास में योगदान करना होता है, न कि अपनी नौकरी या वेतन बढ़ाने के लिए पुरस्कार प्राप्त करना।

जब हम पुरस्कारों को केवल व्यक्तिगत फायदे के रूप में देखते हैं, तो यह सवाल उठता है कि इस पुरस्कार से स्कूल, बच्चों, समाज और समुदाय को क्या फायदा होता है? क्या इसका कोई वास्तविक प्रभाव समाज में दिखता है, या यह सिर्फ एक सम्मान और पहचान का प्रतीक बनकर रह जाता है? अक्सर हम यह नहीं देख पाते कि पुरस्कार मिलने से स्कूल के बुनियादी ढांचे, विद्यार्थियों की शिक्षा, या समग्र समाज के भले के लिए कुछ ठोस बदलाव आया हो।

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### मीडिया चौराहे पर

*'कुछ समय पहले जब रहील खुर्शीद को 'ट्विटर' का भारत प्रभारी नियुक्त किया गया तो उनको हटाने के लिए भी एक मुहिम चल पड़ी क्योंकि खुर्शीद पूर्व में श्री मोदी की आलोचना कर चुके हैं। 'फोर्ब्स इंडिया' के एक संपादक इंद्रजीत गुप्ता को भी किसी ऐसे ही आधार पर पद त्याग के लिए मजबूर होना पड़ा। आर. पी. गोयनका समूह द्वारा संचालित 'ओपन' पत्रिका से जुझारू पत्रकार हरतोष सिंह बल को इसलिए हटना पड़ा कि वे भी नरेन्द्र मोदी की नीतियों का विरोध कर रहे थे। उनके आलोचक भूल गए कि श्री बल ने कांग्रेस और राहुल गांधी की भी उसी निष्पक्षता के साथ आलोचना की थी। इस बीच दिल्ली के युवा पत्रकार शिवम विज का एक लेख इंटरनेट पर आया है जिसमें उनका आरोप है कि मुकेश अंबानी के टीवी-18 समूह ने अपने दो जाने माने पत्रकारों निखिल वागले व सागरिका घोष को चेतावनी दी है कि वे निजी तौर पर भी श्री मोदी की आलोचना करना बंद करें।'*

**( देशबन्धु में 13 फरवरी 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/02/blog-post_12.html

## पावन प्रसंग

### संतुलित मस्तिष्क के लिये आवश्यक है आवेगों पर नियन्त्रण

व्यवस्थित एवं समुन्नत शील जीवन का निर्माण संतुलित मस्तिष्क से ही संभव है। संतुलित मस्तिष्क आवेगों पर नियन्त्रण कर के प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति स्वभावत: अपराधी नहीं होता किन्तु आवेग उसे अपराध में झोंक देते हैं। आवेग एक मानसिक आंधी है, वह मानव के मस्तिष्क को असंतुलित ही नहीं कर देती कई वार तो उसे विचार शून्य तक बना देती है। आवेग की आंधी में मस्तिष्क का अस्तित्व ही विलुप्त सा हो जाता है अनेक दुष्कर्म व्यक्ति के द्वारा उसी अवस्था में होते हैं। मस्तिष्क व्यक्ति के जीवन और चरित्र को संतुलित करता है। वही जब असंतुलित हो जाता है तो उस समय मानव क्या कर बैठे कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

अपने आवेगों को नियन्त्रित करना सबसे बड़ी साधना है, सबसे बड़ा तप है। आवेगों का जन्म बाह्य परिस्थितियो से जुड़ कर होता है। अत: बहुत उचित होगा कि हम अपने बाह्य वातावरण को इतना सुलझा हुआ रखें कि आवेग पैदा होने जैसा कुछ हो ही नहीं किन्तु इतना सब कुछ कर लेने पर भी इतना तो होगा ही कि सारे व्यक्ति जो अपने से जुड़े है वे अपनी तरह ही सोचेंगे, यह अवश्यक नहीं। अत: परिस्थितियों में प्रतिकूलता तो बनी ही रहने वाली है। परिस्थिति की प्रतिकूलताओं को सहर्ष स्वीकार कर अपने आवेगों को दबाए रखना और मस्तिष्क के संतुलन को सुरक्षित रखना सच्चा और अच्छा जीवन जीने की कला है।

पड़ोसी देश ने कारगिल आदि प्रदेशों में भारत को महा युद्ध के लिये उकसाने में कोई कमी नहीं रखी किन्तु भारतीय सेना और संचालकों ने आवेगों से बचकर अपने संतुलन को बनाये रखा और देश को व्यापक युद्ध से बचा लिया जिसकी सारे विश्व में प्रशंसा हुई है। शक्ति शाली होकर भी संतुलित रहना एक महान कार्य है। भारत निश्चित ही अपनी महानता के अनुरुप सहन शीलता और विवेक पूर्वक आगे बढ़ा । धैर्य और संतुलन ने उसे सफलता के शिखर पर समारुढ़ कर दिया । आज विश्व में चारों तरफ आवेग पूर्ण वातावरण व्याप्त हो रहा है। व्यक्ति असंतुलित जी रहा है। किसका कब क्या हो जाए और कब कौन क्या कर बैठे कुछ कहा नहीं जा सकता ऐसे विषम वातावरण में धर्म ही है जो समता और संतुलन की दिशा प्रदान करता है।

पर चालित है आज का मानव

कहने को आज व्यक्ति स्वतन्त्र है, यदि बहुत गहरे अर्थों में देखा जाए तो मानव में स्वतन्त्रता का कहीं कोई अंश आपको नहीं मिलेगा। विचार और व्यवहार दोनों स्तर पर आज भी व्यक्ति बहुत कुछ परतन्त्र है।

जहां तक भाव जगत का प्रश्न है व्यक्ति वहां आवेगों के अधीन चलता है। राग-द्वेष ईर्ष्या, छल और लालच के आग्रह बहुत गहरे है, इनके आवेग मानव की भावनाओं को इतना अधिक प्रभावित कर देते है, कि उसकी इन से हट कर कोई स्वतन्त्र सोच ही नहीं रह पाती। नशे की तरह ये आवेग मानव की चेतना पर छाये रहते हैं। कभी-कभी जब इनका दुष्परिणाम मानव पर प्रकट होता है, और वह जब इनसे किसी संकट पूर्ण स्थिति में फस जाता है, तब उसे समझ में आता है, कि मैंनें जो सोचा वह कितना गलत था। किन्तु जब तक यह समझ पैदा होती तब तक तो वह अपना सब कुछ श्रेष्ठ गंवा बैठता हैं, फिर तो पश्चाताप ही शेष रह जाता है। सत्य और उपयोग का सोच तो गलत सोचने के समय ही आना चाहिये जिससे सोचने की गलत दिशा को समाप्त किया जा सके ।

विचार यदि तथ्य और परिणाम परक न बने तो समझना चाहिये कि हम किसी आवेग में सोच रहे है आवेग में सोचना वैचारिक परतन्त्रता है। परचालित प्रक्रिया है। आवेग और आग्रह स्वतन्त्र चिन्तन के शत्रु है वे विचारों को अपना बन्धक बना लेते हैं।

व्यक्ति भौतिक स्तर परभी जितने व्यवहार या कार्य करता है, वे भी स्वचालित नहीं है। व्यक्ति अपने प्रत्येक व्यवहार को किसी अन्य के साथ तोलता है। उसने ऐसा किया तो मैं भी वैसा ही करूंगा। इस भाव से आप जो कुछ करते हैं, उसके प्रत्यक्ष में कारक आप स्वयं होते हैं, किन्तु परोक्षत उसका कारक तो कोई और होता है। भाई पड़ोसी सहपाठी कोई भी हो सकता है। उसे आदर्श मानकर अपने कार्य किये जाते हैं, यह परतन्त्रता नहीं तो और क्या है ? आज दहेज, साज सज्जा प्रदर्शन जो भी बढ़े हैं, उनकी कारक यह परचालित प्रक्रिया ही है। एक दूसरे को देखकर व्यक्ति अपने में एक प्रतिद्वन्द्विता का भाव पैदा करता है। यही तो उसका पर चालित होना है। आपको कोई पड़ोसी या अन्य चलाए क्या यह अच्छी बात है ?

**-कांतिलाल मांडोत**

# देश विदेश

## 310 से अधिक दक्षिण कोरियाई नागरिकों को अमेरिका ने किया रिहा

**वाशिंगटन,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। पिछले सप्ताह अमेरिका की आव्रजन कार्रवाई में हिरासत में लिए गए सैकड़ों दक्षिण कोरियाई श्रमिकों को गुरुवार तड़के रिहा कर दिया गया। इसके साथ ही सोल का अपने नागरिकों की सामूहिक हिरासत को समाप्त करने के लिए सप्ताह भर से चलाए जा रहे कूटनीतिक प्रयास का समापन हो गया। सवाना के पास ब्रायन काउंटी में हुंडई मोटर ग्रुप और एलजी एनर्जी सॉल्यूशन के संयुक्त उद्यम द्वारा संचालित एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी प्लांट निर्माण स्थल पर छापेमारी में गिरफ्तारी के एक हफ्ते बाद, कुल 316 कोरियाई नागरिक जॉर्जिया के फोल्कस्टन स्थित एक हिरासत केंद्र से बाहर आ गए।

### वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड डील को लेकर दिए सकारात्मक संकेत, कहा

# पहला चरण नवम्बर तक हो सकता है फाइनल

**दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं : पीयूष गोयल**




**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। गोयल ने आगे कहा कि इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और प्रगति हो रही है। साथ ही कहा कि इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि वह दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत से खुश हैं और उन्हें विश्वास है कि दोनों देश एक सफल निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। ट्रंप ने आगे कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका, दोनों देशों के बीच व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह आने वाले हफ्तों में अपने 'बहुत अच्छे दोस्त' प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हैं।

एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका को अपना घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेड डील भारत-अमेरिका साझेदारी की असीम संभावनाओं को उजागर करने में मदद करेगी और आश्वासन दिया कि दोनों टीमें चर्चाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए काम कर रही हैं।

## ट्रम्प की व्यापार नीति से नुकसान को लेकर अमेरिकी बैंकों की चिंता बढ़ी



**न्यूयॉर्क।** गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिंग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है। इन लोगों की चिंता है कि श्री ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है। गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने बुधवार को कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आंकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है। मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नज़र रखनी होगी। अगस्त में अमेरिकी थोक मुद्रास्फीति में अनुमानों के विपरीत आई गिरावट के बावजूद श्री सोलोमन ने कहा कि उन्हें लगातार कीमतों में बढ़ोतरी के संकेत दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार नीति पर अभी भी बातचीत चल रही है और उसे लागू किया जा रहा है। यह सब कहां तक पहुंचेगा, इस बारे में अनिश्चितता है और मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि इसका आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव पड़ रहा है। इससे पहले जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेमी डिमन ने कहा था कि अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, और रोजगार आंकड़ों में जिस तरह का संशोधन हुआ है उससे उनके बैंक के पहले के अनुमान की पुष्टि हुई है।

## भारत ने नागरिकों को रूसी सेना में शामिल न होने की दी सलाह



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के संबंध में हालिया खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार ने पिछले एक साल में कई बार इस तरह की भर्तियों से जुड़े जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है और भारतीय नागरिकों को इसके प्रति सावधान रहने की सलाह दी है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें हाल ही में भारतीय नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने की खबरें मिली हैं। हमने दिल्ली और मॉस्को में रूसी अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाया है, जिसमें इस प्रथा को समाप्त करने और हमारे नागरिकों को रिहा करने की मांग की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्रालय प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में है। प्रवक्ता ने भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने की जोरदार अपील की और इसे खतरों से भरा कदम करार दिया। यह बयान हाल की उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया कि कुछ भारतीय नागरिकों को धोखे से रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजा गया। एक प्रमुख अखबार में दावा किया गया कि पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में मौजूद दो भारतीय पुरुषों को निर्माण कार्य के बहाने रूस लाया गया, लेकिन उन्हें युद्ध के मोर्चे पर तैनात कर दिया गया।

## सुडोकू 7032

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 12 सितम्बर, 2025 क्वांर कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ मनदु:ख के प्रसंग भी बन सकते है।

वृषभ - आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन - पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर आवश्यक चर्चाओं में व्यस्त रहने वाले हैं। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। पर्यटन पर जाने का योग बनेगा।

कर्क - आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह - परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या - आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला - आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। दोपहर के बाद आप वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। धन-सम्बंधित आयोजन के लिए समय शुभ है।

धनु - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

मकर - आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

कुंभ - आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी।

मीन - आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आप चिंता में रह सकती है। किसी से मनमुटाव और तनाव हो सकता है। आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। आर्थिक विषय में संभलकर चलें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दुबई में शुरू हुआ आईआईएम अहमदाबाद कैंपस

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने दुबई में एक बड़ी पहल की है। दुबई में गुरुवार को इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद के विदेशी कैंपस का उद्घाटन किया गया। आईआईएम अहमदाबाद के इस अंतरराष्ट्रीय कैंपस का उद्घाटन दुबई के क्राउन प्रिंस, महामहिम शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम द्वारा किया गया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे। यह आईआईएम अहमदाबाद का पहला विदेशी कैंपस है।




■ शिक्षा वैश्वीकरण की दिशा में बड़ा कदम

गौरतलब है कि अबू धाबी में इससे पहले आईआईटी दिल्ली का विदेशी कैंपस शुरू किया जा चुका है। आईआईटी के उपरांत अब भारत दुबई में मैनेजमेंट संबंधी शिक्षा में अपना योगदान देगा।


मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दुबई में आईआईएम अहमदाबाद के अंतरराष्ट्रीय कैंपस के उद्घाटन पर कहा कि यह भारतीय शिक्षा जगत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा के वैश्वीकरण की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। दुबई का यह अंतरराष्ट्रीय कैंपस भारतीय स्पिरिट व वैश्विक दृष्टिकोण की भावना को मजबूती से स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि यह भारतीय कैंपस भारत के श्रेष्ठ शैक्षिक मूल्यों को पूरी दुनिया तक ले जाएगा।

## संयुक्त राष्ट्र ने ईरान व आईएईए के बीच समझौते का किया स्वागत

**काहिरा,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र, ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बीच ईरान में निरीक्षण फिर से शुरू करने के व्यावहारिक तौर-तरीकों पर हुए समझौते का स्वागत करता है।

दुजारिक ने एक डेली ब्रीफिंग में कहा कि हम इस्लामी गणराज्य ईरान और आईएईए के बीच ईरान में निरीक्षण फिर से शुरू करने के व्यावहारिक तौर-तरीकों पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं, जो ईरान के व्यापक सुरक्षा समझौते के तहत पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करने की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने आगे कहा कि हम इस समझौते के शीघ्र कार्यान्वयन की आशा करते हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने आगे कहा कि ईरान का आईएईए के साथ पूर्ण सहयोग एक दीर्घकालिक ढांचे को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, जो यह सुनिश्चित कर सके कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण बना रहे।ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मिस्र की



■ ईरान व आईएईए ने सहयोग फिर शुरू करने के समझौते पर किए हस्ताक्षर

राजधानी काहिरा में मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि ईरान और आईएईए ने मंगलवार को सहयोग फिर शुरू करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।


आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि यह सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में अराघची के साथ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करते हुए उनकी तस्वीरें भी थीं। अराघची ने कहा कि ईरान और आईएईए ईरानी संप्रभुता का सम्मान करते हुए और ईरानी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपने सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

## पोलैंड ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के बाद रूसी ड्रोन मार गिराए

**वारसॉ,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन को निशाना बनाकर रूस द्वारा रात भर किए गए हमलों के दौरान पोलैंड के हवाई क्षेत्र में पोलिश और अन्य नाटो विमानों ने कम से कम तीन रूसी ड्रोन मार गिराए।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि पोलैंड ने 19 ड्रोन घुसपैठ दर्ज की हैं, जिनमें से कुछ इतने नीचे थे कि वारसॉ के मुख्य हवाई अड्डे चोपिन सहित चार हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति हमें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से खुले संघर्ष के सबसे करीब ले आई है।

2022 में मास्को द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह पहली बार है जब नाटो क्षेत्र में रूसी ड्रोन मार गिराए गए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पोलैंड के प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोई योजना नहीं थी।



**ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए : बेलारूस**

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर पोलैंड में घुसे रूसी ड्रोनों की अधिकतम सीमा 700 किमी से अधिक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि वह पोलिश रक्षा मंत्रालय के साथ परामर्श करने के लिए तैयार है। पोलैंड में रूस के अस्थायी प्रभारी ने कहा कि वारसॉ ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि ड्रोन रूसी मूल के थे। वहीं रूस के एक करीबी सहयोगी, बेलारूस ने दावा किया कि ड्रोन उनके नेविगेशन सिस्टम जाम होने के बाद गलती से पोलिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने चेतावनी दी कि यह यूरोप के लिए एक बेहद खतरनाक मिसाल है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**हाइड्रोजन बम आएगा...**

मलेशिया की यात्रा कर चुके हैं। सीआरपीएफ ने राहुल गांधी को भी अलग से पत्र भेजा है। इसमें लिखा गया है कि इस तरह की चूक से उनकी जेड प्लस कैटेगरी सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है और उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। एजेंसी ने कहा कि इससे पहले भी वह इस मुद्दे को उठा चुकी है।

**डोडा में तनाव, इंटरनेट...**

गिरफ्तार कर लिया था। स्वास्थ्य केंद्र शिफ्ट करने के लिए एक ब्लाक चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई शिकायत के बाद पुलिस ने मलिक पर चोरी का मामला दर्ज किया था। इससे भड़के विधायक ने एक वीडियो भाषण का लाइव प्रसारण किया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर डीएम के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। मलिक की गिरफ्तारी के बाद डोडा जिले में उनके हजारों समर्थकों, जम्मू विश्वविद्यालय में आप समर्थकों और छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश में उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन हो रहे हैं पर प्रशासन और उप राज्यपाल के कान तक जूं भी नहीं रेंगी है।

## वर्ग पहेली 7032

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. धीरे धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५., राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलने की वस्तु
१३. बिलकुल, नितां
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान मुख वाली
३. किसी के खाते में खर्च की रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०.स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उप पति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार खांचे में ढाला गया मिट्टी, मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन-संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन करना, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

### वर्ग पहेली-7031

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | त्र | २ स | व | ■ | ■ | ३ अ | ट | ४ प | टा |
| त्सु | ■ | म | ■ | ५ स्था | प | त्य | ■ | गा | ■ |
| ६ क | न्नी | का | ट | ना | ■ | ७ धि | क्का | र | ८ ना |
| ता | ■ | ली | ■ | ९ भा | वु | क | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ उ | द | क |
| ■ | ल | ■ | ज | ■ | १३ बु | रा | दा | ■ | का |
| १४ अ | धि | १५ कृ | त | ■ | लं | ■ | १६ स | १७ मी | र |
| प्र | ■ | त | ■ | १८ अं | द | १९ र | ■ | ना | ■ |
| स | र्व | ज्ञ | ■ | २० ज | ■ | २१ ति | जा | र | २२ त |
| न्न | ■ | २३ ता | त्का | लि | क | ■ | ■ | ■ | म्र |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1398 -तैमूर घोड़ों की 92 टुकड़ियों के साथ सिंधु नदी के किनारे पहुंचा और अटक में नदी को पार किया।
1786 -लार्ड कॉर्नवालिस ने गवर्नर जनरल और कमांडर इन चीफ का पदभार संभाला।
1873 -पहले टाइपराइटर की बिक्री शुरू।
1897-12-14 हजार पठानों ने दोबारा सारागढ़ी पर हमला किया।
1919ट्ठ तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने पहली बार जर्मन वर्कर्स पार्टी की बैठक में हिस्सा लिया था। 1928: फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत।
1944 -अमेरिकी सेना ने पहली बार जर्मनी में प्रवेश किया।
1959 -तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना 2' चांद पर पहुंचा।
1966 -भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डारडेनेल्स जलडमरूमध्य को तैरकर पार किया।
1968 -अल्बानिया ने वारसा संधि से अलग होने का ऐलान किया।
1990 -पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के एकीकरण के लिए अमेरिका, इंग्लैण्ड, फ्रांस, सोवियत संघ, पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1991-अंतरिक्ष शटल एसटीएस 48 (डिस्कवरी 14) का प्रक्षेपण हुआ।
1997-संयुक्त राष्ट्र के कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट में 48 वर्ष बाद कश्मीर का जिक्र पहली बार नहीं किया गया।
1997 -43.5 करोड़ मील लम्बी यात्रा के उपरांत 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' यान मंगल की कक्षा में पहुंचा।
1998-कुआलालंपुर में 16वें राष्ट्रमंडल खेल शुरू।
2000-न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन प्रारंभ।

**मामला** राज्यसभा सांसद सहित कई 'आप' नेता हिरासत में

## 'आप' ने प्रशासन पर लगाया तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप

**जम्मू,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने जम्मू कश्मीर में अपने नेता और एकमात्र विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में आयोजित होने वाले विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस से पहले कहा है कि उन्हें शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और प्रेस कांफ्रेंस करने से रोका गया है। खबरों के मुताबिक, संजय सिंह, इमरान हुसैन और अन्य पदाधिकारियों के साथ श्रीनगर के चर्च लेन स्थित सरकारी गेस्टहाउस में हिरासत में लिए गए हैं। चर्च लेन एक सुरक्षित आवासीय क्षेत्र है, जहां सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहती है। संजय सिंह ने कहा कि वे लोकतांत्रिक अधिकारों के तहत मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाने श्रीनगर आए थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी।

हालांकि, जम्मू कश्मीर पुलिस या श्रीनगर जिला प्रशासन ने आप को प्रेस कांफ्रेंस या विरोध प्रदर्शन से रोकने की घटना के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया। एक अन्य पोस्ट में आप नेता ने कहा कि बहुत दुख की बात है जम्मू कश्मीर के कई बार मुख्यमंत्री रहे डाक्टर फारूख अब्दुल्ला पुलिस द्वारा मुझे हाउस अरेस्ट किए जाने की खबर पाकर मुझसे मिलने सरकारी गेस्ट में आये उन्हें मिलने नहीं दिया गया। ये तानाशाही नहीं तो और क्या है?

सिंह ने कहा कि क्या विरोध प्रदर्शन करना, प्रेस कांफ्रेंस करना या अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाना कोई अपराध है? एक सांसद को यह नहीं बताया जा रहा है कि उन्हें प्रेस कांफ्रेंस करने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। इससे पहले संजय सिंह ने बुधवार को जम्मू शहर में भी एक प्रेस कांफ्रेंस और विरोध प्रदर्शन किया था।



**हमें नहीं पता कि हमें गिरफ्तार किया गया है या हिरासत में लिया गया है, पुलिस या प्रशासन द्वारा हमें कोई सूचना नहीं दी जा रही है : नवाब नासिर अमन**

जबकि जम्मू कश्मीर में आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता मुद्दसिर हसन ने कहा कि पार्टी को शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने की भी अनुमति नहीं दी गई। हसन ने कहा कि यह हमारे देश की स्थिति है। मौजूदा सांसद संजय सिंह को गेट से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई और दिल्ली के पूर्व मंत्री और जम्मू कश्मीर प्रभारी इमरान हुसैन लगातार अनुरोध करते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुना। हम सर्किट हाउस में नजरबंद हैं।

कश्मीर में आप नेता नवाब नासिर अमन ने कहा कि हमें नहीं पता कि हमें गिरफ्तार किया गया है या हिरासत में लिया गया है, पुलिस या प्रशासन द्वारा हमें कोई सूचना नहीं दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पुलिसकर्मियों ने प्रेस कांफ्रेंस और विरोध कार्यक्रम से पहले गुरुवार सुबह से ही उन्हें श्रीनगर के सर्किट हाउस में बंद कर दिया था।

## दुनिया को जानें

### पृथ्वी का चक्कर लगाने के लिए निकला भारतीय सैन्य महिला अफसरों का दल


**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की महिला अधिकारी गुरुवार को समुद्र के रास्ते पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के लिए निकल पड़ी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएएसवी त्रिवेणी के इस फ्लैग ऑफ समारोह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस साहसिक अभियान के तहत दस महिला अधिकारियों की एक टीम नौका यात्रा पर निकली है।

सेना के मुताबिक यह पहली बार है, जब तीनों सशस्त्र बलों की महिला अधिकारी पूरी दुनिया का चक्कर लगाने के मिशन पर हैं। यह दल स्वदेशी पोत आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार होकर 26,000 से अधिक समुद्री मील की दूरी तय करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब तीनों ही सेनाओं आर्मी, नेवी और एयरफोर्स की महिला अधिकारी एक साथ एक ही ध्वज के नीचे पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के अभियान पर निकल रही हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी बेटियां इस साधना को पूरा करेंगी और दुनिया को यह दिखाएंगी कि भारतीय नारी का पराक्रम किसी भी सीमा से परे है। यह सिर्फ एक शिप की यात्रा नहीं है।

# खेल जगत

## भारतीय टीम एशिया कप जीतकर लौटेगी : कपिल देव

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि भारतीय टीम बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। यूएई के खिलाफ जीत शानदार रही। उम्मीद है कि एशिया कप का खिताब टीम इंडिया जीत कर लौटेगी। मीडिया से बात करते हुए कपिल देव ने कहा कि भारतीय टीम अच्छा खेली और शानदार तरीके से मैच जीती। मैं उम्मीद करता हूं कि टीम एशिया कप में चैंपियन बनकर लौटेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मुकाबले से जुड़े सवाल पर पूर्व कप्तान ने कहा कि खिलाड़ियों का काम सिर्फ खेलना है। उन्हें कुछ भी बोलने की जरूरत नहीं है। वे खेलने गए हैं। जीतकर आएं, जो बोलना है या करना है, सरकार अपने स्तर पर कर रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को एशिया कप 2025 का लीग मुकाबला खेला जाएगा।



# भारत पाक का मुकाबला 14 को

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। करीब एक बरस के बाद अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए बाएं हाथ के कलाई के लेग स्पिनर कुलदीप यादव (4/7) और ऑलराउंडर शिवम दुबे (3/4) के गेंद से कमाल से मौजूदा चैंपियन भारत ने सबसे कमजोर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 20 पुरुष क्रिकेट एशिया कप ग्रुप ए में दुबई में बुधवार रात के एक बेमेल और एकतरफा मैच में नौ विकेट से हरा अपना अभियान शुरू किया। मैच कितना एकतरफा रहा इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है पूरा मैच मैच मात्र 17.4ओवर में खत्म हो गया।

■ पाक के खिलाफ मैच में दुबे की जगह अर्शदीप बढ़िया विकल्प




एशिया कप के सबसे बड़े मुकाबले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट, सिंगल टिकट फॉर्मेट लागू किए जाने के बाद भी, नहीं बिक पा रहे हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच यह हाई-वोल्टेज मैच 14 सितंबर को खेला जाना है। मुकाबले में अब सिर्फ तीन दिन शेष हैं, लेकिन ऊपरी और टॉप-टियर स्टैंड्स के टिकट अभी भी उपलब्ध हैं। हर कोई यह सवाल कर रहा है कि क्या भारत अब को इसी एकादश के साथ उतर सकता है। भारत को बीते बरस उसके लिए सबसे ज्यादा 17 विकेट चटका आईसीसी टी-20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बिना पाकिस्तान जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उतरना जोखिम भरा हो सकता है क्योंकि यूएई के खिलाफ चार रन दे तीन विकेट चटकाने वाले शिवम दुबे जैसे कामचलाऊ तेज गेंदबाज की पाकिस्तान के बल्लेबाज बखिया उधेड़ कर उसका सारा गणित बिगाड़ सकते हैं।

### अब निगाहें पाक के खिलाफ मैच पर : सूर्य

सूर्य कुमार ने कहा कि मेरा टॉस जीत कर यूएई को पहले बल्लेबाजी करने की दावत देने का मकसद यह जानना कि पिच किस तरह खेल रही है। जब बाद में हमारी टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो भी पिच तब भी पिच का मिजाज वही रहा। हमारे खिलाड़ियों ने बतौर टीम बढ़िया प्रदर्शन किया। मैं चाहता था कि हमारे खिलाड़ी मैदान पर पूरे जोश खरोश से खेले। पूरे जोश से ही बल्लेबाजी करें। हमारी मौजूदा टीम के कई खिलाड़ी यहां पिछले दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल चुके हैं। पिच बढ़िया दिखाई देती है लेकिन कुछ धीमी जरूर है। दुबई में बहुत गर्मी थी। तब लगा की इस पिच पर स्पिनर और ज्यादा हावी रह सकते हैं । हार्दिक और शिवम दुबे ने बतौर गेंदबाज अच्छा साथ निभाया। अभिषेक गजब के बल्लेबाज है और यही कारण है कि वह दुनिया के नंबर 1 टी 20 बल्लेबाज हैं। वह टीम को हमेशा पहले रखते हैं। स्कोर चाहे जो अभिषेक विलक्षण बल्लेबाज हैं। हमारी टीम में हर कोई बढ़िया प्रदर्शन करना चाहता है। अब हमारी निगाहें पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर हैं।

### अंतराष्ट्रीय दबाव की वजह से हो रहा भारत-पाकिस्तान मैच : ज्वाला सिंह



**थाणे।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को मैच खेला जाना है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम फील्ड पर आमने-सामने है। भारत में इस मैच को लेकर विरोध हो रहा है। यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह का कहना है कि एशिया कप में भारतीय टीम को और पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से खेलना पड़ रहा है। ज्वाला सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने हैं। दोनों देशों के बीच तनाव की वजह से मैच चर्चा में है। पहले बीसीसीआई इस मैच को लेकर असमंजस में थी। लेकिन, यह एशिया कप है और दूसरी टीमें भी टूर्नामेंट का हिस्सा हैं। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय दबाव की वजह से यह मैच हो रहा है। एक भारतीय होने के नाते मैं इस मैच का समर्थन नहीं करूंगा, लेकिन एक क्रिकेट प्रेमी होने के नाते अगर बीसीसीआई ने इस मैच को कराने का निर्णय लिया है, तो मैं इसका स्वागत करूंगा।

## एशिया कप में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'मैच शुड गो ऑन'

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच जारी रहना चाहिए। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 14 सितंबर को दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान एशिया कप टी-20 क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। जनहित याचिका (पीआईएल) में दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि मैच रविवार को होने वाला है, इसलिए शुक्रवार को ही इस मामले की सुनवाई कर ली जाए। याचिका में दावा किया गया कि पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलना राष्ट्रीय गरिमा और शहीदों के सम्मान के खिलाफ है। यह याचिका चार लॉ स्टूडेंट्स की ओर से दायर की गई, जिन्होंने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस एक्ट 2025 को लागू करने की भी मांग की। यह याचिका अधिवक्ता स्नेहा रानी, अभिषेक वर्मा और मोहम्मद अनस चौधरी के माध्यम से दायर की गई थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई वाली बेंच ने गुरुवार को इस अनुरोध को खारिज करते हुए कहा कि यह एक मैच है और इसे जारी रहने देना चाहिए। एशिया कप में भारत ने यूएई के खिलाफ रिकॉर्ड जीत के साथ आगाज किया है। अगला मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच होगा। यह मैच 14 सितंबर को रात 8 बजे से दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने एशिया कप 2025 के अपने पहले मुकाबले में यूएई को 9 विकेट से हराया। पहले गेंदबाजी करते हुए, भारतीय गेंदबाजों ने मुकाबले को एकतरफा बनाया और यूएई को 13.1 ओवर में सिर्फ 57 रन पर ढेर कर दिया। स्पिनरों और ऑलराउंडरों के लिए यह एक यादगार रात थी। कुलदीप यादव गेंदबाजी में स्टार रहे, उन्होंने सिर्फ 2.1 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

### भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होना चाहिए : कुरैशी



**मुरादाबाद,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान का मैच रविवार को होने वाला है। भारत में एक बड़ा वर्ग इस मैच के विरोध में है और नहीं चाहता है कि भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेले। अंडर 19 खिलाड़ी वारिस जमाल कुरैशी ने भी इस मैच को लेकर निराशा जताई है। वारिस जमाल कुरैशी ने कहा कि बीसीसीआई को भारतीय टीम को पाकिस्तान के साथ खेलने की अनुमति नहीं देनी चाहिए थी। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में जिस तरह हमारी टीम ने पाकिस्तान का बहिष्कार किया था, वैसा ही एशिया कप में भी होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। इस हमले में निर्दोष लोग मारे गए थे। इस वजह से पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार होना चाहिए था। यह मेरा निजी मत है। युवा क्रिकेटर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 14 तारीख को होने वाले मैच में हम पाकिस्तान को क्रिकेट के मैदान में वैसा ही जवाब देंगे, जैसा पहलगाम में हुए हमले के बाद दिया था। हर बड़े इवेंट में हमारा रिकॉर्ड पाकिस्तान के खिलाफ बेहतर रहा है। यहां भी हम जीतेंगे। कुरैशी ने कहा कि भारतीय टीम बहुत मजबूत है।

## पूजा रानी, जैस्मीन लाम्बोरिया सेमीफाइनल में, भारत के लिए दो पदक पक्के किए

**लिवरपूल,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। दो बार की एशियाई चैंपियन पूजा रानी और अस्ताना में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत के लिए दो और पदक पक्के कर दिए हैं।

पूजा ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3:2 से हराया, जबकि जैस्मीन ने अंडर-22 एशियाई चैंपियन में उज्बेकिस्तान की मामाजोनोवा खुमोरबोनू को 5:0 से हराकर महिलाओं के 57 किग्रा सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व मुक्केबाजी कप अस्ताना की स्वर्ण पदक विजेता नूपुर महिलाओं के 80+ किलोग्राम भारवर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने वाली पहली भारतीय बन गईं। मीनाक्षी (महिला 48 किलोग्राम भारवर्ग) और जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (पुरुष 50 किलोग्राम भारवर्ग) पदक पक्का करने से बस एक जीत दूर हैं।



■ पूजा ने महिलाओं के 80 किग्रा क्वार्टर फाइनल में पोलैंड की एमिलिया कोटर्सका को 3:2 से हराया

दोनों शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल खेलेंगे। महिलाओं के 80 किलोग्राम भारवर्ग के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में पूजा ने पौलेंड की एमिलिया कोटर्सका को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। महिलाओं के 57 किलोग्राम भारवर्ग के मुकाबले में जैस्मीन ने उज्बेकिस्तान की मुक्केबाज पर शुरुआत से ही दबदबा बनाया और तीनों राउंड में बढ़त के साथ जीत हासिल की। पूर्व विश्व चैम्पियन निखत ज़रीन और विश्व मुक्केबाजी कप रजत पदक विजेता अभिनाश जामवाल का सफर खत्म हो गया। महिलाओं के 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक रजत पदक विजेता तुर्की की काकिरोग्लू बुसे नाज ने निखत जरीन को हराया। पुरुषों के 65 किग्रा क्वार्टर फाइनल में जामवाल पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता जॉर्जिया के गुरुली लाशा से 1:4 से हार गए।

## डेविड मिलर के बाद केशव महाराज चोटिल

**कार्डिफ,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड दौरे पर गई दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के लिए इंजरी एक बड़ी समस्या के रूप में उभरी है। कार्डिफ में बुधवार को खेले गए पहले टी20 मैच से पहले दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज चोटिल हो गए। अभ्यास के दौरान उनके ग्रोइन में चोट लग गई। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मार्करम ने कहा, महाराज पहले टी-20 में खेलने वाले थे, लेकिन आखिरी समय में उनकी जगह कॉर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया गया। दक्षिण अफ्रीका को लुंगी एंगिडी के रूप में दूसरा झटका लगा। दाएं हाथ का यह स्टार तेज गेंदबाज दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण आधिकारिक तौर पर इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हो गया है। एंगिडी गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका लौट जाएंगे। लुंगी एंगिडी के विकल्प के रूप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को टीम में शमिल किया गया है। बर्गर दूसरे टी-20 से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज डेविड मिलर भी टी-20 सीरीज से बाहर हो गए थे। मिलर 'दं हड्रेड' के दौरान इंजर्ड हो गए थे। मिलर के रिप्लेसमेंट के रूप में किसी बल्लेबाज के नाम की घोषणा नहीं की गई है।

## धमाकेदार एक्शन वाले मुकाबलों के लिए जयपुर लौटा प्रो कबड्डी लीग सीजन-12



■ पीकेएल सीजन 12 का जयपुर चरण 27 सितंबर तक चलेगा

**जयपुर,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 गुलाबी नगरी जयपुर में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि मौजूदा सीजन का एक्शन विशाखा' नम से एसएमएस इंडोर स्टेडियम में शिफ्ट हो रहा है। शुक्रवार से जयपुर इस सीजन के दूसरे चरण की मेजबानी करेगा।

आखिरी बार पीकेएल का आयोजन जनवरी 2024 में जयपुर में हुआ था, और शहर के उत्साही कबड्डी प्रशंसक अपने प्रिय जयपुर पिंक पैंथर्स को एक बार फिर घरेलू मैदान पर खेलते देखने के लिए उत्सुक हैं। 2014 में पहला पीकेएल खिताब और सीजन 9 में अपनी दूसरी चैंपियनशिप जीतने वाली यह टीम घरेलू मैदान पर अपने फायदे और अपने वफादार प्रशंसकों के अटूट समर्थन का फायदा उठाने का प्रयास करेगी। पीकेएल सीजन 12 का जयपुर चरण 12 सितंबर से 27 सितंबर तक चलेगा, जिसमें 12 टीमों के बीच कई मैच खेले जाएंगे। यह चरण 11 सितंबर को विशाखापत्तनम चरण के समापन के बाद आया है, जिसमें पुनेरी पलटन, दबंग दिल्ली के.सी., तेलुगु टाइटन्स और यू मुंबा ने सीजन 12 में अपने दबदबे के शुरुआती संकेत दिए हैं। जयपुर लेग के शुभारंभ पर मशाल स्पोर्ट्स के बिज़नेस हेड और पीकेएल के लीग चेयरमैन श्री अनुपम गोस्वामी ने कहा कि भारत खेल जगत में विकसित हो रहा है, विभिन्न खेलों में नई लीग उभर रही हैं। प्रासंगिक बने रहने के लिए, हमें इनोवेशन करना होगा। यही वजह है कि पीकेएल ने अपने फॉर्मेट में बदलाव किया है ताकि इसे प्रशंसकों के लिए और अधिक रोमांचक और खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। टाई-ब्रेकर नियम की शुरुआत ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक मैच एक निर्णायक परिणाम दे। इस सीज़न में, हम पहले ही पाँच टाई-ब्रेकर देख चुके हैं।

## सार संक्षेप

### टीम का ब्रांड एंबेसडर बनें लिएंडर पेस

**दुबई।** सहकारी समितियों, बीमा, पर्यटन और रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्यरत एक विविध और दूरदर्शी उद्यम गुरु समृद्धि हाउस ऑफ इन्वेस्टमेंट्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें संस्करण से पहले जीएस दिल्ली एसेस फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण कर लिया है। जीएस दिल्ली एसेस की यह नई शुरुआत दुबई में आयोजित समारोह में हुई। फ्रेंचाइजी ने भारतीय टेनिस के दिग्गज 18 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लिएंडर पेस ब्रांड एम्बेसडर बनाया हैं।टीम का ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर लिएंडर पेस ने कहा कि मैं टीपीएल की शुरुआत से ही इसका हिस्सा रहा हूं। यह साल लीग के लिए बेहद खास है क्योंकि यह सात सफल सीजन पूरे करने वाली भारत की चौथी खेल लीग बन जाएगी, और मुझे जीएस दिल्ली एसेस के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। जीएस दिल्ली एसेस के आगमन के साथ, आठ-फ्रेंचाइजी टेनिस प्रीमियर लीग भारतीय टेनिस जगत में क्रांति लाने और स्थापित और उभरती हुई प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ा रही है।

### द. अफ्रीका ने इंग्लैंड को 14 रनों से हराया

**कार्डिफ।** एडन मारक्रम (28), डॉनोवन फरेरा (नाबाद 26) और डेवाल्ड ब्रेविस (23) के शानदार प्रदर्शन के बाद मार्को यानसन (दो विकेट) और कॉर्बिन बॉश (दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 14 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। डॉनोवन फरेरा को नाबाद 25 रनों की पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। सोफिया गार्डंस में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने एडन मारक्रम ने 14 गेंदों में (28), डॉनोवन फरेरा ने 11 गेंदों में (नाबाद 25) और डेवाल्ड ब्रेविस 10 गेंदों में (23) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर 7.5 ओवर में पांच विकेट पर 97 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिये। जेमी ओवर्टन, आदिल रशीद और सैम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मैड्रिड : एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने मांगी माफी



अल्वारेज को 10 महीने के लिए निलंबित किया

**मैड्रिड,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। एथलेटिक बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने एक प्रतिबंधित दवा के लिए डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए माफी मांगी है। इस मामले में उन्हें यूईएफए द्वारा 10 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। 30 वर्षीय येरे को कैरेनोन के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित किया गया था। उनके शरीर में कैरेनोन नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह एक ऐसा पदार्थ है, जिसे अक्सर ड्रग्स छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह दवा उस उपचार में मौजूद थी, जो उन्हें दो बार कैंसर से उबरने के बाद बालों के झड़ने की समस्या से जूझने के दौरान दिया गया था।

## पहली बार हो रहे दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए हुई भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंयिां)। भारत ने पहली बार आयोजित हो रहे दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की घोषणा देश भर में 56 खिलाड़ियों की प्रतिभा खोज, कड़े प्रशिक्षण और चयन शिविरों के बाद की गई है। दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप 11 से 25 नवंबर तक खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका की टीम टूर्नामेंट का हिस्सा है। मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। काठमांडू को तीसरे मेजबान शहर के रूप में चुना गया था, यहां पाकिस्तान के मैच होने थे, लेकिन नेपाल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक स्थल पर विचार किया जा रहा है।समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड्स की क्रिकेट शाखा, द क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई), इस ऐतिहासिक विश्व कप की आयोजक है। संस्था का यह प्रयास दिव्यांग खिलाड़ियों, विशेषकर महिलाओं के लिए समान मंच बनाने के भारतीय नेतृत्व को प्रदर्शित करता है। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी. किवादासन्नावर ने कहा कि यह विश्व कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है। यह साहस, कौशल और समावेशिता का उत्सव है। भारत में इसकी मेजबानी करना गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि हमारी लड़कियां लाखों लोगों को प्रेरित करते हुए देश को गौरवान्वित करेंगी।



■ टूर्नामेंट में कुल 21 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच होंगे
■ मैच नई दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे

## हांगकांग ओपन : सात्विक-चिराग, लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**हांगकांग,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। हांगकांग ओपन सुपर 500 में गुरुवार को भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। लक्ष्य सेन ने मार्च के बाद पहली बार बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली। लक्ष्य सेन ने हमवतन एचएस प्रणय को 15-21, 21-18, 21-10 से हराया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को इस सीजन चोटों और खराब फॉर्म का सामना करना पड़ा है। उनके आखिरी श्रेष्ठ प्रदर्शन पर गौर करें तो वह ऑल इंग्लैंड सुपर 1000 और मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। क्वार्टर फाइनल में सेन का मुकाबला जापान के कोडाई नाराओका या हमवतन आयुष शेट्टी से होगा। लक्ष्य के खिलाफ मैच में प्रणय ने शानदार शुरूआत की थी और पहला गेम आसानी से जीता था। दूसरे गेम में उनके पास बढ़त भी थी, लेकिन इसके बाद लक्ष्य सेन ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और दूसरा सेट जीत मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में प्रणय ने गलतियां की जिसका फायदा लक्ष्य ने उठाया और मैच अपने नाम कर लिया।

# महिला वनडे विश्व कप में अंपायर और रेफरी सिर्फ महिलाएं

**ऐतिहासिक फैसला**

**तीन भारतीयों को मौका**

**दुबई,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। महिला वनडे विश्व कप का आयोजन भारत और श्रीलंका में 30 सितंबर से 2 नवंबर 2025 तक होगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में विश्व कप को लेकर एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट के इतिहास में यह पहली बार होगा जब टूर्नामेंट की सारी मैच ऑफिशियल्स और अंपायर महिलाएं होंगी। इससे पहले 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स और आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप में मैच ऑफिशियल्स और अंपायर के रूप में महिलाएं दिख चुकी हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि यह महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक क्षण है। हमें उम्मीद है कि यह खेल के सभी पहलुओं में कई और नई कहानियों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मैच अधिकारियों के रूप में महिला पैनल का शामिल होना न केवल एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि क्रिकेट में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए आईसीसी की अटूट प्रतिबद्धता का एक सशक्त प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा कि यह विकास प्रतीकात्मक मूल्य से कहीं आगे जाता है। यह दृश्यता, अवसर और ऐसे सार्थक रोल मॉडल के निर्माण के बारे में है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता को उजागर करके, हमारा उद्देश्य आकांक्षाओं को जगाना और इस बात को पुष्ट करना है कि क्रिकेट में नेतृत्व और प्रभाव लिंग-भेद से परे है। शाह ने कहा कि महिलाओं के खेल के विकास में एक नए अध्याय को मान्यता देते हुए हमें गर्व हो रहा है।



यह महिला क्रिकेट के सफर में एक निर्णायक क्षण है। हमें उम्मीद है कि यह खेल के सभी पहलुओं में कई और नई कहानियों का मार्ग प्रशस्त करेगा : जय शाह

### आईसीसी मैच अधिकारियों का पैनल

- **मैच रेफरी :** ट्रुडी एंडरसन, शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी, मिशेल परेरा।
- **अंपायर :** लॉरेन एजेनबैग, कैंडेस ला बोर्डे, किम कॉटन, सारा दंबनेवाना, शथिरा जाकिर जेसी, केरिन क्लास्टे, जननी एन, निमाली परेरा, क्लेयर पोलोसाक, वृंदा राठी, सू रेडफर्न, एलोइस शेरिडन, गायत्री वेणुगोपालन, जैकलीन विलियम्स।

## सारांश और कुमार कार्तिकेय ने साउथ जोन को सस्ते में समेटा

**बेंगलुरु** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। सारांश जैन (पांच विकेट) और कुमार कार्तिकेय (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर सेंट्रल जोन ने गुरुवार को दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले के पहले दिन गुरुवार को साउथ जोन की पूरी टीम को पहली पारी में 149 के स्कोर पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना कोई विकेट खोए 50 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी साउथ जोन के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 99 रन पीछे है। साउथ जोन को 149 के स्कोर पर रोकने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने दानिश मालेवर और अक्षय वड़कर की सलामी जोड़ी ने की धैर्यपूर्ण पारी की बदौलत स्टंप के समय 19 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 50रन बना लिये है और और दानिश मालेवर और अक्षय वड़कर क्रीज पर मौजूद है। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर सेंट्रल जोन ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। कुमार कार्तिकेय ने 16वें ओवर में मोहित काले (नौ) को आउटकर साउथ जोन को पहला झटका दिया। कार्तिकेय का अगला शिकार आर स्मरण (एक) बने। तीसरे विकेट के रूप में तन्मय अग्रवाल (31) रन आउट हुये। 57 के स्कोर पर कार्तिकेय ने कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन (चार) को बोल्ड कर साउथ जोन को पांचवां झटका दिया।

### सुडोकू 7032 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 1.69 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.56 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.33 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.17 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.51 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.09 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.85 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलिवर | 0.84 प्रतिशत |
| बीईएल | 0.43 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,09,097 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,24,499 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

# [ अर्थ जगत ]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



## भारतीय वाहन उद्योग में दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता : गडकरी

- 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता हैवायु प्रदूषण
- प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही सरकार



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय वाहन उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान है और इसमें दुनिया में पहले नंबर पर पहुंचने की क्षमता है।

श्री गडकरी ने यहां घरेलू वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के वार्षिक अधिवेशन में कहा कि कुछ साल पहले भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सातवें स्थान पर था, आज हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा विश्वास है आप सब लोगों की क्षमता पर। आप सब लोग यदि मिलकर काम करेंगे तो हम वाहन सेक्टर में दुनिया में नंबर एक पर जा सकते हैं। पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो सपना है उसमें इस उद्योग की भूमिका सबसे अहम है।

उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण में 40 प्रतिशत वाहनों के कारण होता है। सरकार अब प्रदूषण कम करने के लिए जैव ईंधन को बढ़ावा दे रही है। इसके अलावा बीएस सात मानक लाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने उद्योग से कहा कि सरकार कुछ अलग नहीं करेगी, यह भी यूरोपीय मानक के अनुरूप ही होगा।

पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण के बारे में श्री गडकरी ने कहा कि ई20 (20 प्रतिशत मिश्रण) से आगे कोई कदम उठाते समय वाहन उद्योग से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर ई20 के खिलाफ पिछले दिनों चलाए गए अभियान को पेड बताते हुए कहा कि कहने को तो यह अभियान इथेनॉल के खिलाफ था लेकिन राजनीतिक रूप से यह उन्हें निशाना बनाने के लिए था।

## ऑटोमोबाइल के बाजार विस्तार व सप्लाई चेन को मजबूत करने में मदद करेगी सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार का ध्यान ऑटोमोबाइल उद्योग के विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने और बाजार के आकार व पहुंच का विस्तार करने पर है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के सातवें ऑटो रिटेल कॉन्क्लेव और चौथे फाइनेंस एंड इंश्योरेंस समिट के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि ऑटोमोबाइल रिटेल सेक्टर कंज्यूमर और इंडस्ट्री के बीच एक इंटरफेस है, जो मार्केटिंग की नैतिकता, अच्छी गुणवत्ता वाली सेवा, उचित वित्तपोषण और बीमा शर्तों और बेहतर रजिस्ट्रेशन प्रक्रियाओं के लिए जिम्मेदार है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि यह सेक्टर ग्राहकों और ऑटोमोबाइल कंपनियों के बीच एक सेतु का काम करता है और कंपनियों की विश्वसनीयता डीलर के काम करने और उपभोक्ताओं को सेवा प्रदान करने के तरीके पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल के अधिक किफायती होने के साथ जीएसटी सुधार का लाभ 22 सितंबर से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री गोयल ने बिक्री के बाद की सेवा, स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता और ग्राहकों के लिए निरंतर समर्थन के महत्व पर भी जोर दिया।

## केंद्र सरकार ने एडीबी के साथ समझौते पर किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली,** 11 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के टिहरी झील क्षेत्र में सतत और जलवायु-लचीले पर्यटन के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए 126.42 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई।

सरकार ने आधिकारिक बयान में कहा गया कि एडीबी ऋण उत्तराखंड की उस नीति का समर्थन करता है जिसके तहत राज्य को एक विविध, सभी मौसमों में पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसमें विकास के लिए टिहरी झील को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**
पत्र क्र./24249/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 11.09.2025
नामांतरण प्र.क्र. 24249
वार्ड का नाम- 18-बालगंगाधर तिलक वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR110B00438 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LALITA CHANDRIKAPURE पिता/पति श्री/श्रीमती 1. ARVIND CHANDRIKAPURE 2. ASHISH CHANDRIKAPURE पिता/पति श्री/श्रीमती 1. S/o SHRIPAT CHANDRIKAPURE 2. S/o ARVIND CHANDRIKAPURE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार 1. MRITU PRAMAN PATRA 2. HOUSING BOARD 3 SHAPATH PATRA 04. LEASE AGREEMENT KE AADHRA PAR/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें।
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्र. 1**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी, रायपुर
**ईश्तहार**
पत्र क्र./24245/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 11.09.2025
नामांतरण प्र.क्र. 24245
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR109F00425 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती MAKHAN LAL VERMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. JANAK PRASAD GHRITLAHRE 2. MEENA GHRITLAHRE पिता/पति श्री/श्रीमती S/o JAYNARAYAN GHRITLAHRE W/o JANAK PRASAD GHRITLAHRE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करें।
**श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्र. 1**
**नगर पालिक निगम रायपुर ( छ.ग. )**

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, VIJAY KUMAR NIHLANI/ VIJAY NIHLANI S/O P. M. NIHLANI resident of H.NO.- C- 319, SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.), 492001 have changed my old name VIJAY KUMAR NIHLANI So in future I should be recognized by my new name that is VIJAY NIHLANI S/O P.M. NIHLANI in all Government and other documents.
**VIJAY NIHLANI**
resident of H.NO.- C- 319, SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G), 492001

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, NISHITA NIHLANI /SHAKUNTALA NIHLANI W/O VIJAY NIHLANI resident of H.NO.- C- 319, SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.), 492001 have changed my old name NISHITA NIHLANI So in future I should be recognized by my new name that is SHAKUNTALA NIHLANI W/O VIJAY NIHLANI in all Government and other documents.
**SHAKUNTALA NIHLANI**
resident of H.NO.- C- 319, SHAILENDRA NAGAR RAIPUR (C.G.), 492001

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**
संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724100079
तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी वामनदास, ईश्वरदास, परमामल-ईश्वरदास, ननिकराम ईश्वरदास पिता/पति पता रामसागर पारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 169/7 0.0064 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता बिहरीलाल दुबे पिता/पति स्व. बंशीलाल दुबे पता इमामबाड़ा राजातालाब रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.10.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.09.2025 को जारी किया जाता है।
मुहर **तहसीलदार रायपुर**

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकुमार पिता स्व. हुन्दाल मल नागवानी उम्र 67 वर्ष पता बी-111 आकृति विहार अमलीडीह रायपुर छ.ग. यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम राजकुमार नागवानी रख लिया हूं।
अत: आज से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम राजकुमार नागवानी से जाना व पहचाना जाये।
**राजकुमार नागवानी**
**बी-111 आकृति विहार**
**अमलीडीह रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9687/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 11/09/25**
प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्रीमती डालेश्वरी कश्यप पति श्री पवन कश्यप को पुनर्गठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-30 रकबा 238.00 वर्गमीटर सेक्टर 7 ए में आबंटित हैं। क्रेता महेन्द्र बागड़ी पिता श्री मदन मोहन बागड़ी निवासी मकान नंबर 45/29, सदर बाजार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 27.06.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।
उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 11.09.25 को जारी ।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9692/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 11/09/25**
प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-06 योजनांतर्गत श्री कृष्णा राघवानी पिता श्री आर. के. राघवानी को भूखंड क्रमांक सी-191 रकबा 60 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा भूखंड क्रमांक सी-191 रकबा 60 वर्गमीटर दिनांक 30.03.2025 को श्री सौरभ जैन पिता श्री शेखर जैन एवं अनमोल जैन पिता श्री अशोक कुमार जैन को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।
उक्त भूखंड का नामांतरण श्री सौरभ जैन पिता श्री शेखर जैन एवं अनमोल जैन पिता श्री अशोक कुमार जैन के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 11.09.25 को जारी ।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9595/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 10/09/25**
प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (550 जनता मकान) योजनांतर्गत श्री वीरता गणवीर वल्द स्व. श्रीपत गणवीर द्वारा जनता मकान क्रमांक 548 क्षेत्रफल 330 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है, आबंटिती श्री वीरता गणवीर वल्द स्व. श्रीपत गणवीर की दिनांक 30.09.2020 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण उनकी पत्नी श्रीमती लीलाबाई गणवीर पति स्व. वीरता गणवीर एवं पुत्र श्री विशाल गणवीर पिता स्व. वीरता गणवीर पता- जनता मकान नं. 548, न्यू राजन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर संयुक्त रूप से किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 10.09.25 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9691/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 10/09/25**
प्राधिकरण की कटोरातालाब (डी.ई.ओ. ऑफिस चौक) योजना के अंतर्गत श्री हीरालाल चौधरी आत्मज स्व. मूलचंद चौधरी द्वारा दुकान (गुमटी) क्रमांक 29 क्षेत्रफल 49 वर्गफुट भाड़ा क्रय प्रणाली पर आबंटित है, आबंटिती श्री हीरालाल चौधरी आत्मज स्व. मूलचंद चौधरी की दिनांक 03.08.2006 को तथा उनकी पत्नी श्रीमती प्रेमा बाई पति स्व. हीरालाल चौधरी की दिनांक 13.07.2011 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त दुकान (गुमटी) का उत्तराधिकार नामांतरण उनकी पुत्रीद्वय श्रीमती सरिता चौधरी एवं श्रीमती गौरी कनौजिया दोनों पिता स्व. हीरालाल चौधरी निवासी शीतला मंदिर के पास, काशी राम नगर, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर संयुक्त रूप से किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त दुकान (गुमटी) का उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 11.09.25 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9685/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 11/09/25**
प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत श्री मनोहर लाल इसरानी पिता स्व. श्री सुन्दर लाल इसरानी को पुनर्गठित विकसित भूखण्ड क्रमांक बी-36 रकबा 60.00 वर्गमीटर सेक्टर 4बी में आबंटित हैं। क्रेता श्री मानिक मंडल पिता श्री कृष्ण पद मंडल निवासी वार्ड नं. 14, रविन्द्र पल्ली, पंखाजूर, पंखाजोरे कैंप, कांकेर, जिला-कांकेर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 21.07.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।
उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 11.09.2025 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9596/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 10/09/25**
प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (550 जनता मकान) योजनांतर्गत श्री वीरता गणवीर वल्द स्व. श्रीपत गणवीर द्वारा जनता मकान क्रमांक 549 क्षेत्रफल 330 वर्गफुट 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है, आबंटिती श्री वीरता गणवीर वल्द स्व. श्रीपत गणवीर की दिनांक 30.09.2020 को मृत्यु हो जाने के पश्चात् उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण उनकी पत्नी श्रीमती लीलाबाई गणवीर पति स्व. वीरता गणवीर एवं पुत्र श्री विशाल गणवीर पिता स्व. वीरता गणवीर पता जनता मकान नं. 549, न्यू राजन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर संयुक्त रूप से किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं।
उक्त मकान का उत्तराधिकार नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर प्राधिकरण के प्रचलित नियमों के अनुसार आवेदन का निराकरण कर दिया जायेगा। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 10.09.25 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9648/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 10/09/25**
प्राधिकरण की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर के अन्तर्गत श्री कंचन कुमारी पति स्व. श्रीचंद सोना को फ्लैट क्रमांक ओ-304 द्वितीयतल रकबा 290 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त फ्लैट को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 10.09.25 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**
**क्रमांक 9689/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 11/09/25**
प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजनांतर्गत संजीव मित्तल पिता श्री वी.एस. मित्तल को भूखण्ड क्रमांक सी-12, सी-13 क्षेत्रफल 1594.24 वर्गफुट सेक्टर 7ए में आबंटित हैं। क्रेता दीपक मिश्रा पिता श्री जगदीश मिश्रा निवासी मकान नंबर बी-115-115, कमल विहार, सेक्टर-2, रामकृष्ण हॉस्पिटल के सामने, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को दिनांक 02.07.2025 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर अपना नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।
उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।
दिनांक 11.09.25 को जारी।
**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**
I, Jitendra Dhruw, aged 43 years, S/o Ramlakhan Dhruv, Resident of- 309, Pragati Nagar, Saddu, Mowa, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruv, which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Jitendra Dhruv S/o Ramlakhan Dhruv and, from this day forward, will be recognized by my new correct name: Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruv. I kindly request that everyone henceforth address me by this name and recognize me as Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruv. I will now go by the name Jitendra Dhruw S/o Ramlakhan Dhruv in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions. and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.
Raipur, Chhattisgarh.
**Jitendra Dhruw**
S/o Ramlakhan Dhruv Resident of- 309 Pragati Nagar, Saddu Mowa, Raipur, Chhattisgarh

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2025
ग्राम दोंदेखुर्द, प.ह.नं. 13
रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव
सारागांव, दिनांक 05.09.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा पति श्री मनीवासगन निवासी डोर नं. 10/354डी1, कन्दासामी नगर नरशिंगपूरम अहुर जिला सालेम तामीलनाडु द्वारा वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम दोन्देखुर्द, प.ह.नं. 13, रा. नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 115/22 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पिता स्व. पी. पलानी अप्पन पिता पोन्नुसामी के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पिता की मृत्यु दिनांक 24.05.2020 को हो चुकी है। आवेदिका के पिता के द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है जिसके आधार पर नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 19.09.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.09.2025 को जारी किया जाता है ।
मुहर **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2025
ग्राम दोंदेखुर्द, प.ह.नं. 13
रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव
सारागांव, दिनांक 05.09.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा पति श्री मनीवासगन निवासी डोर नं. 10/354डी1, कन्दासामी नगर नरशिंगपूरम अहुर जिला सालेम तामीलनाडु द्वारा वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम दोन्देखुर्द, प.ह.नं. 13, रा. नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 115/21 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पिता स्व. पी. पलानी अप्पन पिता पोन्नुसामी के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पिता की मृत्यु दिनांक 24.05.2020 को हो चुकी है। आवेदिका के पिता के द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है जिसके आधार पर नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 19.09.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.09.2025 को जारी किया जाता है ।
मुहर **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्रं./ब-121/वर्ष 2025
ग्राम दोंदेखुर्द, प.ह.नं. 13
रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव
सारागांव, दिनांक 05.09.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा पति श्री मनीवासगन निवासी डोर नं. 10/354डी1, कन्दासामी नगर नरशिंगपूरम अहुर जिला सालेम तामीलनाडु द्वारा वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पेश कर उल्लेख किया गया है कि ग्राम दोन्देखुर्द, प.ह.नं. 13, रा. नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 115/23 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पिता स्व. पी. पलानी अप्पन पिता पोन्नुसामी के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पिता की मृत्यु दिनांक 24.05.2020 को हो चुकी है। आवेदिका के पिता के द्वारा आवेदिका के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है जिसके आधार पर नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 19.09.2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.09.2025 को जारी किया जाता है ।
मुहर **नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, GUFRAN KHAN FAIZULLAH KHAN S/O FAIZULLAH KHAN resident of YG/04, OLD DHAMTARI ROAD, MTINAGAR, YASH VIHAR COLONY, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name GUFRAN KHAN FAIZULLAH KHAN S/O FAIZULLAH KHAN so in future I should be recognized by my new name that is GUFRAN KHAN S/O FAIZULLAH KHAN in all Government and other documents.
**GUFRAN KHAN**
YG/04, OLD DHAMTARI ROAD, MTINAGAR, YASH VIHAR COLONY, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, SUNIL KUMAR CHHABRIA S/O CHATRU RAM CHHABRIA resident of H.NO.-1217, JAI JAWAN JAI KISAN PETROL PUMP K PICHE, PANCHSIL NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name SUNIL KUMAR CHHABRIA S/O CHATRU RAM CHHABRIA so in future I should be recognized by my new name that is SUNIL CHHABRIA S/O CHATRU RAM CHHABRIA in all Government and other documents.
**SUNIL CHHABRIA**
H.NO.-1217, JAI JAWAN JAI KISAN PETROL PUMP K PICHE, PANCHSIL NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, AAFREEN KHURSHEED W/O AMIR SOHAIL resident of HN 27 WARD 60 SIMRAN CITY PHASE 1 MATHPURENA RAIPUR (C.G.) have changed my old name AAFREEN KHURSHEED W/O AMIR SOHAIL so in future I should be recognized by my new name that is AAFREEN AMIR SOHAIL W/O AMIR SOHAIL in all Government and other documents.
**AAFREEN AMIR SOHAIL**
HN 27 WARD 60 SIMRAN CITY PHASE 1 MATHPURENA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, NISAR SAIKH S/O MOHAMMED ISHAK resident of H.NO. 35/2434, VALLABH NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name NISAR SAIKH S/O MOHAMMED ISHAK so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED NISHAR S/O MOHAMMED ISHAK in all Government and other documents.
**MOHAMMED NISHAR**
H.NO. 35/2434, VALLABH NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, MAHAVIR JAIN S/O DEORAJ JAIN resident of H.NO.-10315, R-18, SWARNA BHOOMI VIDHAN SABHA ROAD RAIPUR (C.G.) have changed my old name MAHAVIR JAIN S/O DEORAJ JAIN so in future I should be recognized by my new name that is MAHABIR PRASAD JAIN S/O DEORAJ JAIN in all Government and other documents.
**MAHABIR PRASAD JAIN**
H.NO.-10315, R-18, SWARNABHOOMI VIDHAN SABHA ROAD RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, ANAND SARAF S/O BANWARI LAL SARAF resident of H.NO.17, SHARMA PRINTING PRESS MANENDRAGARH DIST MANENDRAGARH CHIRMIRI BHARATPUR (C.G.) have changed my old name ANAND SARAF S/O BANWARI LAL SARAF so in future I should be recognized by my new name that is ANAND KUMAR SARAF S/O BANWARI LAL SARAF in all Government and other documents.
**ANAND KUMAR SARAF**
H.NO.17, SHARMA PRINTING PRESS MANENDRAGARH DIST MANENDRAGARH CHIRMIRI BHARATPUR (C.G.)

**AFFIDAVIT**
I Priyal Rathore D/o Dr. Deepak Rathore resident 231, Behind Gayatri Mandir Samta Colony, Raipur C.G.. I swear to state the following:-
01. That my name and address as given above are true and correct.
02 That, I have taken a policy in my own name in Life Insurance Corporation of India, Durg Chhattisgarh whose policy number is 382379158. In which my name is registered as Princy Rathore. Which is my current name.
03. That my Aadhar card number is 3599 9330 8770 in which my name is recorded as Priyal Rathore and my name is also recorded as Priyal Rathore in my school certificate, bank passbook and PAN card.
04. That both the above names Priyal Rathore and Princy Rathore are the names of the same person. That is, both the above names are my name and not of any other person. If it is false, all the responsibility is mine.
05. That, in my above policy my name should be changed from Princy Rathore to Priyal Rathore. I am presenting both my names and statements in support of this before the concerned officer.
**sworn**
**PRIYAL RATHORE**
**resident of 231, Behind Gayatri Mandir Samata Colony, Raipur (C.G.)**

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, VENKATACHALAM KODUKULA S/O ANNAPPA SASTRY KODUKULA resident of 608 SIXTH FLOOR CENTRUM BHATAGAON RAIPUR ,(C.G.) 492013 have changed my old name VENKATACHALAM KODUKULA S/O ANNAPPA SASTRY KODUKULA so in future I should be recognized by my new name that is VENKATACHALAM ANNAPPASASTRY KODUKULA S/O ANNAPPA SASTRY KODUKULA in all Government and other documents.
**VENKATACHALAM ANNAPPASASTRY KODUKULA**
608 SIXTH FLOOR CENTRUM BHATAGAON RAIPUR ,(C.G.) 492013

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, VINAYA MAISKAR D/O VASANT NAGORAO MAISKAR resident of H.NO. 3/11, NEAR SURANA BHAWAN CHHOTAPARA RAIPUR (C.G.) have changed my old name VINAYA MAISKAR D/O VASANT NAGORAO MAISKAR so in future I should be recognized by my new name that is VINAYA VASANT MAISKAR D/O VASANT NAGORAO MAISKAR in all Government and other documents.
**VINAYA VASANT MAISKAR**
H.NO. 3/11, NEAR SURANA BHAWAN CHHOTAPARA RAIPUR (C.G.)

**शपथ-पत्र**
मैं सन्देश कुकरेजा पिता श्री इधन दास कुकरेजा उम्र 51 वर्ष, निवासी-मकान नं-645, भोईपारा, लाखेनगर, थाना आजाद चौक रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि-
1. यह कि, मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 31 जनवरी 2008 को रायपुर (छ.ग) में हुआ है।
2. यह कि, मेरी पुत्री के जन्म के बाद से उसका नाम रिशिका कुकरेजा (RISHIKA KUKREJA) रखा गया है जो की उसके समस्त दस्तवेजों में जैसे जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूल बोर्ड की अंकसूची में उक्त वास्तविक नाम दर्ज है किन्तु आधार कार्ड में भूलस्वरुप सिषिका कुकरेजा (SISHIKA KUKREJA) नाम दर्ज हो गया है।
3. यह कि, मैं अपनी पुत्री का आधार कार्ड में भूलवश दर्ज नाम सिषिका कुकरेजा (SISHIKA KUKREJA) को बदलकर उसके स्थान पर उसका सही एवं वास्तविक नाम रिशिका कुकरेजा (RISHIKA KUKREJA) करवाना चाहता हूँ ताकि भविष्य में मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम से ही जाना-पहचाना जाये एवं उसके समस्त दस्तावेजों में वास्तविक नाम ही दर्ज किया जा सके ।
4. यह कि,छ.ग के राजपत्र (गजट) में सही एवं वास्तविक नाम प्रकाशित करवाने के संबंध में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।
**शपथकर्ता**
**सन्देश कुकरेजा**
पिता श्री इधन दास कुकरेजा
निवासी-मकान नं-645, भोईपारा, लाखेनगर, थाना आजाद चौक रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग)

# जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे : संजय श्रीवास्तव

**बलौदाबाजार**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में जी एस टी स्लैब में सरलीकरण विषय को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। पत्रकार वार्ता लेते हुये संजय श्रीवास्तव ने कहा कि जी एस टी में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके, रेट को कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफहम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फलोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि माँ शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्रि से लागू होने वाले यह नए प्रावधान देश को आर्थिक रूप से और शक्तिशाली बनायेंगे। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि एक राष्ट्र–एक टैक्स की भावना के साथ पहले सभी तरह के त्यक्ष करों को एक कर प्रणाली के तहत मोदीजी ने लाकर एक भारत–श्रेष्ठ भारत की धारणा को साकार किया और अब इसे और सरल बना कर क्रांतिकारी सुधारों का सूत्रपात किया गया है। आजादी के बाद से लेकर 101 वें संविधान संशोधन द्वारा 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा भी राज्य सरकारें मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। प्रत्यक्ष कर की बातें करें तो आयकर की दर तो एक समय अधिकतम 97.5 प्रतिशत तक पहुंच गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार करने का आश्वासन दिया था, और मात्र बीस दिन की भीतर ही जीएसटी काउंसिल ने इसे सुधार को मंजूरी दे दी गई है नये सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं जैसे तेल, शैम्पू, टूथपेस्ट, मक्खन, पनीर, सिलाई मशीन से लेकर ट्रैक्टर व उसके कलपुर्ज व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ओटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है।



**जिला भाजपा कार्यालय में संजय ने ली प्रेसवार्ता**

श्री श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि एक विकसित अर्थव्यवस्था में करदाता अधिक, और टैक्स की दर कम होना चाहिए। इसी लक्ष्य को हासिल किया है जीएसटी ने। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024–25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। जीएसटी कम होने का लाभ वस्त्र उद्योग को विशेष रूप से निर्यात के लिए होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी। विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण पर्यटन विकास को बढ़ावा देंगी। ओटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। यह सुधार किसानों के जीवन में आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, रोटावेटर में अलग–अलग तरह के जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत की गई है। यह किसान के लिए लागत सक्षम कृषि में सहायक होगी। जैव–कीटनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर जीएसटी दर घटाई गई है। स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा उत्पादों पर कर समाप्त करने का लाभ सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। यह कर छूट सभी के लिए बीमा का लक्ष्य पाने में मददगार होगा। सस्ते इलाज के संदर्भ में यह कदम ऐतिहासिक है। सरकार अब अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है। एक चरण वो था एक चरण ये है। उस समय देश की स्थिति अलग थी, इस समय अलग है। जुलाई 2017 को देश में जीएसटी लागू की गई। उसके पहले देश में 17 प्रकार के टैक्स लगते थे। इससे व्यापारी भी परेशान और प्रताड़ित होते थे। कई तरह के भ्रष्टाचार का भी सामना करना पड़ता था। आज अगर मोदी जी नहीं होते तो ऐसा फैसला करने का साहस और कोई नहीं कर सकता था। 1947 से 2017 तक के 70 सालों में कुल 66 लाख लोगों को अप्रत्यक्ष टैक्स से जोड़ पाए। 2017 से 2025 तक के आठ साल में हम 85 लाख टैक्स देने वाले जोड़ पाए हैं।

प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव, टेसू लाल धुरंधर, जिला महामंत्री कृष्णा आवस्थी, विजय यादव, विजय केशरवानी, पवन साहू, खोडस कश्यप, आलोक अग्रवाल, जितेंद्र महले, पुरुषोत्तम साहू, पुरुषोत्तम सोनी, रितेश श्रीवास्तव, अनुपम बाजपेयी, प्रशांत यादव, मदन वर्मा, नरेश केशरवानी, मणिकांत मिश्रा, संकेत शुक्ला, शशि शुक्ला, जितेंद्र डैसेना, संतोष पटेल, वासुदेव ठाकुर, वेदांत रजक, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 170 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 800 किलो महुआ लाहन जब्त



**बलौदाबाजार**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। पलारी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को खैरी निवासी आरोपी नरेश कुमार घृतलहरे, मनीष घृतलहरे, रूस्तम घृतलहरे, विजय रात्रा एवं हीरालाल रात्रा के कब्जे से 170 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया एवं 800 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। महुआ शराब का बाजार मूल्य 34,000 रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 48,000 रुपये होना पाया। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल एवं हमराह थाना स्टाफ सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी.माधव राव, मनराखन नेताम उपस्थित थे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2024–2025
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार–भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित कुमार देवांगन पिता कृष्ण कुमार देवांगन जाति कोष्टा निवासी तात्यापारा वार्ड क्र. 03 रायपुर कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिगगा, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि पाम सिमगा प.ह.नं.15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 947/1 रकबा 0.1003 हे. आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। आवेदक उक्त भूमि खसरा नं. 947/1 रकबा 0.1003 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र बी–1, खसरा नक्शा की प्रति एवं बैनामा की छायाप्रति, तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा–आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 19.09.2025 तक अपना दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**मुहर सिमगा**

---

**न्यायालय तहसीलदार आरंग**
**जिला दुर्ग ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2024–2025
आरंग, दिनांक 09.09.2025
ग्राम अमेठी प.ह.नं. 25

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम मनहरे पिता जनक राम मनहरे निवासी ग्राम धनसुली, तहसील मंदिरहसौद, जिला रायपुर द्वारा ग्राम अमेठी प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नं. 958/1 का रकबा 0. 37हे. भूमि खातेदार जनकराम पिता सरजु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा खातेदार जनकराम पिता सरजु का निधन दिनांक 12.05.2025 को हो चुका है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण भूईया मद में दर्ज कर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया हैं।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 23.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मुहर आरंग**

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SYED AKHTAR ALI S/O ASHRAF ALI resident of 409/22, DONGARE COLONY PADUM NAGAR (EAST) BHILAI CHARODA BHILAI EAST , DURG, (C.G.) 490021 have changed my old name SYED AKHTAR ALI S/O ASHRAF ALI so in future I should be recognized by my new name that is SAIYED AKHTAR ALI S/O ASHRAF ALI in all Government and other documents.

**SAIYED AKHTAR ALI**
409/22, DONGARE COLONY
PADUM NAGAR (EAST) BHILAI
CHARODA BHILAI EAST ,
DURG, (C.G.) 490021

---

**शपथ पत्र**

मैं जहरराम निषाद पिता श्यामलाल निषाद उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रजकुड़ी पो. बेमेतरा तह. बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) पिन 491335 निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :–

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में लोकेश निषाद पिता जहरराम निषाद के नाम से दर्ज है। तथा आधार कार्ड में इनका घरेलू नाम लेखराम निषाद दर्ज है। जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम लोकेश निषाद आधार कार्ड सहित सभी विधिक दस्तावेजो मे दर्ज कराना चाहता हूं, तथा मेरे पुत्र को लोकेश निषाद के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**जहर निषाद**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**महासमुंद, जिला महासमुंद ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/350/वा.–1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 09/9/2025
ग्राम–लभराखुर्द, प.ह.नं. 44
मुरली पिता धरम सिंह निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.)....आवेदक
**विरुद्ध**
छ.ग.शासन ......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम–लभराखुर्द प.ह.न. 44 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मुरली पिता धरम सिंह निवासी ग्राम लभराखुर्द तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम लभराखुर्द, प.ह.नं. 44, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1458/1 रकबा 0.1450 हेक्टे. में से 3945 वर्गफीट भूमि को कृषि भिन्न्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करानेआवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक / आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदनभूमि ब्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**मुहर महासमुन्द**

---

**कार्यालय संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग ( छ.ग. )**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल मजीद आ. श्री अब्दुल समद, निवासी मकान नं.–1163, ढ़ांचा भवन, वार्ड नं.–14, जामुल भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक सी.एच.–1163, कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आवंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों श्रीमती परबीन खान पति स्व. अब्दुल मजीद ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक सी.एच.–1163, कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को श्रीमती परबीन खान के नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. अब्दुल मजीद के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: श्रीमती परबीन खान के नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 01.09.20.25 को जारी किया गया।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र–दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार कोमाखान**
**जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. /अ–21/ वर्ष 2024–25
**ग्राम: पलसीपानी, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द ( छ.ग. )**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, कार्यालय कलेक्टर महोदय जिला महासमुन्द (छ.ग.) के पृष्ठांकन क्रमांक / 375/ वाचक/2025/ 5/375/वाचक/2025/ महासमुन्द, दिनाँक 08.07.2025 के अनुसार आवेदक रामरतन मांझी पिता देवनारायण मांझी निवासी ग्राम पलसीपानी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा माननीय कलेक्टर महोदय जिला महासमुन्द (छ.ग.) के समक्ष छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, भू–ग्राम पलसीपानी, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. एवं तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द स्थित भूमि खसरा नंबर 803/1. 803/2 रकबा क्रमशः 2.08. 2.48 हे. कुल खसरा नंबर जो वर्तमान पटवारी अभिलेख में आवेदक के नाम दर्ज होकर स्थित है। आवेदक उड़ीसा राज्य का निवासी होने के कारण स्वयं कृषि कार्य नहीं कर पाता है. तथा आवेदक उक्त भूमि को विक्रय करना चाहता है। आवेदक को अपने स्वयं के आवश्यक कार्य हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण उक्त वाद भूमि को गाँव में कोई आदिवासी खरीददार नहीं होने से । गैर आदिवासी को विक्रय करना चाहता है। आवेदक अपनी भूमि को गैर आदिवासी क्रेता को वर्तमान बाजार भाव से अधिक कीमत पर विक्रय किया जायेगा जिसकी अभिस्वीकृति आवेदक करता है। आवेदक का स्वयं का उपार्जन हेतु उड़ीसा राज्य में स्वयं की भूमि जीवकोपार्जन के लिए पर्याप्त है। आवेदित भूमि का विक्रय अनुमति प्रदान किया जाने पर आवेदक के हितों पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पड़ेगा। अतएव भूमि खसरा नंबर 803/1, 803/2 रकबा 2.08, 2.48 हे. को विक्रय की अनुमति हेतु छत्तीसगढ भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत मंजूरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में राजस्व प्रकरण क्रमांक क्रमॉक ...../अ–21 / वर्ष 2024–25 दर्ज किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी पेशी दिनाँक 19.09.2025 को नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो. नियत तिथी तक स्वयं अथवा अपने द्वारा नियुक्त प्रतिनिधी / अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा सहित जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**मुहर कोमाखान**

---

**न्यायालयः– अतिरिक्त न्यायाधीश प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, दल्लीराजहरा, जिला बालोद ( छ.ग. )**
**मुकदमें के बारे में नोटिस**

व्यवहार वाद प्र.क्र. –053 / 2025,
नियत पेशी दिनांक – 08.10.2025
प्रो. क. 118/2025
भागो बाई वगैरह .......... वादीगण
**''विरूद्ध''**
आम जनता ......... प्रतिवादीगण

बनाम आम जनता जिनका संबंध इस प्रकरण से हो।

यह की उक्त वादी ने निर्भयराम पिता राम सिंग हल्बा, निवासी ग्राम भोयरटोला, तहसील डौण्डी, जिला बालोद छ.ग. जो लगभग वर्ष 2009 से लापता होने बाबत वाद पेश की गई है। अत: अपील की सुनवाई दिनांक 08.10.2025 को दिन के 11: 00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि तुम मुकदमें की बाते ठीक–ठीक तौर से समक्षा दी गई हो और जो मुकदमें के बारे में कुछ जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजुद हो जो कि, ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जाओ और तुम्हारी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के सुनवाई के वास्ते रखे जाने की वजह से तुम्हें इस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा, कि जिस पर तुम अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हो।

आपको ताकिद की जाती है कि यदि तुम तारीख मजूकर 08.10.2025 पर हाजिर न होओगे, तो तुम्हारे गैरहाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा, यदि मुकर्रर तारीख को अवकाश घोषित हो जावे या कार्य स्थगित हो जावे या मेरे स्वयं के अवकाश पर रहने से प्रकरण की सुनवाई उसके अगले कार्य दिवस पर नियत किया जावेगा।

आज दिनांक 09.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से से जारी किया गया।

**( श्रीमती श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश,**
**वरिष्ठ श्रेणी, दल्लीराजहरा**
**मुहर जिला जिला बालोद ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलाईगढ, जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024–25**
**ग्राम गाडापाली तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग.,**

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम गाडापाली तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि व्यपवर्तन आवेदक मोतीलाल पिता दशरथ जाति सतनामी साकिन गाडापाली तहसील सारसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 15.09.2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची:– भूमि खसरा नं. 48/1 रकबा 0.020 हे. पैसे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.08.2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**सील बिलाईगढ़**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलाईगढ, जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. अ/2 वर्ष 2024–25**
**ग्राम गाडापाली तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग.**

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम गाडापाली तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदिका श्रीमती उत्तरी जयसूर्या पति मोतीलाल जयसूर्या जाति सतनामी साकिन गाडापाली तहसील सरसींवा जिला सारंगढ बिलाईगढ छ.ग. के द्वारा भूमि आवासीय प्रयोजन के किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 15.09.2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वत: या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची:– भूमि खसरा नं. 47/2, 48/2 रकबा 0.028, 0.024 हे. पैसे।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 28.08.2025 को जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**सील बिलाईगढ**

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस**

**रा.प्र.क्रं. 202504210300012,**
**एपीएल, अ–6–अ, वर्ष 2024–25**
**ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 तहसील बलौदाबाजार, पक्षकार अनीश कुमार पिता शंकरलाल सराफ राकेश कुमार पिता कन्हैया लाल सराफ विकास कुमार सराफ पिता बसंत कुमार सराफसभी निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.।**

प्रति, दिनेश पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव, राकेश पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव, राजेश पिता सुरेन्द्र कमार वैष्णव, सुलेखा पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव, सुधा पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव, वसुधा पिता सुरेन्द्र कुमार वैष्णव सभी निवासी ग्राम रिसदा तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार–भाटापारा छ.ग., एतद द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी अनीश कुमार पिता शंकरलाल सराफनिवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. अन्य 02 द्वारा अपने अधिवक्ता श्री एन.पी. जायसवाल के माध्यम से न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202504210300012 अ/6अ वर्ष 2024–25 में पारित आदेश दिनांक 30.05.2025 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44(1) के तहत प्रथम अपील आवेदन प्रस्तुत किया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें आप उत्तरवादी के रूप में संयोजित होकर हितबद्ध पक्षकार है। उक्त प्रकरण आपकी उपस्थिति हेतु दिनांक 24.09.2025 को नियत है।

अत: आप लोग प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 24.09.2025 को न्यायालय में प्रात: 11 बजे स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने पर आप लोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**सील बलौदाबाजार**

---

**न्यायालय तहसीलदार गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**पृ.क्र./4077/प्र.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 04.09.2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम पलारी को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम सिंह कुंजाम आ. कार्तिकराम कुंजाम जाति गोंड़ साकिन ओझागहन द्वारा ग्राम पलारी प.ह.नं. 04 तहसील गुरूर स्थित भूमि ख.नं. 67/2, 67/9 रकबा क्रमशः 0.005, 0.005 हे. कुल ख.नं.02 कुल रकबा 0.01 हे. लगान 4.24 रू. भूमि स्थित है। आवेदक उक्त वर्णित भूमि को गैरआदिवासी डोमेन्द्र कुमार पिता बिसनाथ साहू जाति तेली निवासी ग्राम पलारी तहसील गुरूर के पास चुकता 4,00,000/– रू. अक्षरी चार लाख रूपये में विक्रय करने का सौदा कर ब्याना राशि 1,20,00/– रू. अक्षर एक लाख 20 हजार रू. बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पलारी के चेक क्र. 000040 दिनांक 03.04.2022 को दिया जा चुका है एवं 2,30,000/– रू. अक्षरी दो लाख तीस हजार रू. नगद दिनांक 07/06/2022 को प्रदान किया गया है। शेष राशि पंजीयन के समय दिया जावेगा। आवेदक मूल रूप से ग्राम ओझागहन में अपने परिवार सहित निवास करते हैं, उक्त दोनों ग्रामों की दूरी लगभग 5–6 कि.मी. है एवं छोटे से टुकड़े के लिए कास्तकारी करने में आने–जाने में असुविधा होता है तथा उक्त भूमि से प्राप्त राशि का उपयोग निजी कार्य के लिए किया जाना है एवं निजी कर्ज अदायगी के लिए किया जावेगा। आवेदक आवेदित भूमि को गैरआदिवासी के पास विक्रय किये जाने अनुमति प्रदाय हेतु कलेक्टर महोदय बालोद की ओर प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा–आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 18/09/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति–दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति–दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सील गुरूर, जिला–बालोद ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस**

**पृ.क्र./1525/प्र.ना.तह./2025**
**गुरूर, दिनांक 28.08.2025**
**मामले का विषय:– खाता विभाजन रा.प्र.क्र. 202506241900001/अ–27/2024–25**
**ग्राम–बालोदगहन, प.ह.नं. 29, तहसील गुरूर**
**सोहद्रा बाई पति लखन लाल निवासी शीतला पारा धमतरी, वार्ड नं. 3 तहसील व जिला धमतरी ( छ.ग. ) व अन्य 4**
**विरूद्ध**
**कचरा बाई ( राजबाई ) पिता स्व. बुझान साकिन बालोदगहन, तहसील गुरूर व अन्य 5**
**प्रति,**
**कचरा बाई ( राजबाई ) पिता स्व. बुझान, 2. रामबती बाई पिता स्व. बूझान, 3. शान्ताबाई पिता स्व. बूझान, 4. डेरहिन बाई पिता बूझान, 5. चाहबती पिता स्व. मानसाय, सभी जाति गोड़, साकिन बालोदगहन, तह. गुरूर, जिला बालोद( छ.ग. )।**

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहद्रा बाई पति लखन लाल, निवासी शीतला पारा धमतरी, वार्ड नं. 03 तहसील व जिला धमतरी ( छ.ग. ) व अन्य 4 द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि उभयपक्षकार के संयुक्त नाम पर ग्राम बालोदगहन, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मिर्रीटोला, तहसील गुरूर, जिला बालोद ( छ.ग. ) में भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 657 रकबा 0.58 हे. लगान 0.83 रू. कास्तकारी भूमि राजस्व अभिलेख में बतौर भूमिस्वामी दर्ज है। ग्राम बालोदगहन, प.ह.नं.29, रा.नि.मं. मिर्रीटोला, तहसील गुरूर, जिला बालोद ( छ.ग. ) में स्थित ख.नं. 657 रकबा 0.58 हे. लगान 0.83 रू. भूमि का उभय पक्षकारों के मध्य 34 वर्ष पूर्व हुए बंटवारा जोतकब्जा कास्त अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन भुईया ई नामांतरण पोर्टल से इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

अत: उक्ताशय के संबंध में आपको सुनवाई दिनांक 16/09/2025 को उपस्थिति हेतु नियत है। यदि आप उक्त सुनवाई तिथि पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि दिनांक 16/09/2025 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते हैं या न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सील गुरूर, जिला–बालोद ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

**क्रमांक, वाचक, तहसील, 2024**
**मंदिर हसौद दिनांक 08.09.2025**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार टोडरे पिता कलीराम निवासी लखौली रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम देवदा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 314, 315 रकबा 0.004, 0.057 हे. भूमि जो कि बंदोबस्त के पूर्व 314, 315 रकबा 0.004, 0.057 हे. है किन्तु वर्तमान बंदोबस्त उपरांत खसरा नंबर 449, 449/2 रकबा 0.0500, 0.0500 दर्ज किया गया है जो त्रुटिवश हैं का आवेदन करते हुए रकबा सुधार करते हुए आवेदन मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 22.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: यह ईश्तहार आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**सील मंदिर हसौद ( छ.ग. )**

---

CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**शुद्धिपत्र**

यह शुद्धिपत्र इस समाचार पत्र में दिनांक 09–09–2025 को प्रकाशित 1–श्री प्रेमचंद साहू (कर्जदार) 2– श्री धरमपाल साहू 3– श्रीमती लक्ष्मी साहू (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या LNMERAI000077850 (पुरानी) / 80300005791493 (नयी) के मामले में सरफासी ऐक्ट की धारा (नियम 8(6) तथा 9(1) के तहत प्रकाशित अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना के संदर्भ में है।
असावधानीवश "कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड" लिखा गया है कृपया इसको "कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड" के रूप में पढ़ें।
यह परिवर्तन पूर्व प्रकाशन के अंश एवं खंड के रूप में पढ़ा जाना चाहिए।

**स्थान : रायपुर**
**तिथि : 12–09–2025**
**हस्ता./–, (प्राधिकृत अधिकारी)**
**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

---

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला-दुर्ग ( छ.ग. )**
**।। ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना ।।**

क्रं./1146/लो.क.वि./न.पा./2025 कुम्हारी, दिनांक 11/09/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम टेण्टर नम्बर | कार्य का नाम | अनु.ला. ( लाख में ) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 175368 | वार्ड क्रं.–13 परसदा मार्ग से गौशाला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 35.92 | 03.10.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, कुम्हारी**

---

**कार्यालय नगर पंचायत-नगरी, जिला-धमतरी ( छ.ग. )**
E-mail-cmonagri84@gmail.com

क्रं./675/न.पं/लो.नि.वि./2025-26 नगरी, दिनांक/09/2025

**!! मैन्युअल निविदा आंमत्रण सूचना ( प्रथम ) !!**

नगर पंचायत नगरी, जिला–धमतरी (छ.ग.) को अधोसंरचना मद वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए विधि निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र–A में प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD Building SOR w.e.f. 01.01.2015, PWD Electrical SOR 01.06.2020 से प्रतिशत दर पर व नान एस. ओ.आर. आयटम हेतु आयटम दर पर निविदा प्रपत्र–Bवेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती हैं :–
1. निविदा प्रारूप में पंजीकृत सॉफ से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि– दिनांक 03.10.2025 समय–सायं 03.00 बजे तक।
2. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि –दिनांक 06.10.2025 समय–सायं 04.30 बजे।

| क्रं. | कार्य का नाम | लगत राशि ( लाख में ) SOR | लगत राशि ( लाख में ) NON SOR | एस.ओ.आर | अमानत राशि | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | उद्यान कार्य सहित (दीनदयाल उपाध्याय) सौन्दयीकरण कार्य वार्ड क्र.06 | 5.99 | 2.70 | PWD Building SOR 01.01.2015, PWD Road SOR 01.01.2015 & Electrical SOR 01.06.2020 | 6550.00 | "A" & "B" | 750.00 | 03 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से एवं कार्यालय के सूचना पटल में कार्यालयीन समय मे प्राप्त की जा सकती हैं।
टीप– निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।
निविदा प्रपत्र शुल्क की राशि का डी.डी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम से देय होगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी जिला–धमतरी ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय-नवम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

दावा प्र.क्रं.238/2023 प्रोसेस क्रमांक 2688
पेशी दिनांक 10.10.2025
सुकवारो बाई जौजे ........... आवेदक
विरूद्ध
ओमप्रकाश सोनी ........... अनावेदक
बनाम–ओमप्रकाश सोनी पिता चंद्रकांत सोनी निवासी दुर्गा चौक रातापायली, थाना–डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग.

सुकवारो बाई जौजे ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति राशि रूपये 14, 40, 000/– (रूपये चौदह लाख चालीस हजार रूपये मात्र) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 10.10.2025 को 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 15.10.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें था जिसके साथ ऐसा व्यकि। हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो चाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट– यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 04 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

**( श्रीमती पल्लवी तिवारी )**
**नवम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**मुहर रायपुर ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय-नवम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

दावा प्र.क्रं.257/2023 प्रोसेस क्रमांक 2690
पेशी दिनांक 15.10.2025
सेवेन्द्र कुमार वगैरह ........... आवेदकगण
विरूद्ध
अमन खान वगैरह ........... अनावेदकगण
बनाम–अमन खान, पिता–इकबाल खान, निवासी कुरैशी डेयरी जेगवार शो–रूम के पास सरोरा, थाना–आमानाका रायपुर जिला रायपुर छ.ग.।

सेवेन्द्र कुमार वगैरह ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति राशि रूपये 25,30,000/– (रूपये पच्चीस लाख तीस हजार रूपये मात्र ) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 15.10.2025 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 15.10.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें था जिसके साथ ऐसा व्यकि। हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो चाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट– यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 04 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

**( श्रीमती पल्लवी तिवारी )**
**नवम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**मुहर रायपुर ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय-नवम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

दावा प्र.क्रं.256/2023 प्रोसेस क्रमांक 2689
पेशी दिनांक 15.10.2025
सेवेन्द्र कुमार वगैरह ........... आवेदकगण
विरूद्ध
अमन खान वगैरह ........... अनावेदकगण
बनाम–अमन खान, पिता–इकबाल खान, निवासी कुरैशी डेयरी जेगवार शो–रूम के पास सरोरा, थाना–आमानाका रायपुर जिला रायपुर छ.ग.।

सेवेन्द्र कुमार वगैरह ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति राशि रूपये 17,02,000/– (रूपये सत्रह लाख दो हजार रूपये मात्र ) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 15.10.2025 को 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है।

अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 15.10.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें था जिसके साथ ऐसा व्यकि। हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो चाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट– यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 04 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

**( श्रीमती पल्लवी तिवारी )**
**नवम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**मुहर रायपुर ( छ.ग. )**

---

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम राहुल गुप्ता पिता रमेश गुप्ता (Rahul Gupta) निवासी मकान न. 49क त्रिलोचन गली विजय वार्ड क्रमांक 2 जगदलपुर जिला बस्तर यह शपथ करता हुं की मैंने अपना पुराना नाम राहुल गुप्ता (Rahul Gupta) को त्याग कर नया नाम राहुल कुमार गुप्ता (Rahul Kumar Gupta) पिता रमेश गुप्ता रख लिया हु अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम राहुल कुमार गुप्ता से ही जाना व पहचाना जावे ।

**राहुल कुमार गुप्ता**
**पिता रमेश गुप्ता**
**49क त्रिलोचन गली विजय वार्ड क्रमांक 2**
**जगदलपुर जिला बस्तर**

---

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**जिला दुर्ग छ.ग.**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202509100900013
ब/121 वर्ष 2024–25

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदिका मंजूला सबलोक पति डॉ. अरूण कुमार निवासी विनायक विहार डी डी यू नगर रायपुर द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 37/5 रकबा 0.05 हे. भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अत: आवेदिका मंजूला सबलोक पति डॉ. अरूण कुमार निवासी विनायक विहार डी डी यू नगर न्यायालय तहसीलदार रायपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदिका को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 22.09.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**मुहर पाटन, जिला–दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय-नवम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, रायपुर ( छ.ग. )**

दावा प्र.क्रं.238/2023 प्रोसेस क्रमांक 2688
पेशी दिनांक 10.10.2025
सुकवारो बाई जौजे ........... आवेदक
विरूद्ध
ओमप्रकाश सोनी ........... अनावेदक
बनाम–ओमप्रकाश सोनी पिता चंद्रकांत सोनी निवासी वार्ड–40, सेक्टर–02 सड़क नंबर–16 भिलाई दुर्ग, जिला–दुर्ग छ.ग.

सुकवारो बाई जौजे ने आपके विरूद्ध दावा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत क्षतिपूर्ति राशि रूपये 14, 40, 000/– (रूपये चौदह लाख चालीस हजार रूपये मात्र) की क्षतिपूर्ति हेतु संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 10.10.2025 को 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात या उपस्थित होने के लिये समंस जारी किया जाता है। अत: आपको इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो आप इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे अधिवक्ता द्वारा नियत पेशी दिनांक 15.10.2025 को उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें था जिसके साथ ऐसा व्यकि। हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। अधिकरण में आपकी उपसजाति के लिये जो दिन नियत किया जाता है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो चाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा ।

नोट– यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 04 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया ।

**( श्रीमती पल्लवी तिवारी )**
**नवम अपर मो.दु.दा. अधिकरण**
**मुहर रायपुर ( छ.ग. )**

---

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**जिला दुर्ग छ.ग.**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202509100900012
ब/121वर्ष 2024–25

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदिका सोनाली ठाकुर पति समीर ठाकुर निवासी कबीर नगर रायपुर द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 37/2 रकबा 0.05 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अत: आवेदिका सोनाली ठाकुर पति समीर ठाकुर निवासी कबीर नगर रायपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदिका को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 22.09.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**मुहर पाटन, जिला–दुर्ग ( छ.ग. )**

---

**MICRO & SMALL ENTERPRISES FACILITATION COUNCIL,C.G.**
**(Estd. Under MSMED Act 2006)**
**Directorate of Industries, Chhattisgarh**
**Udyog Bhawan, Ring Road, No. 1,**
**Telebandha, Raipur (CG)**
**Email: facilitation-councilor.gex.in**

Application No. UDY AH16:05/0003857 /1/00005
Ratpur, Dated-2.6. lab/zer
Speed Post

:: NOTICE

Supplier/Applicant:
Mu Pair Play Art Ltd. Black He 364/1 Hehro Mago (w/Bhile, Dung (15- 490020

**V/s**

Buyer/Non-Applicant
11. Blizni Steel Phat Purchase Dependoount spod Bhawen Bhilai ellet - Dung C.6-490001

The applicant has supplied/provided material/services to Non-applicant whereas Non-applicant has not paid the balance amount of Rs. Tibh The applicant has submitted application/reference under section 18(1) of the MSMED Act, 2006 before Micro and Small Enterprises Facilitation Council, Chhattisgarh. The Case is fixed for 25/2/2015 at 11:00 am, Directorate of Industries, Udyog Bhawan, Ring Road No. 01, Telibandha, Raipur (C.G.) for hearing. The Non-applicant is hereby intimated to appear on said date for hearing along with neccesarry documents /reply. If Non-applicant fails to appear before council on said date for hearing, the council may pass ex-parte award/order for which the Non-applicant would be responsible himself.

**Assist. Director of Industries**
**MSEFC**

# महंगी हुई बिजली, कांग्रेस करेगी बड़ा प्रदर्शन: बैज

## बस्तर जाकर सिर्फ ठगने का काम कर रहे साय

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। महंगी बिजली को लेकर कांग्रेस फिर बड़ा प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार महतारी वंदन के नाम पर सिर्फ 1 हजार रुपए दे रही है और बिजली बिल बढ़ाकर महतारी वंदन के बदले जनता से 5 हजार रुपए वसूल रही। जनता की गाढ़ी कमाई लूटी जा रही।



बैज ने कहा, महतारी वंदन का पैसा बिजली बिल और नकली, महंगी शराब बेचकर वसूला जा रहा इसके खिलाफ कांग्रेस फिर से बड़ा आंदोलन करेगी।

धमतरी के अछोटा गांव के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के दीवार पर सामूहिक इस्तीफा पत्र चिपकाया।इस मामले में बैज ने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी से मोहभंग हो गया है। साय सरकार का ढिंढोरा पीटने वाले कार्यकर्ता अब खुद विरोध कर रहे। इससे पहले नारायणपुर में भी विरोध दिखा।भाजपा कार्यकर्ता असंतुष्ट हैं आने वाले समय में भगदड़ मचेगी। उन्होंने कहा,भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को नहीं संभाल पा रही। जो कार्यकर्ता कांग्रेस में आना चाहें उनका स्वागत है।

### 'बस्तर जाकर सिर्फ ठगने का काम कर रहे साय

बस्तर में इन्वेस्टर मीट को लेकर दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री अन्य राज्यों सहित जापान, दक्षिण कोरिया में जाकर कार्यक्रम कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ के लिए कौन सा प्रोजेक्ट, कौन सा एमओयू किया? स्पष्ट नहीं है।रोजगार के लिए कोई ठोस योजना नहीं बताई। अब बस्तर जाकर सिर्फ ठगने का काम कर रहे।बाढ़ पीड़ित आज भी परेशान हैं, 1.20 लाख से उनका क्या होगा? ये तो पीएम आवास का पैसा है, नया कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने 15 साल सत्ता में रहकर बस्तर के लिए क्या किया? मुख्य। मुख्यमंत्री बस्तर में जाकर बड़ा झूठ बोल रहे हैं।

### भाजपा कर रही ओछी राजनीति

श्री बैज ने अपने घर में भाजयुमो कार्यकर्ता के घुसने के मामले में कहा, भाजपा स्पष्ट करे कि वह व्यक्ति अंजान था या साजिश के तहत घर में घुसा? क्या वो घर का वीडियो बनाकर असंवैधानिक गतिविधियों में देना तो नहीं चाहता था? क्या राजनीति में अब रेकी कर ओछी राजनीति करना रह गया है? हम तो ऐसे काम नहीं कराएंगे, सबकी अपनी प्राइवेसी होती है। भाजपा अपने कार्यकर्ता भेजकर ओछी राजनीति कर रही। भाजपा इसे गलत मानती है तो कार्रवाई कराए, हमने थाने में शिकायत की है.

राजनांदगांव में 48 घंटे में तीन हत्याएं हुई है, इस मामले में दीपक बैज ने कहा, घटना की जांच के लिए कांग्रेस जांच दल का गठन कर रही। जांच टीम घटना स्थल का दौरा कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी।

# नेशनल लोक अदालत कल

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 13 सितंबर को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेंडर वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत होगी तथा 13 दिसंबर 2025 को वर्ष की अंतिम लोक अदालत आयोजित की जाएगी।



- आपसी सुलह के जरिए होगा मामलों का निपटारा

लोक अदालत के दिन जिला न्यायालय एवं तालुका न्यायालय (व्यवहार न्यायालय) में लंबित शमनीय अपराध के प्रकरण मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, 138 एनआई एक्ट, के अंतर्गत चेक बाउंस का प्रकरण धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता तथा मेट्रोमोनियल डिस्प्युट के अलावा जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण आबकारी से संबंधित प्रकरण एवं बैंक विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बटवारे का निराकरण किया जाएगा। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है।

नेशनल लोक अदालत के लिए खण्डपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री.लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा. 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री.लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खण्ड पीठ में निराकृत किए जाएंगे।

इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करा सकते हैं। इसके अलावा लोक अदालत में दूरसंचार विभाग, नगर निगम, नगर पालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, याददाश्त के आधार पर बंटवारा, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, कब्जे के आधार पर बंटवारा, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस-2023) के अंतर्गत कार्यवाही के मामले, रेन्ट कंट्रोल एक्ट, सूखाधिकार से संबंधित मामलों के साथ-साथ विक्रय पत्र, दानपत्र और वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण के मामले तथा अन्य प्रकृति के सभी मामले सम्मिलित और चिन्हांकित कर आपसी राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किया जाएगा।

# विस अध्यक्ष रमन सिंह दो दिवसीय बेंगलुरु प्रवास पर

## राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में होंगे शामिल

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 11 से 13 सितम्बर तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र के 11वें सम्मेलन में भाग लेंगे। बेंगलुरु स्थित विधान सौध में आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।




सम्मेलन के दौरान डॉ. रमन सिंह च्विधायी संस्थानों में संवाद और चर्चा – जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यमज्ञ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनके संबोधन में लोकतंत्र की नींव माने जाने वाले संवाद, बहस और सहमति की प्रक्रिया को जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम कैसे बनाया जा सकता है, इस पर विशेष प्रकाश डाला जाएगा।

सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के सभापति, अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी एवं सचिवगण भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन के दौरान सभी प्रतिनिधि संसदीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे, अनुभवों का आदान-प्रदान करेंगे और सर्वोत्तम संसदीय प्रथाओं को साझा करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, डॉ रमन सिंह आज शाम 7 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। और 12 व 13 सितंबर को बेंगलुरु विधानसभा में आयोजित सीपीए की बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद 13 सितंबर की शाम को रायपुर वापस लौटेंगे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। गुरूवार की सुबह महानदी पुल पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मारकर फरार हो गया। इस सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति मौत हो गयी वही एक अन्य घायल हो गया जिसका इलाज मेडिकल कालेज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजेन्द्रपुर जिला झारबंद बरगढ ओडिशा निवासी शिवाजगत पिता दयाराम जगत 35 वर्ष और डोंगरीपाली पिथौरा निवासी दिनेश पिता घासीराम मरकाम 40 वर्ष दोनों बाइक क्रमांक सीजी 04 एम आर 2901 में सवार होकर आरंग की ओर से नदी मोड की ओर आ रहे थे। कि सुबह किसी अज्ञात वाहन ने महानदी पुल पर ठोकर मार दी। दुर्घटना में शिवाजगत की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं दनेश मरकार घायल अवस्था में सडक पर गिर पडा। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँच घायल को 112 की मदद से मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा जहां उसका ईलाज जारी है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर शव को पीम के लिए भेजा।



# कस्टम मिलिंग घोटाला में दीपेन चावड़ा गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने दीपेन चावड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर ई ओ डब्लू को सौंपा गया है।



- अधिकारियों से 20 करोड़रुपए लेने के मिले सबूत
- ईओडब्लू ने 7 दिन की रिमांड पर लिया

सूत्रों के अनुसार, दीपेन चावड़ा जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर का सहयोगी है और वह ई ओ डब्लू में दर्ज अन्य मामलों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक अवैध धनराशि का प्रबंधक रहा है। इस मामले में ई ओ डब्लू ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी साझा की है।

लोकसेवकों की ओर से 20 करोड़ लेने के मिले सबूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्टम मिलिंग घोटाला में दीपेन चावड़ा के द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये लोकसेवकों की ओर से एकत्र करने के साक्ष्य मिले हैं। यह मामला फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के खिलाफ विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) में चालान प्रस्तुत किए जाने के बाद सामने आया था।

इस प्रकरण में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ भी विवेचना जारी है। ई ओ डब्लू की टीम ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद दीपेन चावड़ा से केस से संबंधित कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार और अवैध धन प्रबंधन के खिलाफ कड़ी नीति के तहत की गई है और अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# घोर नक्सल प्रभावित लंका और डूंगा में सक्रिय 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नक्सल उन्मूलन अभियान और अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार और भेदभाव से त्रस्त होकर घोर नक्सल प्रभावित लंका और डूंगा पंचायत में सक्रिय जनताना सरकार सदस्य (सीएनएम अध्यक्ष), पंचायत मिलिसिया डिप्टी कमांडर, पंचायत सरकार सदस्य, पंचायत मिलिसिया सदस्य और न्याय शाखा अध्यक्ष सहित 17 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पण करने वालों में ज्यादातर छोटे ओहदे वाले हैं, लेकिन ये नक्सलवाद को पोषित करने और बनाए रखने के लिए अहम किरदार निभाते हैं ये माओवादी लड़ाकू माओवादी नक्सलियों के लिए राशन और मेडिसन जैसे मूलभूत सामग्री उपलब्ध कराने का काम अवैतनिक तरीके से करते हैं. ये नक्सलियों के हथियार और सामग्रियों का परिवहन करते हैं, यही नहीं आईईडी लगाने, फोर्स मूवमेंट कि सूचना देने और फोर्स की रेकी करने जैसे कार्य प्रमुखता से करते हैं. स्पष्ट शब्दों में कहें तो ये नक्सलियों के लिए स्लीपर सेल की तरह भी काम करते हैं. नारायणपुर पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को अच्छी जिंदगी जीने के लिये 50-50 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया. आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत् मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं दिलाई जाएगी.



- मुख्य धारा में जुड़ने की ली शपथ

### प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से दो जवान हुए घायल

दंतेवाड़ा जिला के मालेवाही थाना क्षेत्र में आज सुबह सातधार पुल से आगे नक्सलियों द्वारा लगाए प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए. स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हें रायपुर एयरलिफ्ट किया जाएगा. जानकारी के अनुसार, आज सुबह सीआरपीएफ 195 वाहिनी की कम्पनी, 195 वाहिनी मुख्यालय से सातधार एवं मालेवाही के मध्य नक्सल विरोधी अभियान अंतर्गत एरिया डोमिनेशन एवं डिमाइनिंग की कार्रवाई के लिए रवाना हुए थे. इसी दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में इंस्पेक्टर दीवान सिंह गुर्जर और आरक्षक आलम मुनेश घायल हो गए।

# आशू स्टोन क्रशर को बंद कराने की मांग को लेकर कोट के ग्रामीणों ने कसडोल में किया चक्का जाम

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत कोट में चल रहे आशू स्टोन क्रशर को बंद कराने की लंबे समय से चल रहे मांग को लेकर ग्राम पंचायत कोट के ग्रामीणों का गुस्सा अन्ततः फूट ही गया और नेशनल हाईवे 130 बी पर पहुंच कर कर्मा माता चौक के पास चक्का जाम कर दिया। जिसके कारण आवागमन पूरी तरह बंद होने से आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



ज्ञात हो समीपस्थ ग्राम पंचायत कोट में पिछले कई वर्षों से आशू स्टोन क्रशर के नाम से पत्थर खदान सहित क्रेशर गिट्टी का मशीन चलाया जा रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत कोट के ग्रामीणों का कहना है कि खदान में पत्थर निकालते निकालते करीब डेढ़ से दो सौ फिट की गहराई तक खुदाई कर दिया गया है। साथ ही लगातार ब्लास्टिंग भी की जाती है जिसके कारण गांव तक के कई घर हिल जाता है और कई घरों के दिवालो में इसके कारण दरारें भी पड़ गई है। खदान की गहराई काफी अधिक होने के कारण खेतों का पानी खदान में खींच जाता है वही हैंडपंप पर भी काफी असर पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत कोट वासियों द्वारा इसी मांग को लेकर पिछले दिनों हुए पंचायत चुनाव का भी बहिष्कार कर दिया गया था और यहां पंच, सरपंच का चुनाव नहीं हो पाया। जिसके बाद भी खदान को बंद नहीं कराया गया बल्कि सुलह कराने कई बार अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत कोट पहुंचकर ग्रामीणों को मनाने कोशिश किया गया। हालांकि इसके बाद भी ग्रामीण लगातार क्रेशर मशीन और खदान को बंद कराने की मांग को लेकर अड़े रहे और लगातार कलेक्टर सहित अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों इसी बात को लेकर कलेक्टर दीपक सोनी से गुहार लगाने बलौदाबाजार गए थे लेकिन सार्थक पहल नहीं किए जाने के कारण चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया और बुधवार को सुबह से नेशनल हाईवे 130 बी में पहुंचकर चक्का जाम कर दिया। विदित हो कि चक्का जाम की जानकारी शासन प्रशासन को पहले से ही थी जिसके कारण काफी संख्या में पुलिस व्यवस्था की गई थी। हालांकि ग्राम पंचायत कोट के ग्रामींण शांति पूर्वक अपनी मांग को लेकर अड़े रहे वही प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाते हुए अंत में क्रेशर मशीन को बंद कर सील लगाया गया तब जाकर देर शाम करीब सात बजे चक्का जाम छोड़े उसके बाद आवागमन शुरू हो पाया।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई, कार के उड़े परखच्चे

**नवापारा राजिम,** 11 सितंबर (देशबंधु)। एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दो युवक घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।



मिली जानकारी के अनुसार, आज शाम करीब 7 बजे नवापारा के मैडम चौक के पास एक तेज रफ्तार रेनॉल्ट कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार सुरेश कुमार डहरिया ने बताया कि वह लोहरसी का रहने वाला है, जो अपनी बहन को छोड़ने नवापारा आया था। शाम को वह अपने गांव लोहरसी लौट रहे थे, तभी मैडम चौक मोड़ के पास चालक नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे डिवाइडर से टकरा गई। घटना के बाद राहगीरों और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में सवार दो युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया।

युवकों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हादसा इतना भीषण था कि कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार का आरम भी टूट गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कार को डिवाइडर से हटाया और उसे सड़क किनारे रख दिया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# निर्धारित तिथि के बाद प्रस्ताव, उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन पर मचा बवाल

- टीचर्स एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक, संयुक्त संचालक व डीईओ के नाम सौंपा ज्ञापन
- गलत चयन को निरस्त कर सही उत्कृष्ट प्राचार्य चयन की मांग

**कवर्धा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य के चयन के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए चयन किए जाने से बवाल मचा हुआ है। इस गलत चयन प्रक्रिया से शिक्षक आक्रोशित नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में छ्ग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश



कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय उपमुख्यमंत्री कार्यालय में उपमुख्यमंत्री एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में छ्ग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के संचालक व संभागीय संयुक्त संचालक दुर्ग के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले में निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्ताव नहीं जमा करने के बाद भी चयनित उत्कृष्ट प्राचार्य का चयन निरस्त कर निर्धारित समयावधि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य हेतु करने की मांग किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पांच मई 2025 को जारी पत्र के द्वारा संभाग स्तर पर दिए जाने वाले उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए 30 मई तक प्रस्ताव मंगाया गया था। तत्पश्चात 12 जून को जारी स्मरण पत्र दो में उत्कृष्ट प्राचार्य का प्रस्ताव देने की तिथि तीस जून 2025 तक बढ़ाया गया। निर्धारित तिथि तक केवल एक प्राचार्य का प्रस्ताव जमा किया गया। तिथि समाप्ति के बाद संयुक्त संचालक कार्यालय के निर्देश के विरुद्ध एक और प्राचार्य का प्रस्ताव जमा करा लिया गया। इस प्रकार डीईओ कार्यालय से दो प्राचार्य का प्रस्ताव संयुक्त संचालक दुर्ग में जमा कर दिया गया। विवाद तब पैदा हुआ जब निर्धारित अंतिम तिथि में प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए नहीं हुआ, बल्कि निर्धारित तिथि समाप्ति के बाद प्रस्ताव जमा करने वाले प्राचार्य का चयन उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए कर लिया गया। इस प्रकार गलत तरीके से उत्कृष्ट प्राचार्य चयन किये जाने से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। जो प्राचार्य निर्धारित समय पर प्रस्ताव जमा नहीं कर सका, उसे प्रशासन उत्कृष्ट प्राचार्य कैसे बना सकता है? उत्कृष्ट प्राचार्य का सम्मान समारोह 12 सितंबर को दुर्ग में आयोजित है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री कार्यालय व जिला शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया गया है, गलत चयन को तत्काल निरस्त कर सही चयन हो सके। ज्ञापन के दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, गोकुल जायसवाल, वकील बैग मिर्ज़ा, सुरतिया साहू, देवानंद चन्द्रवंशी, लक्ष्मण मिरी, उमेश चन्द्रवंशी, हुकमीचंद धुर्वे, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, विवेक तिवारी, विनोद चन्द्रवंशी, रंग लाल बारले, मिलन साहू, उमाशंकर सारंग, जितेंद्र वर्मा, पंकज तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### स्थानीय मुद्दों पर डीईओ को सौंपा पत्र

एसोसिएशन ने शिक्षक संवर्ग के परिवीक्षा अवधि समाप्ति, प्राथमिक प्रधान पाठक पदोन्नति सहित कई स्थानीय समस्याओं पर डीईओ को विस्तार से अवगत कराया है।

**NECC**

| 12.09.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 95 | 187 |
| चिल्हर | 7.00 | 125 | 200 |
| डिलीवरी | 565 सैकड़ा | | |

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

CMYK

उल्टा पुल्टा

एक कंजूस को बिजली का करंट लग गया।
बीवी- आप ठीक तो है ना
कंजूस- फालतू की बात छोड़ मीटर देखकर बता यूनिट कितना बढ़ा।
पति की बात सुनकर दंग रह गई बीवी!

## संपादकीय

### भयरहित हो बच्चों से संवाद

रायपुर जिले के खरोरा में एक छात्रा ने जिस प्रकार से आत्महत्या की है, वह समाज को कई संकेत तथा अभिभावकों को कुछ संदेश देता है जिसे समझा जाना ज़रूरी है ताकि कम उम्र में बच्चों को इस तरह से अपनी ही जीवन ज्योति बुझाने की आवश्यकता न पड़े। विभिन्न कारणों से लोगों द्वारा खुदकुशी करने की घटनाएं होती हैं। इसका कारण निराशा तो है ही, मूल में संवादहीनता होती है। खासकर, बच्चों के साथ पालक एवं अभिभावक जब संवाद नहीं करते तथा उन्हें इतना साहसी नहीं बनाते कि अपने विचार व स्थिति के बारे में वे खुलकर तथा साहसपूर्वक कह सकें, तब तक ऐसी दुर्भाग्यजनक मौतें होती ही रहेंगी।

अध्ययन या नौकरियों अथवा अपना घर बसा लेने के कारण बच्चों को पालकों से अलग रहना पड़ता है। पढ़ने-लिखने के लिये बच्चे किसी अन्य शहर में रहने लगते हैं। चाहे वह पेईंग गेस्ट के रूप में हो या किराये के मकान लेकर, नहीं तो छात्रावासों में। ज्यादातर बच्चे तो अपना फोकस अध्ययन पर पूरी तरह से करते हैं और कोई पेशा अपना लेते हैं, पर कई ऐसे भी होते हैं जो विभिन्न कारणों से सफलतापूर्वक अपना अध्ययन नहीं कर पाते। उनसे कोई गलती भी होती है। छात्रावासों में रहने वाले कुछ बच्चे-छात्र कई बार गलत दिशाओं में चल पड़ते हैं। ऐसा सभी के बारे में नहीं कहा जा रहा है। गलतियां करना इस उम्र में सहज है लेकिन दुखद बात यह होती है कि उसकी जानकारी का माता-पिता तक न पहुंचना। इसकी मुख्य वजह है अभिभावकों की बच्चों के साथ संवादहीनता, बच्चों पर कठोर नियंत्रण या उनसे खौफ में रखना जिसके कारण वे अपनी बात नहीं कह पाते।

बहुत से बच्चे अपनी नाकामियों या गलतियों को छिपाते हैं। मां-बाप की नाराज़गी के भय से बाहर रह रहे बहुत से बच्चे न केवल सत्य को अपने पालकों तक पहुंचने नहीं देते, बल्कि उनसे झूठ भी बोलते हैं। यह न सिर्फ गलत है बल्कि बच्चों के लिये खतरनाक भी। उपरोक्त उल्लिखित छात्रा खरोरा के एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रावास रहकर पढ़ती थी। जब वह अपने घर रायपुर गयी हुई थी तभी उसकी वार्डन का फोन आया जिसके बाद छात्रा ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ अत्यंत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा में बात की गयी थी, जिसके कारण वह व्यथित हो गयी थी। इसके चलते उसने प्राण दे दिये। उसके सहपाठियों के अनुसार किसी अनजान युवक से मिलने के कारण उसे हॉस्टल से निकाल दिया गया था।

सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को खुलकर अपनी बात कहने की आजादी दें। बच्चों को यह भी बताया जाये कि गलतियां स्वाभाविक हैं तथा अपनी नाकामी को उनसे छिपाने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्हें समझाएं कि वे हर गलती स्वीकारेंगे।

# कृत्रिम पैर मिलने से दिव्यांगों को मिली जीने की नई राह

## छात्रा पुलम सहित कलावती, देवा और प्रभु को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में मिले जयपुर कृत्रिम पैर

**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शासन की एक छोटी सी मदद से दिव्यांगों के जीने की राह आसान हो गई है। इससे दैनिक कार्यों के संपादन में उन्हें बड़ी सहूलियत हो सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर प्रवास के दौरान ऐसे ही दिव्यांगजनों से मिलकर उनका दर्द साझा किया। समाज कल्याण विभाग और श्री महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आड़ावाल में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय ने दिव्यांगों को जयपुर कृत्रिम पैर एवं हाथ, ट्रायसिकल और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम साडगुड़ से कक्षा 6वीं की छात्रा कु. पुलम बघेल जो पैर से दिव्यांग है, को जयपुर कृत्रिम पैर वितरित किया गया। कु. पुलम के पिता श्रीधर बघेल ने बताया कि 5 साल की आयु में बेटी का बायां पैर साइकल में फंस जाने के कारण उसमें सेप्टिक हो गया। यहां तक कि बच्ची का पैर कटवाना पड़ गया। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री के समक्ष कृत्रिम पैर मिलने से बिटिया का जीवन आसान हो जाएगा। कृत्रिम पैर मिलने से उसे चलने फिरने, कहीं आने जाने में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही वह खुद से अपने कामों को निष्पादित करने में सक्षम होगी। इसी तरह



तोकापाल ब्लॉक के ग्राम कुरेंगा से आई 23 वर्षीया कु. कलावती मंडावी ने बताया कि जब वह कक्षा आठवीं में अध्ययनरत थीं, तभी उनका बायां पैर करेंट की चपेट में आ गया था और इस घटना से उन्हें अपना पैर खोना पड़ा। मजदूरी करके जीवन चलाने वाली मां देवती बाई के लिए यह दोहरी मार थी। आज कलावती से मिलकर मुख्यमंत्री ने चर्चा की तथा हालचाल जाना। दिव्यांग कलावती ने बताया कि कृत्रिम पैर मिलने से अब उनका जीवन बेहद सुगम और सुविधापूर्ण हो जाएगा।

यहां पहुंचे राजू नाग के 07 वर्षीय बेटे देवा को भी समाज कल्याण विभाग और समिति के द्वारा कृत्रिम पैर प्रदान किया गया। श्री राजू ने बताया कि जब उनकी पत्नी गर्भवती थी तो शारीरिक कमजोरी के चलते सात माह में ही देवा का जन्म हो गया। इसके चलते वह पैदाइशी दिव्यांग हो गया। उन्होंने बताया कि देवा को कृत्रिम पैर मिलने से उसका रोजाना का क्रियाकलाप काफी आसान हो जाएगा। इसी तरह प्रभु सहाय, सुशील कश्यप, अर्खित रॉय ने भी अलग अलग दुर्घटनाओं में अपने हाथ और पैर खो दिए थे, जिन्हें आज मुख्यमंत्री की उपस्थिति में निःशुल्क कृत्रिम पैर और हाथ प्रदान किए गए। इन सभी के जीवन में उम्मीद की नई किरण आलोकित हुई है।

# मुख्यमंत्री साय ग्राम आड़ावाल पहुंच दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए



**जगदलपुर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गुरुवार को बस्तर जिला प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय से लगे ग्राम आडावाल पहुंचे, जहां पर उन्होंने दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज कल्याण विभाग और बीएमव्हीएसएस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सम्पर्क फाउंडेशन द्वारा जिले में संपर्क स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त एनजीओ के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार संबंधी कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने दिव्यांगजनों को जयपुर कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदाय किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बालक देवा नाग, दिव्यांग युवती कु. कलावती मंडावी, सुशील कश्यप और भारत मंडावी से भेंट कर उनसे हालचाल जाना। इसके उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने 06 दिव्यांगों को सांकेतिक रूप से ट्रायसिकल वितरित की। इसके बाद सम्पर्क फाउंडेशन के 06 वॉलेंटियर्स को शिक्षा किट मुख्यमंत्री के द्वारा वितरित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरणदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# एनएचएम कर्मचारी मनोकामना रैली में पहुंचे सुकमा के प्रसिद्ध रामाराम मंदिर



**सुकमा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी-कर्मचारी नियमितीकरण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में हैं। आज सुकमा एनएचएम संघ ने सरकार को वादा याद दिलाने एवं संघ के मनोकामना पूरा करने हेतु सुकमा बस स्टैंड स्थित काली मंदिर में चुनरी चढ़ाया पश्चात रामाराम स्थित प्रसिद्ध चिटमिटीन देवी मंदिर में मनोकामना रैली के माध्यम से पहुंचे। और मातारानी से शासन को अपनी मांगे पूरा करने हेतु पूजा अर्चना किये और आशीर्वाद लिया। धरना प्रदर्शन में नवीन पाठक ,डॉ. प्रदीप पटेल, जय नारायण सिंह ,डॉ रंजना पटेल ,बसंती, हिमानी सरकार ,डॉ विजय ,राजेन्द्र पांडेय,जितेंद्र नामदेव हिमांशु जायसवाल ,सरफराज नवाज ,शाश्वत सिंग,मंजीता लकड़ा ,मनीषा नेताम ,भारती नेताम , हर्षा नागवंशी सहित बड़ी संख्या में कोंटा, छिंदगढ़ और सुकमा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ ने कहा सरकार ने सत्ता में आने से पहले मोदी की गारंटी में 100 दिन में एनएचएम नियमितिकरण के लिये कमेटी बनाने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद 20 माह में हमने 160 ज्ञापन दिया। फिर दो दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया और अब हड़ताल को 25 दिन हो गये हैं और मंत्री जी अब कमेटी बनाने का आश्वासन दे रहे।

# राष्ट्रीय स्तर पर लहराया जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा ने परचम



**खिलाड़ियों ने दिलाई सुकमा जिले को नई पहचान**

**सुकमा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा-2 के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर सुकमा जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा रीना मारकाम ने राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त कर इतिहास रच दिया, वहीं नीशीता ने भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग सिल्वर मेडल लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालिका क्रिकेट टीम की खिलाड़ी रीन्की मुचाकी और सावित्री माडकाम ने अपने बेहतरीन खेल कौशल से राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए नेशनल लेवल में भाग लिया। वॉलीबॉल में एर्रा नाग, जगरनाथ नाग, अनस मोहम्मद और जीगनेश नाग ने टीम भावना और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। बालक क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मानगाराज दीरदो और ईश्वर कवासी ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से टीम को कई मौकों पर मजबूती प्रदान की। इन उपलब्धियों पर विद्यालय के प्राचार्य बलराम जाटव ने सभी खिलाड़ियों, उनकी टीम और पीटीआई को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय मंच पर जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। विद्यालय की पीटीआई रजिया मोहम्मद और जितेंद्र राय का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह मुकाम हासिल किया। दोनों प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, तकनीकी प्रशिक्षण और मानसिक दृढ़ता प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म में शामिल होंगे गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय : सांसद महेश

**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छह सौ से अधिक वर्षों से मनाया जा रहा विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा इस वर्ष और अधिक भव्य स्वरूप में आयोजित होने जा रहा है। राजधानी रायपुर में बस्तर दशहरा समिति द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी महापौर रामू रोहरा को विशेष आमंत्रण प्रदान किया गया। इस अवसर पर आमंत्रित सभी गणमान्यजनों ने बस्तर दशहरा समिति का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं।

निमंत्रण कार्यक्रम के पश्चात उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, बस्तर सांसद महेश कश्यप, पश्चिम बंगाल के विधायक सुशांत घोष तथा छत्तीसगढ़ सर्व बंगाली समाज के 250 से अधिक सदस्यों ने एक साथ बंगाल फाइल फिल्म का आनंद भी लिया। इस दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर मीडिया से संवाद करते हुए समस्त पत्रकार बंधुओं को इस ऐतिहासिक और भव्य आयोजन में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि बस्तर दशहरा छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक एकता का अद्वितीय प्रतीक है। यह भारत का सबसे अनूठा और लंबा चलने वाला धार्मिक पर्व है, जो पूरे 75 दिनों तक श्रद्धा, परंपरा और सांस्कृतिक विविधता के साथ मनाया जाता है। बस्तर दशहरा रावण वध पर आधारित न होकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की भक्ति और आदिवासी परंपराओं पर केंद्रित है। देवी की आराधना, विशाल रथ यात्रा, तांत्रिक अनुष्ठान और जनभागीदारी से जुड़ा यह पर्व बस्तर की संस्कृति, आस्था और आत्मा को जीवंत स्वरूप प्रदान करता है। यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और जनजातीय विरासत का उत्सव है, जिसने बस्तर को पूरे देश में विशिष्ट पहचान दिलाई है। सांसद कश्यप ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस वर्ष बस्तर दशहरा के मुरिया दरबार रस्म में देश के गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कैबिनेट मंत्री, सांसद एवं विधायकगण सम्मिलित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ समय पूर्व बस्तर दशहरा समिति द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी विशेष रूप से आमंत्रण प्रदान किया गया है। आमंत्रण देने वालों में बस्तर दशहरा समिति उपाध्यक्ष बलराम मांझी, चालकी एवं अन्य समिति सदस्य, उपस्थिति थे।



**राजधानी में बस्तर दशहरा समिति ने दिया निमंत्रण**

# भूमकाल सेनानी के गांव की सड़क अब भी अधूरी, ग्रामीणों का आक्रोश फूटा सड़क पर



**सुकमा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले का एलेंगनार गांव एक बार फिर अपनी बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा में है। गुरुवार को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर झीरम गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपने अधिकार की मांग को लेकर सड़क पर बैठे रहे। इस दौरान प्रशासन ने स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया। आखिरकार प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर राष्ट्रीय राजमार्ग को खोल दिया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक सड़क निर्माण की वास्तविक शुरुआत नहीं होगी, तब तक उनका आंदोलन समय-समय पर जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि एलेंगनार गांव, जो भूमकाल विद्रोह सेनानी डेबरी धुर का पैतृक गांव है, आज भी सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। बरसात के दिनों में गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। बीमार पड़ने पर एम्बुलेंस तक गांव तक नहीं पहुंच पाती। च्व्हमारे बच्चों की पढ़ाई और बीमारों का इलाज दोनों ही सड़क के अभाव में प्रभावित हैं। बरसात में गर्भवती महिलाओं तक को चारपाई पर उठाकर कई किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ता है,ज्ज्एक ग्रामीण ने आक्रोश व्यक्त किया।

**अधूरे वादों की कहानी:** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने बताया कि वर्ष 2022 में एनएच-30 से एलेंगनार तक सड़क बनाने की स्वीकृति मिली थी और कांग्रेस सरकार में कोंटा विधायक कवासी लखमा ने स्वयं इसका भूमिपूजन किया था। लेकिन >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री का जगदलपुर एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज जगदलपुर में मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर आत्मीय स्वागत किया गया। वे उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इन्वेस्टर कनेक्टर और दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद महेश कश्यप, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, सचिव राहुल भगत भी पहुंचे हैं। ?हवाई अड्डे पर जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय, पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों का स्वागत किया।

**संघर्ष से सफलता तक**

# सुकमा की सुशीला बनीं प्रेरणा की मिसाल पेट्रोल पंप से नगर सेना तक का सफर



- **कभी हार नहीं मानी, आप सब भी कुछ कर सकते हैं : सुशीला**
- **सक्षम कोचिंग में नगर सेना की परीक्षा की तैयारी**

**सुकमा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। च्व्लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती,कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होतीज्ज कवि हरिवंश राय की यह पंक्ति महज़ कविता नहीं, बल्कि हकीकत बन गई है सुकमा जिले की 35 वर्षीय सुशीला, जो कभी पेट्रोल पंप पर काम करती थीं, आज नगर सेना में शामिल होकर हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने सुशीला को शुभकामनाएं दी। गांधी नगर, सुकमा की निवासी सुशीला का सफर आसान नहीं था। वर्ष 2006 में दसवीं कक्षा में सप्लीमेंट्री आने के कारण उनकी पढ़ाई रुक गई। कई लोगों के लिए यही रुकावट अंत बन जाती है, लेकिन सुशील के लिए यह एक नई शुरुआत थी। उन्होंने हार नहीं मानी और स्वाध्याय (प्राइवेट) माध्यम से पढ़ाई जारी रखी, यहाँ तक कि डबल स्नातकोत्तर की डिग्री भी हासिल की।

**पेट्रोल पंप से परीक्षा की तैयारी तक:** सुशीला ने 2016 से 2025 तक, यानी करीब 7 साल तक पेट्रोल पंप पर और कुछ साल प्राइवेट जॉब की। उन्होंने बताया कि काम में कभी कभी रात में भी ड्यूटी करनी पड़ती थी, इस तरह लगभग 9 वर्षों तक संघर्ष किया। इसी दौरान सुशीला हार नहीं मानी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती रही, उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित च्व्सक्षम कोचिंगज्ज में नगर सेना की परीक्षा की तैयारी शुरू की। उन्होंने दिनभर की मेहनत के बाद पढ़ाई करना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने कभी थकने की शिकायत नहीं की। उनका कहना है कि पारिवारिक समस्याओं के साथ रोज थक तो जाती थी, लेकिन हौसला नहीं टूटा। खुद पर भरोसा था, और अपनी बेटी के लिए कुछ बनना था।

**बेटी के लिए बनीं रोल मॉडल:** सुशीला की 10 वर्षीय बेटी जानवी भी है, जो वर्तमान में कक्षा 6 वीं की छात्रा है। सुशीला कहती हैं शादी के कुछ समय बाद उनका तलाक हो गया, अब वहां अपनी माता के साथ रहती है, इस दौरान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से दूर हुआ अंधेरा

## आत्म निर्भर भारत की दिशा में बड़ी क्रांति सौर ऊर्जा

- **मुफ्त बिजली योजना से बदली जिंदगी,घरों में पहुंच रही है सौर ऊर्जा की रोशनी**



**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अब आम जन जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार कर रही है। यह योजना केवल बिजली बिलों से राहत देने तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी ऐतिहासिक कदम साबित हो रही है। इस क्रम में दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल बंगाली पारा निवासी ईश्वर राव की कहानी इसकी सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। कुछ समय पहले तक उन्हें हर महीने बिजली बिल चुकाने के लिए हजारों रुपये खर्च करना पड़ता था। अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर की छत पर साढ़े पांच किलोवाट का सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित करने के बाद उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। आज वे न केवल अपनी जरूरत की बिजली खुद पैदा कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर आमदनी भी अर्जित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में ईश्वर राव का कहना है, यह योजना हमारे लिए वरदान साबित हुई है। अब हम बिजली बिल की चिंता से मुक्त हैं और साथ ही पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान दे रहे हैं। सौर ऊर्जा वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ी क्रांति है। ज्ञात हो कि जिले में अब इस योजना से जुड़ कर और भी हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। दंतेवाड़ा की छतों पर चमकते सोलर पैनल आज हरित ऊर्जा और विकास की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में जहां पहले बिजली बिल बोझ बनकर सामने आता था, वहीं अब सौर ऊर्जा लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने दंतेवाड़ा जैसे संसाधन सीमित और दूरस्थ जिले में भी उम्मीद की नई किरण जगाई है। यह पहल न केवल आर्थिक बचत का माध्यम है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन घटाने और पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त जरिया बन चुकी है। हर घर की छत पर लगते सौर पैनल अब इस बात के गवाह हैं कि भारत हरित ऊर्जा क्रांति की ओर मजबूती से कदम बढ़ा चुका है। आने वाले समय में जब यह योजना और व्यापक होगी, तब आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर और भी उज्ज्वल होगी। गौरतलब है कि जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा उदार सब्सिडी प्रदान की जा रही है। एक किलोवॉट के प्लांट पर 45 हजार रुपये, दो किलोवॉट पर 90 हजार रुपये और तीन किलोवॉट पर 1 लाख 8 हजार रुपये की मदद दी जा रही है। इसके अतिरिक्त बड़े प्लांट के लिए भी सब्सिडी उपलब्ध है। साथ ही बैंकों से आसान ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है और नागरिक मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप या टोल फ्री नंबर 1912 के माध्यम से आसानी से जुड़ सकते हैं।

# वोट चोरी शब्द ही कांग्रेस की वैचारिक दरिद्रता का प्रमाण- राहुल

- **भाजपा मीडिया प्रभारी ने वोट चोरी शब्द को बताया असंसदीय भाषा का प्रतीक**
- **लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस**

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने कांग्रेस द्वारा लगातार वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं-न-कहीं असंसदीय भाषा से होता है। श्री असरानी ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है। कांग्रेस ऐसे वोट चोरी शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष को हमेशा सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में विपक्ष हमेशा विध्वंस, हिंसा और अराजकता की नकारात्मक भूमिका में ही है। इसलिए कांग्रेस व उसके नेताओं की प्रतिष्ठा लगातार कम होती जा रही है।



हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाषा की गरिमा सदैव सर्वोच्च रही है, लेकिन कांग्रेस हमेशा भाषा की गरिमा को ताक पर रखकर राजनीति करती आ रही है। राहुल ने आगे कहा कि समाज में झूठे नैरेटिव को गढ़ने का टेंडर कांग्रेस ने ले रखा है। लगातार वोट चोरी जैसे कथित शब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए भाषा की गरिमा और मजबूत संसदीय व्यवस्था को ध्यान में रख कर कांग्रेस को शब्दों का चयन करना चाहिए। वोट चोरी शब्द पूरी तरह असंसदीय है और दुनिया के किसी शब्दकोष में यह शब्द नहीं है। पर कांग्रेस का पूरा राजनीतिक इतिहास असंसदीय भाषा व आचरण से भरा पड़ा है। दरअसल वैचारिक दरिद्रता के चलते कांग्रेस अराजक व असंसदीय वामपंथी भाषा और विचारों पर पल रही है और यही अब कांग्रेस की नियति हो चली है। कांग्रेस अपनी हार की जिम्मेदारी लेने से बचने हेतु कभी ईव्हीएम पर सवाल खड़ी करती है। अब आगामी चुनावो में अपनी हार सुनिश्चित देख कर वोट चोरी का नेरेटिव चला कर फिर हार की जिम्मेदारी से भागने का प्रयास कर रही है।

# युवक ने की बाजार में आत्म हत्या की कोशिश गला रेता और खून से लथपथ गिर पड़ा

- **प्राथमिक उपचार के बाद जगदलपुर रिफर**



**दंतेवाड़ा**, 10 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा साप्ताहिक बाजार में आज एक युवक ने गला रेत कर आत्म हत्या की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया और उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर कर दिया। साप्ताहिक बाजार में आज दोपहर दो बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक ने खुद का गला रेत डाला और खून से लथपथ होकर नीचे गिर गया। आत्म हत्या की कोशिश करने वाले इस युवक का नाम सुनील राणा (27 वर्ष) बताया गया है। कोतवाली टीआई धनंजय सिन्हा ने बताया कि सुनील मूलतः आसना का रहने वाला है। वह बिंजाम में रहने लगा और अभी कुछ दिनों से चितालंका में अपने परिजनों के साथ रहता था। परिजनों के मुताबिक उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। इससे पूर्व भी वह आत्म हत्या की कोशिश कर चुका है। अभी हाल ही में आयी बाढ़ में उसे काफी नुकसान भी हुआ है। बहरहाल युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जगदलपुर रिफर किया गया है।

# बस स्टैण्ड में शौचालय के लिए होगा उग्र आंदोलन- छविन्द्र

- **कांग्रेस नेता ने पालिका प्रशासन को चेताया**
- **पालिका अध्यक्ष का घर बस स्टैण्ड के सामने, फिर भी अंजान**
- **शौच के लिए दिन भर भटक रहे सैकड़ो यात्री**

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा बस स्टैण्ड में शौचालय नहीं होने के कारण यात्री शौच के लिए भटकते नजर आ रहे हैं। नगर पालिका की तरफ से वैकल्पिक व्यवस्था की गई है पर सफाई नहीं होने के कारण वह भी बंद पड़ी है। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता छविन्द्र कर्मा ने शासन-प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि लगता है, अब आंदोलन के बाद ही यात्रियों के लिए शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। छविन्द्र ने बताया कि रोजाना दंतेवाड़ा से हजारों की संख्या में यात्री सफर करते हैं, पर उनके शौच के लिए प्रशासन की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं गई है। महिलाएं, बच्चे बस स्टैण्ड में शौच के लिए भटक रहे हैं, उनकी समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। छविन्द्र ने बताया कि कुछ समय पहले पालिका की तरफ से वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी जो सफाई के अभाव में बंद हो चुकी है। नगर पालिका अध्यक्ष का घर बस स्टैण्ड के ठीक सामने है पर उन्हें महिलाओं एवं बच्चों की समस्या नहीं दिख रही है।



करीब एक साल होने को आया पर सुस्त कार्यप्रणाली के चलते अभी तक एक शौचालय का निर्माण भी प्रशासन नहीं करा पाया। श्री कर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से बात कर उन्हें चेताया है कि अगर जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण पूरा नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन के लिए तैयार रहे। बस स्टैण्ड जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर नगर पालिका प्रशासन शौचालय का व्यवस्था नहीं कर सकता तो आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि दंतेवाड़ा शहर में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का क्या हाल होगा।

# धाकड़ समाज ने की बाढ़ पीड़ितों की सहायता राहत के लिए सौंपी 40 हजार की राशि

- **संभागीय इकाई के पदाधिकारियों ने पीड़ितों से की मुलाकात**
- **बालपेट इलाके का दौरा कर जाना हालचाल**



**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में आई विनाशकारी बाढ़ में बेघर हुए परिवारों की मदद के लिए बस्तर धाकड़, क्षत्रिय, राजपूत समाज आगे आया है। संभाग मुख्यालय से जगदलपुर से सरंक्षक के निर्देशानुसार संभागीय इकाई की टीम ने दंतेवाड़ा के बाढ़ प्रभावित बालपेट इलाके का दौरा कर प्रभावितों का हाल- चाल जाना।

इसके साथ ही बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए जुटाई गई 40 हजार रुपये सहायता राशि समाज के जिला इकाई के पदाधिकारियों को सौंपी। इस दल में संभागीय अध्यक्ष योगेश ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष जिला बस्तर मुरली सिंह ठाकुर, संभागीय कार्यकारिणी से एमडी राठौर, देवेंद्र राठौर, युवा अध्यक्ष विक्रम ठाकुर, रूद्र प्रताप ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मंजू ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ गायत्री ठाकुर के अलावा लम्बोदर ठाकुर, संजीव ठाकुर, सुकमा से युवराज ठाकुर शामिल थे।

दल ने ग्राम बालपेट के बाढ़ पीड़ित परिवार के सदस्यों से राहत शिविर भैरम बंद दंतेवाड़ा मे आकर मुलाकात की। समाज के दंतेवाड़ा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, उपाध्यक्ष महादेव ठाकुर, युवा अध्यक्ष नीलम ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुखराम नाग ने संभागीय टीम के साथ दौरा किया। साथ ही इस मदद के लिए संभागीय इकाई का आभार माना। इसके एक दिन पूर्व समाज की कोंडागांव जिला इकाई टीम ने भी दंतेवाड़ा पहुंचकर प्रभावितों से मुलाकात कर सहायता राशि प्रदान किया था। इसके साथ-साथ आंदोलन रत एनएचएम के स्वास्थ्य कर्मचारियों के हड़ताल पंडाल मे जाकर समाज की ओर से जिला एवं संभाग स्तर से समर्थन पत्र सौंपा गया।

# प्रेशर बम की चपेट में आकर दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के बारसूर इलाके में मालेवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सर्चिंग पर निकले सीआरपीएफ के जवान प्रेशर बम की चपेट में आ गए। दो घायल जवानों को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर भेजा गया। आज सुबह सीआरपीएफ 195वीं बटालियन के जवान सातधार और मालेवाही के बीच एरिया डोमिनेशन तथा डिमाईनिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान सुबह साढ़े 10 बजे सातधार पुल से 8 सौ मीटर आगे नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से दो जवान इंस्पेक्टर दीवान सिंह गुर्जर और आरक्षक आलम मुनेश घायल हो गए। इन घायल जवानों को एयर लिफ्ट कर रायपुर उच्च सेंटर रिफर किया गया।

# नवनिर्वाचित सरपंचों को दी गई योजनाओं की जानकारी

- **प्रशिक्षण में पंचायती राज के फायदे बताए गए**

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केंद्र में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य नव निर्वाचित सरपंचों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों तथा विकास योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान नवनियुक्त सरपंचों को पंचायती राज अधिनियम, पेसा कानून, छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत अनिवार्य, वैकल्पिक कर तथा शुल्क, आदि शासन की प्रमुख योजनाओं, जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंचों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत विभाग, जिला अंकेक्षक, सहा.आंत. लेखा परी. एवं करारोपण, जिला संकाय सदस्य एवं नीति आयोग के सहयोगी पीरामल फाउंडेशन दंतेवाड़ा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद वन कर्मी हमारें गौरव और प्रेरणा- डॉ. जाधव

- **शहीद वन कर्मियों की स्मृति में पौधरोपण**
- **राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर पावन स्मरण**
- **हरियाली के रूप में सदैव जीवित रहेंगी यादें**



**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त वन अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्यालयीन स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए वीरगति को प्राप्त शहीद वनकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। हर वर्ष 11 सितम्बर को मनाया जाने वाला यह दिवस इन वन कर्मियों की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने वनों और प्राकृतिक संपदा की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस क्रम में दंतेवाड़ा वन मंडल के शहीद वनकर्मी स्व. रामेश्वर पांडे (वनरक्षक, 1993), स्व. हरिबंदु (वनपाल, 1993), स्व. जगदीशचंद्र मरकाम (वनरक्षक, 2010), स्व. व्ही.पी. शास्त्री (वनपाल, 2014), स्व. अंगलपल्ली पांडू (वनपाल, 2014) तथा स्व. रथराम पटेल (वनक्षेत्रपाल, 2020) को स्मरण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शहीदों की स्मृति को जीवित रखने और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को आगे बढ़ाने के प्रतीक के रूप में एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि वनमंडलाधिकारी दंतेवाड़ा डॉ. सागर जाधव ने अपने संबोधन में कहा वन विभाग के शहीद हमारे लिए गौरव और प्रेरणा हैं। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए बलिदान दिया। वृक्षारोपण केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि यह संकल्प है कि उनकी यादें हरियाली के रूप में सदैव जीवित रहेंगी। इस अवसर पर उप वनमंडलाधिकारी गीदम व्ही.एन. नाग, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष राजेश कर्मा एवं विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में नागरिकों से अपील की गई कि वे भी पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर शहीदों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनें।

# रंगोली के जरिये छत्तीसगढ़ की संस्कृति का अंकन

- **आईटीआई गीदम में रंगोली प्रतियोगिता**
- **छात्रों ने दिया अपनी सृजनशीलता का परिचय**

**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा आईटीआई गीदम में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास, विकास एवं संस्कृति रखा गया। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध परंपराओं और विकास यात्रा को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। प्रतियोगिता में स्टेनो व्यवसाय के प्रतिभागी अमित, पायल, यामिनी, हितेश्वरी, कामेश्वर और वीरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्युतकार व्यवसाय की टीम विनीता, गायत्री, अंजली, पूजा भास्कर, कु. मंगलो और राजकुमार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान पर कोपा व्यवसाय के प्रतिभागी रेनुराम पुजारी, खुशी तामो, नैना बेड़ता, करतम भीमा, पूर्णिमा और अनीता ताती रहे।



आयोजन के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली संस्कृति और इतिहास को भी रंगों के माध्यम से सजीव कर दिया। इस अवसर पर निर्णायकों ने प्रतिभागियों के उत्साह और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ युवाओं को अपनी परंपरा से जोड़ने और रचनात्मकता को निखारने में सहायक सिद्ध होती हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुकमा में आकाशीय बिजली....

वहीं, सुरक्षा बलों ने जवान की हिम्मत और ड्यूटी के प्रति समर्पण की सराहना की है। यह घटना एक बार फिर बताती है कि जवान न केवल नक्सलियों से लड़ रहे हैं, बल्कि प्रकृति की चुनौतियों का भी डटकर सामना कर रहे हैं।

### बस्तर दशहरा: बारसी उतारनी...

रथ की परिक्रमा होगी। यह रस्म पाट जात्रा और डेरी गढ़ाई जैसी शुरुआती रस्मों के बाद संपन्न हुई, जो रथ निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रतीक है। बस्तर दशहरा, जो अपनी सांस्कृतिक और आदिवासी परंपराओं के लिए जाना जाता है, न केवल स्थानीय लोगों बल्कि देश-विदेश के पर्यटकों को भी आकर्षित करता है। बारसी उतारनी के सफल समापन के साथ ही अब त्योहार के अगले चरणों की तैयारियां जोरों पर हैं।

### विकसित छत्तीसगढ़ 2047...

पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार डोंगरे, डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. अभिषेक अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जिला प्रशासन की सक्षम...

उपलब्ध कराई गई है, ताकि छात्र अध्ययन में आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर सकें और अपनी तैयारी को और सशक्त बना सकें। चयनित छात्राओं ने जब कलेक्टर से भेंट की, तो उन्होंने सभी चयनित छात्राओं को सफलता पर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कलेक्टर ने कहा कि सक्षम कोचिंग जैसी पहल से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। यह प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए।

# गीदम डेयरी में गौवंशीय पशुओं का त्वरित उपचार

- **रायपुर से पहुंची थी विशेषज्ञों की टीम**
- **संक्रामक रोगों के संबंध में पशु पालकों को दी जानकारी**
- **दो गायों में खुरहा-चपका का संक्रमण**



**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के गीदम विकासखण्ड में स्थित रमाकांत शुक्ला डेयरी में बीमारी से पशुओं में अत्यधिक बुखार की सूचना जिला पशुधन विकास विभाग को दी गई थी। इसके उपरांत पशुओं का नियमित इलाज विभागीय डॉक्टर एवं गठित दल द्वारा निरंतर उपचार किया गया। साथ ही जिला पशु रोग अन्वेषण केन्द्र दंतेवाड़ा द्वारा सैम्पल एकत्रित कर लैब में जांच की गई, जिसमें कुछ पशुओं में रक्त की कमी मलेरिया व बबेसिया बीमारी ज्ञात हुआ। इस संबंध में पशुधन विकास विभाग द्वारा उच्च स्तरीय जांच हेतु सैम्पल राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र को प्रेषित किया गया। प्राप्त रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि 2 गाय में एफ.एम.डी (खुरहा-चपका) सीरो टाईप ओ पॉजिटिव पाया गया। इस हेतु लाईव स्टॉक ऑफिस डॉ सुशीन सिंह, डीएएचडी-जीओआई, सीनियर साइंटिस्ट आईसीएआर डॉ. राहुल सिंह आर्य, भुवनेश्वर, अतिरिक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं रायपुर, डॉ. के.के ध्रुव, उप संचालक राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र डॉ. ए.के. ताप्सी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ राज्य पशु रोग अन्वेषण केन्द्र रायपुर मेजर नलिन शर्मा द्वारा गीदम स्थित डेयरी एवं अन्य ग्रामों में भ्रमण कर सैम्पल एकत्रित कर पशुपालकों को एफ.एम.डी संक्रमण रोग के संबंध में जागरूक एवं पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम एफ.एम.डी टीकाकरण अभियान का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहन दिया गया। इस दौरान गौ पालकों संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा को भी पशुओं में टीकाकरण हेतु कहा गया। इस मौके पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. श्यामा मालवीय, जिला पशु रोग अन्वेषण केन्द्र एवं पशु चिकित्सा दल उपस्थित रहें।

# कला उत्सव में किरन्दुल का बेहतर प्रदर्शन

- **बी.आई.ओ.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का राज्य के लिए चयन**
- **मनमोहक कला से जीता सबका मन**



**दंतेवाड़ा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिले के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने, उसे मंच प्रदान करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में कला उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल दंतेवाड़ा में किया गया। इस अवसर पर जिले की 16 शालाओं से छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी विविध कलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में संगीत, गायन और वादन, नृत्य, नाटक, दृश्य कला द्विआयामी एवं त्रि-आयामी, साथ ही पारंपरिक कहानी वाचन जैसी विधाओं का प्रदर्शन किया गया। मालूम हो कि सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस दौरान बी.आई.ओ.पी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किरंदुल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दृश्यकला त्रि-आयामी, एकल और समूह नाटक, एकल और समूह नृत्य, एकल और समूह गायन, एकल और समूह वादन तथा पारंपरिक कहानी वाचन जैसी सभी प्रमुख विधाओं में राज्य स्तर के लिए अपना स्थान बनाया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस. के. अम्बस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरिश गौतम और सहायक परियोजना अधिकारी केशव सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# जीएसटी में किए सुधारों को लेकर लता उसेंडी ने किया प्रेसवार्ता को संबोधित

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके, रेट को कम करके करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम जनों के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे।

सुश्री उसेंडी ने आगे कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएँ, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटो मोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिए, होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा। यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा




और किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। इसके अलावा अपवाद के रूप में जहां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर आरोपित किया गया है, वहीं बीड़ी को 18 प्रतिशत के स्लैब में ही रखा गया है। इससे भविष्य में तेंदू पत्ता संग्राहकों को काफी लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदू पत्ता जैसे लघु वन्य उत्पादों की मांग अधिक बढ़ेगी, इससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा।

मनोज जैन ने कहा- छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है, लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार कि इसका अमेरिकन टैरिफ से कोई सम्बंध है, निहायत ही बचकाना और झूठ है। इस सुधार की शुरुआत आज से डेढ़ वर्ष पहले ही हो गई थी। जीएसटी दर में कमी से जनता की जेब में पैसा जाएगा, खरीदी क्षमता बढ़ेगी, देश विकसित होने की दिशा में बढ़ेगा।

जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम ने कहा-प्रधान मंत्री के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वह राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। कोई भी फैसला होता है, तो उसमें टैक्स का बेस बढ़ता है। टैक्स का पैसा या तो सरकार की जेब में जाता है या फिर जनता की जेब में जाता है। अब सरकार अपने जेब में न लेकर जीएसटी में बदलाव करके जनता की जेब में पैसा डाल रही है। जनता की जेब में पैसा जाने से उनकी खरीदी करने की क्षमता बढ़ती है। जीएसटी को राहुल गांधी कभी गब्बर सिंह टैक्स बताते थे, गब्बर सिंह टैक्स प्रणाली तो वह थी, जिसे कांग्रेस ने कभी सुधारने की कोशिश नहीं की। पहले टैक्स पर टैक्स लगता था, जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। यह प्रणाली जब आज अच्छी हो गई तो इसको दूसरे रूप में रिफार्म करने का काम किया गया है। कोई भी टैक्स देने वाला कंफर्ट जोन में होना चाहिए, यह तय करना सबकी जिम्मेदारी है।

प्रेसवार्ता के दौरान न.पा.अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, कुलवंत सिंह चहल, दयाराम पटेल, प्रवीण जैन, बालसिंह बघेल, अश्वनी पांडे, मनीष देवांगन, परितोष सेन, विक्की रवानी, भा.ज.पा.के अन्य पदाधिकारीगण, सहयोगीजन, व्यापारी वर्ग के बंधु उपस्थित रहे।

# आदि कर्मयोगी अभियान ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कोंडागांव के सभागार भवन में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आदि कर्मयोगी अभियान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, अन्य जनपद सदस्य एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। विदित हो कि केंद्र सरकार के धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान जिसके तहत देश में 20 लाख आदि कर्मयोगी का कैडर तैयार किया जाना है, जो ग्राम स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसी तारतम्य में 2 से 4 सितम्बर तक डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का नीलाम हॉल काष्ठागार भवन वन विभाग कोंडागांव में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब) रखा गया था। अब चयनित क्लस्टरों में ब्लॉक प्रोसेस लैब का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स ग्राम कैडर को प्रशिक्षण देंगे। ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स दीपक कुमार, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, यादवेन्द्र सिंह यादव व्याख्याता शिक्षा विभाग, श्रीमति जयमति कश्यप महिला एवं बाल विकास, गीतेश्वर वर्मा अधीक्षक आदिवासी विकास विभाग, राजेश कुमार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, धीरेन्द्र मिश्रा वन विभाग आदि है।

# हात्मा के शिक्षक संदीप सेन समेत सौ से ज्यादा शिक्षकों को 'शिक्षा रत्न' सम्मान

**फरसगांव/बड़ेराजपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 100 से अधिक शिक्षकों, समाजसेवकों और 10 बाल विज्ञान संचारकों को प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा, छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम धमतरी जिले के कुरुद स्थित प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन में 8 सितंबर 2025 को आयोजित किया गया था। जिसमें कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर ब्लाक के अंतर्गत ग्राम हात्मा के शिक्षक संदीप सेन भी सम्मानित हुए।



**पद्मश्री अजय मंडावी ने कहा, 'मैं इंसानों को गढ़ता हूं'**

समारोह के विशेष अतिथि पद्मश्री अजय मंडावी ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, च्मैं मूर्तियों को नहीं गढ़ता, बल्कि इंसानों को गढ़ने का काम करता हूँ। यही काम च्प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्राज् लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक सोच पैदा कर रही है।ज्

वहीं, मुख्य अतिथि डॉ. हित नारायण टंडन ने कहा कि जिस प्रकार से शिक्षकों का सम्मान इस मंच पर किया गया, वैसा सम्मान उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान एक शिक्षक होने के महत्व को दर्शाता है।

**नवाचार और जन-जागरूकता के लिए मिला सम्मान**

यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और अंधविश्वास निर्मूलन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

इस अवसर पर इसरो साइंस एक्टिविस्ट नीरज वर्मा ने बस्तर के छात्रों के लिए सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा के भ्रमण की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में जानकारी दी।

सम्मानित होने वाले व्यक्तियों में शिक्षक संदीप सेन भी शामिल थे, जिन्हें उनके योगदान के लिए चशिक्षा रत्नज् से नवाजा गया। कार्यक्रम में अभिषेक शुक्ला, नीरज वर्मा, कालिदास नाकाड़े और रश्मि वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस आयोजन ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वालों को प्रोत्साहित करने और दूसरों को प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक शिवचरण का विद्यालय ग्रामों में भव्य स्वागत

**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका से राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिवचरण साहू का 20 वर्ष पूर्व से अब तक सेवा दिए गए विद्यालय गाँव के ग्रामीणजनों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों के द्वारा गली भ्रमण के साथ भव्य स्वागत किया गया। अपने गाँव के पूर्व शिक्षक को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होने पर गांव के नागरिकगण, विद्यालय परिवार अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में शिक्षक शिवचरण कोंडागांव जिले के शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मड़ानार में पिछले 8 वर्षों से शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में समर्पित भाव से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व जमरुवा में पांच और मंगवाल में 10 वर्ष अपने लंबे अनुभव अनुशासन और नवाचार, दूरदर्शी सोच से इन्होंने विद्यालय में उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल का निर्माण किया है। वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहे हैं। अपने शिक्षक, नेतृत्व और सामाजिक योगदान से विद्यार्थियों और सहकर्मियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं। अपनी उपलब्धि का श्रेय सहकर्मियों इंद्रधनुष समूह के शिक्षकों और जिला प्रशासन कोंडागाँव को देते हैं।



भूतपूर्व विद्यार्थियों द्वारा राज्यपाल सम्मानित शिवचरण साहू का स्वागत

शाला परिवार मड़ानार द्वारा शिक्षक स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम के सरपंच बलदई नेताम, उप सरपंच हेमेसवरी शाला समिति के अध्यक्ष जयराम और बीईओ कोंडागांव मनोज दुबे द्वारा संकुल में नव पदस्थ शिक्षकों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया, संकुल में सेवा प्रदान कर अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित शिक्षकों व्याख्याता उग्रेस मरकाम, हेमंत मरकाम, श्रीमती शशिप्रभा, सहायक शिक्षक मोरजध्वज चंद्राकार, राज्यपाल सम्मान 2025 के लिए चयनित शिक्षक हीरालाल चूरेंद्र, सूरज नेताम को श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर षिक्षक शिवचरण साहू, श्रीमति हीना साहू और उनके परिवार द्वारा सभी बच्चों और अतिथियों के लिए स्वरुचि पूर्ण न्यौता भोज की व्यवस्था किया गया। सम्मान समारोह में संस्था के प्रधान अध्यापक पी.एल.नाग, शिक्षिका आरती बेर, रंजीता तिग्गा, ललिता समरथ, प्रधान प्राचार्य एस.पी.मंडावी, मनोज फिलिप, रघुनाथ यादव प्रधान अध्यापक भेलकु कोर्राम, गोकुल दीवान, जलन पटेल, रामानंद, हरिराम नेताम, तुलेस्वर नाग और पूर्व विद्यार्थिगण, ग्रामीणजन उपस्थित रहे। वहीं राज्यपाल से सम्मानित होने पर शिवचरण साहू और प्रधान अध्यापिका श्रीमती हीना साहू ने अपने पूर्व विद्यालय जमरुवा में फल वितरण किया गया है।

## सार-संक्षेप

### चारामा नवरात्र को लेकर बैठक



**चारामा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। श्री श्री शीतला माता मंदिर समिति द्वारा नवरात्र के विषय में बैठक रखा गया था बैठक 9 सितंबर दिन. मंगलवार समय शाम 7ः00 शीतला माता मंदिर में रखा गया था जिसमें समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि जिस किसी भक्तजनों को ज्योति कलश जलाना हो..घी..1151.रू. .तेल..1051.रू. रखा गया है संपर्क शीतला माता मंदिर पुजारी ठाकुर राम जी से कर सकते हैं जिस किसी भक्तजनों को ज्योति कलश जलाना हो.चारामा. सदर बाजार शिव मंदिर के पास मुन्ना पान दुकान .शिवेंद्र. निर्मलकर में संपर्क कर सकते हैं यह जानकारी श्री श्री शीतला माता मंदिर समिति द्वारा दिया गया है।

### झांकियों का सम्मान

**चारामा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। श्री श्री सिद्धि विनायक सेवा समित परिवार द्वारा सभी गणेश समिति झांकी को



समांन कर स्मृति चीन प्रशस्ति पत्र भेट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी जिसमें समिति के अध्यक्ष कैलाश कठिलिया उपाध्यक्ष कमलेश रानू सेन सचिव मुकेश शर्मा महेंद्र नायक तेजेंद्र साहू रवी मंगतानी पिंटू खान पप्पु खान सोनू खान ताहिर खान राजू सोनी सुरेंद्र साधवानी मनोज सोनवानी दीपक मालिक महेश भोजवानी हुमत खत्री नरेश वच्चानी अशोक सोनी संदीप नागराज पवन देवांगन एवं सभी समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रभा सज्जल को भावभीनी विदाई

**फरसगांव,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल, फरसगांव की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रभा सज्जल एवं व्याख्याता रमेश कुलदीप को प्राचार्य पद पर पदोन्नति के बाद स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल फरसगांव में एक भव्य और भावुक विदाई समारोह दिया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने 30 वर्षों की उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए उनका सम्मान किया।




समारोह की शुरुआत बच्चों द्वारा श्रीमती सज्जल व कुलदीप को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मान देने से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने विदाई गीत के साथ-साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया।

**शिक्षकों ने साझा किए अनुभव-**

इस अवसर पर, सभी शिक्षकों ने श्रीमती सज्जल के साथ काम करने के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने उन्हें एक सरल, मृदुभाषी और समर्पित शिक्षाविद बताया, जिनकी उपस्थिति ने हमेशा विद्यालय में सकारात्मकता फैलाई। शिक्षकों ने कहा कि श्रीमती सज्जल ने हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में काम किया और अपने सहयोगियों को प्रेरित किया।

अपने विदाई भाषण में, श्रीमती सज्जल ने पिछले 30 वर्षों की अपनी यात्रा को याद किया। उन्होंने कहा, च्यह विद्यालय मेरे लिए सिर्फ एक कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रहा है।ज् उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे कड़ी मेहनत करें, अपने सपनों का पीछा करें और हमेशा अच्छे इंसान बनें। उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि वे बच्चों के साथ हमेशा स्नेहपूर्ण और सहयोगी व्यवहार रखें, क्योंकि शिक्षा सिर्फ पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती।

विद्यालय के प्राचार्य महावीर जायसवाल ने श्रीमती सज्जल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण और अनुशासन हम सभी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में विद्यालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी।

यह उल्लेखनीय है कि श्रीमती प्रभा सज्जल ने 1994 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसगांव में उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। 2008 में वे इसी स्कूल में प्रधानाध्यापिका बनीं। अब उनकी पदोन्नति शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, शंकरपुर में प्राचार्या के पद पर हुई है। उनके विदाई समारोह में सभी की आंखें नम थीं, क्योंकि वे एक ऐसी शिक्षाविद को विदाई दे रहे थे जिन्होंने न केवल स्कूल को, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के जीवन को भी संवारा।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरसगांव/विश्रामपुरी,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। विश्रामपुरी पुलिस ने एक युवती से शादी का झांसा देकर 16 महीने तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पुरूषोत्तम वट्टी (25) के रूप में हुई है, जो फरसगांव थाना क्षेत्र के खूटपदर गांव का रहने वाला है।



**क्या है पूरा मामला?**

ओण्डाकापारा, बड़ेराजपुर की रहने वाली पीड़िता ने 10 सितंबर को विश्रामपुरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पुरूषोत्तम वट्टी फरवरी 2024 से जून 2025 तक उससे शादी का वादा कर लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। जब पीड़िता ने शादी के लिए कहा, तो आरोपी ने मना कर दिया।

**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और केशकाल के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अरूण कुमार नेताम के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी विनोद नेताम के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।

पुलिस टीम ने आरोपी पुरूषोत्तम वट्टी से पूछताछ की, जहां उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद 11 सितंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विनोद नेताम, सहायक उप निरीक्षक खरमेश निषाद, सहायक उप निरीक्षक निशा प्रयाग, महिला प्रधान आरक्षक जयो चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक देवराचंद सिदार, सियाराम मरापी, आरक्षक लगनु राम मरकाम और दयालू मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

क्या आप किसी और प्रेस विज्ञप्ति को समाचार में बदलना चाहते हैं?

# लीगल एड डिफेंस काउंसिलों का निगरानी व सलाह समिति की मासिक बैठक



**कोण्डागांव,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के द्वारा 10 सितंबर 2025 को लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षकों का निगरानी व सलाह समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के न्याय रक्षक बैठक में उपस्थित रहे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विधिक सहायता प्रणाली की प्रभावशीलता की समीक्षा करना, प्रचलित मामलों की निगरानी करना तथा जरूरतमंदों तक निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्वक विधिक सहायता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव व निर्देश प्रदान करना था।

बैठक के दौरान सचिव ने डिफेंस काउंसिल के न्याय रक्षकों को विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता के शर्तों, लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय की भूमिका व दायित्वों के बेहतर निर्वहन के संबंध में तथा अभिरक्षाधीन बंदियों के प्रकरण में प्राथमिकता के साथ पैरवी करने एवं प्रतिमाह जेल निरीक्षण कर बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही समयबद्ध एवं संवेदनशील रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि विधिक सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही न्याय रक्षकों को निर्देश दिया की विधिक सहायता प्राप्तकर्ताओं के साथ सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने और उन्हें शीघ्र न्याय प्राप्त करने हेतु प्रतिबद्ध रहे। अंत में सभी न्याय रक्षकों ने अपने-अपने सुझाव रखे तथा ऐसी समीक्षात्मक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने हेतु प्रेरित किया।

# वन रक्षकों, रेंजरों व अन्य कर्मियों के बलिदानों की याद में शहीद दिवस

**नारायणपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में शहीद दिवस हर साल 11 सितंबर को मनाया जाता हैं, जो उन बहादुर वनकर्मियों और लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है जिन्होंने वनों, वन्यजीवों और जैव विविधता की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है। यह दिन 1730 के खेजड़ली नरसंहार की याद दिलाता है, जब अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में कई बिश्नोईयों ने खेजड़ी के पेड़ों को बचाने के लिए अपनी जान दे दी थी. 2013 में, इस ऐतिहासिक घटना को मान्यता देते हुए, भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के रूप में घोषित किया।



**वन शहीद दिवस का महत्व**

यह दिन वनों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए समर्पित है।

यह उन वनकर्मियों और लोगों की याद दिलाता है जिन्होंने वनों के लिए अपनी जान दी है।

यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाता है।

**भारत के वन विभाग द्वारा कार्यक्रम**

वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी वन शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हैं।

वन शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा जाता है।

वन और वन्यजीवों के संरक्षण के महत्व पर चर्चा की जाती है।

कार्यक्रम का आयोजन वन कर्मचारी संघ के द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम में ससिगानंदन के वनमण्डलाधिकारी नारायणपुर हीरेसिग उइके उपवनमंडलाधिकारी उत्तर राजेश कश्यप उपवनमण्लाधिकारी दक्षिण विशिष्ट अतिथि वी पी शुक्ला, वीरभद्र देवागंन, पीलूराम बघेल वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तुलाराम नेताम एवं समस्त वनिकी परिवार उपस्थित थे।

# भ्रमण पर निकले नक्सल पीड़ित व समर्पित युवा

## 112 से अधिक युवा करेंगे राजधानी की सैर

**दंतेवाड़ा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के द्वारा संचालित नियद नेल्लानार कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के तहत जिले के नियद नेल्लानार के ग्राम के पंचायतों से चयनित 112 से अधिक युवाओं को बौद्धिक भ्रमण के लिए रायपुर रवाना किया गया। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमला विनय नाग, जनपद पंचायत सदस्य रामूराम नेताम सहित जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा एवं अन्य अधिकारियों ने आज इन युवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। उल्लेखनीय है कि इन चयनित युवाओं में आत्मसमर्पित नक्सली तथा नक्सल पीड़ित परिवार के युवा भी हैं। भ्रमण के दौरान युवाओं को रायपुर स्थित नालंदा परिसर, छत्तीसगढ़ विधानसभा, जनजातीय एवं आदिवासी संग्रहालय, स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, तथा रेलवे स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। यह भ्रमण युवाओं को शासन व्यवस्था, सांस्कृतिक विरासत, परिवहन प्रणाली तथा प्रशासनिक तंत्र की जानकारी देने का अवसर प्रदान करेगा। गौरतलब है कि इस बौद्धिक भ्रमण का उद्देश्य दूरस्थ अंचलों के युवाओं को एक एक्सपोजर मंच प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है ताकि वे अपने जीवन में नए विकल्पों की ओर अग्रसर हो सकें।



## संपादकीय

### भयरहित हो बच्चों से संवाद

*रायपुर जिले के खरोरा में एक छात्रा ने जिस प्रकार से आत्महत्या की है, वह समाज को कई संकेत तथा अभिभावकों को कुछ संदेश देता है जिसे समझा जाना ज़रूरी है ताकि कम उम्र में बच्चों को इस तरह से अपनी ही जीवन ज्योति बुझाने की आवश्यकता न पड़े। विभिन्न कारणों से लोगों द्वारा खुदकुशी करने की घटनाएं होती हैं। इसका कारण निराशा तो है ही, मूल में संवादहीनता होती है। खासकर, बच्चों के साथ पालक एवं अभिभावक जब संवाद नहीं करते तथा उन्हें इतना साहसी नहीं बनाते कि अपने विचार व स्थिति के बारे में वे खुलकर तथा साहसपूर्वक कह सकें, तब तक ऐसी दुर्भाग्यजनक मौतें होती ही रहेंगी।*

*अध्ययन या नौकरियों अथवा अपना घर बसा लेने के कारण बच्चों को पालकों से अलग रहना पड़ता है। पढ़ने-लिखने के लिये बच्चे किसी अन्य शहर में रहने लगते हैं। चाहे वह पेईंग गेस्ट के रूप में हो या किराये के मकान लेकर, नहीं तो छात्रावासों में। ज्यादातर बच्चे तो अपना फोकस अध्ययन पर पूरी तरह से करते हैं और कोई पेशा अपना लेते हैं, पर कई ऐसे भी होते हैं जो विभिन्न कारणों से सफलतापूर्वक अपना अध्ययन नहीं कर पाते। उनसे कोई गलती भी होती है। छात्रावासों में रहने वाले कुछ बच्चे-छात्र कई बार गलत दिशाओं में चल पड़ते हैं। ऐसा सभी के बारे में नहीं कहा जा रहा है। गलतियां करना इस उम्र में सहज है लेकिन दुखद बात यह होती है कि उसकी जानकारी का माता-पिता तक न पहुंचना। इसकी मुख्य वजह है अभिभावकों की बच्चों के साथ संवादहीनता, बच्चों पर कठोर नियंत्रण या उनसे खौफ में रखना जिसके कारण वे अपनी बात नहीं कह पाते।*

*बहुत से बच्चे अपनी नाकामियों या गलतियों को छिपाते हैं। मां-बाप की नाराज़गी के भय से बाहर रह रहे बहुत से बच्चे न केवल सत्य को अपने पालकों तक पहुंचने नहीं देते, बल्कि उनसे झूठ भी बोलते हैं। यह न सिर्फ गलत है बल्कि बच्चों के लिये खतरनाक भी। उपरोक्त उल्लिखित छात्रा खरोरा के एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रावास रहकर पढ़ती थी। जब वह अपने घर रायपुर गयी हुई थी तभी उसकी वार्डन का फोन आया जिसके बाद छात्रा ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ अत्यंत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा में बात की गयी थी, जिसके कारण वह व्यथित हो गयी थी। इसके चलते उसने प्राण दे दिये। उसके सहपाठियों के अनुसार किसी अनजान युवक से मिलने के कारण उसे हॉस्टल से निकाल दिया गया था।*

*सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को खुलकर अपनी बात कहने की आजादी दें। बच्चों को यह भी बताया जाये कि गलतियां स्वाभाविक हैं तथा अपनी नाकामी को उनसे छिपाने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्हें समझाएं कि वे हर गलती स्वीकारेंगे।*

**उल्टा पुल्टा**

संता ने बंता से पूछा- तुम्हारी बेटी की सगाई 2 साल पहले हुई थी,शादी क्यों नहीं की अब तक?

बंता ने कहा- यह सब लड़के की वजह से है। लडका एक वकील है, तो जैसे ही शादी की तारीख पास आती है, वह कोई ना कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

# प्रदेश के पर्यटक नेपाल में फंसे, सुरक्षित वापसी की कोशिशें तेज

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कदम उठाने दिए निर्देश








**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। तख़्तापलट और विद्रोह की आग में जल रहे नेपाल में प्रदेश के कई पर्यटक फंस गए हैं। अनुमान है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों के सौ से ज़्यादा टूरिस्ट काठमांडू और आसपास हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और आला अधिकारियों की नेपाल में फंसे पर्यटकों की सुरक्षित वापसी के लिए लंबा विचार-विमर्श हुआ है। यहाँ के पर्यटकों की सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार के गृह और विदेश विभागों से अधिकारयों ने संपर्क शुरू कर दिया है। वहाँ फंसे कुछ पर्यटकों से फ़ोन पर संपर्क की ख़बरें भी आ रही हैं। हालाकि पर्यटकों की संख्या को लेकर अधिकृत जानकारी अगले 24 घंटे में ही मिल पाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देर रात अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया कि- मुझे जानकारी प्राप्त हुई है कि छत्तीसगढ़ के कुछ पर्यटक इस समय नेपाल में हैं। उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मैंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं तथा भारत सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीएम साय ने कहा कि इस कठिन समय में हमारी सरकार हर नागरिक की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिस उपकरण पर बिजली गिरने से रायपुर एयरपोर्ट पर पहली बार इतना बड़ा संकट आया था, उसे रायपुर एयरपोर्ट और हैदराबाद से आए विशेषज्ञों ने लगातार 10 घंटे की मेहनत के बाद सुधारा है।

रायपुर में बुधवार शाम विमानों की लैंडिंग के लिए बेहद अहम उपकरण डीओआर पर बिजली गिरी थी। इसके तुरंत बाद से विमानों की लैंडिंग बंद हो गई थी। नतीजतन रायपुर से विमानों का उतरना बंद हो गया था। दूसरा, बाहर से आ रहे विमान भी हवा में चक्कर काटकर नज़दीकी बड़े एयरपोर्ट पर डाइवर्ट किए जा रहे थे। साथ ही फ्लाइट्स भी कैंसिल हो रही थीं। गुरुवार को भी रायपुर एयरपोर्ट पर दिन में केवल वही विमान लैंड कर पाए, जिनके आने के समय यहाँ बादल कम थे और पायलट्स को नीचे रनवे साफ़ नज़र आ रहा था। बाक़ी विमान डाइवर्ट किए जा रहे थे और रायपुर में लैंड करनेवालों को दूसरे शहरों में विमान के भीतर ही घंटों इंतज़ार करना पड़ रहा था। डीओआर सुधरने के बाद यह सारा संकट दूर हो गया और सामान्य हवाई संपर्क बहाल हो गया है।

## भूपेश को 'पाटन सदन' का संपत्ति कर अदा करने नोटिस



■ मुख्यमंत्री की इच्छा पूरी करूंगा : भूपेश बघेल

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)।ूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पुराने पाटन सदन की संपत्ति कर अदा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। बघेल ने फेसबुक पर लिखा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को 7258/- रुपए अदा करने का वचन देता हूँ! वैसे तो शासकीय आवास में संपत्ति कर नहीं लगता, फिर भी जिस पाटन सदन को मैंने पौने दो साल पहले ही खाली कर दिया था, आज विष्णु देव सरकार ने मुझे नोटिस भेजा है।

मुझे बताया गया है कि मुझे 7258/- रुपए का भुगतान करना है।भले ही यह नोटिस अवैध हो लेकिन फिर भी मैं मुख्यमंत्री की इच्छा पूरी करूँगा। अच्छा है कि वे भी तैयार रहें क्योंकि उनकी सरकार 'कुनकुरी सदन' का भी तो टैक्स मांगेगी।

## राज्योत्सव पर वायु सेना का होगा शौर्य प्रदर्शन

### अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने ली अधिकारियों की बैठक, तैयारियों के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम दिखाएगी शानदार करतब**

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव में इस बार भारतीय वायु सेना का भव्य शौर्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर आज अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विमानन विभाग और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन से जुड़ी तकनीकी जानकारी साझा की। अपर मुख्य सचिव साहू ने अधिकारियों को वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन की तैयारियों के लिए स्पष्ट दिशा.निर्देश दिए और सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्योत्सव का यह आयोजन छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक वैभव को प्रदर्शित करने के साथ.साथ सुरक्षा और तकनीकी सटीकता के उच्च मानकों पर भी खरा उतरना चाहिए। बैठक में लोक निर्माण परिवहन संस्कृति जनसंपर्क गृह और सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी तथा जिला प्रशासन रायपुर के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी विभागों ने अपने.अपने क्षेत्रों में आवश्यक तैयारियों और सहयोग के संबंध में जानकारी दी। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव में वायु सेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में अपनी शानदार करतब दिखाकर कार्यक्रम में चार चाँद लगाएगी। इसके साथ ही वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी इस प्रदर्शन का हिस्सा होंगे जिससे राज्योत्सव की भव्यता और भी बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि राज्योत्सव में वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन को देखने लोगों में उत्साह का माहौल है। सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा किए जाने वाले करतब और हेलीकॉप्टर की उड़ान का नजारा दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहेगा।

## छग स्टेट क्रिकेट संघ को मिलेगा क्रिकेट स्टेडियम

### दस्तावेजी काम पूरा होने के बाद संघ को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम सौंपा जाएगा



**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। नया रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की जिम्मेदारी अब छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को मिलने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। राज्य के खेल और पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने कहा कि स्टेडियम का दस्तावेजी काम पूरा होने के बाद संघ को स्टेडियम सौंप दिया जाएगा.। संघ के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव से मुलाकात की।

उप मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि सरकार का रुख खेलों के प्रति सकारात्मक है, और आने वाले महीनों में न सिर्फ क्रिकेट, बल्कि हर खेलों को बढ़ावा देने ठोस कदम उठते नजर आएंगे।

संघ पदाधिकारियों ने चर्चा के दौरान नवा रायपुर में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट एकेडमी बनाने के लिए मंत्री विष्णुदेव साय द्वारा दी गई जमीन को लेकर आभार जताया। साथ ही दिसंबर-जनवरी में बीसीसीआई द्वारा आवंटित अंतरराष्ट्रीय मैचों की तैयारी पर भी चर्चा हुई।

फिलहाल, ग्राउंड का मेंटेनेंस क्रिकेट संघ कर रहा है, जबकि मरम्मत और निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग देख रहा है।संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैचों के लिए स्टेडियम को तैयार करने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। संघ को स्टेडियम मिलने पर बीसीसीआई से मिलने वाली राशि से यह कार्य किया जाएगा। क्रिकेट स्टेडियम पूरा रखरखाव और संचालन छग क्रिकेट संघ को सौंपने की मांग लंबे समय से की जा रही है। उप मुख्यमंत्री साव से मुलाकात के दौरान संघ के अध्यक्ष जुबिन शाह, विजय शाह, राजेश दवे समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## रायपुर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवा हुई बहाल

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार शाम लगभग 6 बजे अचानक बिजली गिरने के कारण उड़ान सेवाओं में बड़ा व्यवधान उत्पन्न हो गया था। बिजली गिरने से एयरपोर्ट का नेविगेशनल सिस्टम डॉपलर वीएचएफ ओमनी डायरेक्शनल रेंज काम करना बंद हो गया जसके कारण कई उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। अब करीब 24 घंटे के भीतर रायपुर एयरपोर्ट पर उड़ान सेवा बहाल हो गई है। एयरपोर्ट निदेशक ए डी शर्मा ने बताया कि इस तकनीकी खराबी के चलते एयर ट्रैफिक्र कंट्रोल में सिग्नल देने वाले उपकरण प्रभावित हुए। इसके बाद संचारए नेविगेशन और निगरानी ;ब्छैद्ध की प्रशिक्षित टीम और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण रायपुर के सभी अनुभागों ने मिलकर निरंतर प्रयास किया। उन्होंने बताया कि आज दोपहर 2 बजे से सभी उड़ानों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। वहींए क्टव्त् सुविधा शाम 6 30 बजे बहाल कर दी गई ह जिससे विमानन परिचालन पूरी तरह से सामान्य हो गया है।



नेविगेशनल सिस्टम फिर से हुआ शुरू यात्रियों को मिली राहत

गौरतलब है कि आज सुबह में तकनीकी खराबी होने और विजिबिलिटी कम होने के कारण 6 उड़ानों को रद्द किया गया था। रायपुर से इंदौर जाने वाले यात्री विशेष रूप से प्रभावित हुएए जिन्होंने भोपाल के रास्ते लंबा सफर करके अपनी यात्रा पूरी करनी पड़ी। वहीं बुधवार को हैदराबाद कोलकाता दिल्ली मुंबई और पुणे से रायपुर आने वाली फ्लाइट्स को क्रमश: भुवनेश्वर भुवनेश्वरए भोपालए नागपुर और पुणे डायवर्ट किया गया था। बहरहाल तकनीकी टीम की मेहनत के बाद एयरपोर्ट पर संचालन सामान्य हो चुका है। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी उड़ानों का परिचालन सामान्य समय पर हो रहा है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों और एयरलाइंस से सहयोग के लिए धन्यवाद जताया और कहा कि भविष्य में ऐसी तकनीकी बाधाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## नि:शुल्क बस पास सुविधा बंद होने से मंत्रालय के नवनियुक्त कर्मचारी नाराज

### सचिव को पत्र लिखकर मांगा प्रतिमाह 2 हजार वाहन भत्ता



**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)।नया रायपुर में स्थित मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय के नवनियुक्त कर्मचारियों की नि:शुल्क बस पास की सुविधा बंद कर दी गई है।इससे नाराज कर्मचारियों ने वाहन भत्ता को 100 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 2000 रुपए किए जाने की मांग की है।अन्यथा आने वाले समय में आंदोलन की चेतावनी दी है।

नवनियुक्त कर्मचारियों ने वित्त विभाग के निर्देश के मद्देनजर नि:शुल्क बस पास की सुविधा बंद किए जाने को कर्मचारी हितों की घोर अनदेखी एवं अदूरदर्शितापूर्ण निर्णय करार दिया है।कर्मचारियों ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को लिखे पत्र में कहा कि इस निर्णय से नवनियुक्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वाहन भत्ता लेना होगा, जो दशकों से केवल 100 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है।

पत्र में बताया कि रायपुर से नवा रायपुर के बीच बस का किराया 40 रुपए है, इस लिहाज से केवल एक बार रायपुर आने जाने में ही 80 रुपए खर्च होगा, जबकि शासन से एक माह का वाहन भत्ता केवल 100 रुपए निर्धारित है। ऐसी स्थिति में सार्वजनिक नि:शुल्क परिवहन सुविधा से कर्मचारियों को वंचित किये जाने का निर्णय के क्या आधार अथवा मापदण्ड शासन को प्रस्तुत किए गए होंगे, यह समझ से परे है।

इस निर्णय को लेकर कर्मचारियों ने आक्रोश का इजहार करते हुए वित्त विभाग के ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर विकल्प के रूप में समस्त कर्मचारियों / अधिकारियों को वाहन भत्ता के तौर पर 100 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 2000 रुपए प्रतिमाह दिये जाने का आदेश जारी करने मांग की है।

## ईसाई समाज ने घरेलू नियमित प्रार्थना सभा करने कलेक्टर से मांगी सुरक्षा

### मांग पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आज बड़ी संख्या में संयुक्त ईसाई समाज के लोग ईसाई धर्मानुसार घरेलू नियमित प्रार्थना सभा संचालन करने के पक्ष में कार्यवाही करने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ईसाई समाज पर प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण और जबरन बुलाए जाने के आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि उन्हें प्रार्थना सभा में सुरक्षा दी जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आगे अर्धनग्न प्रदर्शनए रैली और सभा जैसे बड़े प्रदर्शन के लिए उतारू होंगे। संयुक्त ईसाई समाज की ओर से कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि हम सभी रायपुर छत्तीसगढ़ के हैं जिसमें रायपुर शहर के समस्त पादरी फेलोशिप लीडर संगठन और विभिन्न ईसाई संस्थाएं सम्मिलित हैं। जिनके द्वारा हम विगत कई वर्षों से घरेलू प्रार्थना सभा संचालित करते आ रहे हैं। ईसाई धर्म में अपनी आस्था के अनुसार एक जगह इकट्ठा होकर





शांतिपूर्वक प्रार्थना आराधना करने की परंपरा हैए जिसका हम पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पवित्र धर्मशास्त्र बाइबिल में भी घरों में प्रार्थना सभा किए जाने का उल्लेख मिलता हैए जो कि आज तक अनवरत हर जगह चलती आ रही है। पवित्र धर्मग्रंथ बाइबिल में प्रेरितों के काम 2.46 में लिखा है. वे प्रतिदिन एक मन होकर मंदिर में इकट्ठे होते थे और घर.घर रोटी तोड़ते हुए आनंद और मन की सिधाई से भोजन किया करते थे। पवित्र बाइबिल में रोमियों 16रू5ए 1 कुरिन्थियों 16 19 कुलुस्सियों 4 15 फिलेमोन 1 2 आदि कई स्थानों पर घरेलू प्रार्थना सभा के संचालन का वर्णन मिलता है।

प्रार्थना सभा में नहीं दिया जाता किसी भी प्रकार का प्रलोभन

घरेलू चर्च में प्रार्थना हम सभी ईसाई धर्म के मानने वालों की संस्कृति एवं परंपरा है। हमारे द्वारा किसी भी प्रकार के प्रलोभनए डरए दायावए कपट आदि नहीं दिया जाता है। सभी व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार घरेलू प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए आते हैं। हमारे द्वारा किसी को भी जबरन बुलाया नहीं जाता है। इस सभा में ईसाई धर्म में आस्था और विश्वास रखने वाले लोग ही शामिल होते हैं।

**मांग पूरी न होने पर करेंगे आंदोलन** -ईसाई धर्मानुसार घरेलू नियमित प्रार्थना सभा संचालन करने के पक्ष में कार्यवाही करने की मांग को लेकर आज हम रायपुर शहर के धार्मिक पुरोहितए पादरीए धर्म सेवक.सेविका कलेक्टर को ज्ञापन सौंप रहे हैं ताकि हमें प्रार्थना सभा में सुरक्षा दी जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आगे अर्धनग्न प्रदर्शनए रैली और सभा जैसे बड़े प्रदर्शन के लिए उतारू होंगे।

# भावों को सुधारने से बढ़ेगी शांति: मनीष सागर



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। टैगोर नगर पटवा भवन में गुरुवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में युवा मनीषी परम पूज्य श्री मनीष सागर जी महाराज साहब ने भावों को नहीं बिगाड़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हमें सदैव सजग रहना है कि हमारे भाव नहीं बिगड़े। जरूरी नहीं हम शत प्रतिशत पुण्य ही करें। हमें अपने पुरुषार्थ से कोशिश करना है कि पाप जितना कम हो सके उतना कम करें।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सदैव अच्छे निमित्त में रहो। शुभ निमित्त में आ गए तो पुण्य हो ही जाएगा। अच्छे निमित्त में अच्छे भाव करना हमारी जवाबदारी है। ऐसा ना सोचे कि अशुभ भाव से शुभ भाव में आ गए हैं। हमें शुद्ध भाव की ओर जाना है। हम अशुभ भाव से बचें और शुभ भाव में आ जाएं। इसके लिए थोड़ी जागृति व थोड़ा मनोबल चाहिए। हम धीरे-धीरे अपने जीवन में अशुभ बंध कम करते जाएंगे। पाप और पुण्य के बीच में भेद जरूरी है। हमें पाप से बचाना है पुण्य में रहना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि भावों को सुधारने से शांति बढ़ेगी। कर्म बंधन सुधरेंगे तो आने वाले समय में फल भी मिलेगा। सदैव पाप से बचने का प्रयास करो। पाप से मोक्ष नहीं हो सकता। यह भी जरूरी नहीं की पुण्य से भी मोक्ष होगा। पुण्य करना ही है लेकिन इससे मोक्ष हो ऐसा मत मानना। जो पर से अपने आप को अलग करेगा। वह उतना ही स्व में आएगा। पर के प्रभाव से मुक्त होता जाएगा। पर के प्रभाव से मुक्त होकर आनंद में आएगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पुण्य आपको देव,गुरु व धर्म के सानिध्य में लाएगा। देव, गुरु और धर्म के सानिध्य में आकर आपके दोषों को दूर करने का पुरुषार्थ जागेगा। भावों को सुधारने की जगृति आएगी। भाव तीन तरह के होते हैं। अशुभ, शुभ और शुद्ध भाव। अशुभ व शुभ भाव में हम संसार में प्रतिक्रिया करते हैं लेकिन शुद्ध भाव में कोई प्रतिक्रिया नहीं करते। शुद्ध भाव में हम सहज हो जाते हैं। भीतर से आनंदित व संतुष्टि ही शुद्ध भाव है।

# बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से हो- राज्यपाल डेका



**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से होनी चाहिए, तभी विश्व में बंधुत्व का भाव होगा। राज्यपाल डेका ने आज विश्व बंधुत्व दिवस पर संगोष्ठी में यह विचार व्यक्त किया। स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी केंद्र शाखा रायपुर के सौजन्य से दुर्गा कॉलेज रायपुर के सभागार में यह संगोष्ठी आयोजित की गई थी, जिसमें डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद द्वारा वर्ष 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में आज के दिन ही ऐतिहासिक वक्तव्य के माध्यम से भारत की उज्जवल संस्कृति एवं परंपरा को दुनिया के समक्ष रखा गया था। इस विशेष दिन को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राज्यपाल डेका ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो दीपक 1883 में प्रज्जवलित किया था, उसकी लौ आज भी जगमगा रही है। हम उस लौ को भाईचारे, सेवा और सकारात्मक सोच से अपने जीवन में जलाएं रखें। स्वामी विवेकानंद ने भारत की महान संस्कृति और आध्यात्म को संसार के सामने प्रस्तुत ही नहीं किया बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश दिया की मानवता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। श्री डेका ने कहा कि आज मानवता के समक्ष बड़ी-बड़ी चुनौतियां है। सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन, जल संकट और माइक्रो प्लास्टिक का है। इन तीनों के चीजों के दुष्प्रभाव से बचेंगे तभी हमारी सभ्यता भी बचेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा के बावजूद भू-जल के गिरते स्तर को गंभीर समस्या बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। वर्षा जल के संरक्षण के लिए अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग, किसानों के खाली पड़े जमीनों पर डबरी निर्माण जैसे कदम उठाने पर जोर दिया। श्री डेका ने युवकों से आव्हान किया कि वे यह न सोचे कि समाज उन्हें क्या दे रहा है बल्कि यह विचार करें कि वे समाज को क्या दे रहे हैं। जीवन मे सफलता के लिए अनुशासन और समय का पाबन्द होना आवश्यक है। परिवार के बुजुर्गों का सम्मान, भाई-बहन के बीच स्नेह व मित्रता समाज में बंधुत्व की भावना बढ़ाने में मदद करती है। मानव जीवन अनुपम है। हर एक क्षण का आनंद लें। इस पृथ्वी और प्रकृति का आनंद लें। आज कृत्रिम बुद्धिमता के इस युग में कृत्रिम जीवन के बजाय प्राकृतिक जीवन जीने की कोशिश करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि यह सोने का समय नहीं है उठो और जो काम तुम्हारा है उसे पूरा करने में जुट जाओ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी साहूकार ने की। मुख्य प्रवक्ता के रूप में जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष एवं सेवा निवृत्त मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यो एवं उनके आदर्शो पर विस्तृत प्रकाश डाला। संजीव गुप्ता ने भी अपने विचार रखें। स्वागत भाषण सुभाष चंद्राकर ने दिया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शजिन्ता शुक्ला और आभार प्रदर्शन चेतन तारवानी ने किया। इस अवसर पर विवेकानंद केन्द्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# इंद्रावती भवन में धूमधाम से तीज मिलन समारोह का आयोजन



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सजीव करते हुए इंद्रावती भवन में कार्यरत समस्त महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तीज के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विगत तीन वर्षों से अनवरत रूप से 'तीज मिलन समारोह' का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी कार्यक्रम अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समस्त महिला शासकीय सेविकाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ विभिन्न पारंपरिक वेशभूषाओं में सहभागी बनकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। उपस्थित जनसमूह को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आसमान में इंद्रधनुष की छटा बिखर गई हो।

इस अवसर पर महिला कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम का सफल संचालन संचालयीन कर्मचारी संघ की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती जगदीप बजाज एवं संयुक्त सचिव श्रीमती सोनाली तिड़के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रम आयुक्त, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा, संचालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री जय कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष श्री संतोष वर्मा, संगठन सचिव श्री लोकेश वर्मा, भू-अभिलेख विभाग अध्यक्ष श्री अमित शर्मा एवं संचालयीन कर्मचारी संघ से श्री हेमप्रसाद गायकवाड की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अपने उद्बोधन में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक श्री कमल वर्मा ने कहा कि 'यह आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम है, बल्कि सामुदायिक सहयोग और महिला सशक्तिकरण का भी प्रतीक है। तीज पर्व नारी शक्ति के सम्मान और उनके आत्मबल का प्रतीक है। यह पर्व केवल सुहागिनों की मंगलकामना से ही नहीं, बल्कि संस्कार, श्रद्धा और सामाजिक एकता के प्रतीक रूप में भी महत्वपूर्ण है।'

इस आयोजन ने न केवल महिला सशक्तिकरण की भावना को सुदृढ़ किया, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सौहार्द का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

# अधीनस्थ लेखा सेवा में पद बढाने हेतु सरकार को सौपा ज्ञापन

◆ **मांग पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी**

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रूपेन्द्र कुमार साहू कि ने बताया वर्ष 2014 में अधीनस्थ लेखा सेवा पदोन्नति एवं परीक्षा के लिए कोषालयीन लिपिकों के पद को शासन द्वारा कम कर दिया गया है जबकि पूर्व में कोषालयीन लिपिकों के लिए पद अधिक था। अन्य विभागों में पदोन्नति एवं परीक्षा के पद अधिक है । जिसके लिए संगठन द्वारा कई बार शासन को ज्ञापन दिया गया है लेकिन आज तक दिनांक तक कर्मचारी हित में आदेश जारी नही किया गया, और न ही इस संबंध में शासन द्वारा कोई ठोस पहल कि जा रहा है। पूर्व में चरणबद्ध तरीके से माह अग्रस्त 2023 में काली पट्टी लगाकर, जिला स्तर, संभागीय स्तर एवं प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री निवास घेराव किया दिनांक 13.09.2023 को सचिव स्तर पर पदाधिकारी द्वारा चर्चा की गई, जिसमें अधीनस्थ लेखा सेवा में पद हेतु सहमति दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही नही किया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है उक्त मांग के लिए प्रदेश के समस्त जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्षों द्वारा पूर्व में भी शासन से पत्राचार किया गया है लेकिन आज तक कार्यवाही अपेक्षित है

उक्त के परिपालन में एक सूत्रीय मांग को लेकर संगठन द्वारा जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष द्वारा ज्ञापन दिया जा रहा है यदि 15 दिवस के भीतर मांग पूरी न किया गया, तो संगठन चरणबद्ध तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगें।

# मंत्री राजवाड़े की अध्यक्षता में उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक संपन्न

◆ **उभयलिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : लक्ष्मी राजवाड़े**



**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। नवा रायपुर मंत्रालय में आज उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उभयलिंगी समुदाय के सशक्तिकरण, अधिकारों की सुरक्षा और सामाजिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, रोजगार के अवसरों के विस्तार तथा समुदाय को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस नीति और योजनाएँ लागू करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि समुदाय के सम्मानजनक जीवनयापन और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए जाएँगे। श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उभयलिंगी समुदाय के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और उनकी सतत समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस वर्ग के जीवन, आजीविका और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और विकसित भारत 2047ज्ज के विज़न को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

बैठक में समाज कल्याण विभाग के सचिव भुवनेश यादव और संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि और उभयलिंगी समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

# बच्चों को मोबाइल से दूर रखने रोटरी क्लब चला रहा अभियान

**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ़ रायपुर क्वीन्स ने अपने सिग्नेचर प्रोजेक्ट च्च्नन्हे सपनेज्ज का तीसरा सत्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमलीडीह में किया। यह सत्रच् उलझकर वास्तविक जीवन, खेल-कूद और पढ़ाई से दूर हो रहे हैं। इसीलिए यह आयोजित किया गया ताकि बच्चों को प्रेरित किया जा सके कि वे सच्ची दोस्ती और रिश्तों की अहमियत समझें, खेल और शौक को अपनाएँ, पढ़ाई और आत्म-विकास पर ध्यान दें प्रेसिडेंट रोटेरियन दीपिंदर कौर रेहल का मानना है कि बच्चों के भविष्य को सँवारना ही समाज की असली प्रगति का आधार है। उनकी इसी सोच को साकार करने में कदम से कदम मिलाकर सहयोग दिया। इस दौरान सभी बच्चों को रस्सी कूद (स्किपिंग रोप) भेंट की गई, ताकि वे मोबाइल स्क्रीन से दूरी बनाकर खेल-कूद और सक्रिय जीवन की ओर प्रेरित हों। कार्यक्रम में200 से अधिक छात्र-छात्राएँ (कक्षा 5वीं) शामिल हुए।

# कामल विहार (माता कौशल्या विहार) कॉलोनी के रहवासी परेशान, नगर निगम से तत्काल कार्रवाई की मांग

**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर विकास प्राधिकरण (ऋष्ठ) द्वारा निर्मित कामल विहार कॉलोनी (वर्तमान नाम माता कौशल्या विहार) के रहवासी पिछले कई वर्षों से नगर निगम ज़ोन-10 के ठेकेदार रामकी कंपनी द्वारा लगातार कचरा डंप किए जाने से त्रस्त हैं।

रहवासियों का कहना है कि इस डंपिंग के कारण क्षेत्र में अनेक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं - लगातार बदबू और गंदगी, कचरे में आग लगाने से धुआँ भरना, सेप्टिक टैंकों का बिना ट्रीटमेंट खाली करना, कचरा ढोने वाली खुली गाड़ियों से पूरे क्षेत्र में कचरे का फैलाव, मृत पशुओं व मवेशियों का फेंका जाना। यह स्थान एक शासकीय और एक निजी विद्यालय तथा योग केंद्र से सटा हुआ है, जिससे बच्चों और योगाभ्यास करने वालों का स्वास्थ्य खतरे में है। रहवासियों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कई बार नगर निगम से मौखिक, लिखित और हेल्पलाइन/व्हाट्सएप नंबर के माध्यम से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**11 सितंबर 2025 की घटना**

दिनांक 11/09/2025 को जब रहवासियों ने कचरा फैलाने वाले वाहन चालक से आपत्ति की, तो मौके पर स्वास्थ्य निरीक्षक बताकर आए राहुल वैष्णव और अमित बेहड़ा ने न केवल अभद्र व्यवहार किया बल्कि रहवासियों को धमकी भी दी कि 'अब सोसायटी से कोई कचरा नहीं उठाया जाएगा।' मौके पर पहुंचे पार्षद विनय ध्रुव के सामने भी अमित बेहड़ा ने गाली-गलौज और धमकी जारी रखी। रहवासियों के पास इस घटना का वीडियो साक्ष्य भी मौजूद है।

बाद में मीडिया प्रतिनिधियों के पहुँचने पर दोनों अधिकारी सभी वाहनों को लेकर वहाँ से चले गए। इसके बाद रहवासी ज़ोन 10 कार्यालय पहुँचे जहाँ अध्यक्ष श्री सचिन जी ने लिखित आवेदन देने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**रहवासियों की माँग**- कॉलोनी में कचरा डंपिंग तत्काल बंद हो। डंप किया गया और खुले में फैला कचरा तुरंत उठाया जाए।दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई हो। कॉलोनी में स्वच्छता व्यवस्था स्थायी रूप से सुनिश्चित की जाए। जाम नालियों की सफाई और सभी नालियों पर ढक्कन लगवाए जाएँ। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# 60 लोगों का नेत्र परीक्षण 8 लोगों में पाया गया मोतियाबिंद



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। रायपुर ब्राइट फाउंडेशन , रोटरी क्लब ऑफ रायपुर द्वारा श्री साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें साई बाबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के वाइस प्रेसीडेंट सुमन गौड , डॉ मधुमलिका पाठक डॉ हेमाली टेकानी रूपरेला ने नेत्र परीक्षण एवं व्यवस्था बनाने में मदद की सुरभि नियम ने इस आयोजन में भरपूर सहयोग दिया जिसके फलस्वरूप 60 लोगों ने अपने नेत्रों की जांच करवाई जिनमें 8 लोगों को प्रथम बात जानकारी मिली कि उनकी आंखों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए हैं । डॉक्टरों ने उन्हें इससे सावधानी की जानकारी देते हुए बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु हॉस्पिटल द्वारा रियायती दरों पर सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष उत्तम गर्ग रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत , सहित सुभाष साहू , डॉ मनोज ठाकुर , अरविंद जोशी , चंपालाल साहू , श्रीमती सुषमा ध्रुव , आदि उपस्थित थे ।

## निधन

### मंगलूराम ढीमर



**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। स्थानीय पुराना रावण भाठा वार्ड न.16 निवासी छग प्रदेश ढीमर समाज के संरक्षक मत्स्य सह. समिति महासमुंद के अध्यक्ष, गंधेश्वरनाथ सिरपुर मंदिर के ट्रस्टी मंगलूराम ढीमर 80 वर्ष का 11 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भागवत ढीमर, अधिवक्ता तरूण ढीमर (नोटरी बागबाहरा) के पिता व महेंद्र ढीमर, शेष नारायण, चंद्रभूषण, सेवन ढीमर के दादा थे।

### भरत लाल चंद्राकर



**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी भरत लाल चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर,हरिशंकर, गोलू चंद्राकर के पिता व देवदत्त चंद्राकर के ससुर थे।

### केवरा बाई लोधी



**आरंग** , 11 सितम्बर (देशबन्धु)। केवशी लोधी पारा आरंग निवासी श्रीमती केवरा बाई लोधी धर्मपत्नी श्री कार्तिक राम लोधी का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया है। वे सत्यवान लोधी, दुर्गेश लोधी और योगेश लोधी की माता थी।

# नारायणी ने लगाई पत्रिकाओं की प्रदर्शनी



**रायपुर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नारायणी साहित्यिक संस्थान ने हिन्दी सप्ताह के अंतर्गत मेट्स विश्वविद्यालय में पत्रिकाओं की प्रदर्शनी लगाई। संस्थान की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा ने बताया कि लाइब्रेरी साइंस विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरमैन श्री गजराज पगारिया जी द्वारा किया गया। छत्तीसगढ़ी, मगही, बज्जिका, पंजाबी, पंचपरगनिहा, गोरमाटी, आतापानी, गुजराती, कन्नड़, बियरी, तेलुगू आदि की 100 से अधिक पत्रिकाओं को देखकर आपने संस्थान के प्रयासों की प्रसंशा की। इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, कल्पना चंद्राकर, डॉ रेशमा अंसारी, परवेज सकिलुद्दीन, अरुण पाण्डेय आदि उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के शिक्षकों सहित छात्रों ने बताया कि इतनी अधिक भाषाओं की पत्रिकाएं देखने का यह पहला अवसर है।

# चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायपुर**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कृष्ण कुमार राय, ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री के वी मैथ्यू, कार्यपालन यंत्री जशपुर विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एस. पी. मरकाम, कार्यपालन यंत्री परियोजना मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत 01 से 03 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 30 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह 02 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी और 03 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 78 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। इस योजना अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को बैंक के द्वारा 6 प्रतिशत ब्याज दर पर आसान किस्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण की सुविधा दी गई है।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता**

, पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप अथवा टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उपभोक्ता नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। सौर प्लांट स्थापना हेतु वेंडर का चयन उपभोक्ता स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं।

# रायपुर में हाई प्रोफाइल पार्टियों से जुड़ा ड्रग्स रैकेट

## पुलिस ने इवेंट मैनेजर भावेश शर्मा को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में ड्रग्स पैडलिंग नेटवर्क पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच की टीम ने इवेंट मैनेजमेंट का काम करने वाले भावेश शर्मा को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में खुलासा हुआ है कि उसका संबंध ड्रग्स पैडलर नाविया मलिक और विधि अग्रवाल से जुड़ा हुआ था।

**कई सालों से इवेंट मैनेजमेंट की आड़ में सक्रिय था :** पुलिस के मुताबिक भावेश शर्मा पिछले कई वर्षों से रायपुर और अन्य जगहों पर इवेंट मैनेजमेंट का काम कर रहा था। पुलिस को शक है कि बड़े इवेंट्स और पार्टियों के दौरान ही ड्रग्स की सप्लाई की जाती थी। जांच में सामने आया है कि शर्मा के संपर्क दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों से ड्रग्स सप्लायरों तक फैले हुए थे। वह कथित तौर पर एमडीएम और कोकेन जैसे नशे को रायपुर समेत आसपास के इलाकों में खपाया करता था।

**चैट से खुला राज, फोरेंसिक जांच जारी :** पुलिस को भावेश शर्मा और विधि अग्रवाल के बीच संदिग्ध चैट्स मिले हैं जिनके आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई। इसके अलावा उसके मोबाइल फोन को फोरेंसिक लैब भेजा गया है ताकि विस्तृत डाटा रिकवरी की जा सके। पुलिस का मानना है कि इन चैट्स से ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े कई और नामों का पर्दाफाश हो सकता है।





**नाविया मलिक और विधि अग्रवाल से कनेक्शन चैट्स से खुला राज**

**पुलिस के रडार में कई लोग :** क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार नाविया मलिक और विधि अग्रवाल से जुड़े कई अन्य लोग भी पुलिस की रडार पर हैं। इवेंट मैनेजमेंट और अन्य क्षेत्रों में सक्रिय संदिग्धों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अब तक कई लोगों से पूछताछ हो चुकी है और कुछ को नोटिस देकर तलब किया गया है।

**एसएसपी ने दी जानकारी :** रायपुर एसएसपी डा लाल उमेद सिंह ने बताया कि ड्रग्स पैडलिंग मामले में अभी कई अहम गिरफ्तारियां होना बाकी हैं। उन्होंने कहा भावेश शर्मा से पूछताछ जारी है। उसके संपर्कों और मिले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर आरोपियों को रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जाएगी। जो भी इस नेटवर्क से जुड़ा पाया जाएगाए उस पर सख्त कार्रवाई होगी।

**गिरफ्तारी के बाद राजधानी में हलचल :** गौरतलब है कि इस गिरफ्तारी के बाद रायपुर के इवेंट मैनेजमेंट और पार्टी आयोजकों में हड़कंप मच गया है। पुलिस को शक है कि पिछले कई हाई.प्रोफाइल इवेंट्स में भी नशे की सप्लाई की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि इस पूरे मामले में अभी कई परतें खुलनी बाकी हैं और आने वाले दिनों में और भी चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

# नकली आरटीओ ऐप से ऑनलाइन ठगी

**ट्रैफिक पुलिस ने किया अलर्ट**

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर में साइबर ठगों ने ऑनलाइन ठगी करने का नया तरीका निकाला है। अब आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस के नाम से ई.चालान एपीके फाइल भेज रहे हैं जिसे लोग आरटीओ व ट्रैफिक का ई.चालान मानकर ओपन करते हैं। ऐसा करते ही उनका मोबाइल हैक हो जाता है। इसके बाद उनके बैंक खातों से रकम पार कर देते हैं। कई लोगों के साथ ऐसा हो चुका है। इसलिए आरटीओ और यातायात पुलिस ने अलर्ट जारी किया है।

**यातायात पुलिस ने जारी किया अलर्ट :** असली ई.चालान ऐसे होता हैरू ऐसे ई.चालान से सावधान रहने की जरूरत है। ई.चालान वाहन स्वामी मोबाइल में मैसेज या डाकघर के माध्यम से चालान नहीं पहुंच पता हैए तो ट्रैफिक पुलिस वाहन स्वामी के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर में कॉल कर ई.चालान की सूचना देती है। वाहन स्वामी की सहमति पर उनके वाट्सऐप में भी चालान को भेजा जाता है।यदि व्हाट्सप्प के माध्यम से ई.चालान प्राप्त हो रहा है तो दिए गए चालान में जाकर ई.चालान डाउनलोड न करें। फर्जी चालान से दूर रहें। ई.चालान की असलियत जांचने के लिए विभाग की अधिकारिक वेबसाइट का उपयोग करें। परिवहन विभाग की वेबसाइट ई.चालान डॉट परिवहन डॉट गव डॉट इन पर जाना होगा। यहॉ ई.चालान के पेज में जाकर पे ऑनलाइन पर क्लिक करना होगा। इसके बाद चालान नंबर और कैप्चा कोड भरना होगा। फिर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। ओटीपी डालने पर ई.चालान का पूरा विवरण मिलेगा। यही तरीका सुरक्षित एवं विश्वसनीय है।

**ऐसे कर रहे हैं ठगी :** साइबर ठग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वालों को ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग के नाम से फर्जी एसएमएस भेज रहे हैं। इसमें जुर्माना भरने के लिए एक ड्क्षलक दिया जाता है। जैसे ही ड्क्षलक को ओपन करते हैंए तो आरटीओ ई.चालानण्एपीके डाउनलोड हो जाता है। एपीके फाइल डाउनलोड होते ही मोबाइल या कंप्यूटर हैक हो जाता है। उसका एक्सेस साइबर ठग को मिल जाता है। इसके बाद बैंक अकाउंट से पैसा निकाल लेते हैं।

## कार और बाइक में भिड़ंत, एक युवती और दो युवक घायल

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में तेज रफ्तार कार और बाइक में भिड़ंत हो गई इस हादसे में एक युवती और दो युवक घायल हो गए हैं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया पूरा मामला माना थाना क्षेत्र का है यह हादसा भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सामने हुआ घटना की जानकारी देते हुए सीएसपी लंबोदर पटेल ने बताया कि कार में तीन लड़की सवार थी जिसमें एक लड़की घायल हुई है वहीं बाइक सवार दो युवक भी घायल हुए हैं सभी का इलाज जारी है

# नाबालिग का बाल पकड़कर घसीटा, चप्पलों से पीटा

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। एक नाबालिग का बाल पकड़कर घसीटा गया है। युवती ने उसकी चप्पलों से भी पिटाई की है। बताया जा रहा है कि नाबालिग ने लड़की को मजाक करने से मना किया। जिससे वह भड़क गई और उसने मारपीट शुरू कर दी। इस मामले में नाबालिग की मां ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। मामला आजाद चौक थाना क्षेत्र का है। पीड़ित की मां ने बताया कि वह अपने तीन लड़कों के साथ ईदगाह भाटा रायपुर में रहती है। 30 अगस्त को उसका 14 साल का बेटा लाखे नगर के पास अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। इस समय मोहल्ले की रहने वाली सादिया बेटे के साथ साथ मजाक करने लगी। जब उसने मना किया तो वह भड़क गई। उसने उसका बाल पकड़कर खींचने लगी।

**लड़की को मजाक करने से किया था मना, दीवार में सिर टकराकर फोड़ दिया**

**दीवार पर मारा सिर**

फिर उसकी चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान आरोपी युवती ने नाबालिग का सिर दीवार से भी टकरा दिया। जिससे उसके सिर में चोटें आई हैं। इस घटना के बाद नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं महिला के शिकायत पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# समाज के लोग आगे आकर दिव्यांग बच्चों की मदद करें : बृजमोहन

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य बाल कल्याण परिषद का वार्षिक आमसभा में बृजमोहन अग्रवाल ने परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के लोगों को आगे आकर दिव्यांग बच्चों की सहायता में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही परिषद के जो सदस्य राज्य सरकार के विभिन्न आयोग, मंडल में मनोनीत हुए है उन्हें भी परिषद के कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए दिव्यांग बच्चों की मदद करनी चाहिए। परिषद के सदस्यों को स्पीच थेरेपी सेन्टर में अधिक से अधिक लोगों को लाकर परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य को बताना चाहिए। बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा की बैठक हुई। तत्पश्चात बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत परिषद के उपाध्यक्ष डॉ अशोक त्रिपाठी एवं महासचिव चंद्रेश शाह ने शाल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।



परिषद के नए मोनो का विमोचन उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा किया गया। महासचिव का वार्षिक प्रतिवेदन चंद्रेश शाह ने और ऑडिट रिपोर्ट के साथ आगामी प्रस्तावित बजट श्रीमती इंदिरा जैन ने प्रस्तुत किया। परिषद द्वारा संचालित संस्थाओं का वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। परिषद के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों का छत्तीसगढ़ सरकार के आयोग/निगम में नियुक्त होने पर उनका सम्मान किया गया।

आमसभा के पूर्व बालगृह के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।साथ ही स्पीच थेरेपी से बच्चों में हुई प्रगति को बच्चों के अभिभावकों ने बताया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव राजेन्द्र कुमार निगम ने किया।

# बस्तर बाढ़ पीड़ितों के लिए चेम्बर ने बढ़ाया मदद का हाथ

**महापौर से भेंट कर राहत सामग्री सौंपी**

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर इन दिनों बाढ़ की भयावह त्रासदी से जूझ रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। लोगों के घर, आजीविका और आवश्यक संसाधन जलमग्न हो जाने से हजारों परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

ऐसे संकट के समय में मानवीयता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राहत कार्यों में सक्रिय योगदान दिया है। चेम्बर के नेतृत्व में न्यू बर्तन व्यापारी संघ नयापारा तथा होलसेल कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी सहित व्यापारी बंधुओं के सहयोग से राहत सामग्री एकत्रित की गई।



इस राहत सामग्री में बाढ़ प्रभावित परिवारों की तात्कालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बर्तन एवं मच्छरदानी प्रमुख रूप से शामिल किए गए। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में व्यापारियो ने नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे से भेंट कर उन्हें राहत सामग्री सौंपी, ताकि प्रभावित परिवारों तक समय पर आवश्यक सहयोग पहुँच सके।

चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि च्बस्तर की यह आपदा केवल बस्तर की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पीड़ा है। चेम्बर परिवार पीड़ित भाई-बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। हमारा संकल्प है कि हर संभव सहयोग करते रहेंगे और आवश्यकता पड़ने पर राहत कार्यों को और गति देंगे।

इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया जी, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, पार्षद अमर गिदवानी एवं अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

# ठेकेदारों को भुगतान नहीं, 16 को बैठक में बनेगी रणनीति

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। निर्माण विभागों में कार्यरत ठेकेदारों को बिलों का भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी समय पर काम पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाते है। अधिकारियों की मनमानी और विसंगतियों को लेकर ठेकेदारों में रोष है।ऐसे कई मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ कांक्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने राजधानी में राज्य स्तरीय बैठक करने का ऐलान किया है। 16 सितंबर को होने वाली इस बैठक में प्रदेशभर के कांक्ट्रेक्टर शामिल होंगे। राज्य सरकार के सामने निर्माण संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे।

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला का कहना है कि संगठन की मजबूती और विस्तार के साथ ही वि ?भिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई जा रही है। उनका यह भी कहना है कि राज्य के विकास में ठेकेदारों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के बजाय हर स्तर पर जटिल प्रक्रिया उत्पन्न करने में ही ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं।इससे निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं। और ठेकेदार अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। निर्माण कार्यों की प्रक्रिया ऐसी होती है कि लाखों रुपए की सामग्री उधारी में लेना पड़ता है और जब विभागों से बिलों का भुगतान होता है तब ट्रेडर्स को बकाया चुकाते हैं।

वर्तमान में करोड़ों रुपए का बिल छह महीने से लेकर एक साल से लंबित हैं, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ता है।

ऐसे सभी मसलों पर प्रदेश के सभी जगहों के कांक्ट्रेक्टर राज्य स्तरीय बैठक में अपनी बातों को रखेंगे। इसके बाद सभी बिंदुओं का ज्ञापन राज्य शासन को सौंपने का फैसला लिया जायेगा।

# चाकू मारकर चोट पहुंचाया, आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी गुपचुप के पैसे को लेकर लेन देन के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी रंगबहादुर कुशवाहा पिता रामराज कुशवाहा उम्र 25 साल निवासी रवि गुप्ता का मकान बागडी नर्सिंग होम के पास बुढापारा रायपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल अपने भाई संदीप कुशवाहा जो आजाद चौक के पास गुपचुप ठेला लगया था कि आरोपी प्रांजल चौबे द्वारा गुपचुप के पैसा लेन देन की बात पर से संदीप कुशवाहा को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकु से मारकर चोट पहुचाया एवं बीच बचाव करने आये उसके साथी अमर भारतीया तो उसको भी आरोपी प्रांजल चौबे द्वारा चाकु से मारकर चोट पहुचाया की रिपोर्ट पर थाना आजाद चौक रायपुर मे अपराध पंजीबद्ध किया जाकर थाना आजाद चौक पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुवे आरोपी प्रांजल चौबे पिता दिनेश चौबे उम्र 19 वर्ष पता ब्राह्मण पारा कंकालिन मंदिर के पास थाना आजाद चौक जिला रायपुर से घटना मे प्रयुक्त चाकु की जप्ती कर प्रकरण मे धारा 25 27 आर्म्स जोडी गई है आरोपी प्रांजल चौबे को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया



# दो दिनों में मारपीट की अनेक घटनाएं

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी में पिछले दो दिनों में मारपीट की घटनाएं सामने आई है। इनमें गुपचुप का पैसा मागने सडक पर खड़ी डीजे गाड़ी हटाने ताश पत्ती और आटो किराया को लेकर विवाद हो गया। इस बीच चाक कड़ा और हाथ मुक्कों से हमला हुआ। आजाद चौक पुलिस के मुताबिक रंग बहादुर कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह और उसका श्भाई सप्रे मैदान के पास रोड में गुपचुप का ठेला लगाते हैं। रोज की तरह सोमवार को भी उसका छोटा भाई सदीप बुढ़ापारा के पास गुपचुप लगाया था। जहा रात 11 ब्राम्हणपारा निवासी प्रांजल चौबे का ठेला में गुपचुप के पैसा लेन देन को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात को लेकर कल रात प्रांजल रात संदीप कुशवाहा के साथ गाली गलौज करने लगा। जिसको मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखें धारदार वस्तू से हमला कर दिया। इस हमने में संदीप को हाथ के कलाईए कमर में चोट आई। उधर सरस्वती नगर पुलिस ने नवीन माँगराज कि शिकायत पर गोलू जय जगत एवं बिल्लू के खिलाफमारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया है। नवीन ने बताया कि बीएसयुपी कालोनी कोटा में रहता है। और डीजे आपरेटर का काम करता है। कल शाम को वह डीजे धुमाल गाड़ी को लेकर महाराज दुकान के पास पुराना बीएसयुपी कालोनी गया था। वहीं पर गोलूए जय जगत एवं बिल्लू खड़े थे। जो गाड़ी को जल्दी निकाल कहकर गाली गलौज करने लगे। जिसे भाई संजय मोंगराज के गाली देने से मना करने पर गोलूए जय जगत एवं बिल्लू ने जान से मारने की धमकी संजय मोंगराज को हाथ मुक्का से एवं गोलू किसी नुकीली वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाया।

**पुलिस ने दर्ज किया अपराध**

नवारायपुर के राखी गांव में ताश खेलने के दौरान पत्ता फेंकने की बात को लेकर हमला हो गया। त्रिलोक तारक ने राम प्रसाद पर हाथ में पहने कड़ा से हमला कर चोट पुहंचाया। रामप्रसाद ने इसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट की धारा का अपराध दर्ज किया है। कबीर नगर के आरडीए कालोनी हीरापुर में आटों के किराए को लेकर पड़ोसियों के बीच झगड़ा हो गया। आयूष डागा और उसके साथियों ने सतनाम सिंह के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। उसने बताया कि पड़ोस के जमुना साहू आयुश डागा के आटो को किराये से कहीं भेजा थाए जिसका पैसा मांगने आयुश डागा आया। और जमुना साहू को आटो किराया लेने की बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था।

# सड़क सुरक्षा के लिए हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में युवाओं और व्यापारियों का उमड़ा उत्साह

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा इकाई - युवा कैट एवं रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा रायपुर शहर में सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल उम्मेद सिंह, प्रशांत शुक्ला, गुरजीत सिंग, सतीश ठाकुर, राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शंकर नगर, पंडरी, फाफाडीह, स्टेशन रोड, एम.जी. रोड, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए कैट प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई।




मुख्य अतिथि लाल उम्मेद सिंह ने कहा -हेलमेट सचमुच जीवनरक्षक है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें ही मौत का सबसे बड़ा कारण हैं। यदि हर नागरिक हेलमेट पहनने का संकल्प ले तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। प्रशांत शुक्ला, एएसपी (यातायात) ने कहा - हेलमेट पहनना केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल एवं महामंत्री रतनदीप सिंह ने कहा -इस रैली का उद्देश्य है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी न रहकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बने। हर युवा और हर व्यापारी इस अभियान से जुड़कर 'सुरक्षित भारत' की नींव रख सकता है। रैली में विशेष रूप से राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज, कैलाश खेमानी, दीपक विधानी, मोहन वर्ल्यानी मौजूद थे।

# देवर ने भाभी को जड़ा थप्पड

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। देवर ने अपनी भाभी को थप्पड़ जड़ दिया। दोनों का घरेलू बातों पर विवाद हुआ था। इस विवाद के दौरान देवर अश्लील गाली.गलौज देने लगा। तब भाभी ने उसे गाली देने से मना किया तो उसने अपनी भाभी का बाल पकड़कर थप्पड़ जड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता संध्या ने पुलिस को बताया कि वह हाउसवाइफहै और फूल चौक के पास रहती हैं। 10 सितंबर को सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने घर पर काम कर रही थी। तभी घर के दूसरे हिस्से में रहने वाले देवर घनश्याम शर्मा के साथ घरेलू बातों पर विवाद हो गया।

**महिला से धक्का-मुक्की भी:** इस विवाद के बाद देवर ने अश्लील गाली.गलौच देनी शुरू कर दी। फिर उसने भाभी के सिर के बाल को पकड़कर उसे तमाचा जड़ दिया। इस दौरान धक्का.मुक्की में महिला नीचे गिर गई। जिससे उसके पैरों पर भी चोटें आई हैं। इस मामले में गोल बाजार पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर कार्रवाई में जुटी है।

# गणेश विर्सजन के दौरान मारपीट गर्भवती महिला के पेट मारी लात

**रायपुर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर और ग्रामीण इलाकों में गणेश विसर्जन के दौरान मारपीट की घटनाएं सामने आई है। झगड़ा बीच बचाव के दौरान गर्भवती महिला पर भी हमला हुआ। तिल्दा नेवरा पुलिस के मुताबिक ग्राम अल्दा निवासी पंकज कुमार वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 की शाम को मोहल्ले में गणेश विसर्जन का कार्यक्रम था। इस दौरान सभी लोग डीजे में नाचते.गाते गांव के तालाब में मूर्ति विसर्जन करने गए थे। जभी तालाब के पास गांव के विवेक वर्माए योगेश सेन और उसके साथी तालाब के पास आकर भुनेश्वर वर्मा के साथ बेवजह गाली गलौज कर डागडा कर रहे थे। जिसे बीच बचाव करने पर लड़के वहां से चले गए। जो करीब रात्रि 7.30 बजे विवेक वर्मा अपने साथ कुछ और लोगों को लेकर घर में जबरन घुसकर बीला ज्यादा होशियार बन रहा है कह कर गाली गलौज कर रहा था। उधर खरोरा के ग्राम पचरी में भी परसों रात में गणेश विसर्जन के दौरान डीजे में डांस करते धक्का लगने की बात को लेकर विवाद हो गया। गौरव चर्तुवेदी और उसके साथियों ने उकेश्वर के साथ गाली गलौज कर हिाथ मुक्का एवं लात घुसा से मारपीट किया। खमतराई इलाके में कल रात विसर्जन के दौरान ऋषभ का दिनदयान साहू के साथ पुराने बात को लेकर विवाद हुआ। रात 9.30 बजे मोहल्ले के दीनदयाल साहूच सोनू साहू मुझे पूरानी बातों को लेकर गाली गलोज कर रहे थे। जिसे मना करने पर दीनदयाल साहू व सोनू साहू ने जान से मारने की धमकी देकर पत्थर से तथा सोनू साहू ईट से मारपीट हमला कर दिया। पुलिस ने अलग.अलग मामलों में आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अन्य थाराओं का अपराध दर्ज कर कार्रवाई की।

**उल्टा पुल्टा**

संता ने बंता से पूछा- तुम्हारी बेटी की सगाई 2 साल पहले हुई थी,शादी क्यों नहीं की अब तक?

बंता ने कहा- यह सब लड़के की वजह से है। लड़का एक वकील है, तो जैसे ही शादी की तारीख पास आती है, वह कोई ना कोई बहाना करके तारीख आगे बढ़ा देता है।

**संपादकीय**

## भयरहित हो बच्चों से संवाद

*रायपुर जिले के खरोरा में एक छात्रा ने जिस प्रकार से आत्महत्या की है, वह समाज को कई संकेत तथा अभिभावकों को कुछ संदेश देता है जिसे समझा जाना ज़रूरी है ताकि कम उम्र में बच्चों को इस तरह से अपनी ही जीवन ज्योति बुझाने की आवश्यकता न पड़े। विभिन्न कारणों से लोगों द्वारा खुदकुशी करने की घटनाएं होती हैं। इसका कारण निराशा तो है ही, मूल में संवादहीनता होती है। खासकर, बच्चों के साथ पालक एवं अभिभावक जब संवाद नहीं करते तथा उन्हें इतना साहसी नहीं बनाते कि अपने विचार व स्थिति के बारे में वे खुलकर तथा साहसपूर्वक कह सकें, तब तक ऐसी दुर्भाग्यजनक मौतें होती ही रहेंगी।*

*अध्ययन या नौकरियों अथवा अपना घर बसा लेने के कारण बच्चों को पालकों से अलग रहना पड़ता है। पढ़ने-लिखने के लिये बच्चे किसी अन्य शहर में रहने लगते हैं। चाहे वह पेईंग गेस्ट के रूप में हो या किराये के मकान लेकर, नहीं तो छात्रावासों में। ज्यादातर बच्चे तो अपना फोकस अध्ययन पर पूरी तरह से करते हैं और कोई पेशा अपना लेते हैं, पर कई ऐसे भी होते हैं जो विभिन्न कारणों से सफलतापूर्वक अपना अध्ययन नहीं कर पाते। उनसे कोई गलती भी होती है। छात्रावासों में रहने वाले कुछ बच्चे-छात्र कई बार गलत दिशाओं में चल पड़ते हैं। ऐसा सभी के बारे में नहीं कहा जा रहा है। गलतियां करना इस उम्र में सहज है लेकिन दुखद बात यह होती है कि उसकी जानकारी का माता-पिता तक न पहुंचना। इसकी मुख्य वजह है अभिभावकों की बच्चों के साथ संवादहीनता, बच्चों पर कठोर नियंत्रण या उनसे खौफ में रखना जिसके कारण वे अपनी बात नहीं कह पाते।*

*बहुत से बच्चे अपनी नाकामियों या गलतियों को छिपाते हैं। मां-बाप की नाराज़गी के भय से बाहर रह रहे बहुत से बच्चे न केवल सत्य को अपने पालकों तक पहुंचने नहीं देते, बल्कि उनसे झूठ भी बोलते हैं। यह न सिर्फ गलत है बल्कि बच्चों के लिये खतरनाक भी। उपरोक्त उल्लिखित छात्रा खरोरा के एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रावास रहकर पढ़ती थी। जब वह अपने घर रायपुर गयी हुई थी तभी उसकी वार्डन का फोन आया जिसके बाद छात्रा ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ अत्यंत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा में बात की गयी थी, जिसके कारण वह व्यथित हो गयी थी। इसके चलते उसने प्राण दे दिये। उसके सहपाठियों के अनुसार किसी अनजान युवक से मिलने के कारण उसे हॉस्टल से निकाल दिया गया था।*

*सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को खुलकर अपनी बात कहने की आजादी दें। बच्चों को यह भी बताया जाये कि गलतियां स्वाभाविक हैं तथा अपनी नाकामी को उनसे छिपाने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्हें समझाएं कि वे हर गलती स्वीकारेंगे।*

# न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के दूकानदारों को प्रीमियम राशि जमा कराने निगम की नोटिस से व्यापारियों में रोष



नोटिस वापस लें अन्यथा न्यायालय जाएंगे : शंकर लाल ताम्रकार पूर्व महापौर

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा एक बार फिर न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों को कलेक्टर रेट पर प्रीमियम राशि जमा किये जाने की नोटिस से व्यापारियों में भारी रोष मिश्रित हड़कंप है। आज पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार के नेतृत्व में चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, हटरी बाजार के व्यापारियों ने पत्रकार वार्ता लेकर नये सिरे से प्रीमियम राशि जमा कराने जारी की गई डिमांड नोटिस को रद्द करने की मांग की है। श्री ताम्रकार एवं पत्रवार्ता में उपस्थित व्यापारियों का एक स्वर से कहना था कि जब हटरी बाजार व न्यू हटरी बाजार में दूकानें लेते समय व्यापारियों ने निर्धारित दर पर प्रीमियम राशि जमा करा दी तो अब बार बार प्रीमियम राशि की मांग क्यों की जा रही है। श्री ताम्रकार ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो कोर्ट का रास्ता अपनायेगें।

श्री ताम्रकार ने बताया कि लगभग सौ वर्ष पूर्व जब हटरी बाजार बनना शुरू हुआ तभी तत्कालीन व्यवसाइयों ने वहां तत्कालीन कलेक्टर दर पर नगर पालिका को प्रीमियम राशि जमा कराकर भूखंड ले लिया और उस पर दूकान बना लीं। श्री ताम्रकार ने स्पष्ट किया कि तब नगर पालिका ने व्यापारियों को भूखंड बेच दिया था। अतः एक बार बेची गई वस्तु दुबारा फिर उसी क्रेता व्यक्ति को कैसे बेची जा सकती है।

पत्रकार वार्ता में श्री ताम्रकार ने बताया कि इस प्रीमियम राशि का डिमांड वर्ष 1996 में तत्कालीन महापौर आर.एन.वर्मा के कार्यकाल में व्यापारियों को भेजा गया था। व्यापारी समुदाय ने भारी विरोध के कारण तत्कालीन शासन में इसकी जांच कराई और फिर यह मामला शांत हो गया था। इसके लगभग 10 वर्षों बाद फिर तत्कालीन महापौर सरोज पाण्डेय ने भी नोटिसें जारी करवाए थे मगर इस पर भी अमल नहीं हो पाया था। इसके बाद पिछली भूपेश बघेल सरकार ने 6 जुलाई 2022 को पूरे प्रदेश में फ्री होल्ड स्कीम लागू की थी। इस स्कीम का लाभ भी हटरी बाजार के 10-12 व्यापारियों को मिला शेष व्यापारियों ने आवेदन दिया मगर उन्हें किन्हीं कारणों से लाभ ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आयकर में छूट के बाद जीएसटी दरों में कमी और स्लेब में सरलीकरण से आर्थिक विकास को मिलेगी नई गति : विजय शर्मा




**दुर्ग**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफअग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करकेए रेट को कम करके करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफहम अग्रसर हो चुके हैं। श्री शर्मा ने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। श्री शर्मा ने आज जिला भाजपा कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता लेकर उक्त बातें कहीं।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था आम जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगी। श्री शर्मा ने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्मए लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएँ, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024.25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिएए होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। ऑटोमोटिव में स्पष्ट वर्गीकरण से विवाद कम होंगे तथा विनिर्माण और निर्यात में वृद्धि को समर्थन मिलेगा। नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलेगा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिक मजबूती प्रदान करेगा और यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। इसके अलावा अपवाद ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# डेयरी संचालक गोबर, गंदगी का गाईड लाईन के अनुसार निराकरण करें अन्यथा कड़ी कार्रवाही



■ डेयरी संचालकों की बैठक लेकर महापौर ने दी अंतिम चेतावनी

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के सभी डेयरी संचालकों की बैठक लेकर उन्हें अपनी डेयरियां पुलगांव स्थित गोकुल धाम में शिफ्ट करने अथना वर्तमान डेयरी स्थल में पूरी तरह साफ सफाई रखने, नालियों में गोबर गौमूत्र, गौठान का कचरा न फेंकने की हिदायत दी है। उन्होंने अंतिम चेतावनी के साथ कहा कि यदि अब नालियों में गोबर या डीगर कचरा बहता पाया गया तो न्यूनतम 10 हजार रूपये जुर्माना, डेयरी (या घर) का नल कनेक्शन काटने की चेतावनी दी है। उन्होंने डेयरी संचालकों को व्यवस्था सुधारने के लिये 10 दिनों का समय देते हुए अगले 1 अक्टूबर से इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन शुरू कर दिये जाने की घोषणा की है। उन्होंने संबंधित निगम अधिकारियों को भी जरूरी निर्देश दिये है।

आज नगर निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभाभवन में महापौर अलका बाघमार, एमआईसी प्रभारी नीलेश अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद की उपस्थिति में नगर निगम के सफाई दरोगा, सुपरवाइजर एवं डेयरी संचालकों की बैठक लेकर उपरोक्त समझाइश के साथ ही चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि इस बारे में नगर निगम द्वारा डेयरी संचालकों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# 6 साल की बच्ची के साथ अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली थाना दुर्ग क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। 6 साल की मासूम बच्ची के साथ 51 साल के मुंह बोले बड़े पापा ने दुष्कर्म किया है।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। आरोपी बच्ची का मुँह बोला बड़ा पापा लगता है। आरोपी बच्ची को अपने साथ गणेश देखने और बिस्किट खिलाने के बहाने अपने साथ लेकर गया। वहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद आरोपी फरार हो गया। इधर बच्ची जब घर नहीं पहुंची और माता पिता परेशान हो गए वो बच्ची को ढूंढने लगे। उन्होंने आरोपी की पत्नी से भी पूछा। उसने कुछ बताने से इंकार कर दिया। इसी बीच रात करीब 8.30 बजे आरोपी की पत्नी बच्ची को लेकर मंदिर के पास पहुंची। उसने कहा बच्ची भंडारे के पास थी। बच्ची ने अपने साथ हुई आपबीती के बारे में परिजनों को बताई। इसकी शिकायत पुलिस से की गयी। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी। बच्ची का मेडिकल टेस्ट कराया गया। मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने कहा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चोरी के दो मामले में पुलिस ने दो मोटर सायकल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेमेतरा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस टीम ने मोटर सायकल चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

14 अगस्त को प्रार्थी विजय शेखर वर्मा उम्र 46 वर्ष निवासी कोंडिया थाना नंदनी जिला दुर्ग हाल पता पीडब्लुडी कालोनी बेमेतरा का रात्रि करीबन 08.30 बजे अपने मोटर सायकल मोटर सायकल होड़ा शाईन क्रमांक सीजी 07 बीएफ 4532 से अपने साथी के साथ कोबिया शराब दुकान गया था अंग्रेजी शराब दुकान के पास मोटर सायकल को खड़ी कर दोनो शराब खरीदने चले गये थे शराब खरीदकर वापस आने पर इसका मोटर सायकल खडी किये स्थान पर नही था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया हैं। कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(3) क्ब्ह्स के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

1 सितंबर को प्रार्थी चंद्रकुमार निषाद उम्र 28 साल साकिन रांका थाना व जिला बेमेतरा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 30.08. 2025 को दोपहर करीबन 03.30 बजे मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 25 2619 से अपने भांजा के साथ अपने खेत के धान फसल को देखने रांका खार शिवनाथ नदी पास गया था मोटर सायकल को कुछ दूर पहले खड़ी कर धान फसल को देखने खेत चला गया था आधा घंटा बाद वापस आने पर मोटर सायकल खड़ा किये स्थान पर नही था



जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया हैं कि रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(3) क्ब्ह्स के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा व थाना स्टाफ को अज्ञात आरोपी की पता तलास हेतु त्वरित टीम गठित कर माल, मुल्जिम पता साजी में लगाया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रकरण के माल, मुल्जिम पता साजी विवेचना पर वाहन चेकिंग के दौरान च्ब्सशक्त एपज्ज (एप्लिकेशन) के माध्यम से वाहन चेकिंग करने पर साहिल खान निवासी खरोरा को चोरी के मोटर सायकल के साथ पकडा गया ।जिससे पुछताछ करने पर पता चला कि इस मोटर सायकल के अलावा एक और मोटर सायकल की चोरी करना। जो थाना बेमेतरा के उक्त दोनो मामले का होना पता चला।

वाहन चेकिंग के दौरान च्ब्सशक्त एपज्ज (एप्लिकेशन) के उपयोग और मदद से मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी को पकडने में सफलता मिली। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# आज तामस्कर महाविद्यालय में रोजगार मेला

21 अग्रणी कंपनियां देगीं रोजगार

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग रजत जयंती महोत्सव मना रहा है। इसी क्रम में जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में प्लेसमेंट सेल द्वारा बृहद रोजगार मेला 2025 का आयोजन 12 सितम्बर को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना होगा।

कार्यक्रम की संयोजक महाविद्यालय की प्लेसमेंट प्रभारी डा.पद्मावती होंगी। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र और प्रशासनिक स्टाफइस मेले के सफल आयोजन हेतु सहयोग देंगे। मेले में बैंकिंग, फाइनेंस, ऑटोमोबाइल, बीपीओ, हेल्थ केयर, सुरक्षा सेवाएं और स्किल ट्रेनिंग जैसे विविध क्षेत्रों की लगभग 21 अग्रणी कंपनियां भाग लेंगी। इनमें बंदन बैंक, चोलामंडलम, एनआईआईटी, वेक्टर फाइनेंस, मुथूट माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, एक्सिस बैंक, साईराम किआ मोटर्स, फिलपकार्ट, मेहता स्टील, टेलीपरफॉर्मेंस बीपीओ, स्क्वेयर बिजनेस सर्विस, प्रया नर्सिंग होम केयर सोसाइटीए टेक्नोटास्क, टीवीएस ट्रेनिंग एंड सर्विसेज, परिधान, धन्वंतरि आयुर्वेद, जीडीएक्स सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड सोफे इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विस, फायर सेफ्टी एंड डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,

एस.आर.हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं पैरामेडिकल कॉलेज, फाइंड दक्ष, कॉन्फिडेंस मैनपावर सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और कात्यायनी इचिपमेंट्स जैसी कंपनियां शामिल होंगी। सभी कंपनियां भर्ती काउंटर स्थापित करेंगीए जहाँ छात्र सीधे एच.आर.पेशेवरों से बातचीत करेंगेए बायोडाटा जमा करेंगे, इंटरव्यू देंगे और करियर काउंसलिंग प्राप्त करेंगे। सभी छात्रों को रजिस्ट्रेशन स्थल पर तुरंत ही पंजीयन कराने की सुवधा रहेगी। साथ ही वे गूगल फार्म भरकर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इस मेले में जिले के 21 शासकीय महाविद्यालयों के छात्र.छात्राओं सहित अन्य इच्छुक अभ्यर्थियों को भी आमंत्रित किया गया है।

# शासकीय कर्मचारी की मृत्यु उपरांत अनुग्रह अनुदान राशि बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार दी जायें : तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ

**दुर्ग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने सेवाकाल के दौरान किसी शासकीय सेवक की मृत्यु हो जाने पर उसके परिजन को 1 लाख 25 हजार रूपये अनुग्रह अनुदान का भुगतान करने की मांग की है। संघ के जिला अध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव को भेजे गये ज्ञापन में उक्त मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि मध्यप्रदेश शासन ने अपने कर्मचारियों की मृत्यु के उपरांत 1 लाख 25 हजार रूपये की राशि अनुग्रह अनुदान का



भुगतान करने का प्रावधान पारित किया है। श्री यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश के विभाजन होने व छत्तीसगढ़ राज्य पृथक हो जाने के बावजूद समय समय पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के हित में जो भी निर्णय लिया जाता रहा है उसका पालन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी किया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान नियमों के अनुसार दिवंगत शासकीय कर्मचारी को वर्तमान में बेंड वेतन व ग्रेड वेतन के योग के 6 माह के वेतन के बराबर की राशि अधिकतम 50 हजार रूपये दी जाती है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने इस राशि को बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार रूपये करने की मांग की है।

# सांसद प्रतिनिधि हथेल ने क्वांर नवरात्र में झूलों के दर कम करने की रखी मांग



**डोंगरगढ़,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी के समक्ष ज्ञापन प्रस्तुत किया है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि नगर में आगामी दिनो च्ांर नवरात्र पर्व में नगरपालिका प्रशासन द्वारा मीना बाजार का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में बाहर से आए दर्शनार्थियों और स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक दर्शन के साथ-साथ मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की जाती है। पिछले वर्ष मीना बाजार में - झूलों के लिए 50 से 60 रुपये प्रति झूला वसूले गए थे, जिसे लेकर व्यापक - आलोचना हुई थी ।जिस पर तरुण हथेल ने प्रशासन से अनुरोध किया है ।कि झूलों की दर को 20 से 30 रुपये के बीच रखा जाए, ताकि अधिक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बच्चों से ज्यादा अपेक्षा, दबाव तनाव पैदा करता है, इससे बचें : कुलपति

आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यशाला

**दुर्ग**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग एवं सिम्हांस, देवादा के संयुक्त तत्वाधान में 10 सिंतबर को कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर आत्महत्याओं को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ाई जाना और मानसिक स्वास्थ्य हेतु स्पष्ट चर्चा को प्रोत्साहित किया जाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती मूर्ति पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ तत्पश्चात् राज्यगीत का प्रस्तुतीकरण हुआ। कुलपति प्रो. (डॉ) संजय तिवारी ने कहा कि पापा कहते है बड़ा नाम करेगा इस वाक्य को संबोधित करते हुए कहा कि माता पिता अपने बच्चों से बड़ी उम्मीदें रखते हैं कि भविष्य में ऐसा काम करेंगे जिससे उनका नाम रोशन होगा और उन्हें गर्व



महसूस होगा जिसमें बच्चों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक दबाव बच्चों में तनाव को जन्म देता है जो आगे जाकर आत्महत्या जैसी भयावह कृत्यों में तब्दील हो जाता है। साथ ही कुलपति ने बच्चों को सलाह दी कि असफलता, सफलता के पथ पर अग्रसर होने की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. प्रमोद गुप्ता ने अपने व्याख्यान में आत्महत्या के संबंध में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की एवं महत्वपूर्ण तथ्यों के साथ-साथ तकनीकी सुझावों पर व्याख्यान दिया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन न विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने किया। सचदेवा इंस्टीट्यूट, भिलाई के डायरेक्टर चिरंजीव जैन ने कहा कि जीवन से बढ़कर इंसान के लिए कुछ भी नहीं है। सफलता और असफलता प्रयास करने के फलस्वरूप उत्पन्न परिणाम के दो पहलु हैं। व्यक्ति को अनुभवों से सीखकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्राचार्यों, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई के प्राचार्य, डॉ. विनय शर्मा समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। कार्यशाला में बड़ी संख्या में सहभागी उपस्थित रहे।

# 2 माह का वेतन नहीं मिलने का विरोध प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई 03 चरौदा के अध्यक्ष रामअवतार साहू एवं श्रीराम कुर्रे के नेतृत्व में कर्मचारियों की विगत 70 दिनों से वेतन प्राप्त नहीं हो रहा है। इसके अलावा विगत 30 माह से अधिक का समय बीत जाने पर भी वेतन से कटौती की गयी। जी.पी.एफ और सीपीएफ की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ एकांउट में जमा नहीं करायी जा रही है साथ सेवानिवृत्व कर्मचारी एवं मृत कर्मचारियों को रूपये का पैसा नहीं मिल पाया है। इन सभी मांगो को लेकर आज निगम के कर्मचारियों ने निगम कार्यालय के मुख्य द्वार पर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान एकाएक कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल की खबर लगते ही प्रशासन हरकत में आ गया निगम महौपार सहित आयुक्त ने मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों से उनकी मांगो को लेकर चर्चा की पहल की जिसके पश्चात सभी कर्मचारियों द्वारा नारेबाजी करते हुए महापौर निर्मल कोसरे के आमंत्रण को स्वीकार किया और अपनी मांगो, अपनी समस्यों से उन्हें अवगत कराया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामअवतार साहू ने महापौर निर्मल कोसरे के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा की विगत 2 माह से निगम के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है जिसके कारण कर्मचारी के परिवार के भरण.पोषण की समस्या खड़ी हो गई है साथ ही कई कर्मचारियों द्वारा अपने बच्चों की पढ़ाई लिखाई विवाह एवं घर बनाने आदि कार्यों के लिए लिये गये लोन की राशि बैंक में कटौती किये जाने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्याधिक दायनीय हो चुकी है। जिसके कारण कर्मचारी, अधिकारी का आकोश आज एकाएक फूट पड़ा। निगम प्रशासन से कर्मचारी महासंघ की चर्चा सौहृद पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए जिसमें एक माह के वेतन जुलाइ की राशि उसी दिवस कर्मचारियों के खाते में भेजने के साथ, सेवानिवृत्त एवं मृत कर्मचारियों के सभी लंबित देयकों का भुगतान 15 दिवस में, जी.पी.एफ एवं सी.पी.एफ की लंबित राशि उपादान की राशि आगामी 1 माह के भीतर प्रदाय करने की सहमति प्रशासन द्वारा महासंघ के प्रतिनिधि को प्रदान किया गया है। इसके अलावा निगम के वर्तमान में कार्यरत 145 नियमित कर्मचारियों के लंबित 35 माह के जी.पी.एफ, सी.पी.एफ् परिवार कल्याण सहित सभी लंबित देयकों का भुगतान में से 12 माह की राशि दिसम्बर 2025 की स्थिति किये जाने का आश्वासन प्राप्त हुआ है। चर्चा के दौरान निगम प्रशासन के तरफ से महापौर निर्मल कोसरे, आयुक्त, सहायक लेखा अधिकारी अश्वनी चन्द्राकर एवं भारतीय मजूदर संघ से संबंध स्वायत्त शासी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामअवतार साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीराम कुर्रे, संघटन मंत्री विकास त्रिपाठी, लिंगेश्वर राव, उपाध्यक्ष सरोजनी यदु, अभिलाषा श्रीवास्तव, अरूणिमा दुबे, टी. कामेश्वरी, ललित चन्द्राकर, श्यामता साहू, तोरण चन्द्राकर, शशी यादव, चेतन देवांगन, अविनाश चन्द्राकर, सुखन्दन यादव, मो.याशीन, संतोष सिन्हा, कन्हैया सोनी, बसंत, बलराम चेलक, दुष्यत चतुर्वेदी, भीषम वर्मा, संतोष सोनी, कृष्णा यादव, किरण नायक, तरोशन मरकाम, हेमंत साहू, मुकेश चन्द्राकर एवं अन्य कर्मचारी सम्मलित हुए ।

# स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र का अहिवारा में भव्य स्वागत



**भिलाईनगर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव नवीन दायित्व मिलने के पश्चात विगत दिन अपने जन्मस्थली अहिवारा पहुँचे। जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भव्य स्वागत अभिनंदन किया। क्षेत्र वासियों ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को छत्तीसगढ़ी परंपरा अनुसार 5 प्रकार के कांसे के बर्तन भेंट की और जनसेवा में और आगे बढ़ने आशीष दी। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की आज का दिन मेरे लिए भावनाओं से भरा और अविस्मरणीय रहा। नवीन दायित्व मिलने पर अपनी जन्म स्थली अहिवारा में प्रियजनों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा मिले आत्मीय स्वागत और सम्मान के लिए मैं हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, खेती किसानी को मजबूती देने और जल संवर्धन सहित जनभावनाओं से जुड़ी मांगों को पूरा करने का संकल्प लिया। गजेन्द्र यादव ने नागरिकों की सुविधा हेतु अहिवारा से लगे बानबरद गांव के जल संसाधन कार्यालय में रेस्ट हाउस, मोहंदी में जलाशय, अहिवारा हाई स्कूल में डोम शेड, नंदौरी तथा मोहलाई जलाशय निर्माण तथा कपसदा जलाशय के जीर्णोद्धार का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने नागरिकों को क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में उन्नय, जीर्णोद्धार एवं अहाता निर्माण कराने का भी भरोसा दिलाया। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जि.पं. अध्यक्ष श्रीमति सरस्वती बंजारे, जि.पं.उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा ज पं अध्यक्ष लमन साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व न पं.अध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार, पूर्व महापौर श्रीमति चंद्रकांता मांडल, तथा पुरुषोत्तम देवांगन, रविशंकर, सतीश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संगीत विवि की कुलपति डॉ. शर्मा मिलीं तीजन बाई से



**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ लवली शर्मा ने पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी भिलाई-3 पहुंच कर उनका हाल.चाल जाना। डॉ. शर्मा ने शॉल-श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर पंडवानी गुरु को सम्मानित किया और उनके साथ करीब घंटे भर तक बैठकर उनके स्वास्थ्य और लोक कला संस्कृति पर चर्चा की। डॉ. शर्मा की बातों को तीजन बाई ने इशारों में समझा और उनसे घुलमिल गईं। इस दौरान पंथी नृत्य में पद्मश्री सम्मान प्राप्त डॉ. राधेश्याम बारले ने तीजन बाई को डॉ. शर्मा का परिचय दिया और उनसे विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान ख्याति प्राप्त लोकगायक तुषान्त बारले और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पीआरओ प्रमोद वर्मा भी उपस्थित थे। सभी ने तीजन बाई से आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# आयुक्त ने खुर्सीपार में अटल आवास का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में शासकीय स्कूल सुलभ शौचालय, आई.टी.आई. कथा स्थल एवं अटल आवास का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया है। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 51 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण कर जर्जर भवन को तोड़कर समतलीकरण करने निर्देशित किए है। स्कूल में बच्चो के खेलने के लिए मैदान बनाने एवं स्कूल के शौचालय का चेम्बर भरकर ओवर फ्लो हो रहा है। जिसका संधारण कराने को कहा गया। आयुक्त ने बच्चो के क्लास रूम में जाकर उनसे पढ़ाई से संबंधित सवाल जवाब भी किए। खुर्सीपार आई.टी.आई. परिसर में भागवत कथा आयोजित है, जहां नागरिको के बैठने, पानी, स्वच्छता एवं चलित शौचालय की व्यवस्था का निरीक्षण किए हैं। जिससे आम नागरिकों को दिक्कत ना हो। कथा स्थल हेतु समीपस्थ आईटीआई ग्राउंड मैदान, कैनाल रोड के किनारे मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयुक्त द्वारा बापू नगर उद्यान के समीप विगत कई वर्षो से निर्मित अटल आवास है जिसका अवलोकन किया गया।



आवास को निवास हेतु किसी भी परिवार को नहीं दिया गया है। देखरेख के आभाव में आवास जर्जर हो गया है। उक्त जर्जर आवास को गिराकर उपयोगी अन्य कार्य हेतु निर्देशित किए है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हाए सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेंद्र परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट राव उपस्थित रहे।

# लीनेस क्लब ने दांतों की सफाई के दिए टिप्स



**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। लीनेस क्लब सेवा सप्ताह के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला शांति नगर बच्चों को दांतों की सफाई को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान दंत चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नन्हें बच्चों को दांतों की देखभाल से जुड़ी कई जरूर बातें बताई। उन्होंने बच्चों से रोजाना सुबह उठते ही दांत साफ करने की हिदायत दी। जिससे दांत में दर्द न रहे और सड़न न हो पाए। इन बच्चों को टूथ पेस्ट भी दिये गये। बच्चों ने वादा किया कि नियमित दांतों की सफाई करेंगे और दूसरे बच्चों को भी इस बारे में बताएंगे। लीनेस क्लब की ओर से इस अवसर पर डॉ राजेद्र प्रसाद को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनीषा शक्ति धरनी, एरिया ऑफिसर नीता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सुषमा उपाध्याय, लता गायकवाड, अध्यक्ष रीटा कुखरानिया, सचिव माला पोपली और कोषाध्यक्ष राजश्री जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हिन्दी कार्याशाला का आयोजन

**भिलाईनगर।** संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग के अंतर्गत संचालित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र म एक दिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन कार्यपालक निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डा. रविन्द्रनाथ एम. के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनीता द्विवेदी ने की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उदय कुमार, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा राजीव कुमार विशेष रूप से मंचासीन थे। मुख्य अतिथि डा. रविन्द्रनाथ ने बताया कि गैर.हिंदी भाषी क्षेत्र से होने के बावजूद मैंने रेडियो और टीवी के माध्यम से अपनी हिंदी भाषा में उल्लेखनीय सुधार किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

# सेवा पखवाड़ा में दिव्यांग किट वितरण व रक्तदान




**भिलाईनगर,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के निर्देशन में भाजपा जिला भिलाई का सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती हर्षिता पाण्डेय थीं। कार्यशाला की अध्यक्षता पुरूषोत्तम देवांगन अध्यक्ष भाजपा जिला भिलाई ने किया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस को ऐतिहासिक व भव्यता प्रदान करते हुए मोदी के विजन सेवाए सुशासन एवं गरीब कल्याण को ध्यान में रख सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। यह कार्यक्रम 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हर्षिता पाण्डेय ने कहा हम प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़ा मनाते है, परन्तु इस वर्ष का सेवा पखवाड़ा हम सबके लिए ऐतिहासिक रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान एवं रक्तदान शिविर से पखवाड़े का शुभारंभ होगा। स्वास्थ्य केन्द्रो में प्रधानमंत्री का लाईव संबोधन सुनने को मिलेगा। पखवाड़ा अतंर्गत प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी, द्वितीय चरण में मण्डल स्तर पर रक्तदान शिविर, जिला स्तरीय प्रबुद्ध संवाद सम्मेलन, मोदी के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, प्रधानमंत्री पर आधारित पुस्तक का वितरण, आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत थीम पर नमो मैराथन, 25 सितम्बर को पं.दीनदयाल उपाध्याय जंयती पर एक पेड़ मों के नाम, बूथ स्तर पर वृद्ध वृक्षारोपण, दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर संगोष्ठी, वोकल फॉर लोकल आत्मनिर्भर भारत पर प्रदर्शनी, दिव्यांगों का उपकरण वितरण, 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता अभियान, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस अवसर पर कहा कि संगठन के द्वारा जो भी कार्य भिलाई जिला को दिया जायेगा उस कार्य को मेरा योगदान हमेशा रहेगा। जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन ने कहा अब तक भिलाई जिला के द्वारा प्रदेश संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए सफलतम कार्यक्रम किये हैं। सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम को हम सब मिलकर टीम भावना से कार्य करते हुये पूर्ण रूप से संपन्न कराएंगें। सभी कार्यक्रमों हेतु टीम घोषित की गई है, जिनको जो जिम्मेदारी मिली है, उसका निर्वहन करते हुए सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए कार्यशाला में मार्गदर्शन दिया गया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना सेवा पखवाड़ा के संयोजक बिजेन्द्र सिंह, संचालन जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू तथा आभार प्रदर्शन सेवा पखवाड़ा के सह संयोजक विजय जायसवाल ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश बिचपुरिया, वीरेन्द्र साहू, शिरिष अग्रवाल, रविशंकर सिंह, खिलावन साहू, तुलसी साहू, दया सिंह, रामखिलावन वर्मा, अशोक बाफना सहित संजय दानी, विनोद सिंह, विनोद देवांगन, के. गणपति, मिथिला खिचरिया, उपासना साहू, स्वीटी कौशिक, अमित मिश्रा, द्वारिका चंद्रवंशी, सुन्दरलाल साहू, डॉ प्रदीप चौधरी, जे.पी. घनघोरकर, महेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह, तरूण सिंह, शशिभगत, दीपक भोडेकर, गोपाल साहू, गोल्डी सोनी रोहित साहू, धर्मेन्द्र सिंह, वरूण यादव, कुमन साहू, रामजी निर्मलकर, रूपराम साहू, विजय शुक्ला, चंदेश्वरी बांधे, सचिन ताम्रकार, नरेश यादव, पारस जंघेल, मदन सेन, शारदा गुप्ता, गोपाल कृष्ण वर्मा, सूर्यकांत पाण्डेय, रविन्द्र चौहान, दीपक यादव, विनय सेन, सौरभ जायसवाल, सरला आचार्य, पूर्णिमा ठाकुर उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह व तकरीर का आयोजन

**भिलाई।** मुस्लिम महिलाओं के संगठन हजरत बीवी फातिमा जोहरा कमेटी ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के सिलसिले में सम्मान समारोह व तकरीर का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर.6 के सामुदायिक भवन में किया। इस दौरान दुरूद ख्वानी व फातिहा ख्वानी हुई। वहीं आलिमा गुलनिशां से पैगम्बर हजरत मोहम्मद की तालीम से जुड़ी बातें बताई। इस दौरान प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक की विभिन्न कक्षाओं में 90 फीसदी और उससे ज्यादा अंक लाने वाले और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बच्चों में मनहा फातिमा रूआबांधाए मोहम्मद फजल रजा सेक्टर.2ए सारा खानए मनाहिलए समीरए मोहम्मद रेयान समीरए अरहामए नोमानए मोहम्मद रेहानए अरशद अलीए उम्मू सदफए शमीम सदफए आयशा बानोए रिदा फिरदौसए अरहाम और मोहम्मद अनस शामिल हैं। आखिर में लंगर तकसीम किया गया।

# चेम्बर ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर जताया आभार

**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल के सदस्य मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के ऐतिहासिक निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रधानमंत्री के नाम आभार पत्र सौंपा। चेम्बर प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शिता में भारत आज विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है और जीएसटी का यह निर्णय कर प्रणाली को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं संतुलित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह सुधार देश के 140 करोड़ नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ पहुँचाएगा और व्यापारियों व उद्योगपतियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए राहतकारी साबित होगा। भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा व अजय भसीन ने कहा कि इस निर्णय से उत्पादन लागत में कमी आएगी, व्यापार जगत के लिए प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण और अधिक अनुकूल होगा भेंट में भिलाई चेम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रदेश मंत्री मनोहर कृष्णानी, पवन जिंदल, विनय सिंह, दर्शन खटवानी, सुनील मिश्रा, निरंकार सिंह व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।



# काकोली विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाईनगर**, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र की महाप्रबंधक कॉन्ट्रैक्ट सेल नॉन वर्क्स सुश्री काकोली रॉय को भारतीय इस्पात संघ आईएसए द्वारा जेंडर और डायवर्सिटी श्रेणी में प्रतिष्ठित विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित आईएसए स्टील कॉन्क्लेव 2025 के छठे संस्करण में प्रदान किया गया। साथ ही इस कॉनक्लेव में तीसरे आईएसए कोकिंग कोल शिखर सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। सेलद्ध का प्रतिनिधित्व करते हुए सुश्री रॉय को इस्पात क्षेत्र में लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए उनके अभिनव दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। जिसमें कार्यस्थल पर समावेशी दृष्टिकोण और समान अवसर को बढ़ावा देने में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा की जा रही प्रगति को सराहना प्राप्त हुई। बीएसपी समूह ने सुश्री रॉय को उनकी दृढ़ संकल्प और चुनौतियों पर विजय पाने की सोच तथा व्यापक इस्पात समुदाय के लिए एक मिसाल कायम करने के लिए बधाई दी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए इस्पात स्थिरता और विकास को गति प्रदान करना। विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन में नीति निर्माताओ, उद्योग जगत के नेताओं और वैश्विक विशेषज्ञों ने मिलकर भारत के इस्पात क्षेत्र के भविष्य की रूपरेखा तैयार की।

इस सम्मेलन के दौरान, सुश्री रॉय ने प्रमुख पैनल चर्चाओं में भी सक्रिय रूप से भाग लिया। आईएसए स्टील कॉन्क्लेव 2025 में आयोजित विचार विमर्श सत्रों में हरित इस्पात प्रौद्योगिकियों, कच्चे माल की सुरक्षा, इस्पात मूल्य श्रृंखला में एआई एकीकरण, वैश्विक व्यापार चुनौतियों और डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। विशेष सत्र लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए लॉजिस्टिक्स आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण और समावेशी विकास पर केंद्रित थे।

# आयुक्त ने जर्जर स्कूलों का निरीक्षण कर संधारण के दिए निर्देश

**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था, शासकीय स्कूल एवं उद्यान में वृक्षारोपण का आयुक्त ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा तीन दर्शन मंदिर के आस.पास रिक्त स्थलों का निरीक्षण कर पार्किंग की व्यवस्था बनाने हेतु उपस्थित जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किए हैं। चर्चा अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वृक्षारोपण करने एवं पार्किंग स्थल का निर्माण पश्चात किराया निर्धारण करने निर्देशित किए हैंए जिससे निगम की आय में वृद्धि की जा सके। आयुक्त ने वार्ड पार्षद एवं प्रधान पाठक के निवेदन पर 18 नंबर रोड वार्ड 30 सुभाष चौंक शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर जर्जर हो रहे भवन को तोड़कर समतलीकरण कराने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किए है। वार्ड-30 केम्प.2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं वार्ड-31 मदर टेरेसा नगर का अवलोकन किया गया। स्कूल के कक्ष का सिलिंग उखड़ कर गिर रहा है। जिसका संधारण एवं अन्य आवश्यक कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किए है। वार्ड 31 जयंती उद्यान में वूमेन फार ट्री योजना अंतर्गत महिला स्व.सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण कर आयुक्त ने स्वयं पौधा रोपण किया। उनके द्वारा निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है। इसके लिए आयुक्त ने निगम से एक सुरक्षा गार्ड नियुक्त किये जाने के संबंध में चर्चा किए है। यदि उद्यान में असमाजिक गतिविधि या गलत कृत्य करते हुए पाये जाते हैं, तो तत्काल संबंधित के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। नशे में संलिप्त या नशे के उद्देश्य से उद्यान जाने वाले असमाजिक व्यक्ति सावधान रहेए अन्यथा नगर पालिक निगम भिलाई संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। नगर निगम की निगरानी टीम कभी भी निगम क्षेत्र के उद्यानों में निरीक्षण कर सकते हैं, कार्यवाही की जिम्मेदारी नशे में संलिप्त व्यक्ति की होगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णमणी यादव, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।



# निगम की टीम ने अवैध रोड निर्माण को बंद कराया



**भिलाईनगर,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत खसरा नंबर 199 शासकीय भूमि शंकराचार्य मेडिकल कालेज के पास अजय बाफना द्वारा अपने प्राइवेट जमीन से एप्रोच रोड में रोड बनाया जा रहा था। उक्त स्थल पर अपने आवागमन के साधन के लिए पुलिया का निर्माण कर लिया था। जिसकी शिकायत प्राप्त होते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची। मौके पर निरीक्षण में पाया गया कि अजय बाफना द्वारा एप्रोच रोड से जोड़कर नया रोड का निर्माण किया जा रहा था। जिसे तत्काल रूकवा कर पंचनामा तैयार कराया गया। इस संबंध में कार्यवाही हेतु नोटिस भी जारी किया गया है। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजीव तिवारी, शशांक सिंह, इमान सिंह कन्नौज, यश मेश्राम, मंगल जांगड़े, राजेन्द्र सिंह, गौरकरण, विष्णु सोनी उपस्थित रहे।

# जनता के सुगम आवागमन हेतु सड़कों का विस्तार हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : भावना

**कवर्धा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने और पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता से विधानसभा में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रहा है। भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा वासियों की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रही हैं इसी क्रम में बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तार हेतु 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। भावना बोहरा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने बताया कि जनता ने जिस विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार बनाई है उसी प्रतिबद्धता से हमारी सरकार जनकल्याण, सुविधाओं का विस्तार एवं हर गाँव एवं शहर के विकास और अधोसंरचना निर्माण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में शामिल पंडरिया विधानसभा के प्रतापपुर-भगतपुर-निंगापुर मार्ग तक कुल 12.07 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार रुपए, जंगलपुर-कुम्ही मार्ग तक कुल 4.10 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 75 हजार 42 हजार रुपए और दशरंगपुर से खंडसरा मार्ग तक 3.00 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 3 लाख 68 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। 28 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक की राशि सड़क निर्माण हेतु मिली है इसके पूर्व भी पंडरिया विधानसभा को विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों हेतु करोड़ों रूपए की स्वीकृति मिली है जो कार्य प्रगति पर हैं उन्होंने आगे कहा कि यह कार्य सिर्फ सड़कें नहीं, बल्कि जन-जन के जीवन को सरल और समृद्ध बनाने का संकल्प हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के कुशल नेतृत्व में हमारे ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहें हैं और जनसुविधाओं का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश एवं पंडरिया विधानसभा के विकास और आर्थिक प्रगति के नए द्वार खुल रहें हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, व्यापारी हित के लिए सार्थक प्रयासों से आज पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में हर व्यक्ति-वर्ग के लिए जनकल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। पंडरिया विधानसभा में अबतक विभिन्न विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, सड़क,बिजली,पानी जैसी आवश्यक और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु 300 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, और कई कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय पर पूरे किये जा रहें हैं वहीं प्रगति पर है।



- विधायक के प्रयासों से सड़क निर्माण हेतु मिली 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति
- पंडरिया विस को मिली सड़क निर्माण हेतु 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति, विधायक भावना बोहरा ने जताया भाजपा सरकार का आभार

भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में अभूतपूर्व कार्य एवं जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, बाकेला हाफ नदी व्यपवर्तन योजना, हरिनाला पुल निर्माण, पंडरिया एवं पांडातराई बाईपास निर्माण से आम जनता एवं किसानों को सुविधा मिलेगी। इनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहीं कुछ कार्य प्रगति पर हैं और मुझे विश्वास है की उन कार्यों को भी तय समय पर पूरा कर लिया जाएगा। हाल ही में माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर बनाने एवं गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति भी प्रदान की है। इसके साथ ही गाँव-गाँव पक्की सड़कें, नाली निर्माण, प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ हुए हैं,प्रमुख चौक-चौराहों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण, पंडरिया और पांडातराई में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने मिनी स्टेडियम की सौगात पंडरिया विधानसभा की प्रगति, उन्नति एवं समृद्ध पंडरिया की पहचान बन रहे हैं।

# 50 वर्षों से रेलवे की जमीन पर काबिज अवैध कब्जाधारियों पर रेलवे प्रशासन की कार्रवाई

**कुम्हारी**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। गुरुवार को रेलवे प्रशासन द्वारा वार्ड क्रमांक 12 एवं 11 में स्थित नेशनल हाईवे से रेलवे स्टेशन कुम्हारी जाने वाले मार्ग पर लगभग 50 वर्षों से अवैध कब्जा कर सड़क के दोनों ओर बसे कब्जाधारियों पर कार्यवाही करते हुए मकानों और दुकानों को ढहा दिया गया। इस कार्यवाई में रेलवे प्रशासन के उच्च अधिकारियों के अलावा भिलाई तीन तहसीलदार, नगर पालिका कुम्हारी राजस्व निरीक्षक एवं बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवान मौजूद रहे। स्टेशन रोड के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण हेतु विगत कई वर्षों से इन कब्जाधारियों को रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस दी जाती रही है इसके बावजूद कब्जाधारियों के द्वारा इसे खाली नही किया गया इसे लेकर स्थानीय कुम्हारी नगर विकास मंच के पदाधिकारियों द्वारा डीआरएम से मुलाकात कर इसपर कार्यवाही हेतु पत्र दिया गया था। इसके पश्चात रेलवे द्वारा पुन: कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया एवं गुरुवार को 31 कब्जाधारियों को चिन्हांकित कर उनके द्वारा बनाये मकानों एवं दुकानों को रेलवे प्रशासन द्वारा तोड़ा दिया गया। कार्रवाई का किसी भी व्यापारी ने विरोध नहीं किया।



- 31 लोगों के दुकानों और मकानों पर चला बुलडोजर
- रेलवे प्रशासन जिला प्रशासन व कुम्हारी नगर पालिका प्रशासन मौके पर रहे मौजूद

व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी अपनी दुकानों से सामान हटा लिए इसके पश्चात ही अवैध निर्माण को तोड़ा गया। सुबह 10 बजे से शुरू की गई कार्यवाही देर शाम तक चली इस कार्रवाई में लोगों के द्वारा बनाये मकान, दुकान एवं चबूतरा तथा लोहे और टीन से बनाये शेड सभी को तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई में रेलवे से असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर भिलाई, एडीईएन असाठी, एसएसई नायक तहसीलदार भिलाई तीन रवि विश्वकर्मा, नगर पालिका राजस्व निरीक्षक नितिन श्रीवास सहित बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

*यह क्षेत्र कुम्हारी रेलवे स्टेशन आने जाने का मुख्यमार्ग है काफी पुराने समय से ये लोग कब्जा किये हुए थे रेलवे को इन कब्जाधारियों से काफी परेशानी हो रही थी वहीं कई लोगों का इस विषय पर शिकायत भी किया गया था। जिनके बाद इन लोगों को रेलवे द्वारा कई बार नोटिस भी दिया गया लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया कब्जा भी खाली नहीं किये गए रेलवे के आदेश के बाद आज कब्जा खाली करने की कार्यवाई की गई।*

-एडीईएन असाठी
असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर, भिलाई

# बीईओ ने शिक्षकों को किया सचेत



**सहसपुर लोहारा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार भास्कर ने विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, शिक्षकों की समय अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने, बच्चों की नियमित उपस्थिति, मध्यान भोजन की गुणवत्ता ठीक रखने, नियमित पालक संपर्क करने, कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उपचारात्मक शिक्षा प्रदान करने, विद्यालय-शौचालय की नियमित सफाई आदि विषयों पर संकुल केंद्र गोछिया के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक तथा हायर सेकेंडरी विद्यालयों के समस्त प्रधान पाठक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों का आवश्यक बैठक हायर सेकंडरी विद्यालय गोछिया में लिया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्पष्ट लहजे में समस्त शिक्षकों को सचेत करते हुए कहा कि लेट लतीफी, गुणवत्ता युक्त शिक्षा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं होगी।

# एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की को गरिमामयी समारोह में दी गई विदाई व किया गया सम्मान

**बेमेतरा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। बेमेतरा पुलिस जिले में पदस्थ पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) बेमेतरा श्री मनोज तिर्की का स्थानांतरण जिला बीजापुर के लिए कार्यमुक्त किया गया। उन्हें बेमेतरा में गरिमामयी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.), अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर (बेमेतरा एसडीएम) प्रकाश भारतद्वाज, डिप्टी कलेक्टर प्रीतम सिंह चौहान, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, एसडीओपी श्री विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, आरटीओ अधिकारी अरविंद भगत, लोक अभियोजक श्री शिव गोपाल श्रीवास, एडीपीओ श्री विनय अग्रवाल व थाना/चौकी प्रभारियों ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया एवं उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। साथ ही उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। स्थानांतरित पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) बेमेतरा श्री मनोज तिर्की का जिले में लगभग 03 साल का बहुत अच्छा कार्यकाल रहा। अनेक गंभीर मामलों में उनके पर्यवेक्षण से उल्लेखनीय सफलता मिली।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) मनोज तिर्की ने बेमेतरा जिले में बिताए अपने अनुभव को उपस्थित स्टाफ के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि सेवाकाल के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों एवं अधीनस्थ व साथी अधिकारियों/कर्मचारियों का उन्हें पूरा सहयोग मिला। जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उसे उन्होंने पूरी लगन व ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास किया।

एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने उनके कार्यों की प्रशंसा एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्थानांतरण नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है। उन्होंने कहा कि काम करने में आनंद तभी आता है, जब जनता का सहयोग मिलता है। श्री मनोज तिर्की ने अच्छे कार्यों से जनता का विश्वास जीता। उन्होंने अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण



का सार्थक प्रयास किया। एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई।

अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी ने कहा कि एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की ने अपने सेवा काल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें भविष्य की चुनौतियों का सामना करने एवं नई जिम्मेदारियों में सफलता पाने के लिए शुभकामनाएँ दी। साथ ही कहा कि पुलिस और जिला प्रशासन की पूरी टीम ने मिलकर हर परिस्थिति में चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया।

एएसपी श्रीमती ज्योति सिंह ने कहा कि एसडीओपी बेमेतरा के तौर पर पदस्थ रहते हुए मनोज तिर्की ने अपने लगभग 03 वर्षों के कार्यकाल में अच्छा काम किया। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे नई जिम्मेदारी भी सफलता के साथ निभाएंगे।

अपर कलेक्टर (बेमेतरा एसडीएम) प्रकाश भारतद्वाज ने उनके सेवा काल व चुनाव के समय निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएँ दी।

उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारी तथा अन्य पुलिस स्टाफ ने भी एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की के कार्यों की सराहना करते हुए अपने अनुभव साझा किए एवं नई जगह के लिए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस विदाई समारोह में* वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.), अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर (बेमेतरा एसडीएम) श्री प्रकाश भारतद्वाज, डिप्टी कलेक्टर प्रीतम सिंह चौहान, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, एसडीओपी श्री विनय कुमार, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, आरटीओ अधिकारी अरविंद भगत, लोक अभियोजक श्री शिव गोपाल श्रीवास, एडीपीओ श्री विनय अग्रवाल, मुख्य लिपिक उनि (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन सहित थाना/चौकी प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चंद्रदेव वर्मा, सत्य प्रकाश उपाध्याय, रोशन लाल टोन्ड्रे, दिलेश्वर चंद्रवंशी, उप निरीक्षक अलील चंद, भुनेश्वर यादव, राजकुमार साहू, राकेश साहू, सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, उदल राम टांडेकर, जितेन्द्र कश्यप, रघुवीर सिंह, एसएसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, एसडीओपी बेमेतरा रीडर प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

जल ही जीवन है

## निधन

### मंगलूराम ढीमर

**महासमुंद** 11 सितंबर। स्थानीय पुराना रावण भाठा वार्ड न. 16 निवासी छग प्रदेश ढीमर समाज के संरक्षक मत्स्य सह. समिति महासमुंद के अध्यक्ष, गंधेश्वरनाथ सिरपुर मंदिर के ट्रस्टी मंगलूराम ढीमर 80 वर्ष का 11 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भागवत ढीमर, अधिवक्ता तरूण ढीमर (नोटरी बागबाहरा) के पिता व महेंद्र ढीमर, शेष नारायण, चंद्रभूषण, सेवन ढीमर के दादा थे।



### भरत लाल चंद्राकर

**महासमुंद** 11 सितंबर। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी भरत लाल चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर,हरिशंकर, गोलू चंद्राकर के पिता व देवदत्त चंद्राकर के ससुर थे।



### केवरा बाई लोधी

**आरंग**, 11 सितंबर। केवशी लोधी पारा आरंग निवासी श्रीमती केवरा बाई लोधी धर्मपत्नी कार्तिक राम लोधी का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया है। वे सत्यवान लोधी, दुर्गेश लोधी और योगेश लोधी की माता थीं।



# रजत जयंती पर एल्युमिनी मीट व आनंद मेला उत्सव

**धमधा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत चंदूलाल चंद्राकर शासकीय महाविद्यालय धमधा एवं नवीन शासकीय महाविद्यालय पेंड्रावन के संयुक्त तत्वावधान में भूतपूर्व छात्र मिलन एवं भव्य आनंद मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के वाणिज्य हाल एवं वाणिज्य कॉरीडोर में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूर्व महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को एक मंच पर लाना, उनके अनुभवों को साझा करना और महाविद्यालय के साथ उनके संबंधो को परस्पर मजबूत करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलुमिनी अध्यक्ष सामर्थ ताम्रकार तथा एलुमिनी सचिव पूजा ताम्रकार उपस्थित थीं। स्वागत स्वरुप महाविद्यालय की छात्रा प्रीति ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी नृत्य से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ माननीय अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर उषा किरण अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए परस्पर एकता से सृजित शक्ति के महत्त्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित एलुमिनी अध्यक्ष सामर्थ ताम्रकार ने महाविद्यालय के विकास पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी महीनों में भव्य एलुमिनि मीट आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ जीडीएस बग्गा ने अपने वक्तव्य में कहा कि नई-नई तकनीक एवं अनुसंधान के नवाचारों से जुड़कर ही भविष्य की योजनाओं का लाभ विद्यार्थी उठा सकते हैं। कार्यक्रम के अगली कड़ी में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर ज्योति केरकेट्टा ने महाविद्यालय के 25 वर्षों के विकास यात्रा पर समुचित प्रकाश डाला। उत्पादन एवं निर्यात से जुड़ी मुद्दों पर डॉक्टर एस के मेश्राम ने विस्तृत चर्चा की। एल्यूमिनी मीट में उपस्थित भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय जीवन के अनुभव और शैक्षणिक यात्रा पर अपने अनुभव साझा किये। इसी कार्यक्रम की समानांतर आनंद मेले में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक एवं स्वादिष्ट भोज्य पदार्थों के कुल 15 स्टॉल लगाए गए एवं आनंद मेला का उद्घाटन एलुमनी समिति के अध्यक्ष श्री सामर्थ ताम्रकार जी के द्वारा फीता काटकर किया गया। इन स्टालों पर विभिन्न तरह के व्यंजन जैसे पोटेटो स्पाइरल, समोसा, सैंडविच, चना मसाला, मेदू बड़ा, साबूदाना बड़ा, फ़रा, चौसेला, अप्पे, भेल, चिला, अंकुरित चाट, गुपचुप, चाट,एवं फ्रूट सलाद आदि स्वादिष्ट व्यंजन थे। आनंद मेले मे 65 एलुमिनी छात्र एवं लगभग 600 अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर शकीला बानो ने तथा आभार प्रदर्शन श्री वीरेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में एलुमिनी समिति के सदस्य श्री मयंक मार्टिन डीन, डॉ अर्चना बौद्ध, श्री खेमलाल नेताम के अतिरिक्त समस्त प्राध्यापक, शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्राध्यापक, समस्त अतिथि प्राध्यापक, भूतपूर्व विद्यार्थीगण एवं शोधार्थी उपस्थित थे।



## छात्र से मारपीट और लापरवाही का आरोप, प्रधान पाठक सहित दो शिक्षक निलंबित

**कवर्धा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही और छात्र से अमानवीय व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा ने बड़ी कार्रवाई की है। कवर्धा जिले के केसली स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक डेजी जॉय पर 7 वीं के छात्र भावेश साहू से मारपीट का आरोप सिद्ध पाया गया। इसी प्रकरण में शिक्षक मनोज वर्मा के खिलाफ भी गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

जांच रिपोर्ट में सामने आया कि प्रधान पाठक डेजी जॉय ने छात्र की पिटाई की, वहीं मनोज वर्मा 22 अगस्त से बिना सूचना अनुपस्थित रहे और कई बार शराब सेवन कर विद्यालय पहुंचे। विद्यालय की साफ-सफाई, बिजली और पंखों की मरम्मत जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी लापरवाही का शिकार रहीं। प्रकरण को गंभीर कदाचार मानते हुए दोनों शिक्षकों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम नियत किया गया है।

## गाड़ियों को फोरलेन सड़क में खड़ा किया, आवागमन में परेशानी

**पाटन**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। दुर्ग-पाटन फोरलेन सड़क में अवैध रूप से गाड़ियो को खड़ा करना लोगो के लिए बड़ी समस्या का कारण बन गया है ।ग्राम उतई-पतोरा की व्यस्त सड़क में गाड़ियो का बसेरा बन चुका है ।गाड़ी गैराज दुकान दारो ने कई महीनों से चार,छ- और आठ पहियो की गाड़ियो को खड़े किया गया है। जिसमे राहगीरा और वाहन चालकों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है ।और बड़ी घटना -दुर्घटना होनी की संभावना बनी रहती है । ग्रामीणजनों का कहना है कि गाड़ियो को सड़क में खड़े करने से रात की अंधेरे में आवागमन करना बड़ी समस्या हो रही है ।इस सभी गाड़ियो को शीघ्र नहीं हटाया गया तो दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### न्यू हटरी बाजार और ...

नहीं मिल पाया। पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने तत्कालीन महापौर धीरज बाकलीवाल पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार की फ्री होल्ड वाली स्कीम का लाभ दिलाने में बाकलीवाल भी पूरी तरह उदासीन रहें।

श्री ताम्रकार ने बताया कि फ्री होल्ड स्कीम लागू हो जाने के बाद पुराने प्रस्ताव व व्यापारियों को प्रीमियम राशि जमा कराने संबंधी नोटिस का महत्व ही नहीं रह जाता। उन्होंने महापौर अलका बाघमार से आग्रह किया है कि वे इस मामले में राज्य शासन के समक्ष पूरे प्रकरण को रखते हुए प्रीमियम भुगतान संबंधी नोटिस रद्द कराने की उचित पहल करें।

उन्होंने कहा कि दुर्ग के सभी व्यापारी संगठन इस मामले के समाधान को लेकर विगत 30 वर्षो में अनेक प्रयास कर चुके है। यदि अभी भी समुचित समाधान नहीं मिला तो व्यापारी कोर्ट का दरवाजा खटखटायेगें। उन्होंने बताया कि उनकी मांग को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, कैट का भी समर्थन मिला हुआ है।

आज की पत्रकार वार्ता में पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार के साथ ही हटरी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष, कैट के चेयर पर्सन पवन बड़जात्या, अशोक राठी, शिवराज राउत, प्रहलाद जैन, मोहम्मद अली हिरानी, कुलदीप सिंह भाटिया, अधिवक्ता सौरभ ताम्रकार उपस्थित रहें।

### आयकर में छूट के बाद...

के रूप में जहां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले उत्पादों पर 40 प्रतिशत कर आरोपित किया गया है, वहीं बीड़ी को 18 प्रतिशत के स्लैब में ही रखा गया है। इससे भविष्य में तेंदू पत्ता संग्राहकों को काफी लाभ होगा। जनजातीय क्षेत्र में तेंदू पत्ता जैसे लघु वन्य उत्पादों की मांग अधिक बढ़ेगी । इससे प्रदेश को भी काफी लाभ होगा।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक सुधार और शानदार प्रबंधन के लिए केवल प्रोत्साहन राशि के मद में 6200 करोड़ रुपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार की इसका अमेरिकन टैरिफ से कोई सम्बंध है, निहायत ही बचकाना और झूठ है। इस सुधार की शुरुआत आज से डेढ़ वर्ष पहले ही हो गई थी।

इस मौके पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर डोमन लाल कौर्सेवाडा, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, चिम्मन देशमुख, तेलघानी विकास बोर्ड आयोग के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सभापति श्याम शर्मा मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मौजूद रहे।

### डेयरी संचालक गोबर...

को पूर्व में भी कई बार समझाइश दी जा चुकी है और अब कहीं कोई बात नहीं होगी और सीधे कार्रवाई की जायेगी।

महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि उन्हें बार बार नागरिकों से इस बारे में शिकायतें मिल रही है । गोबर, गौमूत्र, कचरा व गंदगी से लगातार फैलने वाली बदबू से उनका जीवन दूभर हो गया है। इसके अलावा महापौर श्रीमती बाघमार ने अपनी पूरी टीम के साथ पिछले कई दिनों तक वार्डो का भ्रमण कर इस समस्या को प्रत्यक्ष देखी भी है।

महापौर ने डेयरी संचालकों को समझाइश दी कि गोबर से कंडा बनाकर उसका सदुपयोग करें, बायोगैस बनाये जिससे उन्हें वित्तीय लाभ भी होगा।

### चोरी के दो मामले में ...

आरोपी के निशादेही पर उपरोक्त प्रकरणों में चोरी गए दो मोटर सायकल साजी 25 ङ्क 2619 एवं सीजी 07 बीएफ 4532 कुल जुमला रकम 60 हजार रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।

आरोपी साहिल खान पिता बदरुद्दीरन खान उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 03 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर हाल पता भैसा पथरा बिजली आफिस के पास बलौदाबाजार थाना व जिला बलौदाबाजार को आज दिनांक 09 सितम्बर 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक मयंक मिश्रा, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, नरेन्द्र सिंह, मोहित चेलक, आरक्षक पुरूषोत्तम कुंभकार, संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, जयकिशन साहू, पिला राम साहू, विनोद सिंह, रेखन साहू, मोती जायसवाल, संतोस धीवर सहित थाना बेमेतरा / सायबर सेल के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सांसद प्रतिनिधि हथेल ने...

से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी मिश्रा, पूर्व पार्षद राकेश अग्रवाल, रमेश यादव, गीता मानिकपुरी, मीना यादव, अनिल यादव, पूजा उज्जवने, बापी सान्याल सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व आत्महत्या निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



**पाटन**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। सितम्बर 2025 को च्विश्व आत्महत्या निवारण दिवसज्ज के अवसर पर प्रिज्म प्रा. आई.टी.आई., महका खुर्द, उतई में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य आत्महत्या जैसे गंभीर सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे को समझना तथा इसके प्रति छात्रों एवं स्टाफ को संवेदनशील बनाना था।

इस कार्यक्रम में आई.टी.आई. के प्राचार्य ललित कुमार साहू, बी.एड. विभाग की डॉ. अंजना शरद मैम ,रेखा मैम और स्वप्निल मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत शिवानी मैम द्वारा प्रस्तुत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें उन्होंने आत्महत्या से जुड़ी प्रमुख मानसिक स्थितियाँ जैसे डिप्रेशन, अकेलापन, सामाजिक दबाव और चिंता को विस्तार से समझाया। उन्होंने आत्महत्या के चेतावनी संकेतों को पहचानने, सही समय पर सहायता प्राप्त करने और परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया।

अपने उद्बोधन में निधि यदु मैम ने संवेदनशील और प्रेरणादायक भाषण से युवाओं के मानसिक संघर्षों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि च्आज की युवा पीढ़ी कई प्रकार के सामाजिक और व्यक्तिगत दबावों का सामना कर रही है, जिसमें उन्हें सही मार्गदर्शन और भावनात्मक सहयोग की आवश्यकता है।ज्ज उन्होंने यह भी बताया कि किसी समस्या का हल आत्महत्या नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग से निकलता है। उन्होंने छात्रों को अपनी भावनाओं को खुलकर साझा करने और जरूरत पड़ने पर मदद लेने की प्रेरणा दी।

डॉक्टर अंजना शरद ने मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि च्हम किसी के टूटे हाथ को तो तुरंत देख लेते हैं, पर टूटे हुए मन को नहीं देख पाते।ज्ज उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने भीतर की भावनाओं को दबाएं नहीं, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षक या मित्रों से बात करें। उन्होंने यह भी बताया कि मानसिक समस्या कोई शर्म की बात नहीं है, और हर किसी को इसका समर्थन करना चाहिए। स्वप्निल जना मैम ने आत्महत्या को एक स्थायी समाधान के रूप में नहीं देखने की चेतावनी दी। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि च्हर अंधेरी रात के बाद एक उजाला होता है। जीवन में चाहे कितनी भी समस्याएं आएं, हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए।ज्ज उन्होंने छात्रों को अपने भीतर आत्मविश्वास जगाने, सकारात्मक सोच अपनाने और खुद पर विश्वास रखने का संदेश दिया। साथ ही, उन्होंने संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे परामर्श संसाधनों की जानकारी भी दी।इस आयोजन ने छात्रों, फैकल्टी और अन्य उपस्थितजनों के मन में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और समझ को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

# नवनिर्मित सरकारी अस्पताल के आसपास अवैध कब्जों का खेल

**छुईखदान/भाटापारा**, 11 सितंबर (देशबन्धु)। छुईखदान स्थित सरकारी अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट किया गया है, जो अब कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर भाटापारा में संचालित हो रहा है। लेकिन नए अस्पताल का उद्घाटन होते ही इसके आसपास अवैध कब्जों और अतिक्रमण का खेल शुरू हो गया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अस्पताल के चारों तरफकी खाली सरकारी जमीन पर अवैध रूप से दुकानें खड़ी की जा रही हैं। यह कब्जा धीरे-धीरे इतना बढ़ गया है कि अब अस्पताल के मुख्य प्रवेश मार्ग तक प्रभावित होने लगा है। अस्पताल के पास दुकानें चलाने से अच्छी-खासी कमाई होती है, इसी वजह से कई लोग इस इलाके को अपना निजी व्यापारिक ठिकाना बनाने में जुट गए हैं।



अस्पताल के आसपास अवैध दुकानें लगने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हो रही है। वाहनों के आने-जाने में दिक्कत हो रही है। यह सब प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति शासन-प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत का नतीजा है। अस्पताल के आसपास अवैध कब्जे सिर्फआम लोगों की समस्या नहीं हैं, बल्कि यह भविष्य में अस्पताल की सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं में भी बड़ी बाधा बन सकते हैं।

लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं इन अतिक्रमणकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है। यह न केवल सरकारी जमीन पर कब्जा है, बल्कि सरकारी संसाधनों के खुलेआम दुरुपयोग का उदाहरण भी है।

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने शासन से मांग की है कि अस्पताल परिसर और आसपास की जमीन का तत्काल सर्वे कराया जाए।

सभी अवैध दुकानों और अतिक्रमण को तुरंत हटाया जाए।इसी प्रकार छुईखदान नगर पंचायत में भी पुराना पुलिस थाना के सामने पार्किंग स्थल को एक बाहरी व्यक्ति द्वारा बेजा कब्जा कर अवैध रूप से भवन निर्माण कार्य जारी है। जिनकी शिकायत प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा कलेक्टर महोदय । अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (ँक्ड)एवं नगर पंचायत छुई खदान में भी की गई थी दो माह बीत जाने के बाद भी कार्यवाही शून्य है अब अगली शिकायत मुख्यमंत्री जन दर्शन में किये जाने की तैयारी है। अतिक्रमणकारियों का कार्य जोर शोर से जारी है

जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच की मांग किया जाएगा।

अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो यह अवैध कब्जा आने वाले दिनों में भाटापारा को अवैध मार्केट में बदल देगा और अस्पताल के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा।

# एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य व वेलनेस पर सीबीएसई का विशेष प्रशिक्षण

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, भुवनेश्वर के सौजन्य से एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के गर्ल्स ऑडिटोरियम में एक दिवसीय "Capacity Building Program" का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था – "Promoting Mental Health and Wellness among Students"।

इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सीबीएसई विद्यालय से आए 61 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने के प्रभावी उपायों पर गहन जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में प्रशिक्षण सीबीएसई रिसोर्स पर्सन्स के रूप में श्रीमती शर्मिला मुखर्जी एवं श्री रॉयन फीग्रेड के माध्यम से सभी शिक्षकों को सीबीएसई दिशानिर्देश के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया ।

कार्यक्रम को चार सत्रों में विभाजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को न केवल सैद्धांतिक जानकारी दी गई, बल्कि व्यावहारिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। अंत में आकलन आयोजित किया गया ताकि प्रतिभागियों के ज्ञान व समझ को परखा जा सके।

मानसिक स्वास्थ्य का महत्व आज के तेजी से बदलते और तनावपूर्ण जीवन में अत्यधिक बढ़ गया है, खासकर छात्रों के लिए। छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य न केवल उनके अकादमिक प्रदर्शन को प्रभावित करता है, बल्कि उनके व्यक्तिगत विकास, संबंधों और भविष्य की संभावनाओं पर भी गहरा प्रभाव डालता है। परीक्षा का दबाव, प्रतिस्पर्धा, सामाजिक अपेक्षाएं और तकनीकी दुनिया की चुनौतियां छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के साथ छात्र न केवल अपनी पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि वे स्वस्थ संबंध बना सकते हैं, तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और प्रेरणा प्राप्त कर सकते हैं। छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समर्थन प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है, जिसमें स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, और



सहपाठी समर्थन समूह शामिल हैं। जब छात्र मानसिक रूप से स्वस्थ होते हैं, तो वे न केवल अपने वर्तमान जीवन में सफल होते हैं, बल्कि वे एक स्वस्थ और संतुलित भविष्य के निर्माण में भी योगदान करते हैं।

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का महत्व अत्यधिक है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल, ज्ञान और दृष्टिकोण में सुधार करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे वे छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। एफडीपी के माध्यम से शिक्षक नवीनतम शिक्षण पद्धतियों, तकनीकों और विषय-विशिष्ट ज्ञान से अपडेट रहते हैं, जो उन्हें अपने शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह कार्यक्रम शिक्षकों के बीच सहयोग और संवाद को बढ़ावा देता है, जिससे एक सकारात्मक और सहयोगी शिक्षण वातावरण बनता है। इससे न केवल शिक्षकों का व्यक्तिगत विकास होता है, बल्कि संस्थान की समग्र गुणवत्ता और प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होती है। एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में एफडीपी का आयोजन शिक्षकों को अपने पेशेवर विकास के लिए आवश्यक संसाधन और समर्थन प्रदान करता है, जिससे वे छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में सक्षम होते हैं।

यह पहल शिक्षकों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन में अधिक जागरूक और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगी।

कार्यक्रम ने शिक्षकों को यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना भी उतना ही आवश्यक है।

विद्यालय प्राचार्य श्री गिरीश कुमार ने कहा कि च्इस कार्यशाला के आयोजन से यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल पुस्तकों और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक संतुलन को समझना भी उतना ही आवश्यक है। आज के समय में शिक्षकों का यह दायित्व है कि वे बच्चों को केवल ज्ञान ही न दें, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक सोच भी प्रदान करें। यह प्रशिक्षण हमारे शिक्षकों को नए दृष्टिकोण और कौशल से सशक्त करेगा। मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के प्रयास हमारे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक मजबूत आधार साबित होंगे।

विद्यालय संचालिका श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि च्जिस प्रकार हम अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं, उसी प्रकार हमारे शिक्षकों के लिए भी निरंतर सीखना और प्रशिक्षण उतना ही आवश्यक है। मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित यह प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों की दृष्टि को व्यापक बनाएगी, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों की भावनाओं और चुनौतियों को बेहतर समझने में भी सक्षम बनाएगी। मैं आश्वस्त हूँ कि इस प्रकार की ट्रेनिंग हमारे शिक्षकों को और अधिक संवेदनशील, सक्षम और प्रभावी बनाएगी। यह कार्यशाला हमारे विद्यालय की उस सोच को आगे बढ़ाती है जिसमें हम मानते हैं कि 'सीखना' एक सतत प्रक्रिया है—चाहे वह विद्यार्थियों के लिए हो या शिक्षकों के लिए।

# नरेंद्र सिंह राजपूत हुये अक्षर सम्मान से सम्मानित

**थानखम्हरिया,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा आयोजित अक्षर सम्मान समारोह में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय प्राथमिक शाला सिवनी खुर्द के शिक्षक नरेंद्र सिंह राजपूत (स्टेट रिसोर्स पर्सन एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षक) को अक्षर सम्मान से सम्मानित किया। यह आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ जिसमें 20 ग्राम प्रभारी, 20 स्वयंसेवी शिक्षक और मास्टर ट्रेनर को साक्षरता महा अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर सम्मान किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि इस वर्ष हजारों असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य है उसे जल्द से जल्द पूरा करना है। सम्मान पाने वाले सभी शिक्षकों को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बधाई दी और साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एफ.आर.वर्मा, जिला परियोजना अधिकारी देवराज सिंह राजपूत, जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास, विकासखंड परियोजना अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद तथा सम्मान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला नोडल अधिकारी अवधेश नंदन श्रीवास ने किया। ज्ञात हो कि नरेन्द्र सिंह राजपूत थानखम्हरिया नगर के निवासी हैं।




# एनडीए उम्मीदवार के उपराष्ट्रपति बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर मनाई खुशी



**बालोद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। एनडीए उम्मीदवार पीण्सीण् राधाकृष्णन के भारत के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने की खबर मिलते ही बालोद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्सव मनाया। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय जूंगेरा में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाँटकर और आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यालय में हुए कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा सभी मंडलों से आए मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने एक.दूसरे को बधाई दी और कहा कि राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति निर्वाचित होना न केवल एनडीए की राजनीतिक ताकत का प्रतीक है बल्कि यह जनता के विश्वास और भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का भी परिचायक है। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि राधाकृष्णन के अनुभव, सादगी और राष्ट्रभक्ति से देश को आने वाले समय में लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। भारत माता की जयष् ष्वंदे मातरम्ष् और ष्भाजपा ज़िंदाबादष् पूरा कार्यक्रम उत्साह और गरिमा के माहौल में संपन्न हुआ।

# बाइक से टकराकर पलटी स्कूली बच्चों से भरी ई-रिक्शा, बच्चों को आई चोंटे

**बालोद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के गंजपारा में गुरुवार को एक दुखद हादसे में स्वामी आत्मानंद स्कूल के चार स्कूली बच्चे घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बच्चों को ले जा रहा एक ई.रिक्शा अंग्रेजी शराब दुकान के सामने सड़क पर एक बाइक से टकराकर अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसे में ई.रिक्शा में सवार चारों बच्चों को चोटें आईं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत बच्चों को बचाया और पुलिस को सूचना दी। घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए बालोद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालात स्थिर बताई जा रही है। चिकित्सक बच्चों की चोटों की गंभीरता का आकलन करने के लिए उनकी निगरानी कर रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक की लापरवाही के कारण यह दुर्घटना हुई। हादसे के कारणों की गहन जांच कर रही है। स्थानीय निवासियों ने सड़क की खराब स्थिति और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चिंता जताई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए। यह हादसा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन और स्कूल प्रबंधन से बच्चों के परिवहन के लिए सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस घटना ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाने की जरूरत को रेखांकित किया है।



# सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**बालोद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने सेवा ही संगठन अभियान के तहत आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जूंगेरा स्थित भाजपा कार्यालय में किया। जिला कार्यशाला में प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। भारत को 2047 तक विश्वगुरु बनाने का संकल्प सिर्फ प्रधानमंत्री का नहीं बल्कि हर भाजपा कार्यकर्ता का मिशन है। वर्मा ने छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य का गठन लोकतांत्रिक आंदोलन की देन है और आने वाला वर्ष इसकी सिल्वर जुबली का प्रतीक होगा। इस दौरान सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी गई। इनमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, प्रदर्शनी, प्रबुद्धजन संवाद, पुस्तक व डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, नमो मैराथन, पंण् दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर वृक्षारोपण और संगोष्ठी, दिव्यांग उपकरण वितरण, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, गांधी.शास्त्री जयंती पर श्रद्धांजलि, खादी प्रोत्साहन और चित्रकला प्रतियोगिता जैसे आयोजन शामिल रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा पखवाड़ा को बूथ स्तर तक सफ्लतापूर्वक आयोजित करें। उन्होंने कहा यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता से जुड़ने और सेवा की भावना को मजबूत करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलने वाला यह अभियान हर बूथ पर भाजपा की पहचान बनेगा। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने किया।

इस मौके पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, निवर्तमान जिलाध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, वरिष्ठ नेता लेखराम साहू, कार्यक्रम संयोजक ठाकुर, राम चंद्राकार, महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव व सौरभ लूनिया, जिला प्रवक्ता जितेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, समेत महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और मंडल अध्यक्ष बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# विभिन्न ग्रामों में नि:शुल्क साईकल वितरण

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत बुधवार को परपोड़ा,खिसोरा उसके पहले बचेड़ी व मोहभट्टा में बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल अध्यक्षता प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा बलराम पटेल व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नीरज राजपूत सभी ग्राम के सरपंच समिति अध्यक्ष थे।चंद्रशेखर आजाद शा.हायर सेकेंडरी स्कूल में 27 हाई स्कूल खिसोरा में 31 हाई स्कूल बचेड़ी में 22 व प.देवी प्रसाद चौबे हायर सेकेंडरी स्कूल में 29 बालिकाओं को अतिथियों के गरिमामयी उपस्थिति में नि:शुल्क सायकल वितरण किया गया।सभी स्कूल में सरस्वती सायकल पाकर छात्राओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किए।



सर्वप्रथम मां सरस्वती,भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र का पूजा अर्चना कर प्रारंभ हुआ।

उद्बोधन में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत उपस्थिति, गरीब वर्ग के छात्रों के लिए शाला पहुंचने में बाधक, अज्ञानता व अशिक्षा को दूर करने में नि÷शुल्क सरस्वती सायकल योजना मील का पत्थर साबित होना बताया। सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है।

बलराम पटेल ने कहा सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। अब वे स्कूल जाने के लिए उत्साहित हैं और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं।अब प्रदेश देश मे बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है अनेको जगह नेर्तृत्व कर रही है।

जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने नि÷शुल्क सरस्वती सायकल योजना के प्रणेता डॉ. रमन सिंह व उनके इस योजना के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बताया।यह योजना न केवल छात्राओं को शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बना रही है। इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है।

इस अवसर पर परपोड़ा से -शाला अध्यक्ष हेमू राम साहू प्राचार्य श्री जे.एल. पारधी सर जी सरपंच श्री फत्ते लाल साहू जी श्री बलदाऊ वर्मा जी श्री दुर्गा शिवारे जी श्री कमल साहू जी श्रीमती राधिका साहू जी श्री ओमप्रकाश साहू जी श्री मनहरण साहू जी बी.एल. कुर्रे व हेमन्त यदु सर शाला नायक उप शाला नायक सहित समस्त शाला परिवार परपोड़ा खिसोरा शाला समिति अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश साहू जी सरपंच प्रतिनिधि श्री जितेंद्र साहू जी प्राचार्य श्री राकेश कुमार शर्मा जी सांसद प्रतिनिधि खिसोरा स्कूल श्री टीकाराम साहू जी पूर्व जनपद सदस्य श्री नेतराम साहू जी पूर्व सरपंच श्री गोविंदराम साहू जी श्री साधु राम साहू जी श्री राम कुमार साहू जी श्री गंगाधर साहू जी सहित समस्त शाला परिवार खिसोरा ।बचेड़ी स्कूल के अध्यक्ष श्री हरेंद्र यादव जी मोहभट्टा से श्री सतीश यादव जी,प्राचार्य गजेंद्र वर्मा जी,लीलाम्बर साहू जी,जनपद सदस्य प्रतिनिधि श्री बीरबल साहू जी सरपंच राखी श्री सुनील साहू जी मोहभट्टा सरपंच प्रतिनिधि श्री नरसिंग साहू जी बचेड़ी उपसरपंच खूबी सिन्हा जी नेतागण जीवन राजपूत जी,गोवर्धन यादव जी,रवि यादव जी,अवधराम जी,बलदेव जी,मुकेश साहू जी तोरण पाल जी राहुल जी संकुल समन्वयक श्री महेंद्र सिन्हा जी सहित स्कूल समस्त स्टाफ बड़ी संख्या में सभी स्कूलों के बच्चे उपस्थित थे।

# नवीन स्कूल भवन की घोषणा पर प्राचार्यों एवं शिक्षकों ने विधायक साहू के प्रति जताया आभार

बेमेतरा, 11 सितम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्यगण, शिक्षकगण एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य आज विधायक दीपेश साहू के निवास कार्यालय पहुँचे। जहां उन्होंने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा विद्यालयों के नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक जी का आभार व्यक्त किया तथा एक लिखित धन्यवाद पत्र भी सौंपा।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया ङ्कहमें गर्व है कि हमारे विद्यालय का एक नन्हा छात्र आज विधायक बनकर अपनी कार्यशैली से प्रदेश में पहचान बना रहा है। आपने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर उसे समझा और प्राथमिकता से शासन से नवीन भवन की स्वीकृति दिलाकर अपनी सजगता का परिचय दिया है। विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति आपके इस प्रयास से अभिभूत है और हृदय से आभार प्रकट करती है।



प्राचार्य, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने कहा की हमारे विद्यालय का नया भवन बेमेतरा के शिक्षा जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगा। वर्षों से जर्जर हो चुके भवन में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अब सुरक्षित, आधुनिक और सुदृढ़ वातावरण मिलेगा। विधायक दीपेश साहू जी ने स्वयं हमारे विद्यालय में अध्ययन किया है, इसलिए उनकी संवेदनशीलता और लगाव हर कदम पर झलकता है। हम विद्यालय परिवार की ओर से विधायक जी का आभार व्यक्त करते हैं।

प्राचार्य, शासकीय कन्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय का सम्बोधन कन्या शिक्षा के क्षेत्र में यह नवीन भवन ऐतिहासिक उपलब्धि साबित होगा। आधुनिक कक्षाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण से हमारी बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। विधायक दीपेश साहू जी ने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी है और यह स्वीकृति उसी का प्रमाण है। हम विद्यालय परिवार की ओर से उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा की यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं स्वयं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का छात्र रहा हूँ और आज अपने ही विद्यालय के लिए नवीन भवन स्वीकृत कराने का अवसर मिला है। साथ ही, कन्या स्वामी आत्मानंद विद्यालय के लिए भी नया भवन स्वीकृत होना बेमेतरा की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी पूंजी है और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री के सहयोग से यह सौगात बेमेतरा को मिली है। मैं विश्वास दिलाता हूँ कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास की यह यात्रा निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।ज्ज

इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गौरव साहू, प्रेमलता नेमा गुप्ता, प्राचार्य ठाकुर दास जांगड़े, प्राचार्य कविता वाजपई शिक्षकगण, राजेंद्र साहू ,नन्द लाल रात्रे, तेमेश्वर गजेंद्र, प्रीति वर्मा , व्याख्याता सुनील झा,डी.आर.साहू ,योगेन्द्र वर्मा, हिरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

# पीएम श्री कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा, बेमेतरा के कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं के कुल 110 विद्यार्थियों को 06 सितंबर 2025 को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ना, संस्कृति एवं इतिहास से परिचित कराना तथा सामाजिक चेतना का विकास करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नया रायपुर स्थित आदिवासी संग्रहालय का अवलोकन कर आदिवासी समाज की परंपराओं, कला, संस्कृति, वेशभूषा, लोककला और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही पुरखौती मुक्तांगन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोककला और विरासत को करीब से देखने का अवसर मिला। वहीं ऊर्जा पार्क रायपुर के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने वनस्पतियों एवं जीवों के संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण संबंधी उपयोगी जानकारी अर्जित की। यह भ्रमण कार्यक्रम प्राचार्य श्री किशोर कुमार दहिकर के मार्गदर्शन एवं श्री सुनील दम्बारे, श्री टोप्पो, श्रीमती रैचेल एस. बिलंग और सुश्री पूनम लता के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य श्री दहिकर ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन, जिज्ञासा, समूह कार्य और सांस्कृतिक चेतना का विशेष विकास देखने को मिला तथा सभी विद्यार्थी उत्साहित एवं प्रोत्साहित नजर आए।



# रजत महोत्सव पर बेमेतरा जिला के पेंशनरों हेतु मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित,मनाया नेत्रदान पखवाड़ा

**बेमेतरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजत महोत्सव तहत बेमेतरा जिला के पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया साथ में विभाग द्वारा नेत्रदान पखवाड़ा भी मनाया गया ,जिसमें बेमेतरा जिला के पेंशनर अधिकारी कर्मचारी अधिक संख्या में उपस्थित रहे,जिनका स्वास्थ्य जांच के साथ नेत्र सुरक्षा, नेत्र जांच, नेत्रदान करने संबंधित जानकारी प्रदान किया गया। उक्त पेंशनर समाज के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज,बीएमओ खण्डसरा डॉ शरद कोहद्यड़े के दिशा निर्देश पर गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में 10 सितंबर को आयोजित किया गया, इस पेंशनर समाज हेतु आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए पेंशनर अधिकारी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 65 पेंशनरों का नेत्र जांच में 7 का मोतियाबिंद पाया गया,12 का उच्च रक्तचाप, 8 पेंशनर का रक्त शर्करा, और अन्य में सामान्य सर्दी खांसी,बुखार,कमर पीठ में दर्द आदि होना पाया गया जिन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह देते हुए दवाई प्रदाय किया गया, इस पेंशनर समाज हेतु आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सीएमएचओ ,डी एच ओ, एवं बीएमओ स्वयं उपस्थित रहकर पेंशनरों से उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी ली और उनके स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की बात कही, नोडल अधिकारी डॉ बी एल राज ने पेंशनर एवं वृद्धजनों को नेत्रदान हेतु जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें नेत्रदान,करने को उनसे आग्रह किया गया। डॉ राज द्वारा बताया गया कि नेत्रदान कौन-कौन कर सकता है। नेत्रदान कैसे कर सकते हैं, नेत्रदान का लाभ कैसे ले सकते हैं और नेत्रदान का लाभ किसको मिलता है।




उक्त स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभाग जिला चिकित्सालय बेमेतरा से डॉ अभिताभ साहू,दीपांजलि डेनियल नर्सिंग ऑफिसर,विद्या सागर नेत्र सहायक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खण्डसरा के बीएमओ खण्डसरा डॉ शरद कोहद्यड़े

डॉ. विजय कुमार देवांगन चिकित्सा अधिकारी,योगेन्द्र भार्गव नेत्र सहायक अधिकारी,सुनिल पात्रे ग्रा. स्वा. संयो. (पु.)

मनोज कुमार राजपुत ग्रा. स्वा. संयो. (पु.)

थानुराम साहू ने स्वास्थ्य शिविर में सेवा प्रदान किए, इस शिविर में बेमेतरा जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष सहित जिला के पेंशनर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

## भाजपा नेताओं के आपसी लड़ाई का खामियाजा भुगत रही जनता

# लापरवाह पुलिस, बदहाल कानून व्यवस्था, नशे का बढ़ रहा कारोबार, बात-बात में निकल रहा चाकू और तलवार

- भाजपा राज में बेखौफ अपराधी, चाकूबाजी में आए दिन जा रही जान : कमलजीत सिंह पिन्टू
- कानून व्यवस्था की नाकामी ने ली तीन लोगों की जान : कमलजीत सिंह पिंटू



**राजनांदगांव,** 11सितंबर (देशबन्धु)। लाचार कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों में खौफ नहीं है। लगातार चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। चाकूबाजी के मामले में लोगों की जान भी जा रही है। शहर के दीवानपारा, सुंदरा, बाबू टोला और नवागांव में लगातार चाकू बाजी की घटना हुई। जो लचर कानून व्यवस्था का उदाहरण है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि एसपी सिर्फ ट्रांसफर लिस्ट निकाल कर खाना पूर्ति करने में लगे हैं । चाकूबाजी के मामले, नशे के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं । जो यहां की कमजोरी पुलिसिंग व्यवस्था का नतीजा है। पुलिस का आरोपियों पर कोई खौफ नहीं है। पुलिस लापरवाह बनी हुई है। श्री पिंटू ने कहा कि बाबूटोला नवागांव क्षेत्र में हुई वारदात पुलिस की लापरवाही का नतीजा है। पहले दिन जब चाकू बाजी हुई उसके बाद इस क्षेत्र में पुलिस सक्रिय नहीं हुई। इसके दूसरे दिन नवागांव में सुबह आरोपियों ने किशन राजपूत के घर आकर मारपीट किया, जिसकी रिपोर्ट के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की जिसकी वजह से दो लोगों की जान चली गई। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर भी पुलिस नहीं पहुंचती है और हत्या के बाद लाठी पीटती है ।

### गोली कांड का आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर

कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि कहा कि डॉ रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र में गोली चल जाना और हत्या का होना अब आम बात हो गया है। मोहड़ में गोली कांड का मुख्य आरोपी संजय सिंह अब तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। इसे साफ है कि सरकार का संरक्षण अपराधियों को है।

### ठप पड़ा है शहर का विकास

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है और भाजपा नेताओं में आपसी खलिस्तान मचा हुआ है। नगर निगम में भी यही हाल है । उन्होंने कहा कि शहर का विकास ठप पड़ा है। लोगों के काम नहीं हो रहे हैं।

### फलफूल रहा नशे का कारोबार

*कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि भाजपा राज में नशे का कारोबार बढ़ता जा रहा है। जगह-जगह शराब के दुकान खोले जा रहे हैं, तो वही नशे की गोलियों का अवैध कारोबार भी काफी फल फूल रहा है। गांजा के तस्कर सक्रिय है। अब तो चरस अफीम के मामले में भी संस्कारधानी पीछे नहीं है। शहर में नशा और अपराधियों का बढ़ना कानून व्यवस्था की नाकामी है। जिसपर पर प्रदेश की सरकार का नियंत्रण नहीं है ।*

# राजनांदगांव में कांग्रेस नेताओं को किया नजरबंद

**राजनांदगांव,** 11सितंबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव में नवागांव चाकूबाजी के बाद जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और विशु आजमानी परमानंद वर्मा, चंद्रशेखर मालेकर ,विनायक राठौर, राजा यादव सहित अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया है।

### महाराष्ट्र के समीप थाने में किया गया था नेताओं को नजर बंद

तड़के सुबह ही पुलिस प्रशासन के सीएसपी पुष्पेंद्र नायक टीआई एमन साहू और रामेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने नेताओं के घरों में दबिश दी फिर उनपर नजरबंद की कार्यवाही की देर शाम उन्हें छोड़ा गया जानकारी यह भी है कि उन्हें महाराष्ट्र बार्डर के थाने में रखा गया था।



### गिरफ्तारी का कारण

- अवैध कारोबार में भाजपा नेता पर संरक्षण का आरोप: कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि भाजपा नेता के संरक्षण में अवैध कारोबार हो रहा है।
- विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉक्टर रमन सिंह के दौरे से पहले बवाल: पुलिस की कार्रवाई ने सियासी माहौल को गरमा दिया है।

### नेताओं की प्रतिक्रिया :

- **निखिल द्विवेदी:** निखिल द्विवेदी ने कहा कि शासन प्रशासन छोटे पर कार्यवाही कर रही है, अगर कार्यवाही करनी है तो एसपी और अवैध कारोबार को बढ़ाव दे रहे भाजपा नेताओं पर कार्यवाही करे।
- **परमानंद वर्मा:** परमानंद वर्मा ने कहा कि डॉक्टर रमन सिंह को पीड़ित परिवार को पच्चीस पच्चीस लाख का मुआवजा सहित परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी देना चाहिए।
- **ऋषि शास्त्री:** ऋषि शास्त्री ने कहा कि राजनांदगांव में अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहे हैं छोटे छोटे उम्र के बच्चे और युवा पीढ़ी नशे की जाल में फंस रहे है जिससे अपराध भी बढ़ रहा है जिसपर शिकंजा कसना बहुत आवश्यक है।

## सार-समाचार

### पुराने हॉस्पिटल में ओपीडी खुलने पर विधायक अपना श्रेय लेना बंद करें : अमित



**डोंगरगढ़,** 11सितंबर (देशबन्धु)। नगर के मध्य पुराने हॉस्पिटल बिल्डिंग में ओपीडी खुल जाने के बाद नगर वासियों को काफी हद तक स्वास्थ सुविधा मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस इस उपलब्धि को अपनी उपलब्धि बता कर श्रय लेने में पीछे नहीं हट रहे हैं क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के बयान पर भाजपा नेता व नगर पालिका सभापति अमित जैन ने पलटवार करते हुए कहा कि नगर में स्वास्थ्य सुविधा को दुरुस्त करने की दृष्टि से उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी विजय शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मांग पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी को शहर के पुराने हॉस्पिटल बिल्डिंग में ओपीडी शुरू करने निर्देश दिए गए ।जिसके बाद नगर वासियों को उक्त सुविधा दी जा रही है लेकिन कांग्रेस की विधायक द्वारा इस उपलब्धि को अपना बताकर झूठा श्रय लिया जा रहा है उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में नए अस्पताल का निर्माण किया गया लेकिन दूरी होने से लोगो को आने जाने परेशानी का सामना करना पड़ता था। अगर विधायक जनता की हितेषी रहती तो 2 वर्ष पूर्व जब अछोली में नए अस्पताल का शुभारंभ किया गया था उसी समय पुराने अस्पताल की बिल्डिंग में ओपीडी शुरू कराने पर ध्यान देना था लेकिन इस महत्वपूर्ण विषय को नजर अंदाज किया गया और अब ओपीडी शुरु होने पर विधायक अपना झूठा श्रय लेकर वाहवाही बटोरने में लगी है ।

## कांग्रेस के 5 विधायक क्या कर रहें हैं जनहित में ..?

# सिटी स्कैन मशीन की खरीदी में करोड़ो का भ्रष्टाचार तो विधानसभा में क्यों नही उठवा रहें है: ओस्तवाल

**राजनांदगांव,** 11सितंबर (देशबन्धु)। राजनांदगाँव शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल नें शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा को एक जारी पत्र के माध्यम् से राजनांदगाँव शहर के कांग्रेस नेताओं से दो टुक शब्दों में यह कहा कि जनहित के इतने गंभीर सिटी स्कैन मशीन की खरीदी में जो लगभग ढाई करोड़ की मशीन को जो ग्यारह करोड़ रूपयों की राशि में खरीदी गई है । उस मुद्दें पर जहां कांग्रेस के जिला संगठन और प्रदेश संगठन के दोनों नेता अलग-अलग जांच की जो मांग कर रहे है, उसे यदि पूरा कांग्रेस का जिला संगठन से लेकर जिलें के पाँच विधायकों को इतने बड़े जनहित के गंभीर मेडिकल कॉलेज के सिटी स्कैन मशीन के घोटाले को लेकर जो भाजपा के जवाबदार शहर विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और भाजपा नेताओं के खिलाफ जो दमदारी दिखनी चाहिए वह जनहित में नही दिख रही है? क्योंकि जिस तरह से दोनों गुटों के जवाबदार कांग्रेस के नेता ज्ञापन सौंप कर इतिश्री कर रहें है उससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है? और जिसका प्रमाण यह है कि, राजनांदगांव शहर में ना तो कांग्रेस का सांसद, ना विधायक, ना महापौर सहित तीनों ही भाजपा के नेता पद पर काबिज है क्योंकि शहर की जनता को यह समझ में आ रहा है, यह खाली फोटो खिचाकर ज्ञापन सौपने के बाद उसे अंजाम तक इतना बड़ा संगठन किसी भी मुद्दे को लेकर गंभीर नही रहता



क्योंकि शहर की जनता समाचार पत्रों और सोशल मीडिया आदि के माध्यम् से हर चीज को देख रही है, इसलिए मेरा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और प्रदेश प्रवक्ता श्री रूपेश दुबे जी से अनुरोध है कि राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी रहें श्री भूपेश बघेल जी विधानसभा के सदस्य है, और राजनांदगाँव जिले के 5 विधायक इतने बड़े गंभीर सिटी स्कैन मशीन के घोटाले को विधानसभा में यदि नही उठाते है तो आप प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगाँव लोकसभा के प्रत्याशी रहे श्री भूपेश बघेल जी से इस सिटी स्कैन मशीन के घोटाले को विधानसभा में प्रश्न लगाकर इस पूरे मामले की जांच समय सीमा में करवाकर भ्रष्ट, दोषी अधिकारियों एवं संलिप्त राजनेताओं के नामों का खुलासा करवायें क्योंकि सिटी स्कैन मशीन की खरीदी के मामले में जिस तरह से मीडिया में डॉ. रमन सिंह ने यह कहा कि कांग्रेस की बातों को कौन सुन रहा हैं, तो कांग्रेस के जवाबदार वे नेता इस मामले की सच्चाई के दस्तावेजों को आम जनता के सामने लाकर भाजपा नेताओं की पूरी पोल को खोलें और कांग्रेस नेताओं से अनुरोध है कि जनहित के गंभीर मुद्दों को हल्के में लेने और फोटों खिचाने की जो आपसी लड़ाई चल रही है? उसें कांग्रेस भवन के अंदर तक सीमित रखें क्योंकि सामने सन् 2028 का चुनाव फिर भाजपा से लडना है, इसलिए नुरा कुश्ती न करते हुए जनहित के लिए गंभीर रहें तो अच्छा होगा, नही तो..... ।

# गणेश समितियों को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भारती ने किया पुरस्कृत



**डोंगरगढ़,** 11सितंबर (देशबन्धु)। नगर की गणेश विसर्जन झांकी समिति को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती के हाथो पुरस्कृत किया गया है । इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,शहर मण्डल अध्यक्ष जसमीत बनौआना ,भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शशीकांत द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल महेंद्र भाई पटेल ,महेंद्र अग्रवाल ,मधु अग्रवाल ,तुलसी मिश्रा, अमित जैन, महामंत्री विनय बंसल ,विनित यादव, लक्ष्मी यादव, शारदा यादव ,शिवांगी साखरे, श्याम तिवारी ,आकाश राजपूत ,कैलाश सोनवानी ,बबीता मलागार ,रेखा राघोतरे ,ओम प्रकाश साखरे उपस्थित थे । प्रथम स्थान विनर क्लब भगत सिंह चौक को 7100 रु , दूसरे स्थान स्टार क्लब 5100 रु तीसरा स्थान थाना चौक 3100 रु ओर विशेष स्थान गरीबी रेखा को 1500 का पुरस्कार दिया गया और सरफराज नवाज की टीम द्वारा पोहा वितरण किया करने पर भाजपा द्वारा शाल श्रीफल भेट कर सम्मान किया गया ।

# जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने कुपोषित बच्चों को लिया गोद

### हम सब की नैतिक जिम्मेदारी, बच्चों के कुपोषण दूर करने करें सहयोग :जनपद सदस्य



**दल्लीराजहरा/ कुसुमकसा,** 11सितंबर (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना चिखालकसा के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर जन प्रतिनिधियों के सहयोग से सुपोषित करने के अभियान में विभाग जुटा हुआ है द्य इसी के तहत कुसुमकसा क्षेत्र में 11 बच्चे गम्भीर कुपोषित वर्ग में है द्य आंगन बाड़ी के सुपरवाइजर श्वेता श्रीवास्तव के द्वारा अपील किया गया कि इन बच्चों को जल्द स्वस्थ करके सुपोषित करने के लिए सहयोग करे द्य बच्चों को शीघ्र सुपोषित करने के लिए जनपद सदस्य कुसुमकसा मंजू संजय बैंस ने अपना हाथ आगे बढ़ाया और आंगनबाड़ी केंद्र कुसुमकसा क्रमांक एक के एक बालिका टेवीशा को गोद लिया द्य ये बालिका गंभीर कुपोषित वेस्टिंग कैटिगरी में है द्य जिनकी माता यशोदा पिता राघवेंद्र की चिंता अपनी बेटी के लिए बनी रहती थी द्य इस बेटी को जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस ने गोद लेकर कहा कि इस बेटी के लिए जितनी चिंता मां बाप कर रहे है उतनी जिम्मेदारी अब मेरी भी है द्य डाक्टरों से चर्चा कर इस बेटी के भोजन में विटामिन प्रोटीन या जो भी जरूरत की सामग्री होगी ये सब मै उपलब्ध कराउंगी द्य इस बेटी को जल्द सुपोषित करने की दिशा में काम करूंगी द्य उन्होने कहा कि हमारे कुसुमकसा क्षेत्र में 11 बच्चे अति कुपोषित है मै निजी और सरकारी डाक्टरों , नर्स मितानिन बहनों के साथ जल्द एक बैठक कर हमारे क्षेत्र से कुपोषण के खिलाफ जंग लड़ेंगे द्य बच्चों के सुपोषित अभियान का मैं सहभागी बनूंगी द्य मैं क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि और जागरूक लोगों से भी निवेदन करती हू कि महिला एवं बाल विकास विभाग यह जो योजना लेकर आई है । सरकार के अलावा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि बच्चों के कुपोषण को दूर करने में सहयोग करें द्य बच्चे स्वस्थ और सुपोषित रहेंगे तभी हम स्वस्थ भारत और स्वस्थ समाज की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे इस अवसर पर सीमा पिस्दा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुंतला साहू पोषण मित्र एवं अन्य लोग उपस्थित रहे ।

### छात्र से मारपीट और लापरवाही का आरोप प्रधान पाठक सहित दो शिक्षक निलंबित

**कवर्धा ,** 11सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही और छात्र से अमानवीय व्यवहार को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा ने बड़ी कार्रवाई की है।

कवर्धा जिले के केसली स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक डेजी जॉय पर 7 वीं के छात्र भावेश साहू से मारपीट का आरोप सिद्ध पाया गया। इसी प्रकरण में शिक्षक मनोज वर्मा के खिलाफ भी गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

जांच रिपोर्ट में सामने आया कि प्रधान पाठक डेजी जॉय ने छात्र की पिटाई की, वहीं मनोज वर्मा 22 अगस्त से बिना सूचना अनुपस्थित रहे और कई बार शराब सेवन कर विद्यालय पहुंचे। विद्यालय की साफ-सफाई, बिजली और पंखों की मरम्मत जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी लापरवाही का शिकार रहीं।

# डॉ.पीसी लाल यादव की नई कृति लोक का मिथक विमोचित



**गंडई पंडरिया,** 11सितंबर (देशबन्धु)। लोक में राम शोध संस्थान रायपुर की मासिक पत्रिका सतत छत्तीसगढ़ के लोक में राम विशेषांक का विमोचन दिनांक 7 सितंबर 2025 को विमतारा सभागार, शांति नगर, इंद्रावती कॉलोनी रायपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भविष्य की चुनौतियां और मनुष्य की तैयारी जैसे गंभीर विषय पर सार्थक संगोष्ठी भी हुई। जिसमें आमंत्रित विद्वानों ने अपने - अपने विचार व्यक्त किए। उक्त आयोजन में गंडई के सेवा निवृत व्याख्याता, वरिष्ठ साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉक्टर पीसी लाल यादव की नई कृति लोक का मिथकज्ज का विमोचन हुआ। इस गरिमामय आयोजन के मुख्य अतिथि शशांक शर्मा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी थे ।संगोष्ठी में प्रदेश भर से आए विद्वान साहित्यकार डॉ.राजा राम त्रिपाठी कोंडागांव, डॉ.संकेत ठाकुर अछोटी, डॉ.अशोक हरिवंश मानस अध्येयता, डॉ. एस. पी. त्रिपाठी रजिस्टार, सरगुजा विश्वविद्यालय नितिन सिंघवी, पर्यावरण अध्येयता राहुल सिंह, पुरातत्व विद, डॉ. पुनीत कुमार राय व नागेंद्र दुबे संपादक

### महाविद्यालय में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया



**गंडई पंडरिया,** 11सितंबर (देशबन्धु)। आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय गंडई के समाजशास्त्र विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता हेमंत मिश्रा अतिथि ग्रंथपाल ने कहा कि वर्तमान भौतिकवादी समय में आत्महत्या का दर दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है।


# साय सरकार ने 20 महीने में चार बार बिजली दरे बढ़ाई : अंजली घावड़े



**राजनांदगांव,** 11सितंबर (देशबन्धु)। छुरिया / जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली राम गुलाल घावडे ने भाजपा सरकार के सौर ऊर्जा अभियान को महज राजनीतिक इवेंट बताते हुए जमकर निशाना साधा है। अंजली घावडे ने कहा कि हर घर मुफत बिजली का दावा पूरी तरह झूठा है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा बजट प्रावधान से दो साल में महज 1.3 लाख घरों को ही सोलर पैनल की सब्सिडी मिलेगी, जबकि प्रदेश में 80 लाख से ज्यादा परिवार हैं। इस रफतार से 125 साल लगेंगे ।श्रीमती घावडे ने बताया कि एक सामान्य थ्री-फेज कनेक्शन के लिए कम से कम 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगेगा, जिसकी लागत 3.5 लाख रुपये है। इसमें अधिकतम सब्सिडी 1.08 लाख की है, बाकी का बोझ हितग्राही पर पड़ेगा। बैंक लोन लेने पर किस्तें मौजूदा बिजली बिल से कई गुना महंगी पड़ेंगी। अंजली घावडे ने आरोप लगाया कि सरकार ने 20 महीनों में चार बार बिजली दरें बढ़ाई हैं और 400 यूनिट तक की हाफ बिल योजना बंद कर दी है। अब जनता को मिली कीमतों की मार से ध्यान भटकाने मुफ्त बिजली का झांसा दिया जा रहा है। उन्होंने ने सवाल किया कि अगर सरकार को सच में प्रदूषण की चिंता है तो अडानी को हसदेव अरण्य में नए कोल ब्लॉक क्यों दिए जा रहे हैं? लाखों पेड़ कट रहे हैं। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर बोलते हुए अंजली घावडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ पहले सरप्लस पावर स्टेट था, लेकिन भाजपा राज में किसान, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों ही बिजली संकट झेल रहे हैं।

# सी एम ओ की लापरवाही,शासन को लाखों का नुकसान जिसकी भरपाई पार्षद निधी से जांच का हुआ आदेश

**देवकर ,** 11सितंबर (देशबन्धु)। एन ओ सी लिए बिना निर्माण कार्य, घटिया मटेरियल का इस्तेमाल और पार्षद निधी अनुशंसा के लिए दबाव की शिकायत जिला प्रशासन बेमेतरा से 1 अगस्त को कि गई थी, तुरंत जांच आदेश के परिपालन में साजा एस डी एम को कलेक्टर ने निर्देशित किया गया था। टीम गठन और जांच की तिथी निर्धारित करने में एस डी एम साजा और तहसीलदार देवकर को पूरे 45 दिन का समय लगा। एस डी एम कार्यालय साजा से जांच का पत्र तहसील कार्यालय देवकर को 7 अगस्त को मिल गया था पूरे 38 दिन के बाद 15 सितंबर को शिकायत कर्ता कि उपस्थिति मे सुबह 11 बजे कार्य स्थल में जॉच की जाएगी। तहसीलदार देवकर कि अध्यक्षता में जॉच कि जाएगी जांच टीम में सी एम ओ साजा लोनहारे, सब इंजीनियर पी. डब्ल्यू. डी. साजा संदीप शर्मा,



सब इंजीनियर विद्युत विभाग देवरबीजा अभिषेक राठी शामिल है। देरी का फायदा उठाते हुए 13 सितंबर की रात में ठेकेदार ने कार्य स्थल से घटिया मटेरियल को टाटा कंपनी की मालवाहक गाडी नंबर ष्ट.त्र. 08 रु2475 से उठवा लिया वही पार्षद निधी से पोल शिफ्टिंग का अनुशंसा पत्र भी विद्युत विभाग को प्राप्त हो गया। मजे की बात यह है कि उक्त पत्र नगर पंचायत से 31अगस्त को जारी हुआ है जिसे पूरे 4 दिन के बाद 4 अगस्त को विद्युत विभाग को प्राप्त हुआ है जबकि विद्युत विभाग देवकर में ही स्थित है। ए. ई. विद्युत् विभाग देवकर गंगाधर बंजारे ने बताया कि 4 पोल की शिफ्टिंग के लिए नगर पंचायत देवकर से फण्ड प्राप्त हो गया है जिसका टेंडर प्रोसेस में है। सबूत मिटाने और पोल शिफ्टिंग प्रोसेस पर ठेकदार और सी. एम. ओ. की शिकायत 9 अगस्त को जांच अधिकारी तहसीलदार देवकर से कि गई वही जांच तक कार्य जिस स्थिती में है उसे उसी स्थिती में रहने दिया जाए कि बात भी कही गई है। इस संबंध में ठेकेदार और सी एम ओ को जांच अधिकारी का कोई नोटिस प्राप्त नही हुआ है। विश्वस्थ सूत्रों के अनुसार अन्य वार्ड और उसी वार्ड की पार्षद निधी से पोल शिफ्टिंग किया जा रहा है। बता दें कि पिछले महीने ही संबंधित वार्ड के पार्षद पुत्र सोनू यादव ने सी एम ओ और ठेकेदार के ऊपर नाली निर्माण में मीडिया के सामने भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। राजनीतिक हल्कों में यह चर्चा है कि राज्य में भाजपा की सरकार है और सी एम ओ को बचाने में कांग्रेस के पार्षद ही साथ दे रहे हैं जिससे विपक्षी धर्म की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। भाजपा नेता व पूर्व एल्डर मेन नगर पंचायत देवकर नवीन ताम्रकार ने कहा कि वॉर्ड की मूलभूत सुविधाओं और विकास के लिए पार्षद निधी से खर्चा किया जाता है अन्य वार्ड में और पोल की शिफ्टिंग में पार्षद निधी के व्यय पर भी आपत्ति दर्ज कराई। अन्य वार्ड में पार्षद निधी से पोल शिफ्टिंग पर जांच टीम में शामिल साजा सी. एम. ओ. लक्ष्मण लोनहारे ने जॉच का हवाला देते हुए कहा कि जांच रिपोर्ट का इंतजार करे। जांच टीम के गठन में देरी, दायरे में आए अधिकारी और ठेकेदार के द्वारा सबूत मिटाने की शिकायत पर शिकायत कर्ता वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी नवीन ताम्रकार का कहना है कि जांच रिपोर्ट का इंतजार है।

# प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद-राजिम

**उल्टा पुल्टा**

एक कंजूस को बिजली का करंट लग गया।
बीवी- आप ठीक तो है ना
कंजूस- फालतू की बात छोड़ मीटर देखकर बता यूनिट कितना बढ़ा।
पति की बात सुनकर दंग रह गई बीवी!

**संपादकीय**

## भयरहित हो बच्चों से संवाद

रायपुर जिले के खरोरा में एक छात्रा ने जिस प्रकार से आत्महत्या की है, वह समाज को कई संकेत तथा अभिभावकों को कुछ संदेश देता है जिसे समझा जाना ज़रूरी है ताकि कम उम्र में बच्चों को इस तरह से अपनी ही जीवन ज्योति बुझाने की आवश्यकता न पड़े। विभिन्न कारणों से लोगों द्वारा खुदकुशी करने की घटनाएं होती हैं। इसका कारण निराशा तो है ही, मूल में संवादहीनता होती है। खासकर, बच्चों के साथ पालक एवं अभिभावक जब संवाद नहीं करते तथा उन्हें इतना साहसी नहीं बनाते कि अपने विचार व स्थिति के बारे में वे खुलकर तथा साहसपूर्वक कह सकें, तब तक ऐसी दुर्भाग्यजनक मौतें होती ही रहेंगी।

अध्ययन या नौकरियों अथवा अपना घर बसा लेने के कारण बच्चों को पालकों से अलग रहना पड़ता है। पढ़ने-लिखने के लिये बच्चे किसी अन्य शहर में रहने लगते हैं। चाहे वह पेईंग गेस्ट के रूप में हो या किराये के मकान लेकर, नहीं तो छात्रावासों में। ज्यादातर बच्चे तो अपना फोकस अध्ययन पर पूरी तरह से करते हैं और कोई पेशा अपना लेते हैं, पर कई ऐसे भी होते हैं जो विभिन्न कारणों से सफलतापूर्वक अपना अध्ययन नहीं कर पाते। उनसे कोई गलती भी होती है। छात्रावासों में रहने वाले कुछ बच्चे-छात्र कई बार गलत दिशाओं में चल पड़ते हैं। ऐसा सभी के बारे में नहीं कहा जा रहा है। गलतियां करना इस उम्र में सहज है लेकिन दुखद बात यह होती है कि उसकी जानकारी का माता-पिता तक न पहुंचना। इसकी मुख्य वजह है अभिभावकों की बच्चों के साथ संवादहीनता, बच्चों पर कठोर नियंत्रण या उनसे खौफ में रखना जिसके कारण वे अपनी बात नहीं कह पाते।

बहुत से बच्चे अपनी नाकामियों या गलतियों को छिपाते हैं। मां-बाप की नाराज़गी के भय से बाहर रह रहे बहुत से बच्चे न केवल सत्य को अपने पालकों तक पहुंचने नहीं देते, बल्कि उनसे झूठ भी बोलते हैं। यह न सिर्फ गलत है बल्कि बच्चों के लिये खतरनाक भी। उपरोक्त उल्लिखित छात्रा खरोरा के एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रावास रहकर पढ़ती थी। जब वह अपने घर रायपुर गयी हुई थी तभी उसकी वार्डन का फोन आया जिसके बाद छात्रा ने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी के साथ अत्यंत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा में बात की गयी थी, जिसके कारण वह व्यथित हो गयी थी। इसके चलते उसने प्राण दे दिये। उसके सहपाठियों के अनुसार किसी अनजान युवक से मिलने के कारण उसे हॉस्टल से निकाल दिया गया था।

सभी पालकों व अभिभावकों को चाहिये कि बच्चों को खुलकर अपनी बात कहने की आजादी दें। बच्चों को यह भी बताया जाये कि गलतियां स्वाभाविक हैं तथा अपनी नाकामी को उनसे छिपाने की कोई ज़रूरत नहीं है। उन्हें समझाएं कि वे हर गलती स्वीकारेंगे।

# रेत खदान चलाते हैं राजनीतिक पावर वाले लोग और कार्रवाई होती है हाइवा, ट्रैक्टर और चैन माउंटिंग मशीनों पर

### भारी भरकम लोन पर उठाते हैं ये गाड़ियां और खदानें चलती हैं अवैध रूप से

**नवापारा राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। अंचल से अवैध रेत का खेल अभी तक बंद नहीं हुआ और न कभी बंद नहीं होने वाला यह सभी जानते है जब बारिश में 15 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक रेत खदाने बंद रहती है तब भी यह खेल जारी ही रहता जिसकी वजह इस कारोबार के पीछे छिपे सफेदपोश है जिनका प्रभाव इस मामले में अच्छा काम करता है यह सभी जानते है फिर इनका साथ भी बहुत कुछ सरकारी तंत्र से जुड़े लोग भी देते है यह भी सभी जानते है और साथ देने की वजह क्या है यह भी सभी जानते है ।यह भी सच है कि बिना राजनीतिक पहंचवाला व्यक्ति रेत का कारोबार नहीं कर सकता चाहे वह रेत उत्खनन हो या फिर परिवहन।



अब बात कार्रवाई की करे तो हाईवा और ट्रैक्टर पर ज्यादातर बल्कि अक्सर वे ही पकड़े जाते है जबकि इन्हें पारखी नजर से देखा जाए तो यह सब तो ग्राहक है दुकानदारी तो कोई और ही चला रहा है। मतलब रेत बेचने वाले उत्लखनन कर रेत बेच रहे है और ग्राहक मतलब हाईवा और ट्रैक्टर वाले उस दुकान से रेत खरीद कर ला रहे है तो कार्रवाई अवैध रूप से दुकान चलाने वाले दुकानदार पर होनी चाहिए या फिर ग्राहक पर यह सवाल लोग कर रहे हालांकि ये भी अलग बात है कि कुछ हाईवा ट्रैक्टर वालों के पास जरूरी कागज भी नहीं होते तो उन पर कार्रवाई वाजिब भी है मगर हर बार ग्राहक ही पकड़ा जाए यह कैसे संभव है ।उनको क्या मालूम रेत बेचने वाले उत्खनन वैध कर रहे हैं या अवैध ।इन पर कार्रवाई की खबरें क्यों नहीं आती यह सवाल भी लोग कर रहे है कि अवैध तरीके से रेत बेचते हुए आज यहां इस दुकानदार पर कार्रवाई हुई है ऐसी खबर क्यों नहीं आती हर बार गाड़ियों की तस्वीर और वीडियो ही क्यों नजर आता है, कार्रवाई में दुकानदार पर पहले कार्रवाई होनी चाहिए या फिर ग्राहक पर यह बड़ा सवाल बना हुआ है

**चेन माउंटेन किराए में आती है:** इधर कार्रवाई के दौरान ज्यादातर चेन माउंटेन को भी सील किया जाता है या फिर जप्त किया जाता है ऐसा क्यों, उसने तो करोड़ों में मशीन खरीदी तो वह मशीन किराय से चलायेगा उसे क्या मालूम कि जिस खदान में वह मशीन चला रहा है वह खदान वैध है या अवैध ।उसी खदान मालिक द्वारा किराए में बुलाई जाती है हालांकि इसे खदान मालिक का सहयोग माना जाता है और चेन माउंटेन में कार्रवाई की जाती है मगर अब भी अधिकांश खदान मालिक नजर अंदाज हो जाते है ऐसा क्यों होता है यह भी बड़ा सवाल है ।

## राज्य अलंकरण सम्मान समारोह में जगन्नाथ देवांगन हुए सम्मानित

**कटगी/बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा संस्था कुरुद द्वारा राज्य अलंकरण 2025 सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. हित नारायण टंडन, सहायक प्राध्यापक और विभागाध्यक्ष, अजय कुमार मंडावी, पद्मश्री शिल्पकार, रश्मि वर्मा, आर के साइंस सेंटर और विशिष्ट अतिथि मोतीलाल देवांगन उपस्थित थे।



शासकीय प्राथमिक शाला खैरा के शिक्षक जगन्नाथ प्रसाद देवांगन को राज्यपाल पुरस्कृत उत्कृष्ट प्रधानपाठक के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्यों जैसे शिक्षा क्षेत्र, नवाचार, कबाड़ से जुगाड़, प्रकृति संरक्षण, विज्ञान प्रचार-प्रसार, स्वच्छता, कला और संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवादी, समाजसेवा, धार्मिक सेवा, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। जगन्नाथ प्रसाद देवांगन ने इस सम्मान के लिए संस्था के अध्यक्ष शर्मा और सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस सम्मान पर लोकेश साहू, सुनील तिवारी, आदम खान, हेमंत साहू और सभी स्नेहीजनों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को वितरित किया सहायक उपकरण




**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगों को व्हीलचेयर एवं श्रवण यंत्र सहायक उपकरण वितरित किया।

बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कोलिहा निवासी निखिल वर्मा, पलारी के ग्राम रोहांसी निवासी झाडूराम यादव एवं हीना यादव को व्हीलयेयर प्रदान किया गया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खम्हारडीह निवासी दुर्गा वैष्णव, डोंगरा के शुभम मानिकपुरी, मुण्डा के कृष्णा वर्मा एवं भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम करहीबाजार के भानु प्रसाद यादव को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## अवैध रेत परिवहन पर की गई कार्रवाई

**धमतरी,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



इसी कड़ी में जिले के विभिन्न स्थानों बुडेनी, नारी, खट्टी, मेघा, भाटागांव, दोनर, सेल्दीप, राजपुर, लीलर, कुंडेल, ढीमर टिकुर, अछोटा, कलारतराई आदि स्थानों पर सघन जांच करते हुए ग्राम दोनर से 3 वाहन और मंदरौद सेल्दीप से 02 हाइवा, अछोटा से 04 ट्रेक्टर तथा कलारतराई से 01 टिप्पर कुल 10 वाहनों को बिना पिट पास के अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही की गई। इस दौरान 8 वाहनों को जप्ती कर कॉपोजिट बिल्डिंग धमतरी तथा 02 वाहन को थाना भखारा में अभिरक्षा में रखा गया।

जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कार्यवाही किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई होती रहेगी।

## श्री रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का दल हुआ रवाना

**धमतरी,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। श्री रामलला दर्शन के लिए जिले से श्रद्धालुओं का दल 10 सितंबर को रवाना हुआ। महापौर रामू रोहरा और अध्यक्ष जनपद अंगीरा ध्रुव ने सुबह जनपद पंचायत परिसर से तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। महापौर श्री रोहरा ने सभी यात्री श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस अवसर अध्यक्ष जनपद पंचायत, धमतरी अंगीरा ध्रुव, उपाध्यक्ष केशव राम साहू, जनपद सदस्य जनप्रतिनिधि, सीईओ जनपद सहित पंचायत और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।




महापौर रामू रोहरा और अध्यक्ष जनपद अंगीरा ध्रुव ने तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाती हैं, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं जिन्हें वे सामान्यत: आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते।' श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत् श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

## नपाध्यक्ष के प्रयासों से कर्मचारियों की मांगे हुई पूरी, 3 माह का वेतन एक साथ मिलेगा

**महासमुंद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका महासमुंद के नियमित कर्मचारी विगत तीन माह से वेतन न मिलने की समस्या से जूझ रहे थे। इस गंभीर परिस्थिति के चलते 10 सितम्बर से कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दी थी। 11 सितम्बर को कर्मचारियों की यह हड़ताल समाप्त हो गई है। शासन द्वारा तीन माह का लंबित वेतन एवं अन्य देयकों का भुगतान करने हेतु राशि स्वीकृत कर दी गई है। इस सकारात्मक परिणाम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की विशेष भूमिका रही। अध्यक्ष श्री साहू ने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन.प्रशासन तक उनकी मांग को मजबूती से पहुँचाया। उनकी सक्रिय पहल और निरंतर प्रयासों के कारण शासन से राशि स्वीकृत कराई जा सकी।



नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद तिवारी ने हड़ताल समाप्ति की घोषणा करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं शासन.प्रशासन के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष श्री साहू के मार्गदर्शन एवं तत्पर प्रयास और शासन.प्रशासन के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। संघ ने यह भी घोषणा की कि सभी कर्मचारी 12 सितम्बर से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ नियमित कार्यों में जुट जाएंगे। ताकि नगर की जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अंत में नगर पालिका कर्मचारी संघ एवं समस्त कर्मचारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष, परिषद तथा शासन.प्रशासन को उनके सहयोग, संवेदनशीलता एवं सक्रिय पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कर्मचारियों की मांग पूरी होने पर अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शासन का आभार व्यक्त किया।

## नहर पुलिया में मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका

**महासमुंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम बेमचा. परसवानी नहर में पुलिया के पास गुरूवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने पानी में एक नग्न अवस्था तैरती हुई लाश को देखा। मिली जानकारी के अनुसार जब सुबह कुछ ग्रामीण बेमचा. परसवानी नहर के पुलिया से गुजर रहे थे तो उन्होंने पानी में एक युवक की नग्न अवस्था में लाश देखी। जिसकी तत्काल सूचना डायल.112 और पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। मृत व्यक्ति के चेहरे पर चोट, गले पर कटे का निशान, मुंह मे कपडा ठूसा हुआ है एवं गुप्तांग कटा हुआ है और शव दो दिन पुराना मालूम होता है। प्रथम दृष्टिया हत्या की आशंका है। लेकिन पीएम के बाद ही व्यक्ति की मौत का सही कारण पता चल पाएगा। फिलहाल शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया है। शव का चेहरा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



## ओड़ान हायर सेकेंडरी स्कूल में 2012 बैच का यादगार मिलन समारोह



**गिधपुरी, भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ओड़ान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओड़ान में 2012 बैच के सहपाठियों द्वारा पुनर्मिलन समारोह बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और छत्तीसगढ़ महतारी वंदना से की गई। लंबे समय बाद एक साथ जुटे विद्यार्थियों और शिक्षकों के चेहरों पर खुशी और आत्मीयता की झलक साफदिखाई दी।

ग्राम पंचायत ओड़ान में इस तरह का यह पहला आयोजन था, जिसे 12वीं बैच (2012) के छात्रों ने मिलकर सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम के संयोजक असवंत कुमार, कुलदीपक साहू भानुराम, राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार साहू, कोमल प्रसाद, भरत भूषण, बाबूलाल, रामदास, जितेंद्र कनौजे, तुकेश कुमार, नंदकुमार, भोलाराम, भूषण लाल, दिनेश्वर साहू, टिकेश्वर वर्मा, प्यारेलाल, रामभाव, टिकेश्वर प्रसाद रात्रे, फलदास बंजारे, खिलावन, डागेश्वरी, भोगेश्वरी साहू, हेमपुष्पा, पूर्णिमा, नर्मदा, चंद्रवती, देवकुमारी, कुसुम, यमुना और खेमिन सहित सभी सहपाठियों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर आदरणीय गुरुजन हृदय लाल जांगड़े, कन्हैया लाल ध्रुव, अशोक कोसले, बिसेसर साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा-नवापारा में छत्तीसगढ़ थीम पर विविध प्रतियोगिता

**गोबरा-नवापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा-नवापारा में स्थापना रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं गौरवशाली धरोहर पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मक एवं बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने चित्रों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोककला, संस्कृति एवं सामाजिक जीवन को दर्शाया। स्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आकर्षक नारों के माध्यम से च्छत्तीसगढ़िया सबले बढ़ियाज्ज की भावना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने चावल, फूल एवं रंगों से छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोकनृत्य और त्योहारों को जीवंत किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की सामाजिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों से छत्तीसगढ़ की भाषा, संस्कृति और भूगोल से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए। इनमें प्रमुख प्रश्न थे दृज्खरही ला का कहे जाथे ?ज्, च्राजीव लोचन मंदिर में जो प्रसाद बाँटे जाथे, ओला का कहे जाथे ? चप्पल ला छत्तीसगढ़ी में का कथे ?, ज्छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ? एक खांडी मं कतका काठा होथे ?

इन प्रश्नों के उत्तर देकर प्रतिभागियों ने अपनी जानकारी और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन सहायक प्राध्यापक श्री पुरुषोत्तम कुमार काबरा द्वारा किया गया।

**विजेता प्रतिभागी इस प्रकार रहे:** पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम रानी निर्मलकर, द्वितीय रुखमणि साहू, भाषण प्रतियोगिता प्रथम नितलेश साहू, द्वितीय योगिता रात्रे , रंगोली प्रतियोगिता प्रथम हिना साहू, द्वितीय तुलेश्वरी, स्लोगन प्रतियोगिता प्रथम रुखमणि साहू, द्वितीय वरुण साहू, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता प्रथम चौतन्य तारक, द्वितीय तीजू साहू ।

प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि दृज्छत्तीसगढ़ की थीम पर आयोजित प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में अपनी माटी, संस्कृति और परंपरा के प्रति गर्व एवं आत्मीयता की भावना उत्पन्न करती हैं।ज्

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती जीना निषाद, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ओम कुमारी संजय साहू, नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नागेंद्र वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष, राजू रजक विधायक प्रतिनिधि रोमन लाल साहू, लखन लाल सिन्हा, ईश्वर देवांगन, शिवा साहू, अग्नि यादव, नवीन कन्या >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# तेंदूकोना के स्कूल में अध्ययनरत 98 बेटियों को दी गई नि:शुल्क साइकिल



**बागबाहरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9वी के बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू थे।

वहीं विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति एवं विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती मेनका साहू, मंडल अध्यक्ष पीलेश्वर पटेल, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी ए एस ध्रुव, गांव के प्रतिष्ठित व पूर्व अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष व समिति के सदस्य मानसिंह दीवान, आशीष शुक्ला , चिंताराम साहू, कौशल साहू, भैयाराम साहू श्रीमती हेमकुमारी साहू, प्रभुराम साहू, विद्यानंद यादव थे।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, शास उच्च माध्य विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में कक्षा 9 वी के 98 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कर सभी बेटियों को नियमित विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया गया। वार्षिक परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार की घोषणा किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कर कुर्सी दौड़,आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष द्वारा सभी छात्राओं को साइकिल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समय पर स्कूल अनिवार्यत: पहुंचना चाहिए। नियमित विद्यालय में उपस्थिति से कोई भी विषय में परेशानी नहीं आयेगी। इसलिए विद्यालय में नियमित उपस्थिति बनाने हेतु प्रेरित किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा सभी अतिथियों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सोनसिंह दीवान द्वारा डॉ राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप क्यों मनाया जाता है, साइकिल के सही उपयोग और सभी छात्र छात्राओं को नियमित विद्यालय में उपस्थिति हेतु प्रेरित करते हुए तिमाही परीक्षा की तैयारी में जुट जाने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य सोनसिंह दीवान द्वारा किया गया।

# महेन्द्र का शिक्षक पुरस्कार में चयन होने पर मंत्री खुशवंत ने जताया हर्ष

**आरंग,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल का राज्य शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयन होने पर कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने हर्ष व्यक्त किए हैं। उन्होंने अपने सोसल मीडिया अकाउंट में शिक्षक को बधाई देते हुए तस्वीर शेयर कर शिक्षक को बधाई दिए हैं। सूत्रों के अनुसार पहली बार विकासखंड के शिक्षक का नाम राज्य शिक्षक पुरस्कार में चयन हुआ है। श्री पटेल ब्लॉक के पहले शिक्षक हैं, जिन्हें 5 सितंबर 2026 को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने भी हर्ष व्यक्त करते कहा है कि विकासखंड के लिए बहुत ही गौरव की बात है। महेन्द्र का राज्य शिक्षक पुरस्कार में चयन होने से अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे। वही शिक्षक महेन्द्र का कहना है च्शिक्षक का दायित्व बच्चों को पढ़ाने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है।ज्वे शिक्षा के साथ-साथ नवाचार, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के क्षेत्र में भी वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनकी नवाचार व अनेक रचनात्मक कार्यों से अन्य शिक्षक प्रेरित हो रहे हैं।बधाई देने वालों में प्रमुख हैं ङ्कगुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री, ध्रुव कुमार मिर्धा



अध्यक्ष, चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, टाकेश्वरी मुरली साहू जनपद अध्यक्ष, रवीन्द्र रिंकू चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष, हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, दिनेश शर्मा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मातली नंदन वर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक आरंग, सी.एल. साहू नोडल प्राचार्य भिलाई, जीतेन्द्र शुक्ला संकुल समन्वयक भिलाई, कर्मचारी व सामाजिक संगठनों में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, कोसल साहित्य कला मंच,मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर, कलाकार संगठन आरंग, राजा मोरध्वज मानस शक्ति केन्द्र आरंग , गायत्री शक्तिपीठ आरंग, सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा,शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, युवा संगठन चरौदा सहित चरौदा शाला के स्टाफ,विकासखंड व संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

# संकल्प योजना के तहत मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केन्द्र के द्वारा भारत सरकार की योजना संकल्प-एचईडब्ल्यू के अन्तर्गत महिला केंद्रित विषयों पर शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में उच्च शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती डॉ. कल्पना उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं कौशल विकास के बारे में जानकारी दी। जिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी, जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न एवं वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी द्वारा महिला संबंधित कानून का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों तथा अधिकारों के प्रति जागरूक करना जैसे दहेज प्रतड़ना, लैंगिक असमानता एवं लैंगिक न्याय एवं लैंगिक कानून एवं जेंडर संवेदीकरण की आवश्यकता एवं महत्व और सुधार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साथ विभागीय योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं अन्य महिला एवं बच्चों से संबंधी कानून की जानकारी दी गई।

# बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन 15 तक

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा प्रत्येक वर्ष खरीफमौसम में कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान कर अन्य किसानों की तुलना में प्रति एकड़ अधिक लाभ कमाने का मौका दे रहा है। शासन स्तर पर उत्पादन अनुदान बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिसे अंतिम रूप मिलने पर लाभ और अधिक होगा। इसके लिए किसानों को 15 सितम्बर 2025 तक बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराना होगा।

जिले के किसानों को किस्मों का प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के लिए बीज निगम बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक भूमि है वे छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था में बहुत ही कम शुल्क देकर अपना पंजीयन करा सकते है।बीज उत्पादन प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला वर्ग के कृषकों का नि:शुल्क पंजीयन करवा सकता है। प्रत्येक कृषकों द्वारा न्यूनतम 1 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराना अनिवार्य है। फसल कटने पर बीज प्रक्रिया केंद्र में देने पर एक सप्ताह में बीज की अग्रिम राशि का भुगतान कर दी जाती है, जो कुल बीज की कीमत का लगभग 60 प्रतिशत राशि है शेष 40 प्रतिशत राशि बीज परीक्षण परिणाम प्राप्त होने पर प्रदाय की जाती है। पिछले खरीफ वर्ष में जिन किसानों ने बीज निगम में बीज उत्पादन कार्यक्रम में हिस्सा लिया था उन्हें शासन द्वारा निर्धारित धान की खरीदी दर 3100 प्रति चिंटल की तुलना में मोटे किस्म की 743 रुपये प्रति चिंटल अधिक मिले।बीज उत्पादन कार्यक्रम के संबंध में अधिक जानकारी हेतु छेरकापुर(पलारी) बीज प्रबंधक चितरंजन पटेल मोबाईल नंबर 8959416196, सहायक बीज प्रमाणीकरण अधिकारी अंकिता जैन, मोबाईल नंबर 7000727301 अथवा क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# युक्तियुक्तकरण से प्राथमिक शाला छुईहा में अब पर्याप्त शिक्षक, शिक्षा व्यवस्था हुई सुदृढ़

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला छुईहा (माल गुजारी) में युक्तियुक्तकरण के माध्यम से दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इससे विद्यालय में शिक्षकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप पढ़ाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो गई है। विद्यालय की दर्ज संख्या 106 है, जिसमें 54 छात्र और 52 छात्राएँ अध्ययनरत हैं।



पूर्व में विद्यालय में केवल दो शिक्षक पदस्थ थे जिसके कारण पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही थी। अब दो अतिरिक्त शिक्षकों के जुड़ने से बच्चों को प्रत्येक विषय का अध्यापन व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मिल रहा है। युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत शासकीय नवीन प्राथमिक शाला इंद्रा कॉलोनी बिनौरी से श्रीमती मंजूषा वर्मा तथा शासकीय प्राथमिक शाला रवान से श्रीमती चंद्रकला सोनवानी की पदस्थापना की गई है। विद्यालय में शिक्षकों की संख्या दोगुनी होने से बच्चों और अभिभावकों में प्रसन्नता का वातावरण है। विद्यालय की कक्षा पाँचवीं की छात्रा दीपिका घृतलहरे ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पहले केवल दो शिक्षक थे, जिसके कारण सभी विषयों की पढ़ाई संभव नहीं हो पाती थी, लेकिन अब चार शिक्षक हो जाने से सभी विषयों की पढ़ाई अच्छे से हो रही है।विद्यालय में शिक्षकों की उपलब्धता से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कदम साबित होगा।

# शिक्षक दिवस पर छात्र छात्राओं ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**पलारी** 11 सितम्बर (देशबन्धु) पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी मिडिम पलारी में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस मनाया। छात्र छात्राओं ने सभी शिक्षकों को सम्मानित किया।शिक्षकों को फूलों और तिलक से स्वागत किया गया। छात्रों ने भाषण, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुत किए, जिनमें शिक्षकों की महत्ता और उनके योगदान को दर्शाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य जेके त्रिपाठी डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उक्त अवसर पर संजू वर्मा, जे आर ध्रुव, पी एल साहू, एस के घृतलहरें, एस के ध्रुव,सी आर साहू,सीखा कौशले,मंजूषा,सीमा,उमा वर्मा,एस के बंजारे, सी के दीवान,एम आर ढीढी, एस यदु,छात्र छात्राओं में मनीष वर्मा,योगिराज चंद्राकर, लाला जायसवाल,निशा साहू,संगीता वर्मा,संजीदा मिर्जा,लक्ष्मी वर्मा, महेश्वरी साहू,गायत्री देवांगन,रजनी साहू,सहित आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुए तीर्थयात्री, विधायक ने भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत बुधवार को महासमुंद से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्री भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से राज्य के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए लोग बढ़.चढ़कर यात्रा के लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली हमारी सरकार कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इसमें यह योजना भी प्रमुख रूप से चलाई जा रही है। वर्षों के इंतजार के बाद श्री रामलला अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हुए हैं। जिनके दर्शन का पुण्य लाभ हमारे राज्य के लोगों को भी मिल रहा है। वहीं उन्होंने तीर्थयात्रियों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने की मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कदम उठाया है। इस योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड के तीर्थयात्री लाभान्वित हुए हैं। सालों प्रतीक्षा करने के बाद यह अवसर आया है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को श्री रामलला का दर्शन लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। आगे भी इस योजना के तहत राज्य के लोग निरंतर अयोध्या धाम का दर्शन करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, संदीप घोष, बंटी शर्मा, मुन्ना साहू, शरद राव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।



# पिरदा में क्रिकेट स्पर्धा का अमर ने किया शुभारंभ



**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। ग्राम पिरदा में 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 10 सितंबर से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर थे। उन्होंने पूजा अर्चना कर तथा फीता काटकर स्पर्धा का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से स्पर्धा में शामिल होने की बात कही। साथ ही नियम का पालन करते हुए स्पर्धा के संचालन में सहयोग प्रदान करने प्रेरित किया। इस दौरान सरपंच संजय पटेल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि जगन्नाथ खैरवार, दिगेश्वर खैरवार, नरेश पटेल, ललित ठाकुर, दिलीप पटेल, राजेश पटेलए तोषण पटेल, तोषण ठाकुर, ऋषभ देव पटेल, हसन अली, अमित कुमार ध्रुव, मनीष साहू, जागेश्वर ठाकुर, रविन्द्र ध्रुव, हरीश साहू आदि उपस्थित थे।

# सिनोधा में युक्तधारा प्रशिक्षण सम्पन्न

**खरोरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। महात्मा गॉधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद पंचायत तिल्दा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिनोधा मे युक्तधारा प्रशिक्षण का सफल आयोजन 9 सितंबर मंगलवार को संपन्न हुए 7



युक्तधारा प्रशिक्षण का मतलब ग्राम पंचायत स्तर पर हुए विकास कार्यों की योजना को वैज्ञानिक और सुव्यवस्थित दृष्टिकोण के साथ तैयार करना था ।

यह आयोजन न केवल ग्रामीणों को सशक्त बनाने बल्कि उनकी भागीदारी से एक समृद्ध और विकसित ग्राम का निर्माण करने के लिये प्रेरणा है ।

युक्तधारा प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम पंचायत सिनोधा को वर्ष 2025-26 की मनरेगा योजना के कार्य योजना तैयार करने के लिये आवश्यक मार्गदर्शन और उपकरण दिए गए ।

भविष्य मे होने वाले विकास कार्य न केवल बल्कि ग्रामवासियों की वास्तविक जरुरतों के अनुरुप भी हो ।

युक्तधारा प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रशिक्षण मे राज्य कार्यालय से रामधन श्रीवास्तव (संयुक्त आयुक्त),प्रदान संस्था से मधुसुदन तिवारी,जनपद पंचायत तिल्दा सीईओ कुमार सिंग लहरे,मनरेगा प्रोग्राम अधिकारी नीलकमल पटेल,मनरेगा समस्त तकनिकी सहायक, प्रोग्रामर, सरपंच, सचिव एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सराहनीय योगदान रहा ।

तकनिक का समावेश—विकास कार्यों की पारदर्शिता मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मे चल रहे कार्यों की जानकारी के लिये (क्तक्र) कोड का विमोचन किया गया।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करके कोई भी ग्रामवासी अपने गॉव मे हुए तीन वर्षों की सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकता है।

इस प्रकार के क्यूआर कोड तिल्दा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों मे लगाया गया है।

यह तकनिक गॉव के विकास कार्यों और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगी जिससे ग्रामीणों का विश्वास बढ़ेगा।

प्रशिक्षण से विकास को मिलेगी नई दिशा

तिल्दा जनपद सीईओ कुमार सिंग लहरे ने बताया कि युक्तधारा प्रशिक्षण से हमे विकास कार्यों,योजनाओं को एक नई दिशा मे सोचने के लिये प्रेरित करता है।

हम एसे गॉव का निर्माण कर रहे हैं जो आत्मनिर्भर और सशक्त हो।

# कुसुम को पीएचडी अवार्ड

**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। कु.कुसुम साहू को उनके शोध विषय संजीव बख्शी के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य प्रो.डॉ. अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। उनकी शोध मौखिकी परीक्षा पं. रविशंकर शुक्ल वि वि रायपुर के साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला में स्वयं उपन्यासकार संजीव बख्शी की गरिमामयी उपस्थिति एवं लगभग 100 शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के मध्य संपन्न हुई।



# शहर में परोसा जा रहा नशा:पंकज

**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। भाजपा नेता पंकज चंद्राकर ने कहा है कि शहर में नशा परोसा जा रहा है। सूखा नशा इतना भायनक रूप ले लिया है कि प्रशासन को इसकी समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड और राशन कार्ड की जांच करना चाहिए। प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ कार्रवाई नही की गई की और इसे नही रोका गया तो यह शहर में भयानक रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि इस शहर की शान और सहजता प्रवृत्ति की लोग प्रशंसा करते है लेकिन नयापारा क्षेत्र के घने आबादी वाले हिस्से में जाना दुभर हो गया है। वहां क्या हो रहा है, कौन लोग बाहर से आकर रह रहे है, और क्या क्या किया जा रहा है इसकी जांच बहुत जरूरी है।



# हथबंद थाना परिसर में प्रभारी कैलाशचंद दास का 61वां जन्म दिवस मनाया गया



**खरोरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। हथबंद थाना परिसर हथबंद में शुक्रवार को थाना प्रभारी कैलाशचंद दास का 61वां जन्म दिवस सादगीपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रभारी को मिठाई खिलाकर बधाई दी और समस्त लोगों को भी मिठाई वितरण किया गया जन्म दिवस अवसर पर नवापारा हथबंद मंडल के जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने प्रभारी दास को जन्म दिन की शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सेवाभावी जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, सरपंच ढालेश्वरीनरेश अनंत, पुर्व सरपंच प्रतिनिधि संजय वर्मा,मंडल,महामंत्री ईश्वरी मारखंडे,महामंत्री प्रेमलता वर्मा, उपाध्यक्ष कोशाध्यक्ष झाला राम वर्मा, सरपंच डोमार मारखंडे,धनेश्वरी वर्मा ,उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, शाला समिति उपाध्यक्ष जीतू याद भावेश, डॉ रोहित वर्मा साहू,प्रकाश पाल मिडिया प्रभारी,पंच मुलचंद टंडन, संतराम धुव्र,अवध राम ध्रुव नवापरा हथबंद मंडल के पदाधिकारी ग्रामवाशी थाना परिसर के स्टाप व जनप्रतिनिधि, भाजपा मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने थाना प्रभारी कैलाशचंद दास के कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासनप्रिय और मिलनसार व्यक्तित्व की प्रशंसा की।

# प्रेम नारायण नायक बेहतर शिक्षा एवं नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित

**खरोरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी बलौदा बाजार, द्वारा आयोजित,शिक्षक दिवस कार्यक्रम, में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा विकासखंड सिमगा के व्याख्याता [एल.बी.] श्री प्रेम नारायण नायक को बलौदा बाजार नगर पालिका अध्यक्ष श्री अशोक जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र महाले, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष श्री विजय केसरवानी, द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय गुहे, सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री ढाल सिंह ठाकुर, एवं बलौदा बाजार भाटापारा, कसडोल, पलारी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।यह सम्मान प्रेम नारायण को कोरोना काल में किए गए कार्य के लिए प्रदान किया गया। आपने कोरोना काल में 300 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित किए। एवं 15000 से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य किया। आपको शाल, श्रीफल, एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आपके इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य श्री के.पी.राय , संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, संकुल समन्वयक श्री मार्कंडेय कैवर्त्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मंत राम बंजारे, समिति के सदस्य गण, एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



# असौंदा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित

**खरोरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। तिल्दा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत असौंदा शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक श्री मति पार्वती वर्मा व अनुज गुप्ता गढबो बचपन जिला समन्वयक के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बालिकाओं के सुरक्षा, बच्चों के अधिकार , गुड़ टच बैड टच , पाक्सो एक्ट,लैंगिक अपराध से बाल्को का संरक्षण अधिनियम 2012 ,कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए संकल्प लिया गया द्य जिसे सभी छात्र छात्राओं ने ध्यान पूर्वक आत्मसात किया।तथा आंगनवाड़ी केंद्र में गर्भवती व शिशुवती माताओं और ग्रामीणों को महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं की जानकारी दी गई । जिसके अंतर्गत 6 माह पूर्ण किए बच्चों का अन्न प्रशन्न किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई द्य इस अवसर पर ग्राम के सरपंच श्री जितेन्द्र चन्द्रा कर,संस्था के प्रधानपाठक श्री रमेश कुमार वर्मा,शिक्षक श्री डागेश्वर प्रसाद वर्मा, सोहनलाल चंद्राकर, पुरुषोत्तम टंडन, नीलिमा सावरगांवकर, राम गुलाल दीवान, मनोज कुमार चेलक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रोपदी वर्मा,और नंदनी वर्मा पार्वती वर्मा, भारती साहू सहायिका के साथ समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे ।



**श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं श्रम पंजीयन शिविर आज**

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ रजत जयंती के अवसर पर 12 सितम्बर को भाटापारा रेल्वे स्टेशन (चॉवडी) मे स्वास्थ्य विभाग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सहयोग से चॉवडी में उपस्थित श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएग।

# नपा अध्यक्ष रिखीराम यादव ने दी राज्य शासन के नए दिशा निर्देशों की जानकारी

◆ **अब से सार्वजनिक स्थलों पर आयोजनों के लिए एसडीएम के बदले नगर पालिका से लेनी होगी अनुमति**



**गरियाबंद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर छोटे-बड़े आयोजनों को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अब ऐसे आयोजनों के लिए अनुविभागीय अधिकारी के बदले सीधे नगर पालिका से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने पालिका कार्यालय में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समितियों की बैठक ली और सार्वजनिक स्थलों पर पंडाल, अस्थायी संरचनाएँ, धरना, जुलूस, सभा एवं रैली जैसे आयोजनों के लिए शासन द्वारा जारी इन दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। नपा अध्यक्ष ने बताया कि अब चाहे आयोजन 500 व्यक्तियों तक का हो या 500 से अधिक व्यक्तियों का, अनुमति के बिना कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकेगा। छोटे आयोजनों के लिए आवेदन नगर पालिका में निर्धारित प्रारूप में करना होगा। वहीं 500 से अधिक व्यक्तियों एवं 5000 वर्गफीट से बड़े आयोजनों के लिए पुलिस, यातायात, अग्निशमन, स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न कर प्रपत्र-ष्ट में आवेदन करना होगा। सक्षम प्राधिकारी आवेदन प्राप्ति के तीन कार्य दिवस में अनुमति पत्र प्रपत्र-ष्ठ में जारी करेंगे। उन्होंने बताया कि नए दिशा-निर्देशों के अनुसार पंडाल एवं अस्थायी संरचनाएँ अग्निरोधी सामग्री से बनाई जाएँगी। बड़े आयोजनों में आपातकालीन निर्गमन मार्ग, प्राथमिक उपचार, फायर एग्जिट, अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश, पेयजल और स्वच्छता सुविधा अनिवार्य होगी। यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग भी चिन्हित करना होगा। आयोजन समाप्ति के बाद स्थल की सफाई कर उसे मूल स्वरूप में लाना अनिवार्य है। स्थल में विसर्जन कुंड बनना होगा। जिसमे कपड़े, फूल माला, बचा समान का निष्पादन होगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपील की कि सभी आयोजन समितियाँ नए दिशा-निर्देशों का पालन करें, जिससे आयोजन सुरक्षित, सुव्यवस्थित और जनहित में सम्पन्न हो सके। बैठक में नगर पालिका अधिकारियों एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**रैली और राजनीतिक/धार्मिक कार्यक्रमों के लिए सख्त नियम**

राज्य शासन के नए दिशा-निर्देशों के तहत रैली, शोभायात्रा और राजनीतिक कार्यक्रमों पर विशेष शर्तें लागू होंगी। ऐसे आयोजन निर्धारित समय सीमा के भीतर ही सम्पन्न किए जाएँगे। यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए वैकल्पिक मार्ग अनिवार्य रूप से चिन्हित किए जाएँगे और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस के सहयोग से सुनिश्चित करनी होगी। आयोजन समिति दल की यह जिम्मेदारी होगी कि रैली या शोभायात्रा सुव्यवस्थित ढंग से निकाली जाए और किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या शांति भंग करने वाली गतिविधि न हो। आयोजन स्थल पर पर्याप्त स्वयंसेवक नियुक्त किए जाएँगे, जिन्हें पहचान पत्र जारी करना अनिवार्य रहेगा। साथ ही स्थल पर लेआउट मैप स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

# झाखरपारा धान उपार्जन केन्द्र में 32.95 लाख के धान गबन का आरोपी समिति प्रबंधक गिरफ्तार



**गरियाबंद,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। देवभोग पुलिस ने झाखरपारा धान उपार्जन केन्द्र से 32.95 लाख रुपये के धान गबन के मामले में समिति प्रबंधक चंदनसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। समिति प्रबंधक राजपूत पर खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 1063.20 चिंटल धान गबन का आरोप है प्राधिकृत अधिकारी पदुलोचन जगत ने इस मामले की शिकायत की थी। जांच में पाया गया कि ऑनलाइन रिपोर्ट में 2708.56 चिंटल धान दर्शाया गया था, जबकि भौतिक सत्यापन में 1363.20 चिंटल धान कम निकला। पूछताछ पर आरोपी ने आंशिक रूप से 300 चिंटल की भरपाई की, लेकिन शेष 1063.20 चिंटल जिसकी क़ीमत 32,95,920 रुपये की अदायगी नहीं की। इस पर सहायक आयुक्त सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक नोडल कार्यालय की अनुशंसा पर थाना देवभोग में अपराध क्रमांक 251/25, धारा 318(2), 316(5) भारतीय न्याय सहिता के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी ने गबन स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

# शिक्षा व्यक्तित्व को निखारती है : विधायक इन्द्र साव

◆ **प्राथमिक शाला के बच्चों को माता : पिता की स्मृति मे बांटे जुते विधायक इन्द्र साव**



**सिमगा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)।भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शाला, टीहूपारा सिमगा के बच्चों को अपने स्व.माता पिता की स्मृति मे जुते वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुई। शाला परिवार द्वारा आयोजित जुते वितरण कार्यक्रम का आयोजन विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे शिक्षक परिवार से आते हैं। उनके पिताजी हेड मास्टर रहे हैं और माँ भी शिक्षा के प्रति अत्यंत संवेदनशील रही हैं। यही कारण है कि बचपन से ही उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा और आज उसी प्रेरणा से समाज की सेवा कर रहे हैं। शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। धन और पद हमेशा साथ नही होता, लेकिन शिक्षा हमेशा व्यक्ति के साथ रहती है और उसके व्यक्तित्व को निखारती है। शिक्षा को केवल नौकरी पाने का साधन न समझें, बल्कि इसे अपने जीवन को आदर्श और उपयोगी बनाने का मार्ग मानें। शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हमारे जीवन को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं । विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भगवान का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। जो बच्चा आज पूरी लगन से पढ़ाई करेगा, वही कल परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें, क्योंकि यही संस्कार जीवन को ऊँचाइयों तक ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता हैं। अगर बच्चों में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी की आदत डाल दी जाए तो वे जीवनभर किसी भी कठिनाई का सामना कर सफल हो सकते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि च्महान व्यक्ति हमेशा साधारण वातावरण से निकलकर शिक्षा और संस्कार की शक्ति से ऊँचाई तक पहुँचे हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे न केवल पढ़ाई में, बल्कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इस अवसर पर पार्षद परदेशी सोनकर, याकूब कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि गोलू पाटकर, पूर्व पार्षद दशरथ चंद्राकर, सुनीता यादव, सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं बी.ई.ओ. ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शाला परिवार ने विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल ऊँची करने तथा पीने के पानी के लिए नए ट्यूबवेल की मांग रखी। जिस पर विधायक इन्द्र साव ने आश्वासन दिया कि इन मांगों को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

# रफ्तार से हो रहा प्रदेश में विकास : डॉ. जांगड़े

◆ **प्रदेशाध्यक्ष बनने पर हुआ सनम का भव्य स्वागत**




**लवन,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भर में विष्णु देव सरकार की विकास कार्य में रफ्तार पकड़ ली है अनेक योजनाओं से जन-जन तक लोगों को लाभ दिया जा रहा है उक्बातें अनुसूचित जाति के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सनम जांगड़े ने व्यक्त किया । डॉ जांगड़े ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सदस्यता के साथ मेरी राजनीतिक शुरुआत लवन से ही प्रारंभ हुई सर्वप्रथम भाजपा मंडल लवन का अध्यक्ष इसके बाद तीन बार बलौदा बाजार जनपद पंचायत से जनपद सदस्य बिलाईगढ़ विधानसभा से विधायक राज्य मंत्री का दर्जा संगठन में अनेक दायित्व के साथ आज अनुसूचित जाति का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है इस तरह प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं का सेवा करने का अवसर मुझे मिलेगा। 10 सितंबर को लवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल लवन का बैठक आयोजित किया गया जिसमें नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनुसुचित जाति मोर्चा सनम जांगड़े के साथ बैठक प्रभारी के रूप मे जिला मंत्री मेला राम साहू सम्मिलित हुए। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम लवन नगर आगमन पर सनम जांगड़े का भव्य स्वागत किया गया इसके पश्चात बैठक प्रभारी मेला राम साहू द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली सेवा पखवाड़ा के संबंध में विस्तार से चर्चा की गयी एवं इस कार्यक्रम में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले कर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का आह्वान किया , 17 सितम्बर को मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता का अभियान मंडल के प्रत्येक बूथ पर चलाना है इसी प्रकार 25 सितम्बर को पं दीनदयाल की जयंती भी हर बूथ में मनाई जानी है, सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर, रक्तदान शिविर भी आयोजित किये जाने है, और कार्यकर्ताओं की की सहभागिता से ये सभी कार्यक्रम सफल होंगे, पहले भी लवन मंडल अपने प्रदर्शन से जिले में अग्रणी स्थान में रहा है आगे भी कुशल मार्गदर्शन से ये निरंतरता बनी रहेगी।

बैठक में प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े , जिला महामंत्री विजय यादव , जिला मंत्री एवं बैठक प्रभारी मेला राम साहू ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू , छाया विधायक कसडोल धनीराम धीवर , जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक गिरधारी लाल वर्मा ,जिला उपाध्यक्ष मीना बार्वे लवन मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी ,लाहोद मंडल अध्यक्ष रामलाल कुर्रे ,लवन मंडल महामंत्री नरेश साहू , चन्द्रभूषण वर्मा , जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रशांत यादव , वरिष्ठ नेता संजय बाजपेयी ,पूर्व मंडल अध्यक्ष कलीराम पैकरा , भुलाउ राम डहरिया , दुर्गाप्रसाद पटेल , नगर पंचायत लवन अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान , उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू ,बुधराम साहू , हरीश साहू ,गोबिंद घृतलहरे ,ओमप्रकाश वर्मा, शिव वर्मा, एस कुमार धीवर, योगेश साहू , श्रीचंद साहू, ओमप्रकाश साहू , डॉ रमईया लाल यादव , दुर्गेश बाजपेयी, दिलीप बंदे , प्रेमलाल साहू , मनेन्द्र जायसवाल, रमन साहू, डॉ भागचंद पटेल, डेविड प्रजापति, बलराम प्रजापति, घुराउ राम वर्मा , गजानन वर्मा ,अमित वर्मा,विजय साहू,सुमेन्द्र बार्वे,चुणामणी सिंघम,महासिंग यादव,अशोक सेन,अजय साहू,तृप्ति विश्वास,कुसुम वर्मा,गौरीशंकर वर्मा,रामखिलावन वर्मा, धनेश टंडन, रामनाथ यादव ,विजय गोयल, केशव मिश्रा, योगेश सिंघम, मोहन यादव, संजय केवट, कमलेश पटेल, फत्तेलाल धीवर, किशोर बंजारे, पुष्पेंद्र साहू के साथ बड़ी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दिवंगत कार्यकर्ताओं को दी गई श्रद्धांजलि लवन मंडल के दिवंगत हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुराम वर्मा जी एवं पूर्व नगर उपाध्यक्ष रामकुमार साहू के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी सद्गति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी।

फोटो 11द्यड्ड2ड्डठ्ठ01लवन, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े का भव्य स्वागत करते हुए भाजपा कार्यकर्ता

## गुरुकुल महाविद्यालय में दीक्षारंभ एवम छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह



**मगरलोड,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुकुल महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य खिलेश्वर साहू के निर्देशन में दीक्षारंभ एवम छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि रुखमनी तोरण सिन्हा उपाध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड,अध्यक्षता दशरथ साव अध्यक्ष गुरुकुल शिक्षण समिति ,विशिष्ट अतिथि यशोदा साहू पार्षद,नगर पचायत मगरलोड, दीपेश सिन्हा ,सचिव गुरुकुल शिक्षण संस्थान ,इस कार्यक्रम की शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र के पास द्वीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ राजकीय गीत साथ किया गया ,रजत जयंती के शुभ अवसर पर सभी छात्र छात्राओं द्वारा गीत,च्जि ,भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि रूखमणी सिन्हा ने छत्तीसगढ़ राज्य की इतिहास, कला और विरासत संस्कृति का,विकास सम्पूर्ण भारत में छत्तीसगढ़ की अलग ही पहचान है इस प्रकार 25 वर्ष पूर्ण होने की बधाई दिया गया

इस कार्यक्रम में स्टॉफ के प्राध्यापक, यादराम साहू विष्णु दास, सुरेन्द्र कुमार निषाद, भूपेंद्र कुमार, जी के सिन्हा निरुपमा चक्रधारी,सुखचंद कश्यप,नंदकुमार तारक साथ ही सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## रजत महोत्सव पर महाविद्यालय में पूर्व छात्रों का सम्मेलन

◆ **विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



**पलारी** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में छत्तीसगढ़ राज्य रजत महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया। सर्वप्रथम प्राचार्य ए के उपाध्याय व पूर्व छात्रों ने छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात महाविद्यालय के पूर्व छात्रों ने अपना अपना अनुभव साझा किया। पूर्व छात्र नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं बल्कि एक भावनात्मक मिलन है शैक्षणिक यात्रा में हमारे अनेक विद्यार्थी आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे है ।आप सभी के अनुभव और उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। पूर्व छात्र जितेंद्र साहू ने कहा कि इस तरह का आयोजन से नए छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है । पूर्व छात्र लोकेश कन्नौजे ने कहा कि यहां उपस्थित जितने भी पूर्व छात्र है सब ने कही न कही अच्छे मेहनत और संघर्ष करके अच्छे अच्छे जगह में अपनी सेवाएं दे रहे है इसलिए सभी छात्र अच्छे से मेहनत कर महाविद्यालय का नाम रोशन करे एवं आपके माता पिता जिस उद्देश्य के साथ आपको कॉलेज भेजता है उस उद्देश्य में खरा उतरे। प्राचार्य ए के उपाध्याय ने कहा पूर्व छात्र शैक्षणिक संस्था की सबसे बड़े संपत्ति होते है। वे उस नींव के प्रमाण है जिस पर वर्षों से यह संस्था खड़ा है। छात्र छात्राओं ने पूर्व छात्रों के लिए खेल का भी आयोजन किया था जिसमें खुर्सी दौड़,पेपर डांस में पूर्व छात्र नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने प्रथम स्थान हासिल किया। उक्त अवसर पर सहायक प्राध्यापक आत्माराम वर्मा,लक्ष्मीनारायण जलहरे,कोमल देवांगन,बीरेंद्र खरे, ईसझा मे श्राम,सोनम यादव, लकेश्वरी साहू,दीप्ति वर्मा,एकलव्य सिदार, इन्द्रदत्त डहरिया,राहुल कन्नौजिया पुनीत रजक केजराम यादव, दूजराम पटेल,डेविड डहरिया,ईशा पाठक,किशन साहू, गैंद राम धीवर, योगेश कन्नौजे, शैलेन्द्र साहू, नवीन, मनीष,अमन,विजय, अन्नपूर्णा, रेखा,ज्योति,लक्ष्मी, त्रिपाणी,सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## अयोध्या धाम का दर्शन हेतू क्षेत्र के श्रद्धालू हुए रवाना



**कोहका/तिल्दा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों की आस्था और श्रद्धा को मूर्त रूप देने हेतु प्रारंभ की गई 'श्री रामलला दर्शन योजना' के अंतर्गत मंगलवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर संभाग के श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस पवित्र यात्रा में तिल्दा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को तिल्दा जनपद सभागार से शुभकामनाएं दीं और उनकी यात्रा के मंगलमयी होने की कामना की। भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने कहा की हम बड़े सौभाग्य शाली है की हम सबको हम सबों के पूर्वज आराध्य देव श्री राम लला और अयोध्या धाम का दर्शन करने मिल रहा है भाजपा सरकार ने सैकड़ों सालों के आह्वान को पुरा करते हुए ठाठ से मन्दिर का निर्माण कराया और श्री राम के ननिहाल वासियों को निशुल्क दर्शन कराने का पावन योजना बनाई जिसके लिए आप सभी सौभाग्यशाली को बढ़ाई दी गई इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, जनपद सदस्य नरसिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष मनोज निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ,आदर्श वर्मा,राजेश सिंह ठाकुर,तुलसी राम गौतम,मुकेश बंजारेसहित ग्रामीण उपस्थित रहे,

## नगर में गरबा का होगा भव्य आयोजन



**कुरूद** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर में गरबा का होगा भव्य आयोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम और आयोजन की बनी रूपरेखा लगाना है गरबा मोनो वाला कुरूद- मातारानी की आराधना का पर्व रास गरबा डांडिया महोत्सव के आयोजन की रूपरेखा और प्रशिक्षण संबंधित कार्यक्रम के लिए इनडोर स्टेडियम में गरबा परिवार समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में गरबा परिवार समिति द्वारा सभी प्रतिभागीयों के लिए डेऊस कोड और थीम, धार्मिक पात्रों की थीम पर आधारित परिधान और वेषभूषा, निर्णायक समिति, पुरूस्कार और प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे विविध विषयों पर चर्चा कर आयोजन की रूपरेखा और समिति के सदस्यों को प्रभार का वितरण गरबा के भव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा कर बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गुजरात राज्य के अंतर्राष्टीय कोरियोग्राफर सन्नी गिल और उनकी कुशल प्रशिक्षित अनुभवी टीम द्वारा प्रतिभागियों को गरबा के नये नये स्टेपस और फयुजन गरबा का प्रशिक्षण गरबा मैदान में दिया जायेगा। यह गरबा महोत्सव नगर में आकर्षक का मुख्य केन्द्र होने के साथ ही सभी प्रतिभागीयों के साथ ही शक्ति की भक्ति में पूरा माहौल मातारानी की उपासना में भक्तिमय हो जाता है। इस बैठक में गरबा परिवार समिति से पुष्पा तिवारी, कशिश जेठानी, प्रतिमा पिल्लै, वीणा खत्री, संगीता श्रीवास्तव, रेखा तिवारी, सरिता देवांगन, करूणा देवांगन, प्रसन्न नायडू, मोहन सुखरामणी, दुर्गेश द्विवेदी, मनीष देवांगन सहित आयोजन समिति के सदस्यगणों की सहभागिता रहीं।.

## निधन

**मंगलूराम ढीमर**




**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। स्थानीय पुराना रावण भाठा वार्ड न.16 निवासी छग प्रदेश ढीमर समाज के संरक्षक मत्स्य सह. समिति महासमुंद के अध्यक्ष, गंधेश्वरनाथ सिरपुर मंदिर के ट्रस्टी मंगलूराम ढीमर 80 वर्ष का 11 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे भागवत ढीमर, अधिवक्ता तरूण ढीमर (नोटरी बागबाहरा) के पिता व महेंद्र ढीमर, शेष नारायण, चंद्रभूषण, सेवन ढीमर के दादा थे।

**भरत लाल चंद्राकर**



**महासमुंद** 11 सितंबर (देशबंधु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी भरत लाल चंद्राकर 75 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर,हरिशंकर, गोलू चंद्राकर के पिता व देवदत्त चंद्राकर के ससुर थे।

**केवरा बाई लोधी**



**आरंग,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। केवशी लोधी पारा आरंग निवासी श्रीमती केवरा बाई लोधी धर्मपत्नी श्री कार्तिक राम लोधी का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया है। वे सत्यवान लोधी, दुर्गेश लोधी और योगेश लोधी की माता थी।

## प्रादेशिकी का शेष...


**ओड़ान हायर सेकेंडरी स्कूल...**

संतोष कुमार डरसेना, हीरा ठाकुर, वीरेंद्र टंडन सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में खेलकूद, वृक्षारोपण, भाषण और तीजा-पोरा जैसे सांस्कृतिक आयोजन रखे गए, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय...**


महाविद्यालय अध्यक्षा लोमेश्वरी साहू, सम्मिलित हुए और विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। आज के दौर में जब आधुनिकता और भौतिकता तेजी से बढ़ रही है, तब भारतीय संस्कृति ही हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखती है। यदि विद्यार्थी संस्कृति के इन मूल्यों को आत्मसात करेंगे तो वे न केवल अपने परिवार और समाज का गौरव बढ़ाएँगे बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराएँ और लोकजीवन इसकी जीवंत मिसाल हैं। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों ने अपनी भूमिका निभाई।कार्यक्रम के सफल संचालन में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापकों का योगदान रहा। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री पुष्पलता कँवर द्वारा किया गया तथा अंत में प्राचार्य ने निर्णायकों, अतिथियों एवं विजेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महाविद्यालय में संपन्न हुआ रजत महोत्सव, दीक्षारंभ कार्यक्रम एवं भूतपूर्व छात्र परिषद की बैठक



**बिलाईगढ** ,11 सितंबर(देशबंधु)। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में छत्तीसगढ़ स्थापना की रजत जयंती के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रों एल्यूमिनी को विशेष रूप से आमंत्रित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशित बीए बीएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जगदीश पांडे एल्यूमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेश जायसवाल, उपाध्यक्ष सुश्री गणेशी राकेश, संरक्षक अभिषेक दुबे, वरिष्ठ सदस्य सोमनाथ राकेश, राजकुमार देवांगन एवं नीरज दास मानिकपुरी के साथ-साथ सांसद प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना तथा राजकीय गीत के गायन से हुआ। स्वागत गीत की प्रस्तुति बीए तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा हुई। छत्तीसगढ़ पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम गाड़ा गाड़ा जोहार गीत पर पारंपरिक वेशभूषा में रीना एवं ग्रुप के द्वारा प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ के किसानों द्वारा करमा गीत के रूप में सपना एवं उसके साथियों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विष्णु देव एवं साथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ी पारंपरिक मूल्यों पर अत्यंत ही रुचिकर प्रस्तुति दी गई। उमाशंकर भारद्वाज ने दीक्षारंभ की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एल्यूमिनी के सदस्यों ने महाविद्यालय में बिताए गए समय एवं अपने अनुभव के बारे में रोचक जानकारी दी तथा स्किल डेवलपमेंट पर छात्रों को प्रेरित किया। सांसद प्रतिनिधि ने महाविद्यालय और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ उमाकांत मिश्रा ने छात्र हित में महाविद्यालय में संचालित विशिष्ट गतिविधियों की जानकारी दी। जन भागीदारी अध्यक्ष श्री जगदीश पांडे ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की तथा महाविद्यालय के हित में निरंतर सहयोग करने का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता रंगोली, समूह नृत्य, पाक कला, च्जि, भाषण आदि में विजयी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक पंकज साहू ने तथा आभार प्रदर्शन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक सुनीता विक्रम कोशले ने किया। पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति चुने जाने पर डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन का ऐतिहासिक सम्मान, ओबीसी समाज में हर्षोल्लास



**पिथौरा,** 11 सितंबर(देशबंधु)। देश के उपराष्ट्रपति पद पर माननीय डॉ. सी.पी. राधाकृष्णन के निर्वाचन की ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर पिथौरा के विश्रामगृह में ओबीसी मोर्चा के वरिष्ठ नेता दुलीकेशन साहू के नेतृत्व में जश्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक श्री संपत अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्षोल्लास प्रकट किया और एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक श्री संपत अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का सरल स्वभाव, दूरदर्शिता और समाज सेवा के प्रति समर्पण देश को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग के प्रतिनिधित्व को सर्वोच्च संवैधानिक पद पर स्थान मिलना इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्प है। इस अवसर पर ओबीसी नेता दुलीकेशन साहू ने कहा कि यह निर्णय न केवल ओबीसी समाज के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे देश में सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति की दिशा में एक नया अध्याय भी है। यह कदम समाज के सशक्तिकरण और सम्मान को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और ऐतिहासिक पल को यादगार बना दिया।

# जीएनए महाविद्यालय में रजत जयंती पर भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन




**भटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में दिनांक 11 सितम्बर 2025 को छ.ग. राज्य गठन के रजत जयंती अवसर पर एलुमनी समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालयीन भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन कक्ष क्रमांक 35 में दोपहर 01.00 बजे आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की एलुमनी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना अतिथि एवं प्राचार्य महोदय द्वारा किया गया तत्पश्चात स्वागत गीत छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन करते हुए श्रीमती ऋतम्भरा चैहान, सहायक प्राध्यापक ने उद्बोधन हेतु प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज को मंच पर आमंत्रित किया। प्राचार्य महोदय द्वारा भूतपूर्व छात्र सम्मेलन कराने पर धन्यवाद ज्ञापन किया एवं उपस्थित समस्त सदस्यों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए साधुवाद प्रेषित किया साथ ही भविष्य में वृहद स्तर पर एलुमनी मीट कराने का आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा एलुमनी प्रकोष्ठ प्रभारी वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री गुप्तेश्वर साहू के द्वारा रखा गया, उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को एलुमनी संगठन के महत्व को सारगर्भित रूप से प्रस्तुत किया एवं पूर्व में एलुमनी समिति द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया।

एलुमनी समिति के अध्यक्ष श्री मोहनलाल केशरवानी जी ने महाविद्यालय में बिताये पुराने समय को याद करते हुए महाविद्यालय के संबंध में सारगर्भित जानकारी प्रदान की एवं वर्तमान में स्थिति में महाविद्यालय को एक व्यापक वृक्ष के रूप में स्थापित होना बताया जिसमें अनेक छात्र-छात्राएं एक ही परिसर में ज्ञान विज्ञान व कला की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस कार्यक्रम में एलुमनी समिति के उपाध्यक्ष श्री दीपक राय एवं सचिव श्री नंदकिशोर अग्रवाल भी उपस्थित रहें। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री श्रेणीक गोलछा व सदस्य श्री आशीष पुरोहित, श्री अभिषेक मिश्रा व श्री अक्षत जैन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। श्री पुरोहित ने महाविद्यालय के विकास और विस्तार में संपूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही व श्री अभिषेक मिश्रा ने महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र संगठन को मजबूत नींव बताया और अधिक से अधिक छात्रों को संगठन से जोड़ने की बात कही एवं भविष्य में उनसे मार्गदर्शन लेकर के महाविद्यालय में सुधार करने की बात कही।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय भूतपूर्व छात्र श्री रवि शर्मा ने महाविद्यालय में बिताये समय को उनके कैरियर का सबसे महत्वपूर्ण समय बताया इन क्षणों में उन्होंने महाविद्यालय से बहुत सारी ज्ञान की बाते व सांस्कृतिक जानकारी एकत्रित की इसके साथ कार्यक्रम में श्री अतुल तिवारी भी मौजूद थे उन्होंने जीवन जीने में गुरूओं के योगदान के संबंध में चर्चा की एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग (पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा) प्रदान करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में वाणिज्य संकाय के विश्वविद्यालय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नंदनी थारानी, एकता ठाकुर उपस्थित रही एवं अपने अध्ययन एवं महाविद्यालयीन सफर के अनुभवों को साझा किया। वाणिज्य संकाय के निम्न पूर्व छात्र उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे- अब्दुल कादिर, दुर्गा शर्मा, साकेत वैष्णव, स्वेच्छा ठाकुर, नीतेश राठोर, अक्षत केशरवानी, आरती शर्मा, आकाश पुरोहित आदि।

कार्यक्रम को गति प्रदान करने एवं खुशनुमा वातावरण बनाने डॉ. प्रीति सोनी ने शब्दों को काव्य रूप में प्रस्तुत करते हुए भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का विवरण प्रस्तुत किया एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन डॉ. विकास गुलहरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. नवनीत द्विवेदी एवं अन्य सहायक प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा।

# योगेश पोपट सम्मानित



**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा, समाज सेवा और नवोन्मेष का अद्वितीय संगम ङ्क दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल को 'राज्य अलंकरण उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान' तथा प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट को 'उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षा रत्न सम्मानङ्क2025' से नवविभूषित कर गौरव शिखर पर पहुँचाया गयाज्ज*

दिनांक 8 सितंबर 2025, सोमवार, 'प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन, राखी मोड़ (चुरमुडिया), कुरुद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़' में आयोजित भव्य समारोह च्प्रकृति शिक्षक विज्ञान यात्रा ङ्क राज्य अलंकरण 2025ज्ज में शिक्षा, समाज सेवा और समग्र विकास के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को च्राज्य अलंकरण उत्कृष्ट विद्यालय सम्मानज्ज से अलंकृत कर गौरवान्वित किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रखर, दूरदर्शी और प्रेरक प्रधानाचार्य श्री योगेश पोपट को च्उत्कृष्ट विद्यालय शिक्षा रत्न सम्मानङ्क2025ज्जप्रदान कर उनके शैक्षणिक, सामाजिक और मानवतावादी योगदानों का अभिनंदन किया गया।

यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें प्रकृति संरक्षण, विज्ञान के प्रचार-प्रसार, स्वच्छता अभियान, कला-संस्कृति संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवाद एवं अंधविश्वास निर्मूलन, समाज सेवा, व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक परिवर्तन जैसे बहुआयामी प्रयासों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया। उनकी प्रेरक व्यक्तित्व, जिम्मेदारियों के प्रति सजगता, व्यापक लोकप्रियता, तथा राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता ने उन्हें शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाई है।

शैक्षणिक चेतना, रचनात्मकता तथा शिक्षा की गुणवत्ता संवर्धन में उनके अविरल योगदान और अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए उन्हें राज्य स्तरीय मानद उपाधिङ्क2025 का सर्वोच्च अलंकरण प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है और शिक्षा के नव आयामों का सृजन कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। यही कारण है कि उनकी नेतृत्व क्षमता उन्हें समकालीन शिक्षकों में विशिष्ट बनाती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक श्री अश्विनी शर्मा एवं श्री संदीप गोयल ने हार्दिक शुभकामनाएँ अर्पित कीं। साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक समुदाय ने उत्साहपूर्वक बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। यह सम्मान विद्यालय और उसके शिक्षण समुदाय के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत बना है।

# मनरेगा के तहत युक्तधारा पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी विकासखंड में तकनीकी सहायक, बीएफ्टी और रोजगार सहायको को युक्तधारा पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतो के लिए निर्माण कार्यो की संतृप्तता के आधार पर कार्य योजना बनाई जानी है जिसके लिए प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उपर्युक्त कार्यों का चयन किया जाना है।



युक्तधारा पोर्टल एक भू-स्थानिक योजना पोर्टल है जिसे ग्रामीण विकास मंत्रालय और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न ग्रामीण योजनाओ जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए भू-स्थानिक डेटा का उपयोग करके सटीक और प्रभावी योजना बनाना है। युक्तधारा पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा के लिए जीआईएस आधारित ग्राम पंचायत स्तरीय योजनाओ की सुविधा के लिए डिजाईन किया गया है। मनरेगा अंतर्गत आने वाले अनुमेय कार्यो को दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। भू-स्थानिक रूप से विश्लेषण किये गये कार्य जीएडब्ल्यू और गैर जीएडब्ल्यू, युक्तधारा पोर्टल भू-स्थानिक और रिमोट सेंसिंग के आधार पर संभावित कार्यो के लिए स्व-चालित सुझाव प्रदान करता है।

# मोतीपुर में ईसीसी दिवस मनाया गया

**कटगी/बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत मोतीपुर में ईसीसी दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित हुआ, जिसमें 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के माता-पिता ने भाग लिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुलापा बाई वर्मा, रिद्धि केवट, यमला और पूनम उपस्थित थीं। इसके अलावा बाल विकास अधिकारी लक्ष्मी साहू और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। मोतीपुर के सरपंच पार्वती ध्रुव भी इस अवसर पर उपस्थित हुए।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिनमें माता-पिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय अधिकारी शामिल थे। सभी ने ईसीसी दिवस के महत्व पर चर्चा की और बच्चों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। ईसीसी दिवस का उद्देश्य बच्चों के प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा को बढ़ावा देना है। यह आयोजन बच्चों के विकास और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करता है और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने में मदद करता है। ग्राम पंचायत मोतीपुर में ईसीसी दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने बच्चों के विकास और शिक्षा के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए। यह आयोजन निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

# नपाध्यक्ष ने किया नगर में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**बागबाहरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत अद्योसंरचना मद से वार्ड क्रमांक 2, (फॉरेस्ट) रेस्ट हाउस के पास डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति - लागत राशि 19.73 लाख एवं न्यू बस स्टैंड बागबाहरा में बस स्टॉप - लागत राशि 7.50 लाख का भूमिपूजन एवं नगर पालिका कार्यालय में नवीन शेड - लागत राशि 10.78 लाख व आत्मानंद स्कूल में नवीन शेड - लागत राशि 6.86 लाख का लोकार्पण नपाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में देवेश साहू नपा उपाध्यक्ष, पार्षद सविता दीवान, श्रीमती प्रीति महेन्द्र गुप्ता पार्षद, मंता राम यादव पार्षद, श्रीमती मेनका पोखराज साहू पार्षद, मिथून अमीर, पार्षद, थानूराम पाण्डे पार्षद, प्रेम साहू पार्षद, श्रीमती श्यामा लोकू चन्द्राकर पार्षद, उदय सिंह चंदेल (जित्तू) पार्षद, श्रीमती अनीता अजीत तांडी पार्षद एवं पोखराज साहू, महेन्द्र गुप्ता, ताम्रध्वज बघेल, लोकेश उइके एवं अन्य नागरिकगण के साथ गिरीश कुमार चन्द्रा मुख्य नगरपालिका अधिकारी, शशिप्रताप सिंह उप अभियंता एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।



# निर्माणाधीन अवस्था में ही उक्त नाली की दीवार ढह गई

**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से लेकर रेल्वे क्रॉसिंग तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। किंतु निर्माणाधीन अवस्था में ही उक्त नाली की दीवार ढह गई।

जनहित एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने माननीय कलेक्टर, बलौदाबाजार-भाटापारा को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि इस कार्य की निष्पक्ष जांच नगर पालिका की तकनीकी टीम एवं अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों की उपस्थिति में कराई जाए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री दिलीप छाबड़िया , सभापति श्री गोविंद पटेल, श्री सतीश तलरेजा श्री दशरथ साहू उपस्थित रहे।



यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक इस कार्य का कोई भुगतान नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को नहीं किया गया है। अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि जांच उपरांत कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी खामियों एवं उत्तरदायित्व का स्पष्ट आकलन किया जाए, ताकि जनता की गाढ़ी कमाई का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर श्री अश्वनी शर्मा ने कहा कि च्हमारी दृढ़ मान्यता है कि विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता और उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ हों। जनता के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही तय होना अनिवार्य है। जनहित की रक्षा और जवाबदेह व पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में की गई यह पहल निश्चित रूप से स्थानीय नागरिकों के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

# गिरीश देवांगन शोकाकुल परिवार से मिले

**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने बताया की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं छ ग खनिज विकाश निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन भाटापारा पहुँच कर ग्राम टिकुलिया में वरिष्ठ कांग्रेसी कल्याण ध्रुव के मित्र कांग्रेस के पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्षा स्व. घानाराम ध्रुव, नयापारा में पूर्व महामंत्री सनत ठाकुर के भतीजे कांग्रेस के पूर्व पार्षद स्व. मनोज ठाकुर, गांधी मंदिर वार्ड में पार्षद मनीष मिश्रा के भाई स्व. अतुल मिश्रा, परशुराम वार्ड में किसान कांग्रेस के सचिव स्व. चंदू साहू, पटपर वार्ड में पूर्व पार्षद रेवाचंद परपयानी के बड़े भाई स्व. नारायण परपयानी के घर पहुँच कर अपनी भाव भीनी श्रद्धांजलि व्यक्त कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जीव जंतु विभाग विधाभूषण शुक्ला, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, पूर्व छ ग श्रम मंडल के अध्यक्ष सन्नी सुशील अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण शिव सिंह ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष हज कमेटी मोहम्मद असलम भाई, पूर्व महामंत्री राजेंद्र चंद्राकर, श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा, पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी रोशन हबलानी, पूर्व अध्यक्ष केश कला बोर्ड बसंत चक्रधारी, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे, जिला सयुक्त महामंत्री संतोष सोनी, जिला सचिव सचिन शर्मा, हिम्मत शर्मा, पुनीत मानिकपुरी, ओम प्रकाश यदु, हलधर शर्मा, गोविंद साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजिम विधायक रोहित साहू ने नपं अध्यक्ष महेश यादव को जन्मदिन की दी बधाई



**राजिम,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव को उनके जन्मदिन की बधाई देने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे वहां उन्होंने श्रीयादव को पुष्प माला पहनाकर एवं गले लगाकर उन्हें उनके जन्मदिन की बधाई दी।

# आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम चांपा निवासी जागेश्वर कुमार सागरबंशी पिता रामविशाल सागरबंशी तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता रामविशाल सागरबंशी वल्द रामभरोसा सागरबंशी को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# दाऊ गंगा प्रसाद व्यावसायिक परिसर में अवैध कब्जा उजागर, नपा की बड़ी कार्रवाई

**कुरुद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के बीचोंबीच स्थित दाऊ गंगा प्रसाद व्यावसायिक परिसर सुपर मार्केट की दुकान नंबर 25 लंबे समय से अवैध कब्जे की जद में रही है। यह दुकान मूलतः अ, जा, जा वर्ग के लिए आरक्षित है, लेकिन पिछले साढ़े पांच साल से आकाश रामाणी नामक व्यक्ति इस पर कब्जा जमाकर कारोबार चला रहा है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिरकार इतने लंबे समय तक प्रशासनिक नोटिसों की अनदेखी कर वह दुकान कैसे चला रहा था और इसके पीछे किसका संरक्षण प्राप्त है?



**दो बार नोटिस, फिर भी असर नहीं:** नगर पालिका निकाय की ओर से आकाश रामाणी को अब तक दो बार दुकान खाली करने का नोटिस दिया जा चुका है। इतना ही नहीं, उससे ?2.31 हजार राजस्व की राशि जमा कराने का निर्देश भी जारी हुआ था। बावजूद इसके, न तो दुकान खाली की गई और न ही राजस्व राशि जमा कराई गई।

**मौखिक आदेश का खुलासा:** नगर पालिका टीम द्वारा जब संचालक आकाश रामाणी से दुकान संचालन की अनुमति के बारे में जानकारी चाही गई, तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। उसके अनुसार, पूर्व सीएमओ (मुख्य नगर पालिका अधिकारी) के मौखिक आदेश के आधार पर उसने दुकान की दीवार तोड़कर अतिरिक्त हिस्से को दुकान में शामिल कर लिया। यह खुलासा नगर में नई चर्चा को जन्म दे रहा है कि आखिर बिना लिखित आदेश और स्वीकृति के, मौखिक आदेश के नाम पर इतनी बड़ी अवैध कार्रवाई कैसे संभव हो गई?

**जनप्रतिनिधि संरक्षण की चर्चा:** स्थानीय स्तर पर चर्चाएँ जोरों पर हैं कि पिछले लगभग साढ़े पांच साल से दुकान पर अवैध कारोबार संचालित करने के पीछे कोई राजनीतिक संरक्षण या जनप्रतिनिधि का हाथ है। यही वजह है कि बार-बार नोटिस देने के बावजूद कार्रवाई प्रभावी नहीं हो पा रही थी। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर नगर पालिका की सख्ती के बाद भी इतनी बड़ी अनदेखी क्यों हुई?

**नगर पालिका का दल बल के साथ छापा:** बुधवार को नगर पालिका राजस्व प्रभारी अधिकारी टीम और दलबल के साथ सुपर मार्केट दुकान नंबर 25 पर पहुंचे। मौके पर दुकान संचालक आकाश रामाणी से जवाब-तलब किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त दुकान को तोड़कर नए स्वरूप में तैयार किया गया है, जो कि पूर्णतः अवैध निर्माण है। इस पर अधिकारी ने तत्काल अवैध रूप से तोड़ी गई दीवार को सील करने और दुकान खाली करने का निर्देश दिया।

**नहीं मानने पर एफआईआर:** अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संचालक दुकान को तत्काल खाली नहीं करता, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, अवैध निर्माण को तोड़कर दुकान को पुनः मूल स्थिति में लाया जाएगा।

**नागरिकों में सवाल:** नगरवासियों में अब यह सवाल उठ रहा है कि आखिर छह साल तक अवैध दुकान संचालन पर नगर पालिका खामोश क्यों रही? क्या वास्तव में किसी बड़े राजनीतिक हस्ती का संरक्षण प्राप्त था? या फिर पूर्व सीएमओ एवं पूर्व अध्यक्ष के मौखिक आदेश के नाम पर चल रहा यह कब्जा, नगर पालिका की मिलीभगत की कहानी बयान कर रहा है?

यह पूरा मामला नगर में चर्चा का विषय बन गया है। अब देखना होगा कि नगर पालिका वास्तव में इस अवैध कब्जे को हटाने में कितनी सख्ती बरतती है या फिर यह कार्रवाई भी पुराने ढर्रे पर ठंडे बस्ते में चली जाएगी।

(1) महेंद्र राज गुप्ता सीएमओ कुरूद ने इस संबंध में कहा आकाश रामानी द्वारा राजस्व राशि पटा देते हैं तो एफआईआर दर्ज नहीं होगा। दो तीन दिन के अंदर सील किया जाएगा। (2)पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरुद तपन चंद्राकर का कहना है गंगा प्रसाद परिसर दुकान क्रमांक 25 का दो बार टेंडर निकाला गया था। दुकान को कोई लेने वाला नहीं मिला मेरे कार्यकाल के पहले उक्त दुकान पर कब्जा कर रखा था। इसके बारे में नगर पंचायत के कर्मचारियों को भी नहीं मालूम था। (3)आकाश रामानी व उसके छोटे भाई का कहना है पूर्व सीएमओ पूर्व राजस्व अधिकारी मेरे दुकान से प्रोग्राम हेतु किराना सामान ले जाते थे। कोरोना कल में भी सामान ले गए हैं, इन दोनों से बात हुई थी एक हजार रुपए महीना में अब ये दोनों स्वर्गवासी हो चुके हैं इन्हीं लोगों से पूछ कर उनके कहने पर दुकान रखा था।

## कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 की धारा 4(1) अनुसार समस्त कार्यस्थल जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है वहां लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम हेतु आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इस समिति में एक पीठासीन अधिकारी एवं 2 सदस्य होंगे।

# कस्तूरबा आश्रम में बच्चों के लिए मिलने वाला सरकारी राशन को बाजार में बेचने की कोशिश नाकाम

**गरियाबंद,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एक बार फिर सुर्खियों में हैं। यहां बच्चों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला पीडीएस चावल बाजार में बेचा जा रहा था, लेकिन अचानक मीडियाकर्मी के पहुंच जाने के कारण कोशिश नाकाम होगी। बड़ी चालाकी से अधीक्षिका ने मामले को उठने के पहले दबा भी दिया। हालांकि शिकायत के प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



दरअसल मंगलवार शाम गरियाबंद आमदी रोड स्थित फेमस लॉज के पास एक दुकान में टाटा मोटर्स का छोटा हाथी वाहन क्रमांक ष्ट्र04-ह्रछ्व-0878 चावल से पीडीएस बोरी वाला चावल उतारा जा रहा था, करीब 6 कट्टा याने 7 से 8 बोरी दुकान में उतार दिया गया था। पूछताछ में पता चला कि यह चावल कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का है, जो बच्चों के भोजन के लिए शासन से मिला था। इसे कुछ देर पहले ही राशन दुकान से उठाया गया था। ये चावल कस्तूरबा जाने के पहले ही निजी दुकान में बेचने भेज दिया गया था। जैसे ही मीडियाकर्मी ने इसके फोटो वीडियो लिया वाहन चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। वही दुकानदार भी शटर गिरा के भाग निकला। वाहन चालक का पीछा करने पर वह सीधे कस्तुरबा गांधी विद्यालय गया और गाड़ी परिसर के अंदर ले गया। वही मामले की भनक लगते ही अधीक्षिका मामले को दबाने में जुट गई।

राशन दुकान संचालक से बात करने पर पता चला कि मंगलवार को 19 चिंटल 50 किलो चावल उठाया गया था। अधीक्षिका खुद चावल लेने पहुंची थी। इससे एक बात स्पष्ट है कि चावल पीडीएस का था ओर राशन दुकान से ही खरीद कर ले जाया जा रहा था। बताया जाता है कि मामला उजागर होने के बाद अधीक्षिका ने पहले तो मामले को दबाने की कोशिश की। कभी अनभिज्ञता जाहिर कर दी तो कभी दुकान में चावल उतारने के पीछे वाहन के ओवरलोड होने का हवाला दिया। अब सवाल उठता है वाहन चालक किसके अनुमति से निजी दुकान में चावल में उतार रहा था। वाहन की क्षमता जानने के बाद भी क्षमता से अधिक क्यों भरा गया ? ? जिस मार्ग से विद्यालय जाना था उसके विपरीत मार्ग में क्यों गाड़ी ले गया। इसकी बारीकी से जांच की जाए तो बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है।

इधर, शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हितेश्वरी बांधे ने बताया कि मामले जांच कर दोषियों पर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इधर, सूत्रों से पता चला कि जांच के लिए जब तहसीलदार कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे तो 10 चिंटल के आसपास चावल मिला। याने करीब से 8 चिंटल कम था। अब यह चावल वास्तविक में गाड़ी में खराबी, ओवरलोड के कारण उतारा गया था या बेचने के लिए इसका तो जांच के बाद ही खुलासा होगा।

इस संबंध में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के अधीक्षिका से चर्चा करने उन्होंने कहा कि 19.50 चिंटल चावल खरीदा था। वाहन में भर कर विद्यालय लाया जा रहा था। दुकान ले जाने की जानकारी उन्हें नहीं। वाहन चालक अपने मर्जी से दुकान ले गया था।

# ड्रोन दीदियों ने अब तक 2200 एकड़ में किया छिड़काव

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में खेती के क्षेत्र में नए आयाम जुड़ रहे हैं। जिले के किसान अब ड्रोन के माध्यम से खेती करने हेतु काफी उत्साहित हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत खरीफ 2025 अंतर्गत जिले में लगभग 2200 एकड़ में ड्रोन दीदियों ने ड्रोन के माध्यम से विभिन्न तरल कृषि उत्पादों का छिड़काव किया है।



वर्तमान में जिले के सभी विकासखंडों में 6 ड्रोन संचालित हैजिसे नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत इफ्को कंपनी द्वारा प्रदाय किया गया है। प्रशिक्षित ड्रोन पायलटो द्वारा धान के फसल में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, कीटनाशक दवाओं एवं अन्य तरल कृषि उत्पादों का छिड़काव किया जा रहा है जिससे किसान काफी खुश हैं। ड्रोन के माध्यम से केवल 10 लीटर पानी से 7 से 10 मिनट के भीतर एक एकड़ में छिड़काव किया जा सकता है जिससे कृषकों का समय के साथ-साथ पानी का भी बचत हो रहा है एवं छिड़काव से पौधों पर उत्पादों का असर भी प्रभावी ढंग से हो रहा है। इस कारण किसानों का ड्रोन के प्रति रुचि बढ़ रहा है। उप संचालक कृषि दीपक नायक ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा खेती में यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी से कृषकों को भरपूर लाभ मिल रहा है। नैनो यूरिया एवं डीएपी नैनो टेक्नोलॉजी पद्धति पर तैयार किया गया उत्पाद है जो की फसलों में बहुत ही प्रभावशाली है। इसका पारंपरिक उर्वरकों के मुकाबले प्रभाव क्षमता अधिक है तथा परिवहन में भी सरल है। किसान प्रति एकड़ में एक बोरी यूरिया एवं एक बोरी डीएपी के साथ एक-एक बोतल नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उपयोग कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान समय धान फसल में नैनो यूरिया छिड़काव हेतु उत्तम है। कृषक बंधु नैनो उर्वरक उपयोग कर खेती में लाभ के साथ शासन द्वारा रासायनिक उर्वरकों पर देय भारी भरकम अनुदान के वित्तीय बोझ को भी कम कर सकते हैं। नैनो उर्वरक मृदा स्वास्थ्य के लिए भी उत्तम है। जिले में कार्यरत ड्रोन पायलट ग्राम लटुवा निखिल कन्नौजे मोबाइल नंबर 7974951767, लाहोद के निरूपा साहू मोबाइल नंबर 7692050813, रोहांसी पंकज साहू, मोबाइल नंबर 9669868699, रावन जिया यदु, मोबाइल नंबर 9981387117, सुहेला मालती साहू, मोबाइल नंबर 9617610172, बया दिनेश सिन्हा, मोबाइल नंबर 7987788654 से संपर्क कर ड्रोन से छिड़काव करवा सकते हैं।

**जिले के किसान खेती में अपना रहे तकनीक**

# शासन ने सुध नहीं ली तो रसनी के ग्रामवासी कर रहे गौठान का संचालन

**आरंग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्राचीन काल से ही देश मे गौ को माता का स्थान प्राप्त है गौमाता से प्राप्त दूध दही घी आदि से प्राप्त आय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होती थी किन्तु वर्तमान में विश्वगुरु भारत जैसे कृषि प्रधान देश में भौतिकवादी आधुनिक सोच के चलते गौपालन व गोवंश की सेवा में निरन्तर कमी गंभीर चिंता का विषय है।गौवंश की पर्याप्त सेवा व देखभाल के अभाव में घुमंतू पशुओं के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे एक ओर गौवंश को क्षति पहुंच रही है वहीं बेवजह लोगों की जाने जा रही है इसे रोकने ग्राम पंचायत रसनी के ग्रामीणों ने गुहार लगाई थी किन्तु शासन स्तर पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।अत: रसनी के ग्रामीणों ने सराहनीय कदम उठाते हुए जन सहयोग से गोठान का संचालन कर रहे हैं। इसके लिए आर्थिक साधन जुटाने प्रति एकड़ 50 रूपये न्यूनतम राशि जमा की जाती जिससे गोवंश के चारे पानी का प्रबंध के साथ चरवाहे को मासिक मानदेय दिया जाता है। इस स्थानीय व्यवस्था से जहां फसलों के साथ ही गौवंश की रक्षा हो रही है वहीं सड़क दुर्घटना में कमी आई है। एक संयुक्त बयान में रसनी के सरपंच नंदकुमार चंद्राकर उपसरपंच पारसमणि चंद्राकर युक्तियुक्तकरण पीड़ित शिक्षक हेमंत चंद्राकर रोहित वैष्णव संतोष चंद्राकर राजू चंद्राकर पंच हीरामणि साहू पंच अरूण साहू चंद्रप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि प्रत्येक वार्ड से चार सेवक प्रतिदिन खेतों की देखभाल करते हैं।इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# एसपी भावना गुप्ता ने गिधपुरी थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

**गिधपुरी, भरूवाडीह/ बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने 11 सितंबर 2025 को थाना गिधपुरी का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली और थाने के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया।



निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी गिधपुरी को लंबित शिकायतों, अपराधों, मर्ग एवं अन्य प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बालक संबंधी अपराधों की विवेचना समय सीमा में पूरी करने, ई-साक्ष्य एवं तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करने और थाने की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। मालखाना और थानों में रखे जप्ती माल व रजिस्टरों का बारीकी से निरीक्षण कर समयावधि में निराकरण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही न्यायालय से जुड़े मामलों का त्वरित निष्पादन, गंभीर अपराधों में शीघ्र गिरफ्तारी और आमजनों की शिकायतों का सम्मानपूर्वक निराकरण करने की हिदायत दी गई। बेसिक एवं विजिबल पुलिसिंग के तहत शाम को पैदल पेट्रोलिंग, होटल-ढाबों की चेकिंग, गुंडा-बदमाशों और निगरानीशुदा व्यक्तियों की नियमित जांच तथा अवैध रेत खनन, परिवहन व पत्थर खदानों पर कड़ी कार्रवाई करने को भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरक्षक रविशंकर ध्रुव और आरक्षक ज्योतिष डहरिया को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से आरंग शहर के 5 हजार किसान धान नहीं बेच पाएंगे

**आरंग,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। प्राप्त जानकारी के अनुसार एग्रीस्टेक पोर्टल में 80त्न ग्रामीण किसानों का पंजीयन हो रहा है लेकिन से शहरी क्षेत्र के किसानों का पंजीयन बिल्कुल ही नहीं हो पा रहा है।

प्रत्येक किसान का डिजिटल आईडी बनाकर शासकीय योजनाओं का लाभ देने के नाम पर केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये एग्रीस्टेक बेवसाइट की निर्धारित अवधि में वृद्धिकर 30 सितंबर तक किया गया है। इस पोर्टल में ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का पंजीयन हो रहा है और वहीं शहरी क्षेत्र के किसानों का पंजीयन का कोई आप्शन ही नहीं है। यदि इसी तरह प्रक्रिया चलता रहा तो आरंग नगर पालिका क्षेत्र के पांच हजार किसान धान बेचने से वंचित हो जावेंगे।

छग शासन के खाद्य मंत्रालय द्वारा इस पोर्टल में पंजीयत किसानों का ? ही धान खरीदी करने के फरमान जारी होने से आरंग शहर के 5000 किसान समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पायेंगे। आरंग वृहताकार समिति में कुल 2160 किसान सदस्य है। आरंग समिति में ग्राम राटाकाट ,पारागांव, बेनीडीह भी शामिल है। जिसके कारण आरंग शहर को छोड़कर तीनों गांव के एग्रीटेक पोर्टल में 1270 ग्रामीण किसानों का पंजीयन हो चुका है।सूत्रों से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्र का 100त्न पंजीयन होने के बाद शहरी क्षेत्र का पंजीयन प्रारंभ होने की संभावना है।

## सार-संक्षेप

### आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन 24 तक

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकुरदी में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 में रिक्त आंगनबड़ी सहायिका के एक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन 24 सितम्बर 2025 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक या सीधे कार्यलयीन समय पर जमा किया जा सकता है। नियुक्ति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी सम्बधित आंगनबाड़ी केंद्र एवं कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार से प्राप्त किया जा सकता है।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम चांपा निवासी जागेश्वर कुमार सागरबंशी पिता रामविशाल सागरबंशी तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता रामविशाल सागरबंशी वल्द रामभरोसा सागरबंशी को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# छग के बीज से हिमाचल में तैयार होंगे बबूल के जंगल...!

**भाटापारा,** 11 सितंबर (देशबन्धु)। नए जंगल तैयार करने में अब बबूल भी मदद करेगा। शुरुआत उस पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश से होने जा रही है, जहां की नर्सरियों की खरीदी छत्तीसगढ़ के बबूल बीज में निकलने के संकेत मिल रहे हैं।



अवैध कटाई। वीरान होते जंगल। दरकते पहाड़ और नए जंगल तैयार करने को लेकर अनिच्छा को देखते हुए हिमाचल प्रदेश की निजी क्षेत्र की रोपणियों को ऐसी प्रजाति के वृक्ष की तलाश थी, जो इन सभी समस्याओं से मुक्ति दिला सके। तलाश अपने छत्तीसगढ़ में पूरी हुई, जहां इस समय भरपूर मात्रा में बबूल बीज उपलब्ध है।

**पहला रुझान इनका**

हिमाचल प्रदेश की नर्सरियां पहली बार छत्तीसगढ़ के बबूल बीज की उपभोक्ता बन रहीं हैं। वनोपज बाजार के अनुसार यह नर्सरियां अपने स्तर पर मांग के अनुसार बबूल के पौधे तैयार करेंगी। पौधों में मांग बेहतर जाने की संभावना इसलिए है क्योंकि उपलब्ध अन्य प्रजातियों के पौधों की तुलना में बबूल के पौधे अपेक्षाकृत सस्ते होंगे।

**करेंगे तैयार बबूल के वन**

कीमती प्रजातियों के वृक्षों के होने से हिमाचल प्रदेश में भी अवैध कटाई की शिकायतें तेजी से बढ़ रहीं हैं। यह समस्या घटता वन क्षेत्र और वीरान होते पहाड़ों के रूप में सामने खड़ी है। चिंता इसलिए भी बढ़ रही है क्योंकि लैंडस्लाइड जैसी घटनाएं बढ़ रहीं हैं क्योंकि पहाड़ों की मिट्टी को बांधकर रखने वाले पेड़ तेजी से घट रहे हैं।

**पूछ-परख शुरू**

बीते 2 साल से अच्छे दिन की आस में बबूल फिलहाल 2000 रुपए क्विंटल पर शांत है। उपभोक्ता राज्य बिहार भी मौन है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के वनोपज बाजार को हिमाचल प्रदेश की निजी नर्सरियों की पूछ-परख से मजबूत सहारा मिलने की संभावना है क्योंकि मांग की संभावित मात्रा उत्साह बढ़ाने वाली मानी जा रही है।

**रुझान उत्साह बढ़ाने वाला**

हिमाचल प्रदेश के निजी क्षेत्र नए वन तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ के बबूल बीज की खरीदी को लेकर रुझान दिखा रहे हैं। कुछ ऐसे ही संकेत उत्तराखंड से भी मिल रहे हैं।

**- सुभाष अग्रवाल,** एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर

**वीरान होते जंगल, दरकते पहाड़ों को बचाने नई कवायद**

# शासकीय महाविद्यालय में भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन

**सरायपाली,** 11 सितम्बर ( देशबन्धु)। स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती चातुरी डिग्री लाल नंद अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं भूतपूर्व विद्यार्थी कल्याण समिति की अध्यक्ष पुखराज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खेमराज पटेल उपाध्यक्ष भूतपूर्व विद्यार्थी कल्याण समिति प्रदीप कुमार गुप्ता सचिव भूतपूर्व विद्यार्थी कल्याण स्वर्ण सिंह सलूजा सह सचिव भूतपूर्व विद्यार्थी कल्याण समिति,अनीता चौधरी आदि मंचासीन थे सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर अतिथि जनों द्वारा दीपक प्रज्वलन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । छत्तीसगढ़ के राजगीत के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संध्या भोई ने कहा भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मेलन एवं महाविद्यालय के विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए हर वर्तमान अपनी सारी उपलब्धियां और विकास के कहीं न-कहीं अतीत से जुड़ा होता है और अपने आज पर टिका हुआ भविष्य की ओर अग्रसर रहता है 1 नवंबर 2020 को अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की यात्रा केवल गिनती की मात्रा नहीं है अपितु यह संघर्ष, विकास, आत्मनिर्भरता, समृद्धि और संस्कृति की रक्षा की यात्रा है । कृषि के क्षेत्र में धान का कटोरा कहा जाने वाला छत्तीसगढ़ आज जैविक खेती और खाद्य प्रसंस्करण की ओर अग्रसर है, खनिज संपदा और उद्योग में देश की ऊर्जा को गति प्रदान की है ।रोजगार और स्व रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं शिक्षा और स्वास्थ्य की दिशा में सतत प्रयास हुए हैं ।पर्यटन व संस्कृति की वृद्धि से छत्तीसगढ़ अद्भुत है ,जनजातीय परंपराएं ,लोक कला ,लोक नृत्य साहित्य और त्योहार इसकी विशिष्ट पहचान है ।1 जुलाई 1972 को अस्तित्व में आए यह महाविद्यालय वर्ष 2022 में अपनी स्वर्ण जयंती मना चुका है और इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए,बीकॉम और बीएससी की कक्षाएं संचालित है तथा स्नातोत्तर में 7 कक्षा संचालित है ।जिसमें छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 1500 के आसपास दर्ज है ।और यह महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ज्ञान, संस्कार, सेवा , त्याग और समर्पण के माध्यम से श्रेष्ठ और आदर्श नागरिक बनाने के लिए प्रयासरत है। इस भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मेलन में आप सभी अतिथियों गणमान्य नागरिकों का हार्दिक स्वागत करती हूं ।उद्बोधन की कड़ी में जन्म आधारशिला पर अपने विचार व्यक्त किया ।भूतपूर्व विद्यार्थी परिषद के सचिव प्रदीप कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय के ऐतिहासिक ज्ञान परंपरा को आगे निरंतर जारी रखने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन एवं ज्ञानार्जन करने की बात कही। को आत्मसात कर एक आदर्श नागरिक बनने की बात कही कॉलेज में बिताए हुए क्षण को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हम महाविद्यालय से अध्ययन करके निकले विद्यार्थी राजनीतिक सामाजिक आर्थिक एवं व्यापारिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हो चुके हैं । इतने दिनों बाद भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन करना एक बहुत अच्छी पहल है जो एक पीढ़ी को दूसरे पीढ़ी तक अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करता है ।यह हमारी महाविद्यालय की गौरव गाथा को बयान करता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही इस महाविद्यालय की पूर्व प्राध्यापक एवं भूतपूर्व कल्याण समिति की अध्यक्ष पुखराज सिंह ने बताया कि वह इस महाविद्यालय में सन 1974 - 75 तक अध्ययन के दौरान प्राध्यापकों द्वारा मिले ज्ञान और अनुभव को महत्वपूर्ण बताया, उन्होंने महाविद्यालय में छात्र के रूप में अध्ययन किया था।



# शा. आदर्श महाविद्यालय में रजत महोत्सव



**पिथौरा,** 11 सितंबर। शासकीय आदर्श महाविद्यालय महासमुन्द (लोहराकोट) में प्राचार्य डॉ. शबनूर सिद्धीकी के मार्गदर्शन में दिर्नीक 05/09/2025 से 12/09/2025 तक छ.ग. रजत महोत्सव मनाया गया ।दिनाँक 09/09/2025 को महाविद्यालय में च्च्रजत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए महाविद्यालय के नोडल अधिकारी पी.एस.ठाकुर ने उद् बोधन दिया जिसमे उन्होंने छ.ग. के 25 वर्ष के राफर को विस्तृत रूप से विद्यार्थीयों को बताया। इसके पश्चात विभिन्न कार्यक्रम जैसे रेली भाषण वाद-विवाद बचीज, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दिनीक 10/09/2025 को रजत महोत्सव के अवसर पर निम्न अतिथियो को आमंत्रित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल एवं जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे का आगमन हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के सनत दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया साथ ही साथ राजकीय गीत का गायन किया गया इसके पश्चात् प्राचार्य ने श्रीफल एवं गमछा भेट करके अत्तिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम को गति देते हुए प्राचार्य द्वारा छ.ग रजत महोत्सब पर विस्तार पूर्वक उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे द्वारा छ.ग. में सफल 25 वर्षों का विकास गांथा प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल द्वारा छ.ग. विजन 2047 पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे द्वारा विकसित छ.ग के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय की छात्रा सोनिया पटेल (बीए 3 वर्ष) एवं छात्र हसराज खम्हारी (बीएससी 3 सेमे) द्वारा अति सुन्दर सेमिनार प्रस्तुत किया गया।

# प्रदेश सरकार बालिकाओं को मुफ्त में दे रही साइकिलें : भीखम ठाकुर


**बागबाहरा,** 11 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनांतर्गत बालिकाओं को नि:शुल्क सायकल वितरण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि वर्ष 2004-05 में तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की सरकार में यह योजना प्रारम्भ की गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन को बढ़ावा देना और स्कूल छोड़ने की दर को कम करना। इस योजना को जारी रखते हुए पुन: राज्य शासन के नेतृत्व में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना की शुरूआत की गई है। इस योजनांतर्गत राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में योजना का लाभ माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्ययनरत बालिकाओं को मिल रहा है।




योजना का लाभ पहुंचाने निरंतर महासमुंद जिले के विभिन्न स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर नि:शुल्क सायकल प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बकमा एवं ग्राम पंचायत सुखरीडबरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनांतर्गत सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने सभी हितग्राही बालिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना से बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु समीपस्थ हाई स्कूल आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। और नियमित स्कूल आ सकेंगे। इस महती योजना के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को सादर साधुवाद और धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है। इस कार्यक्रम में श्रीमती मधुलिका चंद्राकर जनपद सदस्य बागबाहरा, लिलेश्वर बल्ला साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, उपसरपंच कमलनारायण साहू, चंद्रशेखर ध्रुव अध्यक्ष सहकारी समिति घुंचापाली, ज्ञानचंद चक्रधारी,अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति हरकराम साहू, शक्तिकेंद्र संयोजक अशोक चक्रधारी,संजू साहू,भुनेश्वर पटेल ,शिक्षक प्राचार्य कुश कुमार साहू, पीताम्बर सेन,कौशल्या ठाकुर सहित गिरीश चक्रधारी भाजपा युवा नेता, अजय ध्रुव ,ओमप्रकाश ध्रुव, बहुर देशकर उपस्थित थे। वहीं ग्राम पंचायत सुखरीडबरी के शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में भाजपा नेत्री श्रीमती अलका चंद्राकर, नरेश चंद्राकर वरिष्ठ भाजपा नेता, लोकेश पनुरिया मंडल अध्यक्ष भाजपा खल्लारी मंडल, कमल प्रसाद चक्रधारी विधायक प्रतिनिधि खल्लारी, ताराचंद देवांगन महामंत्री भाजपा मंडल खल्लारी, छेदूराम चक्रधारी,कलाराम पनुरिया, कृष्णा चक्रधारी ,रामानंद चक्रधारी,द्रोण पटेल, डामन साहू,पीताम्बर पटेल,भानसिंह ध्रुव,लक्ष्मण चक्रधारी,केशव ध्रुव,खेमलाल चक्रधारी,चुमन दीवान,रैनसिंह चक्रधारी,छन्नूलाल साहू, ओमप्रकाश ध्रुव बहुर देशकर, अजय ध्रुव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन मनीलाल टंडन व्याख्याता ने किया।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से पहली संतान पर 5 हजार और दूसरा बालिका जन्म पर 6 हजार मिलेंगे

**बिलाईगढ़,** 11 सितम्बर(देशबंधु)। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पहली संतान के लिए दो किस्तों में 5,000 रूपये और दूसरी बालिका के जन्म के बाद एक किस्त में 6,000 रूपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार लाना और देश भर में बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी नागरिकों से अपील किया कि, वे इस योजना की जानकारी अपने मोहल्ले, गांव, शहर रिश्तेदार आदि को प्रदान करें ताकि वे भी इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के लाभ के लिए गर्भवती महिलाओं को अपने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर पंजीयन कराना होगा। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ जच्चा बच्चा और बेटी बच्चों बेटी पढ़ाओ को मूर्त रूप देने के लिए कई योजनाएं संचालित है, उन्हीं में से एक महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना है। यह योजना, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बीच पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार लाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है और बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना टोल-फ्री हेल्पलाइन 14408 है।



**कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीयन कराने किया अपील**